CMYK

सूर्योदय : 6:37
सूर्यास्त : 6:02
अधिकतम तापमान : 29.0
न्यूनतम : 15.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-253 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 06 मार्च 2025
05 रमज़ान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# मोदी सरकार ने केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोपवे प्रोजेक्ट को दी हरी झंडी

- गोविंद घाट से हेमकुंड साहिब के लिए बनेगा 12.4 किमी लंबा रोपवे
- नौ घंटे की दूरी सिर्फ 36 मिनट में होगी पूरी
- श्रद्धालुओं के लिए सोनप्रयाग से केदारनाथ तक बनेगा 12.9 किमी लंबा रोपवे

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के केदारनाथ और हेमकुंड साहिब की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की राह अब आसान होगी। दोनों ही तीर्थस्थलों तक श्रद्धालुओं की पहुंच को आसान बनाने के लिए केंद्रीय कैबिनेट में दो बड़े रोपवे प्रोजेक्टों को मंजूरी दी है। इस पर करीब 68 सौ करोड़ रूप खर्च होंगे।

इस दौरान केदारनाथ के लिए 12.9 किमी लंबा रोपवे प्रोजेक्ट सोनप्रयाग से बनेगा। जबकि हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे का निर्माण गोविंदघाट से होगा। इसकी लंबाई करीब 12.4 किमी होगी। गढ़वाल से भाजपा सांसद अनिल बलूनी ने मोदी कैबिनेट के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे देश भर से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए केदारनाथ व हेमकुंड साहिब के दर्शन आसान होंगे। साथ ही उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट ने उत्तराखंड से जुड़े दोनों रोपवे प्रोजेक्टों को मंजूरी देने के साथ ही इस पर जल्द काम शुरू को लेकर भी सहमति दी है। कैबिनेट से जुड़े फैसलों की जानकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि दोनों ही रोपवे प्रोजेक्टों को चार से छह साल में पूरा कर लिया जाएगा। केदारनाथ के लिए बनने वाले रोपवे का निर्माण सोनप्रयाग से होगा। जिससे श्रद्धालु अब सिर्फ 36 मिनट में ही सोनप्रयाग से केदारनाथ पहुंच सकेंगे।



हेमकुंड साहिब तक पहुंचने के लिए रोपवे का निर्माण गोविंद घाट से होगा। इसकी सड़क मार्ग से दूरी अभी करीब 21 किमी की है, जो काफी चढ़ाई व मुश्किल भरी है।

## किसानों को भी मिला तोहफा
## अब पशुओं को भी मिलेंगी सस्ती जेनरिक दवाएं

केंद्रीय कैबिनेट ने 3,880 करोड़ रुपये के पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम में संशोधनों को मंजूरी देकर किसानों एवं पशुपालकों को उच्च गुणवत्ता वाली और सस्ती जेनरिक पशु चिकित्सा दवाओं के वितरण का रास्ता साफ कर दिया है। अब जानवरों को भी अच्छी गुणवत्ता वाली सस्ती दवाएं मिल सकेंगी। पशुओं में विभिन्न तरह की बीमारियां होती हैं, जिनमें खुरपका-मुंहपका रोग, ब्रुसेलोसिस, पेस्ट डेस पेटिट्स रुमिनेंट्स, सेरेब्रोस्पाइनल फ्लूइड (सीएसएफ), लंपी स्किन डिजीज आदि शामिल हैं। इनसे उत्पादकता में कमी आती है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं टीकाकरण के जरिए बीमारियों पर नियंत्रण एवं उपचार में मदद मिलेगी।

# तीन स्तंभों पर पर खड़ा होता है निवेश का विजन

- प्रधानमंत्री ने रोजगार पर वेब गोष्ठी को संबोधित किया
- प्रतिभा को बढ़ावा देने, कौशल विकास और नवाचार जैसे क्षेत्रों में अधिक निवेश की जरूरतः मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बजट के बाद रोजगार पर वेब गोष्ठी को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोगों में और नवाचार आधारित विषयों में निवेश करना विकसित भारत की रूपरेखा को दर्शाता है। बजट 2025-26 में विकसित भारत का खाका सामने आया है। इसमें बुनियादी ढांचे और कौशल विकास को समान महत्व दिया गया है। पर्यटन युवाओं के लिए रोजगार पैदा कर सकता है। इस क्षेत्र को बुनियादी ढांचे का दर्जा मिलने से जीडीपी में इसकी हिस्सेदारी बढ़ेगी। बजट के बाद वेबिनार में पीएम मोदी ने कहा कि हमें प्रतिभा को बढ़ावा देने, कौशल विकास और नवाचार जैसे क्षेत्रों में अधिक निवेश करने की आवश्यकता है। रोजगार सृजन को महत्व देते हुए सरकार ने 2014 से अब तक तीन करोड़ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया। भारत एआई शोध के लिए एक राष्ट्रीय लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) स्थापित करेगा और इस क्षेत्र में निवेश के लिए कहा जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि लोगों में निवेश का विजन 3 स्तंभों पर पर खड़ा होता है- शिक्षा, कौशल और स्वास्थ्य देखभाल। आज आप देख रहे हैं कि भारत का शिक्षा तंत्र कई दशक के बाद कितने बड़े बदलाव से गुजर रहा है। सरकार ने 2014 से अब तक 3 करोड़ से ज्यादा युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दी है। हमने 1 हजार आईटीआई संस्थानों को अपग्रेड करने और 5 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने का एलान किया है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि युवाओं की ट्रेनिंग ऐसी होनी चाहिए कि वो हमारी इंडस्ट्री की जरूरतों को पूरा कर सकें।

# अमरीका युद्ध चाहता है तो हम अंत तक लड़ेंगे, चीन ने ट्रंप को दी बड़ी धमकी


- अमेरिका हमें बदनाम करने की कोशिश कर रहा
- अमेरिका ने चीन के सामानों पर 20 फीसदी टैरिफ लगाने का फैसला किया

**वॉशिंगटन।** दुनिया तो तीसरे विश्व युद्ध बचाने का दावा करने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ वॉर का एलान कर दिया है। पूरी दुनिया अमेरिका के व्यापार युद्ध की चपेट में आ गई है। भारत भी इस युद्ध से बच नहीं पाया। ट्रंप ने जहां कनाडा और मेक्सिको पर 25 फीसदी आयात शुल्क लगाया, वहीं चीन के सामानों पर यह 20 फीसदी है।

ट्रंप के इस फैसला को तीनों देशों ने करारा जवाब दिया है। कनाडा ने अमेरिका के सामानों पर 25 फीसदी और चीन ने भी अमेरिकी सामानों पर 10 और 15 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान कर दिया है। चीन ने तो यहां तक कह दिया है कि यदि अमेरिका युद्ध चाहता है तो हम अंत तक युद्ध लड़ने के लिए तैयार हैं। चाहे वह टैरिफ युद्ध हो, व्यापार युद्ध हो या किसी अन्य प्रकार का युद्ध हो। चीन ने कहा, अमेरिका में फेंटानाइल के लिए कोई और नहीं, बल्कि खुद अमेरिका जिम्मेदार है। मानवीय भावना और अमेरिकी जनता के प्रति सद्भावना के तहत हमने इस मुद्दे से निपटने में अमेरिका की सहायता के लिए ठोस कदम उठाए हैं, लेकिन हमारे प्रयासों को स्वीकार करने के बजाय अमेरिका ने चीन को बदनाम करने और दोषारोपण करने की कोशिश की है।'

## दो अप्रैल से भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे

टैरिफ वॉर के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। उन्होंने साफतौर पर कहा कि जो देश हम पर जितना टैरिफ लगाएगा, हम उसपर उतना टैरिफ लगाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत हम पर 100 प्रतिशत ऑटो टैरिफ लगाता है। भारत समेत चीन मेक्सिको और कनाडा समेत कई देशों पर टैरिफ लगाएंगे। चीन दोगुना और दक्षिण कोरिया चार गुना ज्यादा टैरिफ लगाता है, जबकि हम उसे सैन्य सहायता देते हैं, लेकिन हम 2 अप्रैल से उस देश पर उतना टैरिफ लगाएंगे, जो देश हम पर जितना टैरिफ लगाता है। बता दें कि इसे रेसिप्रोकल टैरिफ कहा जाता है।






05 रमजान, 06.03.2025

सुन्नी हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 05 : 02 | 06 : 12 |

शिया हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04 : 55 | 06 : 22 |

# शाही जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर विवाद पर 28 अप्रैल को सुनवाई



**संभल।** जिला अदालत ने उस याचिका पर सुनवाई के लिए 28 अप्रैल की तारीख नियत की जिसमें दावा किया गया है कि यहां स्थित शाही जामा मस्जिद की जगह पहले हरिहर मंदिर था। सुनवाई के लिए जब यह मामला सिविल जज (सीनियर डिवीजन) आदित्य सिंह के समक्ष आया, तो उन्होंने सुनवाई 28 अप्रैल तक के लिए टाल दी। याचिका 19 नवंबर, 2023 को एक अन्य अदालत में दायर की गई थी। हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वकील गोपाल शर्मा ने कहा कि प्रतिवादी को अपना लिखित बयान प्रस्तुत करना था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। शर्मा ने संवाददाताओं से कहा, ''आज सिविल जज (सीनियर डिवीजन) आदित्य सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। अगली तारीख 28 अप्रैल तय की गई है। मस्जिद पक्ष के वकील को आज अपना लिखित बयान दाखिल करना था, लेकिन उन्होंने अभी तक इसे जमा नहीं किया है।'

## जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री से की मुलाकात

**लंदन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने ब्रिटिश समकक्ष डेविड लैमी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने भारत-ब्रिटेन संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा हुई। इस बातचीत में व्यापार समझौते, रणनीतिक सहयोग और राजनीतिक संबंध शामिल थे। यह बैठक केंट में स्थित शेवेनिंग हाउस में दो दिनों तक चली।

### सपा विधायक के औरंगजेब वाले बयान पर भड़के सीएम योगी
# औरंगजेब सपा के लोगों का नायक : योगी

**बजट सत्र**

- अबु आजमी को यूपी भेजो, इलाज कर देंगे
- सपा के लोग महाकुंभ को कोसते हैं और औरंगजेब पर गर्व करते हैं



**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी के बजट सत्र में विधान परिषद को संबोधित करते हुए महाकुंभ के आयोजन का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि यह ऐसा आयोजन था जिसे लंबे समय तक दुनिया याद रखेगी। उन्होंने कहा कि कुछ पार्टियां इससे सहमत नहीं थीं और महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार किया फिर भी लोगों की आस्था नहीं डिगी।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ के आयोजन की दुनिया भर में प्रशंसा हो रही है। जो लोग संघ की विचारधारा से नहीं जुड़े हैं वो भी महाकुंभ के आयोजन की प्रशंसा कर रहे हैं। 45 दिन तक चले आयोजन में कोई लूट की घटना नहीं हुई। कोई अपहरण की घटना नहीं हुई। यह सनातन के सामाजिक अनुशासन का प्रभाव है। जो कि कहता है कि पूरा देश एक है और यहां जातिवाद और क्षेत्रवाद की कोई जगह नहीं है। मुख्यमंत्री योगी ने सपा पर हमला करते हुए कहा कि सपा के लोगों के लिए औरंगजेब गर्व का विषय है जिसने अपने पिता को कैद कर उन्हें पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसा दिया था। उन्होंने कहा कि सपा का अपने विधायकों पर नियंत्रण नहीं है। उन्होंने अबू आजमी का नाम लिए बिना कहा कि सपा को उसे पार्टी से निकाल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा को उस नेता के बयान का खंडन करना चाहिए और पार्टी से निकाल देना चाहिए। नहीं तो उसे यहां बुलाइये। हम उसका इलाज कर देंगे। यूपी ऐसे लोगों का उपचार अच्छे से करता है। ये लोग महाकुंभ को कोसते हैं और औरंगजेब पर गर्व करते हैं। उसे यूपी भेज दीजिए हम इलाज कर देंगे। बता दें कि अबू आजमी ने बयान दिया था कि वह औरंगजेब पर गर्व करते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ये उन लोगों को जवाब है जो कि जल के प्रदूषण और अन्य तमाम छोटी खबरों को लेकर आयोजन पर सवाल उठा रहे थे और दुष्प्रचार कर रहे थे। देश की जनता के लिए गंगा सबसे पवित्र है और विज्ञान कहता है कि बहता हुआ जल खुद को पवित्र करता रहता है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि महाकुंभ में जैसी जिसकी दृष्टि थी वैसा ही उसने वहां देखा। सनातन के मानने वालों के लिए महाकुंभ एक गर्व का विषय है जो कि पूरी दुनिया को एकता का संदेश देता है।

## दोनों सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित
### 72 घंटे 56 मिनट तक चली विधानसभा की कार्यवाही

यूपी विधानसभा का बजट सत्र पूरा हो गया है। बजट सत्र के दौरान विधानसभा की कार्यवाही कुल 72 घंटे 56 मिनट तक चली। जबकि 3 घंटा 36 मिनट के लिए स्थगित हुई। इस दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चार दिन चर्चा हुई। इसमें 147 सदस्यों ने हिस्सा लिया। बजट पर साधारण चर्चा 4 दिन तक हुई। जिसमें कुल 94 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा 3 विधेयक पारित हुए। सत्र के समापन पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मुख्यमंत्री नेता सदन योगी आदित्यनाथ, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और समेत सभी दलीय नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा का प्रत्येक सदस्य इस सदन का ब्रांड एम्बेसडर है। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सदन में सदस्य जो भी वायदा अपने क्षेत्र में करें उसे पूरा जरूर करें।

## विधान भवन परिसर में पान मसाला-गुटखा खाना प्रतिबंधित

विधान भवन परिसर में अब पान मसाला और गुटखा खाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस नियम का उल्लंघन करने वाले पर एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए इसे स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया है।

### हाथरस काण्ड रिपोर्ट सदन में पेश
# आयोजकों के साथ पुलिस और प्रशासन भी रहे जिम्मेदार

**आयोग को भ्रमित करने का हुआ प्रयास**



**लखनऊ।** हाथरस में 2 जुलाई 2024 को सूरज पाल उर्फ भोले बाबा के सत्संग में हुई भगदड़ के लिए गठित न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट बुधवार को विधानसभा व विधान परिषद के पटल पर रखी गई। रिपोर्ट में घटना के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ आयोजकों को भी जिम्मेदार ठहराया गया है।

जांच में सामने आया कि कार्यक्रम की अनुमति देने में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने गंभीरता नहीं बरती और केवल कागजी खानापूर्ति की गई। रिपोर्ट में घटना में भोले बाबा की भूमिका को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की गई है। गौरतलब है हाथरस की सिकंदराराऊ तहसील के गांव फुलरई मुगलगढ़ी में हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में खासकर सिकंदराराऊ के तत्कालीन एसडीएम, सीओ, प्रभारी निरीक्षक और पूरा कचौरी पुलिस चौकी के इंचार्ज की लापरवाही का उल्लेख किया है, जिन्होंने कार्यक्रम के बारे में उच्चाधिकारियों को सूचित नहीं किया और मार्गदर्शन नहीं लिया। आयोग ने जांच में पाया कि पुलिस और प्रशासन के किसी भी अधिकारी ने कार्यक्रम स्थल का भ्रमण करने की जहमत तक नहीं की थी। घटना से पहले कार्यक्रम के आयोजन की सूचना आईजी रेंज अलीगढ़, मंडलायुक्त अलीगढ़ और एडीजी जोन आगरा को भी नहीं दी गई।

ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
for Classes Nur to IX & XI

Sarvodaya Public School SPS Azamgarh

SARVODAYA PUBLIC SCHOOL
(Affiliated to C.B.S.E. New Delhi)
HARBANSHPUR - AZAMGARH
Affi. No.- 2131061
School Code- 70138

No admission fee for Nur, LKG & UKG till 20th April, 2025

50% Discount on Admission fee of Girl Child for all classes till 20th April 2025

Register Now
Entrance Test on 09.03.2025 Sunday

SPECIAL OFFER
One month Tuition Fee discount on yearly Fee submission by 30th April 2025 only

- NEP-2020 designed Curriculum
- Well qualified and trained Staff
- Science Commerce and Humanities Streams
- Hi-tech Science, Computer & Language Labs
- Smart class inbuilt class rooms
- KG Play sets with digital classes
- Regular Music, Arts, Dance classes
- 100% CCTV Surveillance campus
- Eco-friendly lush-green campus with huge playground
- Transport facilities available for all Routes
- Hostel facility available*
- Separate sections for girls from 6th onwards
- NCC & HORSE RIDING available for students
- EVENING CRICKET ACADEMY

SEATS LIMITED

Scan QR for more details

An English Medium, Co-educational, Day School with Hostel Facility
Website: www.sarvodayapublicschool.in 9455795850, 9415704777

CMYK

अवधनामा
लखनऊ, गुरुवार 6 मार्च, 2025


# डीएम की पहल पर आठ सब सेंटरों को मिली उपयोगी सामग्री की सौगात



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के आवाह्न पर बलरामपुर फाउन्डेशन ने सीएसआर फंड से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ का आयुष्मान आरोग्य मंदिर भानपुर नवीनीकरण और सौन्दर्यीकरण कार्य से रौशन हुआ। जिसका लोकार्पण डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बलरामपुर फाउंडेशन की कार्यकारी निदेशक अवंतिका सरावगी, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, मुख्य महाप्रबन्धक योगेश कुमार सिंह संग लोकार्पित कर जनमानस की सेवा को समर्पित किया। इस मौके पर पांच महिलाओं को पिंक हेलमेट का वितरण भी किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि आशा बहनों की समाज में भूमिका अहम है, यह महिलाओं और बालिकाओं को स्वस्थ खानपान की सलाह देकर एनीमिया जैसी बीमारियों से बचाती है। महिलाएं और बालिकाएं उनकी सलाह पर अमल करती हैं। बलरामपुर फाउंडेशन ने क्षेत्र के विकास के लिए बड़े पैमाने पर धनराशि खर्च सामाजिक दायित्व को बखूबी निभाया है। इस केंद्र को हमेशा चकाचक बनाए रखें। इसकी जिम्मेदारी आपके मजबूत कंधों पर है नवीनीकरण और सौन्दर्याकरण कार्य कराने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के आठ स्वास्थ्य उपकेंद्रों किए 08 सेट इनवर्टर और बैट्रा, 08 सीलिंग फैन, 32 डस्टबिन, 32 मच्छरदानी, 16 ग्रे रंग की रेक्सीन के साथ गद्दे, 16 कवर सहित तकिया, 32 बेड शीट उपलब्ध कराकर निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन किया। उन्होंने स्वास्थ्य महकमें को निर्देशित किया कि उपलब्ध कराई गई सुविधाओं और संसाधनों का समुचित इस्तेमाल कर क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराए। बलरामपुर फाउंडेशन को आगे भी इस तरह के सामाजिक कार्य करने के लिए बधाई व शुभकामनायें दी।बलरामपुर फाउंडेशन की कार्यकारी निदेशक अवंतिका सरावगी ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के आह्वान पर बलरामपुर फाउंडेशन की ओर से निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिजुआ के आयुष्मान आरोग्य मंदिर भानपुर में भवन नवीनीकरण एवं सौन्दर्यकरण कार्य कराया। बलरामपुर फाउन्डेशन क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संस्था द्वारा पूर्व, वर्तमान व भविष्य में किए जाने वाले कार्यों से भी अवगत कराया। कहा कि मुझे खुशी है कि हम लोग इस पुनीत काम को कर पा रहे सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बलरामपुर फाउंडेशन द्वारा जिले में सीएसआर के जरिए स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर महिला क्लब की अध्यक्ष बबिता सिंह, बीडीओ बिजुआ महावीर सिंह, मैनेजर एचआर अविनेश मिश्र, अधीक्षक सीएचसी बिजुआ सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी पुरुष और महिलाएं मौजूद रही।

## 03 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना निघासन पुलिस द्वारा विभिन्न अभियोगो में 03 नफर वारण्टी अभियुक्तों सोबरन पुत्र मैकू 2.सुरेश पुत्र बेनीप्रसाद जगमोहन पुत्र माताप्रसाद को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय सदर खीरी के समक्ष भेजा गया।

## सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी बाइक, अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** मोहम्मदी-जेबीगंज रोड पर तेज गति से बाइक चला रहा युवक अचानक अनियंत्रित हो गया। उसकी बाइक सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पसगवां थाना क्षेत्र के गांव पकरिया निवासी 35 वर्षीय रतीपाल देर रात बाइक से जंग बहादुरगंज से मोहम्मदी की ओर जा रहा था। अचानक किसी छुट्टा पशु के सामने आ जाने से रतीपाल अनियंत्रित हो गया और बाइक समेत एक खाई में जा गिरा। सिर के बाल गिर जाने से रती पाल जख्मी हो गया और काफी देर तक वही खाई में पड़ा रहा। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने उसकी हालात देखकर पुलिस को सूचना दी। युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सदर कोतवाली समेत छह थानों के एनडीपीएस एक्ट के 14 मामलों में बरामद माल मुकदमाती का कराया निस्तारण

**लखीमपुर खीरी।** जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने सदर कोतवाली समेत छह थानों के एनडीपीएस एक्ट के 14 मामलों में बरामद माल मुकदमाती का निस्तारण कराया और उसे नष्ट करा दिया। नष्ट कराए गए माल की अनुमानित कीमत करीब पांच लाख 74 हजार रुपये आंकी गई है एनडीपीएस एक्ट से संबंधित माल मुकदमाती काफी लंबे अर्से से थानों और मालखाने पर जमा था। जिसमें से कोतवाली सदर, थाना संपूर्णानगर, मैगलगंज, पलिया, पसगवां और थाना खीरी में पिछले सालों में दर्ज हुए एनडीपीएस एक्ट के मामलों के माल मुकदमाती के निस्तारण के लिए एक जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी गठित की गई थी। सीओ गोला गवेंद्र सिंह के नेतृत्व में ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने सदर कोतवाली समेत सभी छह थानों में एनडीपीएस एक्ट के कुल 14 पंजीकृत मामलों में बरामद माल मुकदमाती का निस्तारण कराया है निस्तारित होने के बाद माल मुकदमाती को नष्ट किया गया है। इसमें गांजा 5.1 किलोग्राम, डोडा चूर्ण 3.9 किलोग्राम, ब्राउन शुगर 13 ग्राम, नशीली पाउडर 11 ग्राम, नशीली गोली 9.024 किलोग्राम शामिल है। इसकी अनुमानित कीमत करीब 05 लाख 75 हजार रुपये आंकी गई है।

## युवक ने महिला को सब्जी काटने के बहाने से बुलाया घर मौका पाकर महिला से की छेड़छाड़

**लखीमपुर-खीरी।** शहर के देवकली रोड स्थित एक महिला को मोहल्ले के ही एक युवक ने अपने घर पर सब्जी काटने के लिए बुलाया। जब वह उसके घर पहुंची तो आरोपी ने उसे दबोच लिया और छेड़छाड़ की। मुंह बंद रखने के लिए उसे पांच सौ रुपये भी दिए। घटना किसी को बताने पर जान से मार देने की धमकी दी शहर निवासी एक महिला ने बताया कि घटना पहली मार्च की है। मोहल्ले के ही रोहित गुप्ता ने उसे अपने घर पर सब्जी काटने के लिए बुलाया था। जब वह उसके घर पहुंची तो आरोपी ने उसे दबोच लिया और छेड़छाड़ करते हुए गलत काम करने की कोशिश की।

# आईटीआई पहुंचे डीएम-एसपी, ई-लाटरी की परखी तैयारियां



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 प्रथम चरण की ई-लॉटरी ओडिटोरियम सह मल्टीपरपज हाल, राजकीय आईटीआई राजापुर लखीमपुर में होंगी, जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं बुधवार की शाम डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने आईटीआई राजापुर पहुंचकर ओडिटोरियम सह मल्टीपरपज हाल में गुरुवार को होने वाली ई-लॉटरी की तैयारियो की समीक्षा की, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम ने टेक्निकल एक्सपर्ट जिला सूचना विज्ञान अधिकारी महेंद्र सिंह और जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह से लॉटरी के संबंध में सभी जरूरी तैयारियो के संबंध में जानकारी प्राप्त की। एसपी संकल्प शर्मा ने ई लॉटरी के सफल आयोजन के लिए उपस्थित पुलिस अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि ई-लॉटरी 06 मार्च को पूर्वान्ह 10:00 बजे से पूर्वान्ह 11:45 बजे, तक सम्पन्न की जायेगी। ई-लॉटरी परिसर के लिए निर्धारित स्थान में केवल आवेदकों द्वारा ही प्रवेश किया जायेगा। किसी अन्य व्यक्ति द्वारा नहीं। पहचान के लिए आवेदक का ई-लाटरी पोर्टल से निर्गत फोटोयुक्त पंजीकरण स्लिप मान्य होगा। प्रत्येक व्यक्ति की नियमानुसार तलाशी ली जायेगी। किसी भी व्यक्ति के लिए शस्त्र या अन्य असलहा लेकर ई-लॉटरी परिसर में प्रवेश निषिद्ध हैं निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अश्विनी कुमार सिंह, शहर कोतवाल हेमंत राय सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## एसपी संकल्प शर्मा ने शहर कोतवाली समेत 14 थानों के प्रभारियों को किया इधर से उधर

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** एसपी संकल्प शर्मा ने मंगलवार की देर रात बड़ा फेरबदल किया है। उन्होंने शहर कोतवाली समेत 14 थानों के प्रभारियों को इधर से उधर किया है। एसपी पीआरओ अब थाना पलिया के एसओ होंगे। मझगई प्रभारी निरीक्षक को थाना फ़रधान, शहर कोतवाल अंबर सिंह को थाना संपूर्णानगर, एसओ पढ़ुआ निराला तिवारी को थाना मैलानी, प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद शिवा जी दुबे को थाना मितौली, पुलिस चौकी ओयल प्रभारी एसआई प्रवीर गौतम को थानाध्यक्ष हैदराबाद के पद पर भेजा गया। कस्बा पलिया चौकी प्रभारी एसआई सुनील मलिक को थानाध्यक्ष भीरा, मितौली प्रभारी निरीक्षक राजू राव को इसी पद पर थाना मझगई भेजा है। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र को ढकवा पुलिस चौकी से थाना गौरीफंटा का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। थाना भीरा प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा अब थाना पढ़ुवा के प्रभारी निरीक्षक होंगे। प्रभारी निरीक्षक थाना खीरी हेमंत राय अब कोतवाली सदर के प्रभारी निरीक्षक होंगे। थाना खमरिया प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार उपाध्याय को इसी पद पर थाना खीरी भेजा है। संपूर्णानगर प्रभारी निरीक्षक ओपी राय को थाना खमरिया भेजा गया है। संकटा देवी चौकी इंचार्ज श्रद्धा सिंह अब महिला थाना की एसओ होंगी। एसपी पीआरओ पंकज त्रिपाठी को थानाध्यक्ष पलिया बनाया गया है।

## 01 नफर वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना शारदानगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 213/2024 धारा 87/137(2) बीएनएस में 01 नफर वांछित अभियुक्ता उर्मिला वर्मा पत्नी घनश्याम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ता के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# बिना लाइसेंस कुत्ता, बिल्ली पालने पर लगेगा भारी जुर्माना

## नगर निगम की डोर टू डोर जल्दी शुरु होगी जांच मुहिम

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** यदि आप सुबह या शाम को अपना कुत्ता घुमाने निकले हैं और आपके पास नगर निगम का लाइसेंस नहीं है तो सावधान हो जाइए, आप पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है, और न देने पर आपका कुत्ता भी जब्त किया जा सकता है। कुत्ता, बिल्ली व खरगोश पालने वाले लोगों को चिह्नित करने के लिए नगर निगम द्वारा कल ब्रहस्पतिवार से डोर टू डोर अभियान चलाया जायेगा निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार पालतू कुत्तों, बिल्ली व खरगोश आदि का नगर निगम में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर निगम की एक विशेष टीम गठित कर इसके लिए कल ब्रहस्पतिवार से एक



अभियान शुरु किया जा रहा है। जो लोग बिना नगर निगम लाइसेंस के कुत्ता, बिल्ली व खरगोश आदि पाल रहे हैं उन पर भारी जुर्माना लगाया जायेगा। जुर्माना न देने की स्थिति में कुत्ते, बिल्ली व खरगोश को जब्त किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सड़क पर पालतू कुत्ते लेकर निकले लोगों को रोककर भी लाइसेंस की जांच की जायेगी। लाइसेंस न होने पर मौके पर ही भारी जुर्माना लगाया जायेगा पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी ने नगर निगम सहारनपुर सीमा अंतर्गत कुत्ता, बिल्ली व खरगोश आदि पशुओं को पालने वाले लोगों से अपील की है कि वे नगर निगम परिसर में पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी कार्यालय में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक पहुंचकर पांच सौ रुपये निर्धारित शुल्क जमा कराकर अपने पालतू कुत्ते का रजिस्ट्रेशन तथा 200 रुपये जमा कराकर बिल्ली व खरगोश का रजिस्ट्रेशन कराकर लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं उन्होंने बताया कि कुत्ते, बिल्ली व खरगोश आदि के रजिस्ट्रेशन के लिए पशु पालक को अपने आधार कार्ड की छायाप्रति व पशु के एंटी रेबीज़ वैक्सिनेशन सार्टिफिकेट की छायाप्रति भी साथ में जमा करनी होगी।

## जोया क्लब टीम पहुंची फाइनल में



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** नजीबाबाद के स्टैब्स ग्राउंड में एनसीसी क्लब द्वारा कराए जा रहे टूर्नामेंट कै सेमी फाइनल में एनसीसी क्लब और जोया क्लब में जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। चारों ही टीमों का कड़ा मुकाबला देखने के लिए ग्राउंड पर भारी भीड़ देखने को मिली। आईपीएल खेल चुके दीपक पूनिया को शानदार बैटिंग और गेंदबाजी करने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। नजीबाबाद में खेले जा रहे हैं क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में मेरठ क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 182 रन बनाए जिसमें श्रीकर ने सर्वाधिक 73 रनों का योगदान दिया लक्ष्य का पीछे करने उतरी जोया क्लब के बल्लेबाज कमल ने 100 रनों की और अमन ने 68 रनो की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को 8 विकेट से जीत दिलाई। जबकि दूसरे मुकाबले में एनसीसी क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 202 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया एनसीसी क्लब की तरफ से सबसे ज्यादा रन मोहम्मद अरशद ने 67 और दीपक पूनिया ने 37 रनों का योगदान दिया जवाब में बैटिंग करने उतरी मुजफ्फरनगर की टीम मात्र 161 रन पर से बढ़ गई टूर्नामेंट में चारों ही टीमो के बीच टक्कर देखने को मिली। सेमी फाइनल मुकाबले में जोया क्लब और एनसीसी क्लब ने अपने-अपने मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। आगामी 8 मार्च को दोनों ही टीमों का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। अंपायर राजीव ग्रोवर और नवाब अंसारी की उपस्थिति में हुए टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी दीपक पूनिया को मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट की शानदार कमेंट्री मोहम्मद एहसान ने की। इस मौके पर आयोजक ताबिश मिर्जा, कोषाध्यक्ष राजीव ग्रोवर, मौहम्मद नाजिम, रहमान एडवोकेट, फैसल तैयब, रहमान खान, इमरान सिद्दीकी, नवाब अंसारी, रिहान, अंकित चौधरी,पत्रकार नौशाद सैफी, शमीम सिद्दीकी मयंक कश्यप, नसीम उस्मानी आदि का विशेष योगदान रहा।

# साहू जैन डिग्री कॉलेज मे वार्षिकोत्सव उमंग कार्यक्रम का किया गया उद्घाटन

*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** साहू जैन डिग्री कॉलेज में वार्षिकोत्सव उमंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजा भारतेंद्र सिंह, पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। जिसकी प्रस्तुति दीक्षा, पलक, राखी, सगुन, आयुषी और लता द्वारा की गई। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत साल और पुष्प गुच्छ के साथ किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राम अवतार सिंह भूतपूर्व न्यायाधीश इंजीनियर मोअज्ज़म चेयरमैन, नगरपालिका नजीबाबाद, अमरजीत सिंह मंडल उपनिदेशक, अलीगढ़, शोभित शर्मा, निदेशक आकाशवाणी नजीबाबाद, अरुण कुमार प्रबंधक साहू जैन कॉलेज रहे। स्वागत कार्यक्रम वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर मनीष कुमार गुप्ता ने प्रस्तुत किया, वहीं साहू जैन कॉलेज द्वारा प्रकाशित पत्रिका क्षितिज का विमोचन किया



गया। इसके पश्चात का रिपोर्ट कार्ड वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर परमिल द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की महत्वपूर्ण गतिविधियों में सांस्कृतिक गतिविधियां रही जिसमें गरबा नृत्य प्राची, अनु, दिवस, साक्षी और शगुन द्वारा प्रस्तुत किया गया। म्यूजिकल नृत्य सलोनी, नेहा, मरियम, निशा, सलोनी राजपूत और मुस्कान द्वारा प्रस्तुत किया गया। गीत अभी मुझ में कहीं पलक, राखी और नंदिनी द्वारा प्रस्तुत किया गया। देश भक्ति नृत्य सोनू, उदित, जयदेव, आकाश, कनक और कमलप्रीत कौर द्वारा प्रस्तुत किया गया। आरंभ नृत्य रोशनी, उजाला, निशु मानसी, नेहा और कल्पना द्वारा प्रस्तुत किया गया । कविता की प्रस्तुति श्रुति ने किया। गीत %अय गिरी% नंदिनी, दिव्यम, कुलबीर और साधना द्वारा प्रस्तुत किया गया । राजस्थानी नृत्य मानसी, संजना, इति, उमा, कशिश, सोनी और पल्लवी द्वारा प्रस्तुत किया गया। राधा कृष्ण नृत्य की प्रस्तुतियां शहजादी, खुशबू, काजल, सदफ, आकांक्षी, तराना, मोनिका और शालू ने प्रस्तुत किया। गीत %अल बेला सजन आयो रे% संगीत विभाग डॉ दीपक त्रिपाठी के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया। ताल से ताल मिला नृत्य विशाखा ने प्रस्तुत किया। हरियाणवी नृत्य रिया, गंगा , नैना, जीविका, तनीषा, निशु, प्राणिया और निशा ने प्रस्तुत किया। भांगड़ा नृत्य देवाशीष, दिव्यम, यशवीर, साक्षी, अदीब और नैना द्वारा प्रस्तुत किया गया। गीत रहे ना रहे शिफा, नंदिनी, पलक, राखी, साधना, निष्ठा , अंजलि, इसीका और द्वारा प्रस्तुत किया गया। ग्रैंड फिनाले नृत्य में सभी प्रतिभागीयों ने सामूहिक रूप से से प्रस्तुत किया।

विशिष्ट अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में और अधिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि के रूप मे राजा भारतेन्द्र सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्रों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को उजागर करना और उन्हें एक मंच प्रदान प्रदान करने का बहुत ही सुगम माध्यम है। उन्होंने छात्रों के द्वारा दी गई प्रस्तुतियो की जम कर सराहना की और उमंग उत्सव अत्यंत सफल और कभी न भूलने वाला अनुभव बताया। मुख्य अतिथि, महाविद्यालय के प्रबंधक श्री अरुण कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया।

## होली के पर्व को लेकर कोतवाली में शांति समिति की बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**अफजलगढ़।** एसपी अभिषेक झा के निर्देश पर आगामी त्योहारो रमज़ान सहित होली के पर्व को लेकर कोतवाली में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें थानाध्यक्ष सुमित राठी ने कहा कि किसी भी अफवाहें पर ध्यान न दें। क्षेत्र में कोई भी छोटी बड़ी घटना हो तत्काल पुलिस को सूचना दे। इसके अलावा उन्होंने लोगों से त्योहारों को मिलजुल कर मनाने की अपील की। बुधवार को अफजलगढ़ कोतवाली प्रांगण में आगामी त्योहारो रमज़ान सहित होली के पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष सुमित राठी ने कहा कि रमज़ान का पर्व चल रहा है। इसके अलावा होली का पर्व आने वाला है। सभी मुस्लिम भाईयों को रमज़ान पर्व व हिन्दू भाईयों को होली पर्व की बधाई दी। होली के पर्व पर सभी लोगों से शांति पूर्वक मनाने की अपील की है। वही बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी व भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत ने त्योहारों को मिलजुलकर मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार प्यार और एकता का संदेश देते है। आगामी त्योहारो को हमेशा की तरह इस बार भी सभी लोगों से मिलजुलकर मनाने का आह्वान किया। थानाध्यक्ष सुमित राठी को सहयोग करना का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सुमित राठी के आलावा एसएसआई श्रीपाल सिंह,कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार, पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी, अफजलगढ़ ईओ एसपी सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत, मौलाना मुख्तयार अहमद, पंडित मुकेश जगमोला, समाजसेवी परवेज़ विकार, प्रधान पति तसव्वुर कुरैशी, प्रधान पति जितेन्द्र चौधरी, सभासद उमेश अग्रवाल, समाजसेवी नीरव रस्तोगी, गौरव गुप्ता, प्रधान उमर अहमद, प्रधान पति शकील अहमद, मौलाना इस्माइल नदवी, प्रधान पति रिजवान अहमद, प्रधान यामीन अहमद, अनील नारायण, कासिफ अंसारी, प्रधान मुख्तियार छोटे, पूर्व सभासद इकरार कुरैशी, सभासद पुत्र इरफान अहमद, प्रधान कैलाशचंद्र चौधरी, तुलाराम सैनी तथा बृजमोहन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने आबकारी दुकानों के वर्ष 2025-26 हेतु व्यवस्थापन,सार्वजनिक ऑन लाईन ई-लाटरी के सकुशल संचालन हेतु तैयारियों का लिया जायजा

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** बुधवार को जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी द्वारा आबकारी नीति वर्ष 2025-26 के तहत आज दिनांक 06.03.2025 को जनपद में आबकारी दुकानों का व्यवस्थापन सार्वजनिक ऑन लाईन ई-लाटरी की प्रक्रिया के सकुशल संचालन की तैयारियों हेतु सूरसदन प्रेक्षागृह का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण में निर्देशित किया कि लॉटरी हेतु लगाई जा रही स्क्रीन, आवेदकों को स्पष्ट दिखाई दे, समस्त प्रक्रिया तथा कार्यवाही की वीडियोग्राफी सुनिश्चित की जाए, सीसीटीवी कैमरे और डीएफएमडी की व्यवस्था भी समुचित ढंग से की जाए। जिलाधिकारी ने विद्युत व्यवस्था की जानकारी ली जिसमें बताया गया कि आकस्मिक व्यवस्था हेतु जेनरेटर की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने समस्त तैयारियों को ससमय पूर्ण करने तथा जांचने के निर्देश दिए। जिला आबकारी अधिकारी नीरज कुमार द्विवेदी ने जानकारी देते हुए कहा कि आबकारी नीति वर्ष 2025-26 के तहत आबकारी दुकानों का वर्ष 2025-26 हेतु व्यवस्थापन सार्वजनिक ऑन लाईन ई-लाटरी की संपूर्ण प्रक्रिया की मॉनिटरिंग तथा पर्यवेक्षण हेतु शासन द्वारा डॉ.हरिओम, प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास, को नामित किया गया है, संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से संपन्न होगी, जिसमें प्रथम चरण की ई-लाटरी दिनांक 06.03.2025 को सूरसदन प्रेक्षागृह आगरा में प्रातः 10:00 बजे से 11:45 बजे के बीच सम्पन्न होगी।

## उटंगन और खारी नदियों के हेड जल शून्य,जल संचय संरचनाये निष्प्रयोज्य~ सिविल सोसाइटी ऑफ़ आगरा की सर्वेक्षण रिपोर्ट

आगरा। ताज ट्रिपेजियम जोन प्राधिकरण के तहत भरतपुर का केवलादेव राष्ट्रीय पक्षी अभ्यारण्य और उसके आसपास का भाग भी आता है किंतु सुप्रीम कोर्ट के द्वारा गठित इस निकाय और अंतरराज्यीय जल स्त्रोतों के प्रबंधन संबंधी नीति को राजस्थान सरकार ने पूरी तरह से नजर अंदाज कर रखा है। राजस्थान सिंचाई विभाग ने जो जल प्रबंधन कार्य योजनाये बनाई हुई हैं,उनके कारण आगरा जनपद में की उटंगन और किरावली की गंगा के नाम से पहचान वाली खारी नदी जल शून्य स्थिति में पहुंच चुकी हैं।इन नदियों का पूरा पानी इनकी भंडारण संरचनाओं खनुआ बांध और तेरह मोरी तक पहुंचने से रोक रखा गया है। सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा के सेक्रेटरी अनिल शर्मा ने सदस्य राजीव सक्सेना,डावर ग्राम के पूर्व प्रधान धर्म सिंह मौहरा और एनवायरमेंट फोटोग्राफी के लिये विख्यात फोटो ग्राफर ललित राजौरा के साथ फतेहपुर सीकरी क्षेत्र की जल संरचनाओं का भ्रमण आंकलन किया कि टी टी जैड के तहत आने वाले बड़े क्षेत्र में रसातल पहुंच चुके जलस्तर में सुधार के लिये क्या किया जाये जिससे कि गांवों में एक दशक से बन्द पडे हैंड पंप फिर से सुचारू हो सकें।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पोर्टल पर 12 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन

**आगरा।** नोडल अधिकारी/प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आगरा मान सिंह भारती ने अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अन्तर्गत 10वीं, 12वी0, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन, आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को एक वर्ष की इंटर्नशिप का अवसर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि इंटर्नशिप हेतु अभ्यर्थी की आयु 21 से 24 वर्ष निर्धारित है। इच्छुक उम्मीदवार प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पोर्टल पर दिनांक 12.03.2025 तक आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप पोर्टल https://pminternship.mca.gov.in पर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## लघु सभागार कार्यालय आयुक्त आगरा मण्डल आगरा में पेंशन अदालत का आयोजन 27 मार्च को

**आगरा।** अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन महिमा चन्द्र ने अवगत कराया है कि आयुक्त, आगरा मण्डल, आगरा द्वारा दिनांक 27.03.2025 को अपरान्ह सायं 04~00 बजे से लघु सभागार, कार्यालय आयुक्त, आगरा मण्डल, आगरा में पेंशन अदालत आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में पेंशन अदालत में अपने-अपने पेंशन प्रकरणों की सुनवाई हेतु संबंधित पेंशनर/सेवानिवृत्त कर्मचारी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन/प्रकरण, कार्यालय-अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, आगरा मण्डल, आगरा के जिलाधिकारी प्रांगण, एम0जी0 रोड आगरा स्थित कार्यालय में दिनांक 21.03.2025 तक दस्ती रूप में अथवा पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित कर सकते हैं। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि पेंशन अदालत में प्रस्तुत किए जाने वाले आवेदन पत्र का प्रारूप, मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, आगरा/मथुरा/फिरोजाबाद/मैनपुरी अथवा अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, आगरामण्डल, आगरा के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। पेंशन निदेशालय की वेबसाइट www.Pensiondirectorate.up.nic.in से भी उक्त आवेदन पत्र डाउनलोड किया जा सकता है।

# कर्नल द्वारा स्वान व उसके पिल्लों को बेरहमी से पीटने का मामला, विनिता अरोरा ने की कार्यवाही की मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** ताजनगरी में आए दिन पशु क्रूरता के मामले सामने आते रहते हैं परंतु पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही न होने के चलते ऐसे हैवानों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामले में थाना सिकंदरा क्षेत्र अंतर्गत पुष्पांजली वाटिका के निवासी एक कर्नल पर कुत्ते और उसके पिल्लें को बेरहमी से पीटने का आरोप लगा है। वही इस घटना का विरोध करने पर वही के निवासी बेटे व विधवा मां के साथ अभद्रता और गाली गलौज करने का आरोप लगा है।

इसके चलते थाना अध्यक्ष सिकंदरा को कैस्पर होम ट्रस्ट की संचालिका विनीता अरोरा ने पत्र लिख कार्यवाही की मांग की हैं। विनिता अरोरा ने पत्र में लिखा है कि निवेदन है कि मैं, विनीता अरोरा भारतीय जीव-जन्तु कल्याण बोर्ड की प्रतिनिधि हूँ व पिछले दस साल से पशु-सेवा संस्था कैस्पर्स होम ट्रस्ट का संचालन कर रही हूँ। हमारी संस्था तथा AWBI पशु-रक्षा व पशुओं के खिलाफ हो रही क्रूरता को रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दिनांक 3/3/2025 की रात को हमारी संस्था को सूचना मिली कि 84, पुष्पांजली वाटिका के निवासी कर्नल उमेश दुबे हर समय कॉलोनी के देसी स्वानों व छोटे-छोटे पिल्लों को बहुत ही क्रूरतापूर्वक डंडों से मारते हैं। जब वहाँ के निवासी प्रतुल व उनकी माँ जी ने कर्नल दुबे से ऐसा करने से मना किया, तब कर्नल दुबे ने उनके साथ अभद्रता की तथा धमकाते हुए कहा कि तुम पहले ही विधवा हो चुकी हो, अब इस लड़?के से भी हाथ धो बैठोगी। जब कर्नल उसे गोली मारने की धमकी देने लगे तब कुछ निवासी बाहर निकल आए और साधना जी (माँ) ने RWA के अध्यक्ष को पत्र भी लिखा।

अरोरा का कहना है कि Email और Phone द्वारा प्रतुल ने पूरा घटनाक्रम, साक्ष्य के लिए CCTV footage हमारी संस्था को तथा पशु-कल्याण बोर्ड को भेजी। जिसका संज्ञान लेते हुए, एक ॥ब्बक्र होते हुए, मैं एसी पशु-क्रूरता व पशु-सेवकों को प्रतापित होने से बचाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। आपसे विनम्र निवेदन है कि दुबे पर भारतीय न्याय संहिता व PCA Act अधिनियम के तहत् पशु क्रूरता व एक सभ्य विधवा महिला व उसके पशु-सेवक पुत्र को धमकाने के लिए उचिता कार्यवाही की जाए। एसीपी आदित्य ने कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। वही विनिता अरोरा का कहना है कि कई बार कॉल करने के बावजूद थाना सिकंदरा एसएचओ नीरज शर्मा द्वारा कॉल रिसीव नहीं की गई। अब देखना होगा कि क्या इस बार कोई कार्रवाई होती है या हर बार की तरह इस बार भी बेजुबानों को इंसाफ नहीं मिलेगा। हालांकि यह पहली बार नहीं जब एसएचओ शर्मा द्वारा कॉल रिसीव नहीं की गई।

## डीएम ने कान्हा गोशाला का निरीक्षण किया



**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने घुसिया रोड स्थित कान्हा गोशाला का निरीक्षण किया और गोशाला में रहने वाले पशुओं के खान पान हेतु व्यवस्था देखी डीएम राजेश कुमार पांडेय ने पशु ओ के रहने वाले स्थानों की सफाई व्यवस्था देखी ओर चारा पानी आदि की व्यवस्था देखी डीएम को गोशाला की सभी व्यवस्थाएं ठीक ओर अच्छा बताया उन्होंने निर्देश दिये कि गोशाला में कोई भी पशु भूखा न रहे साथ ही समय पर पशुओं को चारा भूसा दाना पानी आदि दिया जाए इस बात का विशेष ध्यान रखे कि इस गोशाला में कोई पशु यदि बीमार है तो उसका इलाज जल्द ओर समय से कराए ताकि वह स्वस्थ्य हो जाए दबाओ कि कोई कमी नहीं रहनी चाहिए उन्होंने निर्देश दिये कि पूरे गोशाला परिसर की साफ सफाई नियमित कराई जावे डीएम राजेश कुमार पांडेय और एसडीएम ज्योति सिंह ने गोशाला में गायों को चना और गुड खिलाया इस अवसर पर एसडीएम कोंच ज्योति सिंह नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी पवन किशोर मौर्य सफाई इंस्पेक्टर हरिशंकर निरंजन राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार यादव हरीश शांडिल्य राजा गुप्ता सहित कर्मचारी मौजूद थे।

## फैजबाग में हुआ पूर्व सपा प्रदेशध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का भव्य स्वागत



**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद के थाना शमशाबाद क्षेत्र के फैजाबाद में पहले से प्रस्तावित कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल जिला अध्यक्ष छात्र सभा हर्ष गंगवार के निज प्रतिष्ठान के उद्घाटन करने पर फैजबाग चौराहे पर पहुंचे। इस अवसर पर उनके साथ समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, शमशाबाद से मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष मोहम्मद इजहार खां रावेंद्र सिंह गंगवार, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत,अमर सिंह खटीक पूर्व विधायक, सौरभ कटियार,आलोक गंगवार, सत्यवीर गंगवार, मनोज मिश्र जिला पंचायत सदस्य, आनंद यादव, मंदीप यादव प्रदेश सचिव, जिला पंचायत सदस्य कृष्णपाल सिंह यादव,सुधीर यादव, राघव दत्त मिश्रा महानगर अध्यक्ष, शिवम यादव ,शिवम पटेल पारस कटियार,प्रशांत कटियार, डॉक्टर नरजीत कटियार, डॉक्टर बी के गंगवार, विवेक यादव जिला प्रवक्ता, शशांक सक्सेना आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## व्यापारी समाज का आईना होता है

**सलेमपुर देवरिया।** व्यापारी हित में सलेमपुर उद्योग व्यापार मंडल का गठन अनिवार्य, शिवाकांत तिवारी सलेमपुर उद्योग व्यापार मंडल के गठन को लेकर व्यापारियों में चर्चा बन रही है इस अभियान को लेकर जिला उद्योग व्यापार मंडल के जिला संगठन मंत्री व सलेमपुर तहसील अध्यक्ष शिवाकांत तिवारी ने एक पत्रकार वार्ता में कहा कि व्यापारी समाज का आईना होता है तथा इसकी सुरक्षा व्यापार मंडल के पदाधिकारी का कर्तव्य है हम सभी पदाधिकारी को मिलकर सदस्यता अभियान पर जोर देना चाहिए जिससे व्यापारियों में एकता का संदेश दिया जा सके सदस्यता अभियान को लेकर एक नई कमेटी का गठन बहुत ही जल्द किया जाएगा जिसमें जिले के पदाधिकारी भी सम्मिलित होंगे।

# फर्रुखाबाद में एयरपोर्ट की मांग ने पकड़ा जोर, समाजसेवी विकास राजपूत ने केंद्रीय उड्डयन मंत्री को लिखा पत्र

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में घरेलू हवाई अड्डे (एयरपोर्ट) के निर्माण की मांग जोर पकड़ रही है। स्थानीय व्यापारियों, समाजसेवियों और नागरिकों ने हवाई अड्डा बनाने की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद कर दी है। भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय समाजसेवी विकास राजपूत ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर नागरिक उड्डयन मंत्री से एयरपोर्ट निर्माण के लिए पहल करने की मांग की है।

पत्र में यह तर्क दिया गया है कि फर्रुखाबाद सैन्य दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां राजपूत रेजिमेंट, सिख लाई रेजिमेंट और 114 इन्फेंट्री बटालियन टी.ए. रेजिमेंट स्थित हैं। यहां देशभर से हजारों सैनिक प्रशिक्षण और सैन्य गतिविधियों के लिए आते हैं, लेकिन हवाई यात्रा की सुविधा न होने से उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यदि यहां हवाई अड्डे का निर्माण किया जाता है, तो सैन्य संचालन को सुगमता मिलेगी और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। फर्रुखाबाद न केवल सैन्य दृष्टि से, बल्कि धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के कारण भी एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। बौद्ध तीर्थ स्थल संकिसा और बाबा नीम करौली धाम के दर्शन करने के लिए हर साल हजारों श्रद्धालु देश-विदेश से आते हैं। बेहतर हवाई सुविधा मिलने से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास हो रहा है, लेकिन फर्रुखाबाद अभी तक इस विकास की गति से पीछे नजर आ रहा है। हवाई अड्डे का निर्माण इस क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन और निवेश की संभावनाओं को भी बढ़ाएगा। समाजसेवी विकास राजपूत ने नागरिक उड्डयन मंत्री से इस प्रस्ताव पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है ताकि फर्रुखाबाद को हवाई सेवा से जोड़ा जा सके और क्षेत्र के विकास को एक नई दिशा मिल सके। इस मुद्दे को लेकर स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों में भी उत्साह और समर्थन बढ़ता जा रहा है, जिससे इस मांग को और अधिक बल मिल रहा है।

# बाल मेले ने दिया स्वस्थ तन के साथ स्वस्थ मन का संदेश



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** शहर के गैस गोदाम गली स्थित एवरग्रीन वर्ल्ड स्कूल में बुधवार को आयोजित बाल स्वास्थ्य मेले ने बच्चों, शिक्षकों और उनके अभिभावकों को स्वस्थ तन के साथ स्वस्थ मन का भी संदेश दिया । इस मौके पर डेढ़ हजार बच्चों में हर प्रकार की बीमारियों की स्क्रिनिंग कर निःशुल्क दवाएं दी गई। करीब सा सौ बच्चों के दांतों की जांच की गई।

बच्चों के मनोचिकित्सकीय परीक्षण के साथ साथ खेलों का भी आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने किया। आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने कहा कि विकसित भारत की नीव स्वस्थ बचपन में ही निहित है। इस दिशा में बाल स्वास्थ्य मेले की भूमिका अहम है। मेले के जरिये जिन बच्चों में बीमारियों की पहचान होती है, उन्हें शीघ्र इलाज और देखभाल से न केवल उनकी सुरक्षा होती है, बल्कि राष्ट्र और समाज के विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। इस प्रकार के मेले का आयोजन करने वाली संस्था और सहयोगी बधाई के पात्र हैं। आयोजन में बतौर विशिष्ट अतिथि प्रदेश के व्यापारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष पुष्प दंत जैन, पुलिस अधीक्षक अपराध सुधीर कुमार जायसवाल, बृजेश मणि मिश्रा और सोनिका खरवार शामिल हुई एवं मेले को संबोधित किया।

# डीएम ने जिले में आलू भण्डारण शुल्क निर्धारित करने के लिए की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को आलू भण्डारण की दर निर्धारण के संबंध में बैठक आहुत की गई। बैठक में आलू उत्पादकों, शीत गृह स्वामियों एवं किसानों व कोल्ड स्टोर्स के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। डीएम ने जिले के आलू उत्पादक किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए किसानों व शीत गृह स्वामियों के विचारों को बारी-बारी से सुना।

किसान पदाधिकारियों चौधरी हरपाल सिंह, राजपाल शर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा, राधाकृष्ण, मनवीर तौमर, चौधरी नवाब सिंह, वीरेन्द्र कुमार सिंह, भूपेन्द्र सिंह, संतोष कुमार चौधरी, अरविन्द चौधरी ने आलू उत्पादकों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं, लागत में वृद्धि, कम उत्पादन, असमय बरसात एवं ओलावृष्टि का हवाला देते हुए किसान हित में आलू भण्डारण दर न बढ़ाए जाने की मांग की। अध्यक्ष अलीगढ़ कोल्ड स्टोरेज ऑनर्स एसोशिएशन गिर्राज गोदानी ने कहा कि विगत दो वर्षो से आलू भण्डारण शुल्क में वृद्धि नहीं की गई है, जिसके सापेक्ष लेबर चार्ज, अमोनिया गैस, लाइसेंस फीस, शुगर फ्री फॉगिंग रसायन एवं मेंटीनेंस इत्यादि में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है, ऐसे में इस वर्ष आलू भण्डारण शुल्क में बढ़ोतरी आवश्यक है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने उभयपक्षों को सुन किसान हित में निर्णय लेते हुए आलू भण्डारण शुल्क में बढ़ोतरी न किए जाने का फैसला सुनाया। फैसला सुनते ही आलू उत्पादक किसानों ने राहत की सांस ली और करतल ध्वनि से जिलाधिकारी के फैसले का स्वागत किया। जिलाधिकारी ने अपने फैसले में कहा कि जिले में इस वर्ष आलू भण्डारण दर को बढ़ाया जाएगा, पिछले वर्ष वाला शुल्क ही प्रभावी रहेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में सादा आलू का भण्डारण शुल्क 250 रूपये एवं शुगर फ्री आलू का भण्डारण शुल्क 285 रूपये था।

## दिव्यांगजन हेतु निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर 22-23 मार्च को, पंजीकरण अनिवार्य



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर द्वारा एडिप योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनो के लिए उपकरण चिन्हांकन शिविर का आयोजन 22 एवं 23 मार्च को प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक आईटीआई परिसर, देवरिया में किया जाएगा। इस शिविर में मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन सहित अन्य सहायक उपकरणों के वितरण हेतु चिन्हांकन और पंजीकरण किया जाएगा। इस सुविधा का लाभ वही दिव्यांगजन ले सकते हैं, जिन्होंने विगत तीन वर्षों में किसी भी शासकीय योजना के तहत निःशुल्क उपकरण प्राप्त नहीं किए हों, जबकि मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लिए यह अवधि पाँच वर्ष होगी। शिविर में ऐसे दिव्यांगजन, जिनका आधार प्रमाणीकरण या एनपीसीआई पंजीकरण नहीं हुआ है, उनके लिए मौके पर ही यह प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। साथ ही, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से खाता खोलने की भी व्यवस्था की गई है। मेडिकल टीम द्वारा जांच के उपरांत जिन दिव्यांगजनो के पास अभी तक दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं है, उन्हें मौके पर ही प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। पंजीकरण हेतु दिव्यांग प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड अनिवार्य होगा। इसके अलावा, आवेदक की सभी स्रोतों से मासिक आय ?22,500 से कम होनी चाहिए, जिसका प्रमाण राजस्व विभाग, सांसद, विधायक अथवा ग्राम प्रधान द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण पत्र से दिया जा सकता है। साथ ही, भारत सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा जारी कोई भी फोटोयुक्त पहचान पत्र, जैसे आधार कार्ड, वोटर कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, बैंक पासबुक या पैन

## नवीन बार एसोसिएशन के चुनाव में कमलेश प्रजापति निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**उरई (जालौन)।** नवीन बार एसोसिएशन तहसील जालौन की कार्यकारिणी में मंत्री पद के लिए चुनाव संपन्न हुआ। अध्यक्ष समेत अन्य सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। वरिष्ठ अधिवक्ता समिति के चेयरमैन व चुनाव अधिकारी कृष्णचंद्र त्रिपाठी ने बताया कि नवीन बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ है। अध्यक्ष पद पर कमलेश कुमार प्रजापति और प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने नामांकन दाखिल किए थे। बाद में प्रमोद कुमार के नामांकन पत्र वापस लेने पर कमलेश कुमार प्रजापति को निर्विरोध चुन लिया गया। महामंत्री पद पर लोकेंद्र कुमार सिंह व रामकुमार दोहरे ने नामांपत्र जमा किए। थे। इस पद पर चुनाव अधिकारी कृष्णचंद्र त्रिपाठी की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें पंजीकृत 53 मतदाताओं में 48 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें लोकेंद्र सिंह को 31 व रामकुमार दोहरे को 17 वोट मिले।

# रमज़ान में दीन और हम क्लासेज का सिलसिला जारी





अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** दीन और हम शॉर्ट टर्म रिलीजियस क्लासेस के अलमास लेवल 1 में मौलाना मूसा रज़ा यूसुफी साहब ने छात्रों को तौहीद (एकेश्वरवाद) के प्रारंभिक विषयों से अवगत कराया। इस क्लास में शिक्षक ने ईश्वर के अस्तित्व पर क्या तर्क है? तौहीद का क्या अर्थ है? ईश्वर की एक होने का क्या प्रमाण है? तौहीद के कितने प्रकार हैं? और इस तरह के अन्य सवालों के जवाब देते हुए रमज़ान के पवित्र महीने में बच्चों को धार्मिक ज्ञान से परिचित कराया। इन कक्षाओं में यह कोशिश की गई है कि बच्चों को सही धर्म से अवगत कराया जाए ताकि वे अपने जीवन में इसके माध्यम से धर्म पर चलकर सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ सकें। याद रहे कि इस पवित्र महीने में दीन और हम की कक्षाएं शहर के 6 अलग-अलग स्थानों यानी 2 कक्षाएं गोल्डन पैलेस अकबरी गेट, 2 कक्षाएं अलमास हॉल नैपियर रोड, 1 कक्षा मिलन हॉल दरगाह रोड और 1 कक्षा बाग़ सकीना इमामबारगाह मेहताब बाग में आयोजित की जा रही हैं। जो लोग इन कक्षाओं में भाग लेना चाहते हैं, वे छात्र या अतिथि के रूप में कक्षाओं में शामिल हो सकते हैं।

## डीएम की अध्यक्षता में बैठक

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण एवं जिला वृक्षारोपण समिति के साथ ही जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्ष 2025-26 में कराए जाने वाले वृक्षारोपण के लिए शासन द्वारा विभागवार लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है। उन्होंने डीएफओ को निर्देशित कि आवंटित लक्ष्य के अनुरूप अन्तर्विभागीय समन्वय से स्थल चयन कराते हुए पौध तैयार कराई जाए। उन्होंने सघन वृक्षारोपण तकनीक की जानकारी सभी अधिकारियों को सुनिश्चित कराने के लिए उनको प्रशिक्षित किए जाने के भी निर्देश दिए।

## रंगदारी मागंने व हत्या का प्रयास करने के आरोप में पांच अभियुक्त गिरफ्तार



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शाहपुर थाना क्षेत्र में स्वाट प्रभारी उ0नि0 मनीष यादव, एसओजी प्रभारी उ0नि0 सूरज सिंह व प्रभारी सर्विलांस सेल उ0नि0 छोटेलाल राय के नेतृत्व में मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 103/2025 धारा 351(4),308(5), 352,351 (2),109, 324(4),61(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त अंकित पासवान उर्फ मण्टू, नितिन मिश्रा, अम्बिका पासवान, साहिल अली व शुभम श्रीवास्तव को घटना में प्रयुक्त 02 अदद कट्टा, 02 जिन्दा कारतूस, 02 अदद बलेनो कार व 01 अदद मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी। दिनांक 18.02.2025 को वादी मुकदमा के मोबाईल पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा कॉल करके गाली गुप्ता देते हुए रंगदारी के रुप में 01 करोड़ रुपये की माँग की गई । वादी द्वारा रुपया देने से मना करने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता शिविर सम्पन्न

**उरई (जालौन)।** विश्व श्रवण दिवस के मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 87 मरीजों का परीक्षण किया गया। विश्व श्रवण दिवस के मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित शिविर में सीएचसी प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता ने कहा कि श्रवण शक्ति हमारा दुनिया से संपर्क का प्रमुख माध्यम है। इसलिए कानों की देखभाल बेहद जरूरी है। कान में रिसाव, मवाद या खून आने जैसी समस्याओं के प्रति सतर्क रहने की उन्होंने सलाह दी। कहा कि कान की सफाई के लिए नर्म कपड़े का इस्तेमाल करें। विशेषज्ञों ने कान में पानी या अन्य तरल पदार्थ डालने से मना किया।


## न्यायालय सूचना

न्यायालय सिविल जज सी0डि0 सहारनपुर प्र0वाद सं0 44 सन 2023 मूलवाद सं0 363 सन 2010 श्रीमति इकराम इलाही पत्नी श्री सरवर हुसैन निवासी मौहल्ला आली आहनग्रान, लुहारों वाली मस्जिद सहारनपुर ..प्रार्थीया / वादनी (आवेदन वास्ते रेस्टोरेशन) बनाम 3- गुलाम जिल्लानी पुत्र मौ0 इसहाक नि. लुहारों वाली मस्जिद मौहल्ला आली आहनग्रान सहारनपुर। 4- खुर्शीद अहमद पुत्र मौ0 इसहाक निवासी लुहारों वाली मस्जिद, मौहल्ला आली आहनग्रान, सहारनपुर हरगाह वादी ने आपके खिलाफ़ आवेदन वास्ते रेस्टोरेशन दायर किया है लिहाज़ा आपको हुक्म होता है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ़ जवाब देने हेतु दिनांक 20.3.25 को असालतन या वकालतन दस बजे दिन मेरे न्याया. में हाज़िर हो कर जवाब देही दावा कि करें आपको इत्तिला दी जाती है कि आप उक्त दिनांक को हाज़िर नहीं होगें तो मुक़दमा आपके समात और फैसला होगा।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज सीडी सहारनपुर**

## न्यायालय सूचना

न्यायालय मा, लघुवाद न्यायाधीश, सहारनपुर। लघु वाद संख्या- 614 सन् 2025 इस्लामुद्दीन पुत्र हाजी नेकख्याल निवासी मौहल्ला आली आहनग्रान, निकट एक मीनारा मस्जिद शहर सहारनपुर (वादी) बनाम..अकरम पुत्र इकराम नि0 मौहल्ला ज़िक्रियाबाद ,निकट फात्मा मस्जिद, साबरी का बाग, सहारनपुर (प्रति0) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिस बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुकम होता है कि आप दि.25-03-2025 को 10 बजे दिन असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके या हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे।आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जमला गवाहों को जिनकी शहदत पर नाज तमाम दस्तावेज को जिन पर आप सभी जवाबदेही के ताहिद इस्तेमाल कराना चाहते हो पेश करे आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजरी आपके समात एवं फैसला होगा मेरे हस्ता0 एवं न्याय0 मुद्रा सहित 1.3.25 को जारी किया गया।

**आज्ञा से लघुवाद न्यायधीश, सहारनपुर**


# बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रांतभर में विरोध प्रदर्शन

## छह केंद्रीय श्रम संघों ने बिजली का निजीकरण निरस्त करने हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री से की अपील

अवधनामा संवाददाता





**गोरखपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आज लगातार 98 वें दिन बिजली कर्मचारियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजना मुख्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन किया। निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन 06 व 07 मार्च को भी यथावत जारी रहेगा।

संघर्ष के 101वें दिन संघर्ष समिति के सभी घटक श्रम संघों और सेवा संगठनों के केंद्रीय पदाधिकारियों की लखनऊ में बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में निजीकरण निरस्त कराने हेतु संघर्ष तेज करने की रणनीति तय की जाएगी। उधर छह केन्द्रीय श्रम संघों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से अपील की है कि वह निजीकरण की प्रक्रिया में भारी भ्रष्टाचार को देखते हुए निजीकरण का निर्णय तत्काल निरस्त करने की कृपा करें।

हिन्द मजदूर सभा के अरुण गोपाल मिश्र, पीयूष मिश्र, एटक के चन्द्र शेखर, इंटक के दिलीप श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव, सीटू के प्रेम नाथ राय, हेमन्त कुमार सिंह, एआईटीयूटीसी से बीरेंद्र त्रिपाठी और सेवा से सीता रावत, मीना ने संयुक्त बैठक कर निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों के आन्दोलन का समर्थन करते हुए कहा है कि निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति के मामले में जिस तरह हितों के टकराव के प्रावधान को शिथिल कर दिया गया है उससे यह स्पष्ट हो गया है कि निजीकरण की प्रक्रिया में भारी भ्रष्टाचार चल रहा है। केंद्रीय श्रम संगठनों की बैठक की अध्यक्षता एटक के चंद्रशेखर ने की।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों पुष्पेन्द्र सिंह, जितेन्द्र कुमार गुप्त, राघवेन्द्र साहू, जीवेश नन्दन, प्रभुनाथ प्रसाद, संगमलाल मौर्य, ब्रजेश त्रिपाठी, इस्माइल खान, संदीप श्रीवास्तव, विजय बहादुर सिंह, विकास श्रीवास्तव, पीयूष श्रीवास्तव, ओम गुप्ता, सत्यव्रत पाण्डेय, विनोद श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार, राकेश चौरसिया एवं राजकुमार सागर ने पुनः कहा है कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन निजीकरण का राग बंद कर दें और बिजली कर्मचारियों को विश्वास में लेकर सुधार की प्रक्रिया में लगे। बिजली कर्मी सुधार चाहते हैं और निजीकरण के विरोध में अनावश्यक बिजली कर्मियों की ऊर्जा लग रही है।

## 06 मार्च को होगी आबकारी दुकानों की ई-लॉटरी प्रक्रिया

**देवरिया।** आबकारी दुकानों के आवंटन के लिए 06 मार्च को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, देवरिया में ई-लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इसको लेकर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को पार्किंग, साफ-सफाई, पेयजल, मोबाइल टायलेट, स्क्रीन और हेल्प डेस्क जैसी आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ई-लॉटरी प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-लॉटरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए समस्त जानकारी एनआईसी पोर्टल पर तुरंत अपलोड की जाए।


## अब्दुल सत्तार खाँ महाविद्यालय, खीरों, रायबरेली

(सम्बद्ध–लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)

**आवश्यकता है** – प्राचार्य एवं प्रवक्ता/सहा० आचार्य की निम्नवत् विषयों हेतु। **शैक्षिक योग्यता** – उपरोक्त समस्त पदों हेतु यू०जी०सी० के मानकों के अनुसार(पी०एच०डी०,नेट)।

**संचालित विषय**

**बी०ए०** – 1.अर्थशास्त्र, 2.हिन्दी साहित्य, 3.अंग्रेजी साहित्य, 4.भूगोल, 5.समाजशास्त्र, 6.शिक्षाशास्त्र, 7.गृहविज्ञान, 8.शारीरिक शिक्षा 9.चित्रकला, 10.हिन्दी भाषा, 11.इतिहास, 12.सैन्य अध्ययन, 13.राजनीति विज्ञान, 14. उर्दू

**बी०एस०सी०** – 1.भौतिक विज्ञान, 2.गणित 3.रसायन विज्ञान, 4.जन्तु विज्ञान, 5.वनस्पति विज्ञान, 6.शारीरिक शिक्षा

**बी०काम० (वाणिज्य संकाय)** समस्त अनिवार्य विषय

**बी०एड० संकाय (समस्त अनिवार्य विषय)** अर्हता- स्ववित्तपोषी शासनादेशानुसार तथा यू०जी०सी० के मानकों के अनुसार(पी०एच०डी०,नेट)

**बी०टी०सी०/डी०एल०एड० संकाय हेतु:-प्राचार्य/विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्ता/सहा० आचार्य की :शैक्षिक योग्यता प्राचार्य/विभागाध्यक्ष-** अर्हता स्नातकोत्तर55%, एम०एड०55% एवं सम्बन्धित अनुभव, **प्रवक्ता**- अर्हता स्नातकोत्तर50% एम०एड०50%

**लिपिक, ड्राइवर, कम्प्यूटर आपरेटर(डेटा हिन्दी टाइपिंग), लिपिक लेखाकार,चतुर्थ श्रेणी के लिये इच्छुक अभ्यर्थी सीधे महाविद्यालय मे सम्पर्क करे।** वेतनमान:रू० 20000-30000/मानकानुसार

सम्पर्क सूत्र :–8601366666, 8299635198
प्रधान कार्यालय–नेहरू नगर रायबरेली मो0 नं0– 7704001444
E-mail :-manager.babujsgp@gmail.com



## कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता

## जोन-2, ऐशबाग, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक : 2460/ई0ई0-2/एल.जे.एस.

दिनांक : 05.03.2025

### अल्प कालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदाये आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 13/03/2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-2 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनाँक 12/03/2025 को अधिशासी अभियन्ता, जोन-2 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनाँक 12/03/2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Reparing of 04 Submersible pump at different places of Zone-w Jalkal Vibhag, Lko. | 2500.00 | Rs.200 | 07 दिवस |
| 2 | Reboring of 1.50 HP Submersible pump 02 Nos at Tedhi Bazar near Sri Arun Lal's House in park and at KUndri Rakabganj near Santoshi Mata Mandir, Lko | 6600.00 | Rs.400 | 07 दिवस |

**अधिशासी अभियन्ता (जोन-2)**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

# परशुराम महाविद्यालय में गरज सकता है योगी का बुलडोजर

## राजस्व व चकबंदी विभाग की संयुक्त टीम के सर्वे में शमसान की भूमि में मिला महाविद्यालय का कुछ भाग



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** जिले के तारुन क्षेत्र में संचालित परशुराम स्मारक महिला महाविद्यालय तारुन का कुछ हिस्सा श्मशान भूमि पर बने होने का मामला प्रकाश में आया है। गोसाईंगंज विधायक अभय सिंह ने विधानसभा में यह मामला मजबूती से उठाया था। मामला उठने पर बुधवार को तहसील प्रशासन एवं चकबंदी अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा पैमाइश कर रिपोर्ट जिला अधिकारी को दी की गई है। गोशाईंगंज विधायक अभय सिंह ने परशुराम महाविद्यालय के कुछ भाग को ग्राम समाज कब्रिस्तान की भूमि में बने होने का सवाल विधानसभा में उठाया था। सचिवालय प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 48 घंटे के भीतर जिलाधिकारी अयोध्या से श्मशान की भूमि की पैमाइश कर पूरे प्रकरण से संबंधित रिपोर्ट तलब की है। बुधवार को प्रातः तहसील प्रशासन बीकापुर नायब तहसीलदार रामखेलावन, राजस्व निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय, लेखपाल शिवकुमार, मुन्नालाल, सुनील सिंह व चकबंदी कानूनगो की संयुक्त टीम ने महाविद्यालय के चारों तरफ भूमि की पैमाइश की। इस दौरान ग्राम प्रधान हरीराम निषाद सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे। नायब तहसीलदार रामखेलावन ने बताया कि गाटा संख्या 18 रकबा 727 एअर अभिलेखों में श्मशान भूमि के नाम दर्ज है। कॉलेज की बिल्डिंग का कुछ अंश आरक्षित भूमि में आ रहा है। संयुक्त रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी।

### इससे पहले भी उठ चुका है ग्राम समाज की भूमि में अवैध निर्माण का मामला

दो माह पूर्व जनकदुलारी चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक अवधेश वर्मा ने परशुराम स्मारक महिला महाविद्यालय को श्मशान की भूमि पर निर्माण होने को लेकर जिला अधिकारी से लेकर शासन तक शिकायत कर जांच करने की मांग की थी। लेकिन तब मामला ठंडा बस्ते में चला गया था। विधायक की ओर से उठाए गए सवाल के बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। यह माना जा रहा है कि इस मामले में योगी का बुलडोजर महाविद्यालय में चल सकता है।

## पाप करते समय तो मनुष्य डरता नहीं है, डरता है तब जब पापों की सजा भुगतने का समय आता है: पंडित प्रेमधर

**बीकापुर -अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र के बल्लीपुर पातुपुर में आयोजित की जा रही सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन मंगलवार की शाम कथा व्यास व्यास पंडित प्रेमधर जी महाराज ने भागवत कथा के महात्म का वर्णन किया। बताया कि श्रीमद् भागवत कथा भाव रोगों की औषधि है। राजा परीक्षित और सुखदेव जी के संवाद मे बताया कि भागवत श्रवण करने से काल का भय समाप्त हो जाता है। भागवत सुनकर परमात्मा के साथ प्रेम करने पर उसे काल का भय नहीं लगता। जो भागवत का आश्रय लेते हैं वे निर्भय बनकर मृत्यु को अमंगल मानते हैं परंतु मृत्यु अमंगल नहीं है मृत्यु काल परमात्मा का सेवक है अतः मंगल भी है। कथा व्यास ने कहा कि पाप करते समय तो मनुष्य डरता नहीं है, डरता है तब जब पापों की सजा भुगतने का समय आता है।

# अखिल भारतीय चाणक्य परिषद द्वारा ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के तत्वावधान में ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित किया जाएगा। यह विशेष आयोजन आगामी 23 मार्च 2025 रविवार और 24 मार्च 2025 सोमवार को अयोध्या धाम में श्री माधव सेवा सदन, निकट अंतरराष्ट्रीय प्रेस क्लब, रामकोट अयोध्या में आयोजित होगा।कार्यक्रम का विवरण–23 मार्च 2025 रविवारः प्रायश्चित स्वरूप छौरकर्म 24 मार्च 2025 सोमवारः प्रातः 7ः00 बजे से गौरी गणेश पूजन, पंचांग पूजन, अष्टभाण्ड दान, यज्ञोपवीत संस्कार, वेदाध्ययन और समावर्तन संस्कार का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम के अंत में महापुरुषों द्वारा बटुकों को आशीर्वाद दिया जाएगा और प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बटुकों को 8 से 16 वर्ष की आयु के बच्चों के साथ-साथ 16 वर्ष और उससे अधिक आयु के युवाओं को भी संस्कार से परिपूर्ण करने का विशेष ध्यान रखा जाएगा। सभी महानुभावों से आग्रह किया जाता है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने पाल्यों का निःशुल्क रजिस्ट्रेशन कराकर इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन का हिस्सा बनें। रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क ः94 517 92504,94520 56121प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन है और सभी को इस अवसर पर भाग लेने का आह्वान किया जाता है।इस आयोजन की तैयारियों को लेकर श्री गोपाल मंदिर, लक्ष्मण घाट, अयोध्या धाम में आचार्य वीरेंद्र कुमार द्विवेदी वैदिक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक राम अनुज तिवारी, राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्र, सतीश चंद्र पांडेय, जयप्रकाश तिवारी, काशीनाथ तिवारी, क्षीरेश्वर दत्त मिश्र, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी, ओम प्रकाश मिश्र, जिला अध्यक्ष सत्यदेव मिश्र, अंबरीश पांडेय एवं अन्य प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति के लिए प्रेरणा बनीं आईपीएस अंशिका वर्मा, मिला अवार्ड



अवधनामा संवाददाता

**बरेली।** बरेली में एसपी साउथ की जिम्मेदारी संभाल रहीं आईपीएस अंशिका वर्मा को बड़ी उपलब्धि मिली है। उन्होंने नई दिल्ली में ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित पांचवें वार्षिक महिला शिखर सम्मेलन में प्रतिभाग किया। सम्मेलन में कई देशों से आईं महिलाओं के बीच आईपीएस अंशिका वर्मा ने पुलिस के काम की चुनौतियों को बताया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अंशिका वर्मा के कामों पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया गया। ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित शिखर सम्मेलन में महिला दिवस मनाया गया। इसमें आईपीएस अंशिका वर्मा को वुमेन ऑइकन अवार्ड से सम्मानित किया गया। अंशिका वर्मा 2021 बैच की आईपीएस हैं। वह मूलरूप से प्रयागराज की निवासी हैं। उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद बिना कोचिंग के सेल्फ स्टडी से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी की और सफलता पाई।

अंशिका वर्मा को आईपीएस की ट्रेनिंग के दौरान आगरा के फतेहपुर सीकरी थाने में एसएचओ के तौर पर पहली जिम्मेदारी मिली थी। इसके बाद गोरखपुर में उन्हें एएसपी पद पर तैनात किया गया गोरखपुर में करीब 10 माह के कार्यकाल के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने अंशिका वर्मा को प्रमोशन देकर बरेली का एसपी साउथ बनाया है। बरेली में वह बखूबी अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं।

# एडीए व नगर निगम के कार्यालय के निर्माण में आई तेजी

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या विकास प्राधिकरण और नगर निगम का संयुक्त बहुमंजिला निर्माणाधीन कार्यालय का कार्य जोर शोर से चल रहा है। पांच मंजिला इमारत में वो तमाम सुविधाएं मौजूद रहेंगी, जो बड़े-बड़े महानगरों में स्थित भवनों में होती है। अब तक 60 फीसदी निर्माण पूरा हो चुका है। प्रथम, द्वितीय, तृतीय तल का कार्य पूरा हो चुका गया। चतुर्थ तल पर स्ट्रक्चर, ब्रिक फील्ड और फायर फाइटिंग का कार्य प्रगति पर है।वैम्पाइन एंटरप्राइजेज के प्रोजेक्ट मैनेजर मेहराम शर्मा ने बताया कि अक्टूबर तक निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि इस वर्ष यह भवन बनकर तैयार हो जाएगा। काफी दिनों से नगर निगम का नया कार्यालय बनवाये जाने को लेकर कवायद चल रही थी। प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्यावासियों की सहूलियत को देखते हुए नगर निगम और विकास प्राधिकरण का कार्य एक जगह बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

सदर तहसील के पास* जीजीआईसी के सामने निर्माण कार्यों के लिए जमीन उपलब्ध कराई गई थी। 119.90करोड़ की लागत से बन रहे इस भवन की उपलब्ध जमीन के 37 फीसदी हिस्से पर निर्माण होगा और कार्यालय को सीसीटीवी, लैन नेटवर्क, ईपी बॉक्स सिस्टम, वातानुकूलन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, ग्रीनरी आदि से आच्छादित किया जाएगा। भवन निर्माण में अयोध्या के प्रमुख मठ-मंदिरों सीता रसोई, राम मंदिर, दशरथ महल के साथ मुगल स्थापत्य शैली का समावेश देखने को मिलेगा।

**नए भवन में बनेगें इन विभागों के कार्यालय**

प्रस्तावित कार्यालय भवन में नगर निगम का राजस्व/कर विभाग, जन्म/मृत्यु विभाग, एपीडी व रोकड़ विभाग, स्वास्थ्य, सिविल, लेखा, वित्त, एनफोर्समेंट, संपत्ति विभाग, आडिट, जलकल, विद्युत, किराया, लाइसेंस एवं पर्यावरण, जीव-जंतु एवं कानून विभाग, अधिस्ठान एवं समिति विभाग तथा सदन हाल का निर्माण कराया जाएगा। जबकि अयोध्या विकास प्राधिकरण के कार्यालय में नियोजन विभाग, संपत्ति विभाग, भूमि विभाग, इंजीनियरिंग विभाग, वित्त विभाग और प्रशासनिक विभाग का कार्यालय बनना है।

**ये सुविधाएं भी रहेंगी**

मुख्य ग्राउंड +5 गार्ड रूम, सी.सी. रोड बाउण्ड्री, प्रवेश द्वार, यू. जी. टैंक 150 कि.ली. फायर फाइटिंग सिस्टम, यूपीएस, एलएएन सिस्टम आदि विकसित होगा। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि हमारी कोशिश है कि इस वर्ष तक इसे कम्प्लीट कर लें। एडीए के उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने बताया कि इस भवन के निर्माण के बाद लोगों को काफी सहूलियत मिल जाएगी।

# ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**अयोध्या।** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनपद के सभी कार्यालयाध्यक्षों और ऑपरेटरों के लिए ई-ऑफिस प्रणाली लागू किए जाने के सम्बन्ध में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि सभी विभागों को प्राथमिकता पर एन0आई0सी0 की ईमेल आईडी बनवाना सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर जिन विभागों की एनआईसी मेल आईडी बन चुकी है, उनका वीपीएन पर रजिस्ट्रेशन कराते हुए ई-ऑफिस प्रणाली को संचालित किया जाए।उन्होंने यह भी कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली को जनपद स्तर पर इस माह के अंत तक लागू किया जाना सुनिश्चित किया जाए और इससे संबंधित प्रशिक्षण शीघ्र करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अशोक कुमार ने ई-ऑफिस के लागू किए जाने हेतु डीएससी, 31 बिंदु पीआईएमएस और वीपीएन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सहित जनपद के विभिन्न कार्यालयाध्यक्ष और ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# सक्षम परियोजना के तहत तीन दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान श्रहछ्हद्ध, अहमदाबाद और बजाज फिनसर्व द्वारा उत्तर प्रदेश के पांच जनपदों - मऊ, कुशीनगर, अयोध्या, वाराणसी और गोरखपुर में संयुक्त रूप से चलाए जा रहे सक्षम परियोजना के तहत अयोध्या जनपद में तीन दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम बजाज होल्डिंग्स एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अयोध्या जनपद के मकबरा और महाराणा प्रताप डिग्री कॉलेज, लालबाग में किया गया। सक्षम परियोजना का उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमियों को वित्तीय साक्षरता और डिजिटल जागरूकता के क्षेत्र में प्रशिक्षित करना है। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कपिल कुमार ने बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने वाले उद्यमियों को वित्तीय साक्षरता, डिजिटल जागरूकता, बैंकिंग सेवाओं, बीमा, नकदी प्रवाह प्रबंधन, व्यवसाय विस्तार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत उद्यमियों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन के साथ हैंड होल्डिंग सहयोग भी प्रदान किया जाएगा। यह कार्यक्रम पूरी तरह से निशुल्क था और इसका उद्देश्य छोटे एवं सूक्ष्म उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था।इस आयोजन में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में कपिल कुमार, अंदेश कुमार, देवेंद्र सिंह, सुश्री सबीहा शकील और श्रीमती अनीता द्विवेदी ने अपनी विशेषज्ञता प्रदान की। बजाज फिनसर्व और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान की यह पहल उद्यमिता के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है, जिससे सूक्ष्म उद्यमियों को अपने व्यवसायों को सफल बनाने में मदद मिल सके।

## उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा टीम का सघन निरीक्षण, अवैध मांस दुकान सीज



**अयोध्या।** उप जिलाधिकारी सदर विकासधर द्विवेदी और सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय मानिकचंद सिंह के नेतृत्व में पुराने सब्जी मंडी फतेहगंज चौक में एक बार फिर से पूर्वोत्तर करवाई की गई। इस दौरान, पूर्व में बंद कराई गई मीट की दुकानों में एक दुकान खुली पाई गई, जिसे तुरंत प्रभाव से सीज कर दिया गया। एसडीएम सदर के मार्गदर्शन में संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर उपस्थित सभी लोगों को यह सख्त हिदायत दी कि रियासी इलाकों में खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के विपरीत कोई भी मांस की दुकानें संचालित नहीं की जाएं। इसके बाद, खाद्य सुरक्षा की टीम ने सहायक आयुक्त द्वितीय के साथ पान गली चौक में सघन निरीक्षण किया। इस दौरान चौरसिया एजेंसी पर कार्रवाई करते हुए बनारसी आशिक सुपारी और शिखर पान मसाला गुटका का नमूना लिया गया। साथ ही शिखर पान मसाला के 67 पैकेट मूल्य ?10,720 और बनारसी आशिक सुपारी के 130 पैकेट मूल्य ?9,750 को सीज कर दिया गया।इसी क्रम में, पान गली चौक में लगभग दर्जन भर दुकानों का निरीक्षण किया गया, जो खाद्य पंजीकरण के तहत व्यवसाय कर रही थीं। इन दुकानों का वार्षिक टर्नओवर 12 लाख रुपये से ऊपर पाया गया। इन सभी दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि वे खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत अपना लाइसेंस बनवाएं, अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## समाज कल्याण विभाग द्वारा निःशुल्क विद्यालय प्रवेश हेतु आवेदन प्रारंभ

**अयोध्या।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय बरवा मसौधा, हाजीपुर बरसेंडी सीबीएसई बोर्ड एवं जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मऊ घनश्यामपुर यू.पी. बोर्ड तथा मुगीशपुर (बालिका विद्यालय) में कक्षा 6, 7, 8, 9 और 11 के लिए रिक्त स्थानों पर प्रवेश हेतु निःशुल्क आवेदन पत्र वितरित किए जा रहे हैं।इच्छुक अभिभावक दिनांक 08 मार्च 2025 से संबंधित विद्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं और 15 मार्च 2025 तक उन्हें अनिवार्य रूप से जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र ऑनलाइन लिंक https://ats.upsdc.gov.in/online/menu से भी भरा जा सकता है। उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित ये विद्यालय पूरी तरह से राजकीय और निःशुल्क आवासीय विद्यालय हैं। सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6, 7, 8, 9 और 11 में प्रवेश दिए जाएंगे। शहरी क्षेत्र के 56640 रुपये तक और ग्रामीण क्षेत्र के 46080 रुपये तक आय वाले अभिभावकों के बच्चे इन विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय में शिक्षा, पाठ्य सामग्री, भोजन, वस्त्र, और आवासीय सुविधा पूर्णतः निःशुल्क है। विद्यालय में 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति, 25 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग, और 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। आवेदन पत्र के साथ आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पिछले वर्ष का परीक्षा परिणाम और 5 पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रूप से संलग्न करना आवश्यक है।अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभिभावक संबंधित विद्यालय से संपर्क कर सकते हैं। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी अयोध्या द्वारा प्रदान की गई है।

## जेड प्लस सुरक्षा के लिए सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी जिला इकाई महराजगंज के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा जिसमें उन्होंने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अरविंद राजभर राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं पूर्व राज्य मंत्री को जेड प्लस सुरक्षा दिलाने की मांग की हैं। जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर राजभर ने बताया कि डॉ अरविंद राजभर राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव को सोशल मीडिया के माध्यम से जान से मारने की धमकी दी गई है। उस व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर तत्काल उसे गिरफ्तार करने की मांग की है एवं जेड प्लस सुरक्षा अभिलंब मुहैया कराने की मांग की है। इस दौरान जितेंद्र सिंह प्रभारी,काबिलश राजभर,शैलेश गुप्ता,जितेंद्र पासवान,विष्णु स्वरूप श्रीवास्तव, जोगेंद्र राजभर, मनीष भारद्वाज,वीरेंद्र सिंह,बृजेश राजभर, विक्रम सिंह,श्रीकांत यादव,जब्बार खान,भरत,अखिलानंद शर्मा, बृजेश वर्मा, सतपाल राजभर, संतोष भारती,रामनैन सिंह, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## अनियंत्रित बस की चपेट में आने से छह लोग घायल, दो रेफर

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** स्थानीय नगर के निचलौल बस स्टैंड के निकट एक अनियंत्रित बस की चपेट में आने से छ लोग घायल हो गए।पुलिस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दो की हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। स्थानीय नगर के गाधी नगर स्थित बस स्टैंड से बुधवार को कप्तानगंज जा रही बस जैसे ही निकट के पेट्रोल पंप पर पहुंची तभी अनियंत्रित होकर सवारी लेकर जा रही ई-रिक्शा,स्कूटी और बाइक सवार को ठोकर मारती हुई पोल से टकरा गई।इसके ठोकर से ई रिक्शा चालक जब्बार(65)वर्ष निवासी सिसवा, स्कूटी सवार शबनम(40)वर्ष व हजरा 20 वर्ष निवासी हरपुर, बाइक सवार इंद्रकुमार सिंह(65)वर्ष सहित बस में अपने 7 वर्षीय बालक अनुज के साथ बैठी सुमन घायल हो गए।

# योग जीवन जीने की सर्वोत्तम पद्धति हैः डा राजू शर्मा




अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** स्थानीय जवाहरलाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज महाराजगंज के बीएड विभाग के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन योग के संबंध में विस्तार से चर्चा हुआ।योग प्रशिक्षक संस्कृत विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ राजू शर्मा ने योग के विभिन्न अंगों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं विभिन्न प्रकार के प्राणायाम जैसे अनुलोम-विलोम , कपालभाति, भ्रामरी का अभ्यास बी.एड.छात्र अध्यापकों एवं छात्र अध्यापिकाओं को कराया। इससे पूर्व प्रथम दिवस पर योग प्रशिक्षक डॉक्टर राजू शर्मा ने कहा कि योग जीवन जीने की सर्वोत्तम पद्धति है व योग के संप्रत्यय और उसके महत्व और विभिन्न प्रकार के आसनों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि आज योग से विभिन्न गंभीर बीमारियों पर भी निजात पाया जा रहा है इसलिए योग से जुड़े । बीएड विभाग के सहायक आचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार उपाध्याय ने योग का जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार पूर्वक व्याख्या की। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ अजय कुमार मिश्र, बी.एड विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर उमेश प्रसाद यादव , डॉ धर्मवीर डॉ गोपाल सिंह, डॉक्टर शैलेंद्र कुमार उपाध्याय, अखिल राय डॉ अशोक, डॉ शांतिशरण मिश्र एवं संतोष पटेल उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य परियोजना प्रबंधक / निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर खुली ई–निविदाएँ दो पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के [प्रोजेक्ट का नाम– वाराणसी–पंडित दीनदयाल उपाध्याय मल्टीट्रैकिंग (15 किमी) गंगा नदी पर एक नए रेल सह सड़क पुल के निर्माण सहित] काशी (फेज–1) कार्य यार्ड रिमोडलिंग सहित के संबंध में फार्मेशन में मिट्टी का कार्य, भरना, काटना एवं संघनन सहित, तटबंध पर ब्लैंकेटिंग सामग्री की आपूर्ति और फैलाव, आरयूबी, रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य/चौड़ीकरण, छोटे पुलों का विस्तार, क्वार्टरों (जी+2) का निर्माण और अन्य सहायक कार्य। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 15 (पंद्रह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 12503.34 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 64,01,600/- |
| 5 | रेलवे वेबसाईट पर निविदा दस्तावेजों की बिक्री/उपलब्धता | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 05.03.2025 से 16.04.2025 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे। |
| 6 | प्री बिड कॉनफेरेंस | दिनांक – 10.03.2025 समय 11:30 बजे, **स्थानः** कार्यालय मुख्य परियोजना प्रबंधक, निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी एवं आई.आर.ई.पी.एस के वेबसाइट पर साझा की गई ऑनलाइन वीसी लिंक के माध्यम से भी। |
| 7 | बिड पूर्व पूछताछ प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 17.03.2025 |
| 8 | रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि | 25.03.2025 |
| 9 | ई–निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनांक 16.04.2025 को समय 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक 16.04.2025 को समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 10 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 05.03.2025 से आई.आर.ई.पी.एस के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगें व दिनांक 02.04.2025 से 16.04.2025 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्या 5–टेण्डर/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी दिनांक 03.03.2025

703/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आयुष आपके द्वार के तहत किया गया स्वास्थ्य कैंप का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देश पर बुद्धवार को आयुष्मान आरोग्य मन्दिर राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय- छतहरा के सौजन्य से प्राथमिक विद्यालय छतहरा के प्रांगण में आयुष आपके द्वार के तहत एक स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया जिसके तहत स्कूल के कुल 86 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया बीमार बच्चों को उचित परामर्श एंव होम्योपैथिक दवा दी गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा0 कविता राजपूत ने कहा बीमार बच्चों को साफ सफाई एंव उचित खान पान की सलाह दी साथ ही साथ ट्यूबरक्लोसिस के लक्षणों जैसे दो सप्ताह या अधिक समय से खांसी आना, खांसी के साथ बलगम आना, बलगम में कभी-कभी खून आना, सीने में दर्द होना, शाम के समय हल्का बुखार आ जाना,वजन का कम होना, भूख न लगना आदि के संबंध में बताया गया एवं उनको अपने आस पास रहने वाले लोगों में यदि ऐसा कोई लक्षण दिखे तो नजदीकी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/ जिला अस्पताल ) में जांच और इलाज कराने की सलाह दी गई। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा0 कविता राजपूत, फार्मासिस्ट रवि प्रकाश गुप्ता, जवाहर लाल एंव स्कूल के प्रधानाचार्य और अध्यापक उपस्थित रहे।

## हियुवा ने होली मिलन समारोह की बनाई रणनीति



**इटवा सिद्धार्थनगर।** बुधवार को हिन्दू युवा वाहिनी की बैठक इटवा शिव शक्ति मंदिर पर सम्पन्न हुआ। हिन्दू समाज को एकजुटता पर चर्चा किया व होली मिलन समारोह को सफल बनाने की रणनीति भी बनाई गई। मोदी और योगी की धार्मिक सामाजिक, सांस्कृतिक एवं विकास पर चर्चा किया गया गांव गांव में जाकर चर्चा करने का आह्वान किया गया। हियुवा के द्वारा होली मिलन समारोह का कार्यक्रम की रणनीति बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता संजय मिश्रा जिला महामंत्री संगठन हियुवा ने किया। जिसमें दर्जनों लोग उपस्थिति हुए। कार्यक्रम में सभी ने एक साथ मिलकर आपस के भेदभाव बुलाकर एक दूसरे अबीर गुलाल की अपील कर होली की पहले से बधाई दी। संजय मिश्रा ने कहा कि होली आपसी भाईचारा का त्योहार हैं उन्होंने सभी को संकल्प दिलवाया कि किसी भी मुसीबत में असहाय दीनहीन को तन, मन और धन से सहयोग करना है। बैठक में बढ़ चढ़कर भाग लेने वाले विवेक श्रीवास्तव, मनोज, अशोक, राधेश्याम, अर्जुन, मयाराम गणेश प्रसाद हजारी प्रसाद दुर्गा प्रसाद कन्हैया लाल, राजकुमार, अमरनाथ, मदन यादव, सदानंद त्रिपाठी, राम बली, सुभाष जायसवाल आदि शामिल रहे।

# बाबा साहेब के अपमान का बदला विस चुनाव में भाजपा को हराकर लेंगी सपा : जोखन चौधरी

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** बाबा साहब डा. भीमराव राव आंबेडकर के द्वारा दिए गये संविधान को बचाने, शोषितों एवं वंचित समाज को उसका हक दिलाने की लड़ाई समाजवादी पार्टी लड़ रही है। वहीं भाजपा उनके द्वारा दिए गये धर्म निप्रेक्ष संबंधित को समाप्त करने पर तुली है। सपा बाबा साहेब के अपमान का बदला 2027 विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रदेश की सत्ता से बेदखल करके लेंगी। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष जोखन चौधरी ने कहीं। वह बुधवार को संगठन के जिला कार्यालय पर सपा सदर विधानसभा क्षेत्र इकाई की मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बसपा भाजपा के इसारे पर काम कर रही है। इससे दलित वर्ग काफी हताश व निराश हो गया है। अब वह बाबा साहब एवं बहुजनों के अगुवा रहे कांशीराम के मिशन व संविधान की रक्षा का रहनुमा अखिलेश यादव में देख रहे है। सपा के जोनल प्रभारी राम सागर चौधरी ने कहा कि भाजपाई सरकार में बने रहने के लिए समाज को तोड़ने का काम कर रहे है। इससे शोषित एवं वंचित वर्ग परेशान व हताश हो गया है। पीडीए पंचायत के जरिए पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता 2027 तक गांव गांव और घर घर जाकर पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाए। जिससे जनविरोधी सरकार का सफाया हो सकें। जनता भाजपा सरकार से ऊब चुकी है। पीडीए समाज के बड़े नेता कार्यक्रम लगाकर दलित एवं अति पिछड़ा वर्ग को सपा से जोड़ने का काम करें। जिससे सपा 2027 में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर सभी के खोए अधिकार को वापस दिला सकें। कार्यक्रम को महा सचिव अमून मेकरानी, सोनू यादव, चन्द्रभान पहलवान, फूलचंद्र चौधरी, राजेंद्र प्रसाद, कृष्ण नाम यादव, चन्द्रहास यादव, रियाज अहमद, जुनेद, राजू चौधरी, गुंजन पासवान, चंद्रजीत यादव, अंगद यादव, दिनेश यादव आदि ने भी संबोधित किया।

## रावण संहिता के ज्योतिषाचार्य की भविष्यवाणी, बिहार में तेजस्वी बनेगे मुख्यमंत्री

**बस्ती, अवधनामा संवाददाता।** रावण संहिता ज्योतिष केंद्र कुशीनगर जिले के गुरवलिया बाजार में मां पीतांबरा शक्तिपीठ व तंत्र मंत्र शोध संस्थान के संचालक पंडित आशीष पाठक जो रावण सहित ज्योतिष के तहत समय-समय पर भविष्यवाणी करते रहते है और उनकी बाते सदैव सत्य होती आ रही है। हाल ही में उहोने भारत की राजधानी दिल्ली पर भी भविष्यवाणी की थी और कर दी और दिल्ली विधान सभा चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी व शक्तिशली पार्टी बनने का दावा किए थे। जो सही पाया गया और लोग उनकी प्रसंसा कर रहे है। इसी क्रम में ज्योतिषाचार्य पंडित आशीष पाठक ने बिहार प्रदेश पर इस बार भविष्यवाणी की। उन्होंने कहा कि इस बार बिहार प्रदेश के मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ही होंगे। यह व्यक्ति साहसी और महत्वाकांक्षी है। विदेश में भी इनकी ख्याति व मान सम्मान का योग बन रहा है। परंतु वर्तमान दशा ठीक न होने के कारण राजनैतिक शत्रु मजबूत है। लेकिन कुछ कर नही पाएंगे। जातक मेरे बताए प्रत्यंगिरा देवी मंत्र से 51 संपुट पाठ व कुमारी पूजन करे। सभी बाधा नष्ट होगे और शीघ्र मुख्यमंत्री के पद की प्राप्ति होगी।

# बार एसोसिएशन शोहरतगढ़ के अध्यक्ष बने दया सागर पाठक



अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बार एशोसिएशन शोहरतगढ़ का चुनाव बुधवार को सम्पन्न हुये चुनाव में एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर एड्वोकेट दयासागर पाठक व महामंत्री पद पर बृजेश दत्त शुक्ल , और लेखापरीक्षक पद रेड्डीवाल मिश्र चुने गये। बार एशोसिएशन शोहरतगढ़ तहसील इकाई का चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी अधिवक्ता राम गोपाल पांडेय, सहाबुद्दीन, विशाल श्रीवास्तव की देखरेख में बुधवार को अधिवक्ता सभागार में पूर्ण हुआ। कुल 66 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के उपरांत मतगणना हुयी और चुनाव अधिकारी ने परिणाम घोषित किया। जिसमें अध्यक्ष पद उम्मीदवार अधिवक्ता दया सागर पाठक को 35 मत मिले, जबकि अध्यक्ष पद दूसरे प्रत्याशी श्रवण कुमार श्रीवास्तव को 30 वोट हासिल हुआ। पांच मतों से दयासागर पाठक ने जीत हासिल किया। महामंत्री पद प्रत्याशी बृजेश दत्त शुक्ल ने 27 वोट पाकर मनीष श्रीवास्तव को एक वोट से शिकस्त दे दी। मनीष श्रीवास्तव को 26 मत मिले। महामंत्री पद प्रत्याशी को मतों से सन्तोष करना पड़ा। लेखापरीक्षक पद उम्मीदवार रेड्डीवाल मिश्र को 53 वोट मिला तथा ज्वाला प्रसाद गुप्ता 13 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। रेड्डीवाल 40 मतों के भारी अंतर से जीतने में कामयाब रहे। इस दौरान शंभू नाथ गुप्ता, गोपाल मिश्रा, चंदन श्रीवास्तव, प्रमोद पाठक, मोहम्मद अयूब खान, अरविंद कुमार, विशाल श्रीवास्तव, शहाबुद्दीन, रामगोपाल पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

# 385 जोड़ों ने लिये सात फेरे



दानिश मेहदी

**अंबेडकरनगर।** शहर के राजकीय हवाई पट्टी पर बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर 385 जोड़ों ने एक दूजे का हाथ थाम कर अग्नि के सात फेरे लिए। वहीं एक मुस्लिम जोड़े का निकाह भी संपन्न कराया गया।डीएम अविनाश सिंह, सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला समेत तमाम अधिकारियों एवं भाजपा के पदाधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को पुष्प वर्षा कर आर्शीवचन व उपहार दिए।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम, सीडीओ के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा मिथिलेश त्रिपाठी, रमाशंकर सिंह, जिलाध्यक्ष निषाद पार्टी संजय निषाद ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत इस वर्ष जिले को 1158 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य मिला था।बुधवार को कुल 413 जोड़ों का विवाह कराना प्रस्तावित किया गया था। इसके मुकाबले कुल 386 जोड़े ही पहुंचे। इनमें विकास खंड अकबरपुर के 140, टांडा के 134, बसखारी के 72, नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के नौ, इल्तिफातगंज के तीन, नगर पालिका टांडा के चार, अकबरपुर के चार जोड़े शामिल रहे। इस मौके पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशाल मंडप में जोड़ों ने विधि विधान से शादी की रस्म पूरी की। विवाहित जोड़ों को समाज कल्याण विभाग की ओर से बर्तन सेट, ट्रॉली बैग, कपड़े समेत अन्य सामग्री उपहार स्वरूप दी गई।इस मौके पर कलाकारों की ओर से बन्ना बन्नी व सोहर के गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसी के साथ जिले को मिले लक्ष्य की पूर्ति हो गई है। विभाग ने लक्ष्य के मुकाबले 1190 जोड़ों का विवाह करा लिया है। इस मौके पर एसडीएम सौरभ शुक्ला, पीडी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, डीडीओ सुनील कुमार तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी विक्रम कौशल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# अवैध अस्पताल की जांच करने पहुंची टीम

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन क्षेत्र अंतर्गत चल रहे अवैध अस्पताल, अल्ट्रा साउंड सेंटर, पैथालॉजी आदि की स्वास्थ विभाग की टीम द्वारा बुधवार को जाँच

**अवैध अस्पताल बन्द करने का दिया नोटिस**

किया गया। टीम में नायब तहसीलदार अमित कुमार सिंह, लोटन अधीक्षक अमित कुमार चौधरी ने लोटन कस्बे में चल रहे प्रभा हॉस्पिटल का जांच किया गया जो रजिस्ट्रेशन चेक किया गया सही मिला प्रबंधक ने बताया की डाक्टर अवकाश पर है।

वही लोटन कस्बे में स्तिथ बिना नाम व डिग्री के पचीसो साल से चल रहे क्लिनिक का स्वास्थ विभाग की टीम ने जांच किया। जाँच में वहाँ उपस्थित चिकित्सक कोई कागजात नहीं दिखा सके। जब स्वस्थ विभाग की टीम पहुंची तो संचालक द्वारा मिरिजों का इलाज किया जा रहा था । नायब तहसीलदार व अमित कुमार चौधरी ने जब संचालक से पूछ तो संचालक ने बताया कि मैं पच्चीस वर्ष से यह क्लिनिक चला रहा हूँ। स्वस्थ विभाग की टीम द्वारा पूछने पर संचालक ने कहा मैंने यह बस्ती में एक अस्पताल में सीखा है। स्वस्थ विभाग की टीम अवैध क्लिनिक के संचालक को नोटिस देते हुए तुरन्त बंद करने की हिदायत दी। कस्बे में संचालित कुछ अस्पताल पर जब टीम पहुंची तो अस्पताल संचालक अस्पताल छोड़ फरार हो गए जिसके कारण टीम को बिना जांच के वापस होना पड़ा। नायब तहसीलदार अमित कुमार सिंह ने कहा कि लोटन कस्बे में अवैध अस्पताल, अल्ट्रासाउंड पैथालोजी सेंटर आदि की जाँच की गई है। अवैध अस्पताल को बंद करने का निर्देश दिया गया है तथा कुछ अस्पताल के संचालक मौजूद नही मिले।

# दो अजगर और दो नग दो मुहा सांप के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिद्धार्थनगर द्वारा दो अजगर और दो नग दो मुहा सांप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। मंगलवार को 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के सीमा चौकी बजहा की गस्ती पार्टी द्वारा सीमा स्तम्भ संख्या 552/1 के नजदीक गौरा के पास तस्करी के लिए भारत से नेपाल ले जा रहे दो नग अजगर और दो नग दोमुहा सांप के साथ दो तस्करों को पकड़ा।

सूचना प्राप्त हुई कि सीमा स्तम्भ संख्या 552/1 के पास से दुर्लभ प्रजाति के सापों की तस्करी होने वाली है। सूचना प्राप्त होते ही सीमा चौकी बजहा से गस्ती दल चिन्हित स्थान के लिए रवाना हुए और गौरा के पास कुछ समय पश्चात देखा कि दो व्यक्ति सर पर चादर में लपेट कर कुछ सामान रखकर जा रहे है। गस्ती दल द्वारा उनको रोककर चादर में रखे सामान को चेक किया गया तो उसके अन्दर से चार नग सांप को रखने की टोकरी बरामद हुआ। गस्ती दल द्वारा टोकरी को खोलकर चेक किया गया तो उसमे से दो अजगर और दो नग दोमुहा सांप बरामद हुआ साथ ही चार नग सांपों को पकड़ने वाला बांस की लकड़ी का रेशम के धागे से बंधा जाल बरामद हुआ। पकड़े गए व्यक्तियों से गहनता से पूछताछ किया गया तो उन्होंने अपना नाम बीर सिंह टुडू उम्र 32 वर्ष पुत्र श्याम टूडू ग्राम-मनोहरपुर पो. पोनसोडीहा थाना एवं जिला क्योंझर, उड़ीसा व दूसरा व्यक्ति अपना नाम सामाई मुर्मू उम्र 21 वर्ष, पुत्र कालीचरण मुर्मू, ग्राम बारीवाल रघुनाथपुर पो.- बारीवाल, थाना- एवं जिला. क्योझर उड़ीसा बताया। गस्ती दल द्वारा उचित कागजी कार्यवाही के पश्चात पकड़े गए दो अजगर और दो नग दोमुहा सांप के साथ दोनों तस्करों सहित वन विभाग कार्यालय नौगढ़ रेंज, सिद्धार्थनगर को सुपुर्द कर दिया गया।

## ओवरस्पीड वाहनों को चिन्हित करने के लिए कैमरे लगवाये जाये: सिंह

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने आयुक्त सभागार में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए परियोजना निदेशक एनएचआई को निर्देशित किया कि ओवरस्पीड वाहनों को चिन्हित करने के लिए कैमरे लगवाये जाये। इसके साथ ही हाईवे पर मर्ज होने वाले रास्तों के समीप निर्धारित गति सीमा के चिन्हॉकन बोर्ड तत्काल लगाये जाय। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि बस्ती, हर्रैया राजमार्ग पर सड़को में जम्पिंग है, जिसे ठीक कराया जाय। दुर्घटना होने की स्थिति पर गैस कटर की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। इसके साथ ही फुटहिया व बड़ेवन पर हाईमास्क लाईट ठीक करा दिया जाये। उन्होने परियोजना निदेशक एनएचआई को निर्देश दिया कि राजमार्गो के चौराहो पर नियमानुसार स्टाप लाईन, जेब्रा क्रासिंग तथा लेन मार्किंग स्थापित कराया जाय। इसके साथ ही स्थापित टोल प्लाजाओं से गुजरने वाले ओवर लोड वाहनों की सूची तैयार कर कार्यवाही करें। उन्होने परिवहन विभाग से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सप्ताह में दो बार पेट्रोलिंग अवश्य करें व सड़को पर खड़े बेतरतीब वाहनों पर कठोर कार्यवाही की जाये। पुलिस उप महा निरीक्षक दिनेश कुमार पी. ने समिति के सदस्यों से कहा कि ओवरस्पीड करने वाले वाहन के वाहन स्वामियों पर कार्यवाही की जाय। एक ही स्थान पर बार-बार दुर्घटना होने पर उसके कारण को ज्ञात किया जाय। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि रांग साइड ड्राईविंग करने, हाईवे पर गलत तरीके से खड़े वाहनों को चिन्हित कर कठोर कार्यवाही की जाय। इसके साथ ही वाहन पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप जैसी पट्टिया लगवाया जाय। उन्होने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि 18 साल से कम आयु के बच्चों द्वारा वाहन का संचालन ना किया जाय और ना ही वाहन लेकर स्कूल आयें, इसके लिए उनके अभिभावक से वार्ता की जाय। बैठक में जिलाधिकारी बस्ती रवीश गुप्ता, संतकबीर नगर महेन्द्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन, सत्यजीत गुप्ता, आरटीओ रविकान्त शुक्ला, एआरटीओ पंकज कुमार, सिद्धार्थनगर सुरेश कुमार एवं संतकबीर नगर प्रियम्बदा सिंह, एआरएम रोडवेज आयुष भटनागर, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य प्रमोद ओझा सभी सीओ, टैक्सी यूनियन के देवेन्द्र सिंह तथा मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## घर मे घुसकर जबरन मांग मे भर दिया सिंदूर, विरोध करने पर मिली धमकी

**अंबेडकरनगर।** पतराभार गांव की एक युवती के साथ जबरदस्ती शादी का दबाव बनाने और धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपी प्रशांत शर्मा (निवासी बारीडीह सिकंदर) लंबे समय से युवती को परेशान कर रहा था। 4 मार्च 2025 की सुबह करीब 9 बजे, जब यवती घर में अकेली थी और बर्तन मांज रही थी, तब आरोपी अचानक घर में घुस आया। उसने पीछे से पकड़ लिया और जबरदस्ती अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर वह जबरन मांग में सिंदूर भरकर शादी का दबाव बनाने लगा। डरी-सहमी युवती रोते हुए पिता के पास पहुंची और पूरी घटना बताई। जब परिजनों ने विरोध किया तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए पिता को जान से मारने की धमकी दी और कहा कि रामनगर में मिलने को कहा। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गालापुर महाकाली स्थान पर 8 से शुरू होगा रुद्र महायज्ञ

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के ग्राम लटेरा में स्थित बट वासिनी महाकाली स्थान गालापुर में नवनिर्मित भगवान भोलेनाथ के प्राण प्रतिष्ठा के दौरान होने वाले रुद्र महायज्ञ का तैयारी चल रही है। आगामी 8 मार्च से कलश यात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ शुरू होगा जो 14 मार्च तक चलेगा। उक्त जानकारी देते हुए संजीव कुमार सिंह तथा विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि यज्ञ की तैयारी लगातार चल रही है जो अंतिम समय में है उन्होंने कहा कि 8 मार्च को सुबह 9 बजे कलश यात्रा स्थान से निकलेगी जो राप्ती तट डुमरियागंज जाएगी वहां से कलश भरकर फिर यज्ञ स्थल पर स्थापित किया जाएगा। इस दौरान पूजन अर्चन के साथ तमाम आयोजन भी होंगे जिसमें अयोध्या से तमाम प्रसिद्ध महंत भी भाग लेंगे उन्होंने लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आवाहन किया है।

## एसडीएम ने किया अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** एसडीएम बांसी शशांक शेखर राय ने तिलौली मे आकाश अल्ट्रासाउंड सेंटर व प्रतापनगर मे पीसी मेमोरियल मैटरनिटी का निरीक्षण बुधवार को किया और तमाम कमियां पाए जाने पर अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया गया। अधीक्षक मिठवल भी साथ में मौजूद रहे। दोनों अवेध अल्ट्रासाउंड सेंटर को शील किया गया। मौके पर पीसी मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालक और कर्मचारी गायब रहे अल्ट्रासाउंड मशीन को सील कर दिया गया। अल्ट्रासाउंड मशीन बोलेरो गाड़ी से कहीं और हटाया जा रहा था। गाड़ी को जब्त कर कोतवाली भेजा गया। एसडीएम शशांक शेखर राय ने कहा कि दोनों अल्ट्रासाउंड सेंटरों की शिकायत मिली थी जिस पर जांच की गई और अल्ट्रासाउंड सेंटरों को सीज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा और अवैध रूप से चलाए जा रहे अल्ट्रासाउंड सेंटरों और मेडिकल चिकित्सालयों का जांच किया जाएगा। मौके पर कोतवाली पुलिस मौजूद रहे।

## आबकारी दुकानों की ई लाटरी को लेकर हुई बैठक



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में आबकारी दुकानों को ई लॉटरी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने के लिए तैयारी बैठक आयोजित की गई। इस हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट, तथा पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला आबकारी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया की ई लॉटरी पूर्णतः पारदर्शी एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराई जाएगी। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि ड्यूटी पर लगाए गए समस्त अधिकारी पूर्ण मनोयोग से ई लॉटरी संपन्न कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, उप जिलाधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## मधुमक्खीयों के हमले मे बुज़ुर्ग महिला की मृत्यु

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के गंजा मोहल्ला के पास मधुमक्खियां का झुंड तीन लोगों को अपना निशाना बना लिया जिसमें गंभीर रूप से जख्मी हो गए स्थानीय लोगों की मदद से सीएससी नगपुर भर्ती कराया गया स्थानीय रमेश मौर्य ने बताया कि उस्मापुर निवासी कुमारी देवी उम्र 65 वर्ष गंजा मोहल्ला निवासी भगवती प्रसाद उम्र 40 वर्ष भड़भड़पुर जमौली निवासी रामजीत उम्र 50 वर्ष लोग जा रहे थे किसी बीच मधुमक्खियां का झुंड ने इन पर हमला कर दिया जिसमें सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए कुमारी देवी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## होली को लेकर बाज़ार हुए गुलज़ार, सज गयी दुकाने

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** होली का त्योहार नजदीक आने के साथ ही बाजार में रंगत बढ़ने लगी है। रंग-गुलाल से लेकर पिचकारी और खान-पान की वस्तुओं से बाजार सजना शुरु हो गए हैं। बच्चों को आकर्षित करने के लिए तरह-तरह की पिचकारियों की दुकान सज गईं हैं। त्योहार में बड़े पैमाने पर खरीदारी की संभावनाओं को लेकर व्यापारियों में भी खासा उत्साह बना हुआ है।शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के व्यवसायी अपने प्रतिष्ठानों पर होली को लेकर तैयारियों में जुट गए हैं। शहर की शहजादपुर बाजार में रंगत दिखने लगी हैं। बच्चों में अभी से ही पिचकारियों को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। बाजार में 10 रुपये से लेकर 300 रुपये तक की पिचकारियां उपलब्ध हैं। कई तरह के हर्बल रंग भी दुकानों पर बिकने के लिए पहुंच गए हैं। बच्चों को सबसे ज्यादा म्यूजिकल पिचकारियां भा रही हैं। इसी के साथ मिसाइल, कुल्हाड़ी, बंदूक, वाटर टैंक और भगवा हथौड़ा पिचकारी मार्केट में शोभा बढ़ा रही हैं। दुकानदार हरीलाल का कहना है कि अधिक से अधिक पिचकारियों का बिक्री हो सके, इसके लिए अलग-अलग वैरायटी की पिचकारियां लाए हैं। दुकान में दो से लेकर 500 रुपये तक के रंग व गुलाल मौजूद हैं।

## आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में आस्ट्रेलिया पर भारत की शानदार जीत से खिलाड़ियों के बीच खुशियों का माहौल



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** आई सी सी चैंपियन्स ट्रॉफी -2025के पहले सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की शानदार जीत से खिलाडियों और खेल प्रेमियों के बीच खुशियों का माहौल है। बुधवार को ग्रामीण अंचल से नगर तक आयोजित खेल की सभी छोटी बड़ी प्रतियोगिताओं में भारत की शानदार जीत चर्चा में रही। डा भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने भारतीय टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी। कबड्डी के राष्ट्रीय खिलाड़ी डा अब्दुल हमीद, उप क्रीड़ा अधिकारी शमीम अहमद, मो मुशर्रफ, नेशनल एथलीट संजय तिवारी, जिला व्यायाम शिक्षक संदीप सिंह वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक सुभाष सिंह, राजबहादुर पाल, कौशलेंद्र सिंह आदि ने भारतीय टीम की शानदार सफलता पर हर्ष जताया है। डा भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में बालक वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बुधवार को शुरू हुई। एडीएम न्यायिक दिनेश कुमार मिश्र ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। टीम ए और टीम बी के मध्य हुई प्रतियोगिता में वाराणसी ने लखनऊ को 44-17, आगरा ने सहारनपुर को33-03, गोरखपुर ने मेरठ को 28-21 से हराया। अयोध्या ने आजमगढ़ को20-07और वाराणसी ने गोरखपुर को17-15 के अंतर से हराया।

## ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे ने सौपा नियुक्ति पत्र

**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** ब्लाक मुख्यालय पर माडल संकुल स्तरीय संघ के प्रबंधक पद पर कलस्टर स्तर के चयनित तीन महिलाओ को ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे ने न्युक्ति पत्र सौंपा। जिससे महिलाओं का चेहरा खिल उठा। ब्लाक प्रमुख ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी अपने कर्तव्य का निर्वहन जिम्मेदारी से करे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते। कार्य छोट हो या बड़ा जिम्मेदारी सवकी महत्व पूर्ण होती है। ब्लाक मिशन प्रबंधक जय प्रकाश प्रसाद ने कहा कि प्रबंधक पद पर न्याय पंचायत कुदरहा में रीना, गायघाट में कृष्णावती व लालगंज में कमलेश का चयन हुआ है। सभी चयन नियमावली के अनुसार किया गया है। ये सभी अपने-अपने संकुल स्तर के कार्य का प्रबंध और निगरानी प्रतिदिन करेंगे।

## कूटनीति में अपूर्व घटना

अमेरिका में रूस यूक्रेन के युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और यूक्रेन राष्ट्रपति जेलेस्की के बीच अमेरिका में लाइव टीवी के सामने जो कूटनीति के क्षेत्र में तू तू मै मै की जो घटना हुई उसे अपूर्व कहा जायेगा। युद्ध का दबाव जो जेलेस्की ऊपर है उसमें उनका झुझलाना समझना आसान है पर ट्रम्प को मुझे उनके अहम उदगा रहा है। रूस तरह तरह से यूक्रेन पर हमला करता रहा है। उसे लगा कि यूक्रेन उसके सामने टिक नहीं सकेगा। जल्दी ही उसका मकसद पूरा हो जायेगा। देश भक्ति का ज्वार बहुत ऊंचा होता है। अमेरिकी मदद से यूक्रेन युद्ध में डटा हुआ है। रूस को इससे आर्थिक झटका भी लग रहा है। क्योकि योरोप का गुट रूस के खिलाफ है ट्रम्प की नजर यूक्रेन के खनिज सम्पदा पर है। जेलेल्सकी शान्ती समझौता तो चाहते है पर समझौता ऐसा चाहते है जिसमें शान्ती की गारन्टी हो। इसमें शक नहीं की अगर युद्ध उग्रतर हो जायेगा तो तीसरे युद्ध की आहट से इनकार नहीं किया जा सकता। अन्तरराष्ट्रीय बिरादरी इसे लेकर चिन्तित है जो वाजिब भी है। अमेरिका की चिन्ता यह है कि करदाता का पैसा युद्ध में जा रहा है जो ठीक नहीं है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति को ट्रम्प ने यूक्रेन की मदद को लेकर इडियट भी कहा। पर राजनय में भावनाओं पर काबू होना चाहिये। तर्क के साथ बढ़ना चाहिये। ट्रम्प चाहते है यह लडाई जल्द से जल्द बन्द हो करदाताओं का पैसा राष्ट्र के हित में लगे, नागरिकों को सहूलियत मिले। यूक्रेन चाहता है युद्ध विराम लागू किया जाये पर इस दौरान रूस फिर हमला न करें। रूस अलग-अलग बहानों से यूक्रेन पर हमला करता रहा है सहमतियां तोड़ता रहा है। अमेरिका युद्ध विराम और शान्ती पर जोर दे रहा है वहीं यूक्रेन पहले सुरक्षा की गारन्टी चाहता है।

राजनय में ऐसे अवरोध आते रहते है पर इसे मीडिया में इस तरह सामने नहीं आना चाहिये। जैसा ट्रम्प और जेलेन्सकी बीच देखा गया। चूकि बातचीत अमेरिका में हो रही थी इसलिये इसकी ज्यादा जिम्मेदारी अमेरिका पर आती है। ट्रम्प ने इस नोक-झोक को ग्रेट टेलिविजन बताया। इसके बाद अमेरिका जिस तरह का समझौता करना चाहता है वह फिलहाल दूर खिसक गया है। यूक्रेन को योरोप का सहयोग मिल रहा है। पर बिना अमेरिकी मदद के वह अकेले यह लड़ाई नही लड़ सकता। उम्मीद इन हालातों में यही बनती है कि दोनो फिर बात चीत का दौर चलायेगे पर जितनी वह यूक्रेन और अमेरिकी के हित में होगा। वार्ता में जितनी देरी होगी युद्ध जितना लम्बा खिसकता जायेगा। जिन्दगियां बरबाद होती जायेगी। सबसे ज्यादा ज्यादातियां महिलाओं और बच्चों आती है। कई परिवारों के बच्चे अनाथ हो जाते है उनका भविष्य चौपट हो जाता है। हमले में अस्पताल भी नहीं बच पा रहे है। घायल इलाज के लिये कहां जाये। अन्तरराष्ट्रीय दबाव से दवा और रसद की सप्लाई बाधित हो जाती है। जेलेन्सकी को लेकर उनके देश में उनका विरोध भी हो रहा है। घर और बाहर दोनो का विरोध एक साथ सभांलना बहुत मुशकिल बन जाता है। राष्ट्रनायक को राष्ट्र का सहारा अचूक टानिक होता है। यूरोप चाहता है युद्ध चलता रहा जिससे रूस का गैस और पाइप लाइन बरबाद हो आतंकी उसे निशाना बनाते रहे। रोमानियां में बड़ी घेराबन्दी चल रही है। डब्लूईएफकी आंख में रूस एक किरकिरी है। ब्लैक सी जहां से रूस की लाइने गुजरती है उसे दबोचने की योजना चल रही है। डीप स्टेट यूक्रेन की लाड़ई जारी रखना चाहता है। अगर रूस जीतेगा तो डीप स्टेट की जड़े हिल जायेगी। उग्र हो जाना स्वाभिवक भी है।

## आने वाले कल के लिए जल के लिए भी सोचें

जल की एक बूंद का संरक्षण मानवीय जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी है। जल की एक-एक बूंद जीवन के लिए बेशकीमती और बहु उपयोगी है। जल की बर्बादी भविष्य के बहुत बड़े खतरे को इंगित करती है, यदि पृथ्वी पर जल नहीं होगा तो जीवन की संभावनाएं भी विलुप्त हो जाएंगीं। सामान्य तौर पर देखेंगे तो जल की उपलब्धता को लेकर कोई



संजीव ठाकुर

विशेष संकट नजर नहीं आता है। किंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग हैद्यपृथ्वी की सतह का लगभग 70त्न भाग जल से आच्छादित हैद्यपृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का 97त्न समुद्र खारा पानी है, जो उपयोग के योग्य नहीं है द्यअतः मात्र 3त्न जल ही पीने के योग्य है,इससे भी कम जल नदी, तालाब, झीलों भूगर्भीय जल के रूप में मनुश्य व अन्य जीवों के पीने के योग्य मीठे पानी के रूप में उपलब्ध है, परिणामतः पीने योग्य जल का संकट और गहराता जा रहा है।

यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी-बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है। जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है। पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है। प्रकृति में मानव के हस्तक्षेप के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई से ताजे जल के संकट को कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। शहरों में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता का स्तर निरंतर कम होते जा रहा है। इसका सबसे सर्वोत्तम उदाहरण दक्षिण अफ्रीकी शहर कैपटाउन एवं भारत के बंगलुरु शहरों में असीमित जनसंख्या के दबाव में लहराते जल संकट के कारण इन शहरों में यानी नो वाटर सप्लाई दिवस तक की नौबत आ गई है।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रकाशित जल विकास रिपोर्ट 2018 में पीने योग्य जल की घटती उपलब्धता एवं गहराता संकट को लेकर महायुद्ध की संभावनाओं का खुलासा किया है। जल संकट को लेकर अगले महा युद्ध की संभावनाओं को यदि टटोलने तो यह बात सत्य प्रतीत होती है जिसमें एक तरफ जलाभाव वाले देश का होगें तथा दूसरा पक्ष जलाधिक्य वाले देशों की होगी। जल के निरंतर गिरते स्तर को लेकर ऐसी विकराल स्थितियां उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण मानवता तार-तार हो जाएगी और जल का उपयोग करने वाले जैविक जीवन का स्थिति समाप्त हो जाएगा। अतः यह उचित होगा कि समय रहते हम इस संकट को भाप लें एवं जल जैसे हम उन संसाधन के संरक्षण को लेकर युद्ध स्तर पर उचित कदम उठाएं। यूनाइटेड नेशंस वाटर अभियान के माध्यम से जल संकट से विश्व को अवगत करवाते हुए जल संकट के संबंध में आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। दूसरी तरफ प्रसिद्ध non-governmental ऑर्गेनाइजेशन जल संकट से विश्व को अवगत कराते हुए जल संरक्षण के संबंध में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। आवश्यकता से अधिक जल प्रयोग करने से धरती का जलस्तर कृषकों की पहुंच से परे होता जा रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**यह विडम्बनापूर्ण एवं हमारी न्याय प्रक्रिया की विसंगति ही है कि एक सरकारी कर्मचारी के खिलाफ इस्तेमाल इन 'मियां-टियां' और 'पाकिस्तानी' जैसे शब्दों से जुड़े मुकदमे को निचली अदालत से सर्वोच्च न्यायालय तक का सफर तय करने में लगभग चार साल लगे, मगर दोनों पक्षों ने किसी पड़ाव पर यह समझदारी दिखाने की कोशिश नहीं की कि यह सिर्फ अहं की लड़ाई है। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की एक कविता पर गुजरात पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी।**

# अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर उच्छृंखलता नामंजूर

सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़े दो अलग-अलग मामलों की सुनवाई के दौरान जो कहा, वह जहां संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिहाज से खासा अहम है वही एक संतुलित एवं आदर्श समाज व्यवस्था का आधार भी है। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी व धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से जुड़े इन मामलों में जो फैसले किए हैं और इस दौरान जो टिप्पणियां की हैं, उसके निहितार्थों को समझने की आवश्यकता है। मंगलवार को 'मियां-टियां' और



ललित गर्ग

'पाकिस्तानी' शब्दों के इस्तेमाल से जुड़ी याचिका की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने इस मुकदमे के आरोपी को इस आधार पर आरोप-मुक्त कर दिया कि यह भारतीय दंड सहिता की धारा 298 के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के अपराध के बराबर नहीं है। वैसे, अदालत ने इन शब्दों के प्रयोग को गैर-मुनासिब माना। एक दूसरे रणवीर इलाहाबादिया से जुड़े मामले में अश्लीलता के आरोपों पर भी सुप्रीम कोर्ट ने बेहद संतुलित लेकिन धारदार-सख्त टिप्पणी करते हुए स्पष्ट किया कि न तो अश्लीलता के लिए कोई गुंजाइश छोड़ी जानी चाहिए और न ही इसे अभिव्यक्ति की आजादी की राह में आने देना चाहिए। रणवीर इलाहाबादिया को पॉडकास्ट जारी रखने की इजाजत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वह नैतिकता और अश्लीलता की सीमा को लांघने की गलती न करें। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़ी इन जटिल होती स्थितियों को गंभीरता से लिया और अनेक धुंधलकों को साफ किया है। सर्वोच्च न्यायालय के इन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के जुड़े फैसलों रूपी उजालों का स्वागत होना ही चाहिए।

यह विडम्बनापूर्ण एवं हमारी न्याय प्रक्रिया की विसंगति ही है कि एक सरकारी कर्मचारी के खिलाफ इस्तेमाल इन 'मियां-टियां' और 'पाकिस्तानी' जैसे शब्दों से जुड़े मुकदमे को निचली अदालत से सर्वोच्च न्यायालय तक का सफर तय करने में लगभग चार साल लगे, मगर दोनों पक्षों ने किसी पड़ाव पर यह समझदारी दिखाने की कोशिश नहीं की कि यह सिर्फ अहं की लड़ाई है। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की एक कविता पर गुजरात पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। गुजरात हाईकोर्ट ने भी इस मामले में जांच की जरूरत बताते हुए पुलिस कार्रवाई की पुष्टि की थी। इसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी मायने रखती है कि एफआईआर दर्ज करने से पहले संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस को कविता पढ़नी चाहिए थी। कविता नफरत और हिंसा की नहीं, इंसाफ और इश्क की बात करती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आजादी के 75 साल हो गए हैं। कम से कम अब तो पुलिस को स्वतंत्र अभिव्यक्ति का मर्म समझना चाहिए। सुप्रीम



कोर्ट की इस बात का संदेश बिल्कुल स्पष्ट एवं न्यायसंगत है। हालांकि यह छिपी बात नहीं है कि पुलिस स्वायत्त तरीके से काम नहीं करती। अनेक कार्रवाइयां उसे सत्ता पक्ष के दबाव में करनी पड़ती हैं। इसलिए विपक्षी दलों एवं समुदाय विशेष के मामले में अगर अभिव्यक्ति की आजादी के कानून को हाशिये पर धकेल दिया या नजरअंदाज कर दिया जाता है, तो हैरानी की बात नहीं। यह कम बड़ी विडंबना नहीं कि साहित्य और कलाओं में अभिव्यक्त विचारों की व्याख्या भी अदालतों को करनी पड़ रही है। सत्ताएं सदा से अपनी आलोचना से तल्ख हो जाती रही है, ऐसी जटिल स्थितियों में आखिर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा कौन करेगा? ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, इससे पहले भी कई मौकों पर वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लम्बी बहसें हो चुकी हैं, आन्दोलन तक हुए, हिंसा एवं अराजकता का माहौल बना। हर बार अदालतें पुलिस को नसीहत देती हैं, अपने दखल से समझ एवं सीख भी देती है ताकि संतुलित वातावरण बना रहे। मगर शायद उस पर संजीदगी एवं संवेदनशीलता से अमल की जरूरत न तो पुलिस ने समझी और न उग्र एवं विध्वंसक शक्तियों ने। इसी का नतीजा है कि अब भी जब तब ऐसे मामले अदालतों में पहुंच जाते हैं, जिनसे किसी की भावना के आहत होने एवं विभिन्न समुदायों के आपसी सौहार्द-सद्भावना के खण्डित होने के आरोप लगते रहते हैं, जबकि वास्तव में उनमें ऐसा कुछ नहीं होता। बेवजह नफरत, द्वेष एवं घृणा का माहौल बनता रहा है, चाहे वह फिल्मों के दृश्यों-संवादों, किसी राजनेता के बयानों, धर्मगुरुओं के बोलों या साहित्य के किसी अंश को लेकर भावनाएं आहत करने या भड़काने के आरोप किसी ऐतिहासिक-मिथकीय प्रसंग को लेकर की गई टिप्पणी पर लगते रहे हों।

आज सोशल मीडिया जैसे मंचों के बेजा इस्तेमाल की प्रवृति बढ़ रही है, फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब जैसे सोशल मंचों पर ऐसी सामग्री परोसी जा रही है, जो अशिष्ट, अभद्र, हिंसक, भ्रामक, राष्ट्र-विरोधी एवं समुदाय विशेष के लोगों को आहत करने वाली होती है, जिसका उद्देश्य राष्ट्र को जोड़ना नहीं, तोड़ना है। इन सोशल मंचों पर ऐसे लोग सक्रिय हैं, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास करते हैं, वे चरित्र-हनन और गाली-गलौच जैसी औछी हरकतें करने के लिये उद्यत रहते हैं तथा उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक नीति अपनाते हुए अराजक माहौल बनाते हैं। एक प्रगतिशील, सभ्य एवं शालीन समाज में इस तरह की हिंसा, अश्लीलता, नफरत और भ्रामक सूचनाओं की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, लेकिन विडम्बना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कानून के चलते सरकार इन अराजक स्थितियों पर काबू नहीं कर पा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया से जुड़े मंचों के दुरुपयोग पर चिंता से सहमति जताते हुए भी सेंसरशिप और नॉर्म (मानदंड) के बीच के फर्क को रेखांकित किया। उसका कहना था कि सरकार को इस संबंध में गाइडलाइंस लानी चाहिए, लेकिन ऐसा करते हुए यह भी ध्यान में रखना जरूरी है कि वे अभिव्यक्ति की आजादी पर गैरजरूरी पाबंदियों का रूप न ले लें।

सुप्रीम कोर्ट के इस सख्त रुख की अहमियत इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि यह ऐसे समय सामने आया है जब देश में अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर विभिन्न समुदायों का विचलन, द्वेष एवं नफरत काफी बढ़ी हुई दिख रही है। शासन प्रशासन की ओर से इन्हें रोकने की कोशिशों में भी अक्सर अति-उत्साह की झलक देखने को मिलती है। हालांकि सोशल मीडिया के ये मंच स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक सकारात्मक भूमिका भी निभाते देखे जाते रहे हैं। उन पर कड़ाई से बहुत सारे ऐसे लोगों के अधिकार भी बाधित होने का खतरा है, जो स्वस्थ तरीके से अपने विचार रखते और कई विचारणीय मुद्दों की तरफ ध्यान दिलाते हैं। मगर जिस तरह बड़ी संख्या में वहां उपद्रवी, हिंसक, राष्ट्रीय और सामाजिक समरसता को छिन्न-भिन्न करने वाले तत्त्व सक्रिय हो गए हैं, उससे चिंता होना स्वाभाविक है। इससे जहां नागरिकों के अभिव्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन होता है, वहीं इसके गलत इस्तेमाल की बेजा स्थितियां भी देखने को मिलती है।

# कुंभ समाप्त, अब चार धाम यात्रा की तैयारी कीजिए

**कुंभ यात्रा के बावजूद इस बार शिवरात्रि पर कांवड़ियों की संख्या पर प्रभाव नहीं पड़ा। कुछ ज्यादा ही रहे। कावंड लाने वालों में इस बार महिलाएं और युवती भी ज्यादा नजर आईं। कांवड़ सेवा शिविर भी पहले से काफी ज्यादा नजर आए।कांवड यात्रा के प्रत्येक सौ कदम पर अबकि बार शिविर लगे थे। उनमें स्त्री -पुरूष मिलकर सेवा कर रहे थे। कांवड यात्रा के मार्ग पर लोग कारों में फल और बिसलरी की पानी की बोलते भरे खड़े थे। वे आने वाले कांवड़ियों को फल और पानी की बोतल बांट रहे थे। लेखक का जनपद हरिद्वार से सटा है।**

कुंभ यात्रा लगभाग बीत गई। इसके बाद 30 अप्रेल से चार धाम यात्रा शुरू हो जाएगी। श्रद्धालुओं का जो काफिला कुंभ में दिखाई दिया, ऐसा ही कमोबेश चार धाम यात्रा में नजर आने की आशा है। कुंभ के सफल आयोजन की जिम्मेदारी जहां उत्तर प्रदेश सरकार और वहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की थी। ऐसी ही जिम्मेदारी चार धाम यात्रा में उत्तरांचल की सरकार और यहां के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की होगी। पुष्कर सिंह धामी इस श्रद्धालुओं के रेले को किस तरह नियंत्रित करते हैं। इस यात्रा की किस तरह तैयारी करते है। इसकी योग्यता उन्हें



अशोक मधुप

प्रदर्शित करने का अवसर आ रहा है। हालाकि उत्तरांचल में भाजपा की सरकार है।केंद्र उन्हें इस आयोजन में पूरी मदद करेगा ,हर संभव मदद करेगा, किंतु श्रद्धालुओं के रेले को तो उत्तरांचल सरकार को ही संभालना होगा।26 फरवरी को महाकुंभ का अंतिम स्नान था। शिवरात्रि तक 66 करोड 21 लाख श्रद्धालु स्नान कर चुके। अभी ये चलेगा।एक तरह से फरवरी के बाद भी कुछ समय ये चलेगा। आयोजन की समाप्ति तक एक अनुमान के अनुसार कुंभ स्नान करने वालों की संख्या 70 करोड़ के आंकड़े को पार कर जाएगी।

देश में दशकों के बाद सनातन ने करवट ली है। वह अपने आस्था स्थलों की ओर बेतहाशा दौड़ रहा है।राम मंदिर के निर्मित होते ही सनातन का ऐसा उदय हुआ जैसा कभी 1000 वर्ष पहले हुआ करता होगा । कुंभ आने का प्रचार पहली बार भारत से बाहर निकल दुनिया के तमाम देशों के टीवी चैनल्स तक पंहुच गया । अनेक देशों की सरकारों को निमंत्रण पत्र देने भारत के राजदूत गए। परिणाम स्वरूप, 60 करोड 21 लाख श्रद्धालु शिवरात्रि तक कुंभ स्नान चुके हैं। काशी ङ्कअयोध्या- चित्रकूट में जगह खाली नहीं थी । लोगों का जिस तरह प्रयागराज जाना लगातार चल रहा है उसे देखते हुए साफ हो जाता है कि कुंभ समापन तक 70 करोड़ श्रद्धालु संगम की डुबकी लगा चुके होंगे । इस रिकॉर्ड की मिसाल पूरी दुनिया में कभी नहीं मिलेगी।

ये महाकुंभ मार्च के प्रारंभ में समाप्त हो जाएगा। इसके बाद शुरू होगी चारधाम यात्रा। चार धाम यात्रा के दो धाम यमुनोत्री और गंगोत्री के पवित्र द्वार तीर्थयात्रियों के लिए अक्षय तृतीया के पवित्र दिन अर्थात 30 अप्रेल को खुलेंगे।यमुनोत्री और गंगोत्री के खुलने के कुछ ही दिनों बाद, मई के तीसरे या चौथे सप्ताह से अन्य दो मंदिर, केदारनाथ और बद्रीनाथ तीर्थयात्रियों से भर जाएँगे। जबकि, श्रद्धालु विजय दशमी के शुभ दिन बद्रीनाथ धाम को विदा करते हैं, उसके बाद दीपों के त्योहार दिवाली पर गंगोत्री धाम को बंद कर दिया जाता है और केदारनाथ और यमुनोत्री धाम एक साथ यम द्वितीया/भाई दूज पर बंद कर दिए जाते हैं। चूंकि चारधाम यात्रा घड़ी की सुई की दिशा में चलती है, इसलिए पवित्र यात्रा यमुनोत्री से शुरू होती है। उसके बाद क्रमशः गंगोत्री और केदारनाथ



से गुजरते हुए चार धाम की पवित्र यात्रा बद्रीनाथ पंहुचती है।

इसमें को शक नही कि कुंभ यात्रियों का ये रेला, सनातन धर्म के श्रद्धालु दो माह मार्च और अप्रेल आराम करके अब चार धाम यात्रा की ओर निकलेंगे। उत्तराखंड वासियों के लिए अतिथि भगवान होता है लेकिन यहां ये कुम्भ जैसी भीड़ आई को कैसे संभालेगा, ये समय बताएगा। से उत्तरांचल के बडी चुनौती होगा। श्रद्धालुओं को मुसीबत झेलनी पड़ सकती है। आज भी गर्मी के मौसम में कुछ साल से पहाड़ पूरी तरह पैक हो जाते हैं। लोगों को यहां न होटल में जगह मिलती है, न वाहन पार्किग को स्थान। यहां का भूगोल, मौसम और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी कई मोर्चे पर चुनौती पेश करती है। 2013 की केदारनाथ की दारुण आपदा को दुनिया देख -सुन चुकी हैं।इस बार उत्तराखंड सरकार और शासन को भी अतिरिक्त सतर्कता बरतन होगी. चारधाम की यात्रा सबके लिए सुरक्षित और सुखद रहे,ये सरकार की जिम्मेदारी और भीड़ प्रबंधन पर निर्भेर करता है। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से शुरू हुआ कुंभ से उपजा सनातन का जोश और आस्था आजकल हिंदू समाज में हिलोरे ले रही है। कुंभ यात्रा के बावजूद इस बार शिवरात्रि पर कांवड़ियों की संख्या पर प्रभाव नहीं पड़ा। कुछ ज्यादा ही रहे। कावंड लाने वालों में इस बार महिलाएं और युवती भी ज्यादा नजर आई । कांवड़ सेवा शिविर भी पहले से काफी ज्यादा नजर आए।कांवड यात्रा के प्रत्येक सौ कदम पर अबकि बार शिविर लगे थे। उनमें स्त्री -पुरूष मिलकर सेवा कर रहे थे। कांवड यात्रा के मार्ग पर लोग कारों में फल और बिसलरी की पानी की बोलते भरे खड़े थे। वे आने वाले कांवड़ियों को फल और पानी की बोतल बांट रहे थे। लेखक का जनपद हरिद्वार से सटा है। यहां डाक कांवड़ और कलश की बंहगी में जल लाने का प्रचलन नही है, किंतु इस बार डाक कांवड काफी संख्या में दिखाई दी। कुंभ यात्रा और कावंड यात्रा का यह सनातन का रेला आने वाली चार धाम यात्रा में भी दीखने की पूरी उम्मीद है। उत्तरांचल सरकार को देखना है कि वह आने वाले चार धाम यात्रा के श्रद्धालुओं को कैसे संभालती है। अभी उसके पास यात्रा की तैयारी के लिए दो माह का समय है। मेरठ-पोड़ी नेशनल हाई -वे को फोर लेन करने का काम जारी है।उम्मीद है कि यात्रा की शुरूआत हरिद्वार और ऋषिकेश से कर उसकी वापसी पौड़ी मार्ग से होगी।ऐसा है तो उसे इस मार्ग का तैयार कराने के लिए केंद्र को अभी से दबाव देना होगा।

राम मंदिर पारण प्रतिष्ठा के बाद देशवासी जिस तरह अपने तीर्थों की ओर दौड़ रहे हैं , उम्मीद है ऐसे ही श्रद्धालु चार धाम यात्रा में उमड़ेंगे। वे चार धाम यात्रा के लिए सरकारी साधन बस, ट्रेन और विमानों से आएंगे तो भारी तादाद में श्रद्धालु अपने वाहन और टैक्सियों से आएंगे। इन वाहनों कार, टैक्सियों और बसों को उत्तरांचल कैसे संभालेगा, उसे देखना है। प्रयागराज से तो इसलिए सब कुछ हो गया कि वहां आयोजन प्लेन में था। उत्तरांचल में तो सब कुछ पहाड़ों में है। वहां तो पार्किग भी प्राय सड़क किनारे ही होती है।इस सब का प्रबंधं कैसे हो, इसकी व्यवस्था अभी से बनानी होगी।

दरअस्ल पिछले कुछ सालों देश में संपन्नता बढ़ी है।अब पंजाब, हरियाणा और दिल्ली एनसीआर के युवक रविवार और शनिवार का अवकाश देख शुक्रवार की शाम पिकनिक के लिए पहाड़ की ओर निकल जाते हैं।इसलिए पिछले कुछ साल में इन अवकाश के दिनों विशेषकर गर्मियों के मौसम में उत्तरांचल के होटल पूरी तरह भरे होतें हैं। सड़कों पर वाहनों का रेला होता है। पहाडों के होटल भरे होने और सड़कें पर जाम की खबर अखबारों की सुर्खियां बनती रहती हैं। ये ही गर्मी का मौसम चार धाम यात्रा का है।ऐसे में उत्तराचल सरकार को प्रयास करना होगा कि ये सैलानी चार धाम यात्रा के स्थल गढ़वाल न आए।उन्हें कुमायूं और अन्य पर्वतीय प्रदेशों की और भेजना होगा। इसके लिए अभी से प्रचार करना होगा।

# पहचान के लिए संघर्ष करता गाड़िया लोहार समुदाय

**समुदाय की महिलाओं का जीवन और भी कठिनाइयों से भरा हुआ है। घरेलू कार्यों के अलावा वे मजदूरी भी करती हैं, लेकिन उन्हें पुरुषों के मुकाबले कम मजदूरी दी जाती है। महिलाएं अपने बच्चों के पालन-पोषण के लिए संघर्ष करती हैं और अधिकांश बच्चे कुपोषण का शिकार होते हैं। उचित चिकित्सा सुविधाएं न होने के कारण छोटे-मोटे रोग भी गंभीर रूप ले लेते हैं। समाज के अधिकांश सदस्य घुमंतू जीवन के कारण स्थायी निवास नहीं बना सके। जब वे किसी जगह बसने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें वहां से हटा दिया जाता है। उनके पास अपनी जमीन नहीं होने के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पाता। 45 वर्षीय रामस्वरूप लोहार कहते हैं, हम जहां भी जाते हैं, हमें बाहरी समझा जाता है।**

राजस्थान की राजधानी जयपुर के मोती डूंगरी इलाके में बसे गाड़िया लोहार समुदाय का जीवन संघर्षों से भरा हुआ है। कभी घुमंतू जीवन व्यतीत करने वाला यह समुदाय आज भी अपनी पहचान और अस्तित्व बचाने के लिए संघर्षरत है। जीवन की कठिनाइयों के बावजूद इनकी जिजीविषा और उम्मीदें उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। समुदाय की 58 वर्षीय सुगना गाड़िया बताती हैं कि पहले उनके समुदाय के लोग कृषि के औज़ार बनाते थे, जिससे किसानों की जरूरतें पूरी होती थीं। पर समय के साथ मशीनों



धीरज गुर्जर

के आने से उनके औज़ारों की मांग खत्म हो गई और उनकी आजीविका छिन गई। अब परिवार चलाने के लिए उनके समुदाय के पुरुष दिहाड़ी मज़दूरी करने, रिक्शा चलाने या रद्दी बीनने पर मजबूर हैं।

वहीं 22 वर्षीय मोनू लोहार की आंखों में शिक्षा की कमी का दर्द झलकता है। वह कहते हैं, ÷हमारे पास कोई दस्तावेज़ नहीं है। न आधार कार्ड, न ज़मीन के किसी प्रकार के कागजात हैं। जिसकी वजह से बच्चों का कहीं भी एडमिशन नहीं हो पाता है. इसीलिए हमारे बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं। वे दिनभर कचरे के ढेर पर खेलते हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बना रहता है।÷ शिक्षा से वंचित रहने के कारण बाल विवाह जैसी कुप्रथाएं आज भी इनके समाज में मौजूद हैं। मोनू की खुद 16 वर्ष की उम्र में शादी हो चुकी है। कम उम्र में विवाह और कुपोषण के कारण उसकी पत्नी हमेशा बीमार रहती है।



ममता, जो 38 वर्ष की हैं, अपनी पीड़ा बताते हुए कहती हैं कि उनकी झुग्गियों के आसपास कोई शौचालय नहीं है। महिलाओं को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है, जिससे असुरक्षा बनी रहती है। मंजरी गाड़िया अपने पूर्वजों का इतिहास बताते हुए कहती हैं कि वे कभी महाराणा प्रताप की सेना के लिए हथियार बनाते थे। लेकिन आज उनकी पहचान केवल एक विस्थापित समुदाय की रह गई है। 28 वर्षीय यशोदा की आंखों में अपने पारंपरिक व्यवसाय को फिर से जीवित करने की आस झलकती है। वह कहती हैं, ÷अगर हमारे पास संसाधन होते, तो हम फिर से अपने पुश्तैनी काम को जारी रख सकते थे। लेकिन मशीनों से बने सस्ते औजारों के सामने हमारे बनाए औजारों की क्या कीमत होगी? यह कहते हुए वह खुले आसमान की ओर देखती है, मानो कोई जवाब खोज रही हो। समुदाय की महिलाओं का जीवन और भी कठिनाइयों से भरा हुआ है। घरेलू कार्यों के अलावा वे मजदूरी भी करती हैं, लेकिन उन्हें पुरुषों के मुकाबले कम मजदूरी दी जाती है। महिलाएं अपने बच्चों के पालन-पोषण के लिए संघर्ष करती हैं और अधिकांश बच्चे कुपोषण का शिकार होते हैं। उचित चिकित्सा सुविधाएं न होने के कारण छोटे-मोटे रोग भी गंभीर रूप ले लेते हैं। समाज के अधिकांश सदस्य घुमंतू जीवन के कारण स्थायी निवास नहीं बना सके। जब वे किसी जगह बसने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें वहां से हटा दिया जाता है। उनके पास अपनी जमीन नहीं होने के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पाता। 45 वर्षीय रामस्वरूप लोहार कहते हैं, हम जहां भी जाते हैं, हमें बाहरी समझा जाता है। कोई हमें स्थायी रूप से बसने नहीं देता, जबकि हम भी इंसान हैं और हमें भी एक घर की जरूरत है।

समाज में अशिक्षा और निर्धनता के कारण युवा भी मजदूरी में लग जाते हैं और शिक्षा प्राप्त करने की उनकी इच्छा अधूरी रह जाती है। 18 वर्षीय रीना कहती हैं, मुझे पढ़ना बहुत पसंद है, लेकिन स्कूल जाना हमारे लिए सपना ही है। घर में इतनी गरीबी है कि पढ़ाई का खर्च उठा पाना मुश्किल है। हालांकि कठिनाइयों के बावजूद, इस समुदाय के लोग अपनी परंपरा और संस्कृति से जुड़े हुए हैं। उनकी भाषा और पहनावा अब भी उनके पूर्वजों की पहचान बनाए रखते हैं। त्योहारों और विशेष अवसरों पर वे पारंपरिक वेशभूषा में नाच-गाने का आयोजन करते हैं, जिससे उनके समाज में एकजुटता बनी रहती है।

60 वर्षीय किशनलाल कहते हैं, हम मेहनती लोग हैं, हमें भी रोजगार का अवसर मिलना चाहिए। अगर हमें उचित साधन और थोड़ी मदद मिले, तो हम अपनी खोई हुई पहचान वापस पा सकते हैं। दरअसल इस समुदाय की पीड़ा केवल आर्थिक तंगी तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी सांस्कृतिक पहचान और अस्तित्व भी दांव पर लगा हुआ है। लेकिन इसके बावजूद, उनकी उम्मीदें जिंदा हैं। वे संघर्ष कर रहे हैं, अपने बच्चों को एक बेहतर भविष्य देने के लिए, अपनी पहचान बनाए रखने के लिए। उनकी आंखों में सपने हैं, और उनके कदम कठिनाइयों के बावजूद आगे बढ़ने को तत्पर हैं।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि व ईदगाह प्रकरण

# हिन्दु पक्ष के संशोधित वाद पत्र पर हाईकोर्ट ने आदेश रखा सुरक्षित

अवधनामा संवाददाता



■ अब 19 मार्च को होगी सुनवाई

**मथुरा।** आज श्री कृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही मस्जिद ईदगाह केस में हाईकोर्ट(प्रयागराज) इलाहाबाद में दोपहर में हिन्दु पक्ष के संशोधित वाद पत्र पर सुनवाई हुई। जिसका मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ताओं ने बहस के दौरान जमकर विरोध दर्ज कराया। बहस के बाद न्यायालयने निर्णय सुरक्षित रख लिया।

मुस्लिम पक्ष की ओर से जवाब दावा पर न हस्ताक्षर पाया गया और न ही शपथ पत्र यह बात लिखित में आदेश 7 नियम 11 की सुनवाई के दौरान जिसपर वाद 4 से आशुतोष ब्रह्मचारी ने आपत्ति दाखिल की थी। बहस में तथ्य कहा था जो आज न्यायालय ने दोबारा जवाबदावा दाखिल करने के ईदगाह पक्ष को निर्देश दिए। जिसमें सभी वादों में जो विचाराधीन प्रार्थना पत्रों के बारे में सभी ने न्यायालय को निस्तारण के लिए निवेदन किया। जिसमें वाद नम्बर 1 ओर 16 में हरि शंकर जैन ने संशोधन प्रार्थना पत्र पर दोनों वादों में वाद में कुछ अन्य तथ्य जोड़ने के लिए अपने बात रखी। जिसपर वाद 4 से आशुतोष ब्रह्मचारी ने इन पर्सन एवं वाद 7 से अधिवक्ता रीना एन सिंह ने विरोध करते हुए कहा कि जब सभी वाद एक साथ जोड़े गए है तो वाद 1 ओर 16 में क्यों अलग से तथ्य जोड़ने के लिए संशोधन प्रार्थना पत्र दिया गया। सभी वाद में से तथ्य लिए जाए जिस पर मुस्लिम पक्ष की ओर से अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने विरोध किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद न्यायधीश ने संशोधन प्रार्थना पत्र आदेश सुरक्षित रख लिया।अब इस प्रकरण में अगली सुनवाई 19 मार्च को दोपहर 2 बजे होगी।

# विश्व प्रसिद्ध बरसाना की होली से अधिकारियों ने संभाली सफाई व्यवस्था

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह आज सुबह तड़के ही होली की व्यवस्थाओं को लेकर बरसाना रवाना हो गए। जहां पर उन्होंने अपने अधीनस्थों के साथ हेलीपेड का जायजा लिया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण को निर्देश दिए कि हेलीपेड के सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किए जाएं, हेलीपेड के आस पास गंदगी न रहे तथा हेलीपैड के आस पास पानी का छिड़काव कराया जाए। उन्होंने कहा कि स्विस कॉटेज का निरीक्षण करे तथा उत्कृष्ट साफ सफाई रखे।

इसके पश्चात जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उप जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी रोड पर निकल गए। जिलाधिकारी ने गोवर्धन वाले पुल पर हो रही साफ सफाई को लेकर अवर अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि पुल के दोनों तरफ पेंटिंग की जाए तथा दोनों ओर साफ सफाई सुनिश्चित करें। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर रितु सिरोही को निर्देश दिए कि अपनी देख रख में साफ सफाई बेहतर कराएं, जहां धूल उड़ रही हो वहां पर पानी का छिड़काव करवाया जाए। सड़क के दोनों किनारों से पॉलिथिन, कपड़े, पान मसाले के पैकेट आदि को उठवाकर बाहर फेंका जाए।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने रोप वे पर पहुंच कर व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, डिप्टी कलेक्टर, ईओ एवं सफाई कर्मियों के साथ रोप वे पर साफ सफाई की और रोप वे की नाली स्वयं जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने साफ की। रोप वे पर गंदगी मिलने पर रोप वे स्वामी को नोटिस दिया गया। इसके बाद जिलाधिकारी सहित पूरी टीम ने रोप वे के ऊपर ब्राह्मचंल पहाड़ी पर साफ सफाई की और झाड़ू लगाया गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने श्रमदान करते हुए पॉलिथिन, पानी को बोतल, पान मसाले के पैकेट, पानी के पाउच आदि को अपने हाथों से उठाकर स्वयं कूड़े को डस्टबिन में डाला।

## बरसाना मंदिर में स्व. हरवंश गोस्वामी की सेवा प्रकरण

# सिविल जज द्वितीय के तीन जनवरी के आदेश को किया निरस्त

अवधनामा संवाददाता

■ जिला जज ने गोविंद राम आदि की अपील स्वीकार की
■ अब सिविल जज द्वितीय पुनः गुणदोष के आधार पर 11 मार्च से करेंगे सुनवाई

**मथुरा।** स्व. हरवंश गोस्वामी की लाडलीजी मंदिर की 6 माह की सेवा को लेकर जिला न्यायधीश आशीष गर्ग ने दोनो पक्षों की बहस के बाद और पत्रावलियों के अवलोकन करने पर अपीलार्थी गोविंद राम गोस्वामी और उनके पुत्र बांके बिहारी गोस्वामी व रास बिहारी गोस्वामी की अपील को स्वीकार कर लिया है। जिला जज ने सिविल जज जूनियर डिवीजन द्वितीय मथुरा के 3 जनवरी 25 के आदेश को निरस्त कर दिया है। वहीं इस बाद को जिला जज ने विचारण न्यायालय की पत्रावलियां अग्रिम सुनवाई के लिए 11 मार्च की तिथि पर सिविल जज जूनियर डिवीजन द्वितीय मथुरा के यहां सभी पक्षों को उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

डीजे के स्टे आर्डर के विरूद्ध योगेश शर्मा हाईकोर्ट गए थे। जहां से इस प्रकरण की सुनवाई दो सप्ताह में करने के आदेश जिला जज को हाईकोर्ट ने दिए थे। इसी आधार पर चार मार्च को अपीलार्थी गोविंद राम गोस्वामी और उनके पुत्र बांके बिहारी गोस्वामी व रास बिहारी गोस्वामी और प्रतिवादी योगेश कुमार शर्मा, ब्रजराज शर्मा, दाऊजी गोस्वामी केस की सुनवाई के बाद जिला जज ने अपना निर्णय सुनाया। जिला जज ने 24 पेज के निर्णय में विचारणीय न्यायालय सिविज जज जूनियर डिवीजन द्वितीय मथुरा के यहां सभी पक्षकारों को अग्रिम आदेशों के लिए 11 मार्च को उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। अब सिविल जज जूनियर डिवीजन द्वितीय इस प्रकरण में नये सिरे पर सभी बिंदुओं पर मेरिट के आधार पर 11 मार्च से सुनवाई करेंगे। वहीं जिला जज द्वारा योगेश शर्मा के सिविल जज जूनियर डिवीजन तृतीय मथुरा से सेवा दिलाने के आदेश पर रासबिहारी आदि को स्टे आर्डर दे दिया था उस आदेश को भी जिला जज ने निरस्त कर दिया है।

बतादें कि स्व. हरवंश गोस्वामी की दो पत्नियां गुलाब देवी व माया देवी थीं जिनकी कोई संतान नहीं थी। हरवंश गोस्वामी की मृत्यु के बाद पहले सेवा पूजा का विवाद दोनों पत्नियों के मध्य चलता रहा उसके बाद माया देवी का गोविंदराम व रासबिहारी के मध्य चला। लेकिन कोर्ट ने किसी के पक्ष में आदेश नहीं दिया। इसी मध्य हरवंश गोस्वामी की चचेरी बहन रेवती के नाती योगेश आदि ने हरवंश गोस्वामी की पत्नी माया देवी के निधन के बाद सेवा पर अपना दावा करते हुए सिविल जज जूनियर डिवीजन द्वितीय मथुरा से 3 जनवरी को आदेश करा लिया।

# भाषा विवि के स्वयंसेवकों ने लगाया विशेष शिविर



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई -7 का आज सात दिवसीय विशेष का आयोजन मुबारकपुर मे किया गया जसमे प्रथम दिन उदघाटन सत्र मे शिक्षा विभाग सहायक आचार्य डॉ श्वेता अग्रवाल ने शिक्षा का महत्व विषय पर बोलते हुए कहा शिक्षा मे नैतिकता के साथ साथ मूल्य परक शिक्षा होनी चाहिए शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं है बल्कि शिक्षा स्वयं जीवन है। राष्ट्रीय सेवा योजना से हमें दूसरों के दुख-दर्द मे साथ देना चाहिए। हमारे जीवन मे सहजता, सरलता, शालीना होनी चाहिए। साथ ही प्राथमिक विद्यालय की प्रधनाध्यापिका ने शिक्षा बेहतर जीवन जीने का साधन है शिक्षा पैसा कमाने साधन नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीष कुमार बोलते हुए कहा की डॉ बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर ने कहा शिक्षा शेरनी का दूध है जो पियेगा वो दहाड़ेगा। शिक्षा से हम समाज मे व्याप्त कुरीतियों को दूर कर सकते है। कार्यक्रम मे स्वम सेवकों ने भी अपने-अपने विचार रखे।

# छात्रों में वैश्विक दृष्टिकोण का विकास करें : हर्ष

अवधनामा संवाददाता



■ कहा, सीएमएस छात्र बहुमुखी प्रतिभा के धनी

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन आज विद्यालय के ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे श्री हर्ष सिंह, आई.पी.एस. ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री सिंह ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि सी.एम.एस. छात्र बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। श्री सिंह ने आगे कहा कि मानव सभ्यता आज सुविधाओं से परिपूर्ण तकनीकी युग में प्रवेश कर चुकी है। ऐसे में, जरूरत है कि बच्चों को प्रारम्भ से ही नैतिक व आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान की जाये, जिससे उनमें स्वतः ही मानवीय गुण उत्पन्न होंगे, बुद्धिमत्ता व ज्ञान की वृद्धि होगी और वे सही और गलत में भेदभाव कर जीवन में सही निर्णय ले सकेंगे। उन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों से अपील की कि छात्रों में वैश्विक दृष्टिकोण का विकास करें, जिससे ये छात्र आगे चलकर विश्व समाज में अपनी रचनात्मक भागीदारी निभा सकें।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम भावी पीढ़ी को आदर्श नागरिक के रूप में ढ़ालकर नवीन विश्व व्यवस्था के लिए तैयार करें। इस विचारों के अनुरूप सी.एम.एस. अपने छात्रों को सकारात्मक सोच के साथ सदैव आगे बढ़ते रहने हेतु प्रोत्साहित करता है। यही सकारात्मक सोच इन्हें विपरीत परिस्थितियों से जूझने का बल प्रदान करती है और वे आगे चलकर सफलता की ऊँचाइयों पर पहुंचते हैं। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों के कोमल हृदयों में दया, करुणा, भाईचारा, सहिष्णुता, प्रेम, एकता, अहिंसा और शान्ति के विचार डालें। इससे पहले, कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना, सर्व-धर्म प्रार्थना एवं विश्व एकता प्रार्थना से हुआ। इसके उपरान्त विद्यालय के छात्रों ने ईश्वरीय एकता व आध्यात्मिक चेतना का आलोक बिखेरते रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक प्रस्तुतियों से अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोकनृत्य, समूह गान, लघु नाटिका, एलोक्यूशन, राइम्स, विश्व संसद आदि एक से बढ़कर एक शिक्षात्मक कार्यक्रमों को सभी ने खूब सराहा एवं तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा ऑडिटोरियम गूँज उठा। समारोह की खास बात रही कि छात्रों ने अभिभावकों के समक्ष न सिर्फअपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मरीजो के लिए सीटी सेवा बहाल

**सुल्तानपुर।** लंबे समय से अमहट स्थित ट्रामा सेंटर में स्थापित सीटी स्कैन मशीन तकनीकी खराबी के कारण बंद चल रही थी,तमाम प्रयास के बाद भी सीटी सेवाएं मरीजो को विभाग उपलब्ध नही करवा सका था,बावजूद इसके मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एसके गोयल लगातार प्रयासरत रहे,डॉ.गोयल के द्वारा शासन स्तर से लेकर स्थानीय प्रशासन को मरीजो को होने वाली समस्या से अवगत कराते रहे,जिसके परिणाम में आज से सीटी स्कैन मशीन की तकनीकी खराबी को दूर करते हुएं मरीजों के लिए सीटी सेवाएं बहाल कर दी गई है।

### फर्जी प्रवेश लिए जाने का गंभीर मामला सामने आय

**सुल्तानपुर।** जिले में संचालित सनबीम स्कूल द्वारा सीबीएसई के नियमों का उल्लंघन करते हुए डमी छात्रों का फर्जी प्रवेश लिए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। यह स्कूल ऐसे छात्रों का पंजीकरण कर रहा है जो वास्तव में कोटा, दिल्ली आदि के कोचिंग संस्थानों में अध्ययन कर रहे होते हैं और केवल कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए इस विद्यालय से जुड़े होते हैं।इतना ही नहीं, वो इन सफल छात्रों को अपना नियमित विद्यार्थी बताकर अपनी शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत करता है। ष्ठब्नस्श्च के दिशानिर्देशों के अनुसार, प्रत्येक विद्यार्थी को नियमित कक्षाओं में उपस्थित होना अनिवार्य है। लेकिन सनबीम स्कूल इन छात्रों को बिना नियमित उपस्थिति के ही परीक्षा में सम्मिलित कर रहा है।लोगों को ऐसे भ्रामक प्रचार से बचना चाहिए और अपने बच्चों को ऐसे विद्यालय में प्रवेश कराना चाहिए जो कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दे रहे हो।

### अध्यापक पर कार्यवाही के लिए केंद्र व्यवस्थायक ने लिखा पत्र

**सुल्तानपुर।** मोहम्मद अनवर सिद्दीकी सहायक अध्यापक, प्राथमिक विद्यालय नकराही द्वारा निर्धारित कार्य के प्रति लापरवाही बरतने और बोर्ड परीक्षा की सुचिता को प्रभावित करने के सम्बन्ध में महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज सुल्तानपुर के केंद्र व्यवस्थापक ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को लिखा पत्र। मोहम्मद अनवर सिद्दीकी सहायक अध्यापक, प्राथमिक विद्यालय नकराही की ड्यूटी कक्ष निरीक्षक के रूप में परीक्षा केंद्र महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज सुल्तानपुर में ड्यूटी लगाई गई थी। उक्त अध्यापक दिनांक 01.03.2025 को प्रथम पाली की परीक्षा में ड्यूटी प्राप्ति के पश्चात विना किसी पूर्व सूचना के कक्ष निरीक्षक के कार्य हेतु उपस्थित नहीं हुए थे।
आज दिनांक 04.03.2025 को प्रथम पाली में हाई स्कूल विज्ञान विषय की बड़ी परीक्षा होने और ड्यूटी रिसीव करने के बाद भी परीक्षा केंद्र पर कक्ष निरीक्षक के कार्य हेतु उपस्थित नहीं हुए। जिससे कक्ष निरीक्षक की कमी के कारण परिषदीय परीक्षा 2025 में व्यवधान उत्पन्न हुआ है। केंद्र व्यवस्थापक के अनुसार अध्यापक के द्वारा जानबूझ कर परीक्षा के दिन मोबाइल बंद कर लिया जाता है जिससे संपर्क हो पाना संभव नहीं हो पाता है। उक्त अध्यापक पर कार्यवाही हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी सुल्तानपुर को पत्र लिखा गया है।

### चमगादड़ पोस्टर लगाने वालों तक नहीं पहुंच सकी खाकी

**सुल्तानपुर।** जिले की पुलिस अपराधों को छिपाने अथवा मिनिमाइज करने में माहिर हैं। तहरीर को बदलवा कर लाखों रु की नगदी को गायब कर मुकदमा दर्ज कर पुलिस वाहवाही लूट रही है।ऐसे में चोर हो या अन्य अपराधी, सबके हौंसले बुलंद है। मामला कोतवाली नगर के अमहट गौराबारिक इलाके है। रविवार को देर शाम शिव वाटिका मैरिज लॉन में कानूनगो सुरेन्द्र शुक्ल अपने बेटे की शादी धूमधाम से करने बारातियों के साथ निकले थे।रास्ते में बाइक सवार बदमाशों ने दो लाख का रुपयों से भरा बैग छीन फरार हो गए। बैग में करीब दो लाख रु,मोबाइल व घर की चाभियां भी थी। लेकिन दर्ज रिपोर्ट में दो लाख रु नगदी का जिक्र नहीं है। ऐसे में कोतवाली पुलिस ने मिनिमाइज धाराओं में मुकदमा दर्ज कर इतिश्री कर ली हैं। पुलिस की इस भूमिका से बदमाशों के हौसले बुलंद होना स्वाभाविक है। इसी तरह नगर कोतवाली के शास्त्रीनगर चौकी अंतर्गत गुरु नानक गेट के बगल चमगादड़ पोस्टल अराजक तत्वों की तरफ से लगाया गया। आज तक पुलिस पोस्टर लगाने वालों तक नहीं पहुंच सकी। जबकि क्षेत्राधिकार नगर प्रशांत सिंह ने जल्द पोस्ट कांड के पर्दाफाश का दावा किया था। उधर गुरुद्वारा गेट के बगल हुई चोरी में थोक व्यापारी के घर की चोरी में महल 40 हजार रुपए दर्शाया गया जबकि पारिवारिक जनों का कहना था कि लाखों की चोरी हुई थी।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने क्रिकेट दिग्गजों के साथ मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम का किया आयोजन



**लखनऊ।** देश में सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक और इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2025 के प्लैटिनम पार्टनर बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने बड़ोदरा में एक विशेष मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम चीयर मास्टर्स का आयोजन किया .इस आयोजन में इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के पहले संस्करण में भाग लेने वाले चार महान क्रिकेटरों ने शिरकत की। इस दौरान क्रिकेट की भावना और बैंक की इस खेल के प्रति प्रतिबद्धता का उत्सव मनाया गया. इस अवसर पर मौजूद भारत के इरफान पठान, दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस इंग्लैंड के योन मोरगन, और ऑस्ट्रेलिया के शॉन मार्श ने नेतृत्व , टीमवर्क और मजबूत इरादों और संकल्प जैसे विषयों पर एक रोचक और सार्थक चर्चा में भाग लिया। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के वरिष्ठ अधिकारियों प्रभात शर्मा मुख्य महाप्रबंधक परिचालन ,अनुज भार्गव महाप्रबंधक और बी जी सेंथिल कुमार प्रमुख विपणन एवं ब्रांडिंग ने भी इस इवेंट में सहभागिता की. उन्होंने अतिथियों और खिलाड़ियों का गर्म जोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर अनुज भार्गव, अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक ,बड़ौदा अंचल,बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कहा हमें यह अवसर पाकर खुशी हो रही है कि हम बडौदा अंचल में अपने ग्राहकों और इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के वैश्विक क्रिकेट दिग्गजों के साथ इस मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं।

# खेल में सफलता का राज मेहनत और समर्पण होता है : चन्दन

**सुल्तानपुर।** तुराबखानी ग्रामसभा में आयोजित हैदर क्रिकेट नाईट कैसमनी टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि चंदन नारायन सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। श्री सिंह ने कहा युवाओं में क्रिकेट को लेकर दीवानगी बहुत अधिक है। यह खेल न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह एकता और भाईचारे की भावना को भी बढ़ाता है।

खेल युवाओं को कड़ी मेहनत, समर्पण और टीमवर्क का महत्व सिखाता है। खेल अनुशासन और सहकार्य की भावना को भी बढ़ावा देता है। खेल के माध्यम से युवा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होते हैं।खेल ने देश को एकजुट करने का कार्य किया है, और भविष्य में भी यह खेल लोगों को उत्साहित करने का एक प्रमुख माध्यम बना रहेगा। खेल में न केवल शारीरिक कौशल की आवश्यकता होती है।

# मासिक बैठक में पीडीए अभियान को तेज करने पर जोर



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** इसौली विधानसभा क्षेत्र 187 के रवानिया पूर्व में विधानसभा इसौली की मासिक बैठक विधानसभा अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई।
बैठक का संचालन महासचिव रियाज अहमद ने किया।इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) अभियान को लगातार जारी रखने के लिए सभी ब्लॉक अध्यक्षों, जोन प्रभारियों एवं सेक्टर प्रभारियों से अपील की। उन्होंने कहा कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में बूथ अध्यक्षों की बैठक करें और मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने के साथ-साथ बाबा साहब के सम्मान में पीडीए पर्चा घर-घर पहुंचाने का कार्य करें।
बैठक का आयोजन प्रदीप यादव द्वारा किया गया था। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राम शंकर यादव, डॉ. सुरेश यादव,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उमाकांत यादव, गुलाम अब्बास, सफीक अहमद, केशव राम यादव, तनवीर अहमद, मुस्लिम उर्फ बाबा, डॉ. नरेंद्र यादव, रघुनाथ यादव, राम गणेश यादव, हृदय राम यादव, रमेश यादव सैनी, धर्मेंद्र कुमार यादव, हंसराज यादव, राजेश यादव, सफीक अहमद समेत कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रियल एस्टेट कारोबारी नरेश माहेश्वरी के तीन क़ातिल



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** चर्चित माहेश्वरी परिवार आज सदमे में है। मौत को गले लगाने से पूर्व शहर के दरियापुर निवासी नरेश माहेश्वरी ने तीन नाम का जिक्र कर हमेशा के लिए अलविदा कहा था। भरा पूरा परिवार छोड़ने से पहले व्यवसायी नरेश ने सुसाइड नोट में अपनी मौत के लिए तीन लोगों को जिम्मेदार बताया। उनमें से कृष्ण कुमार सोनी टिक्कू, गगनदीप सिंह, शरण प्रताप देसाई के नाम सामने आए हैं। फ़िलहाल नगर कोतवाली पुलिस घटना से जुड़े अन्य ब्यौरे जुटा रही है। मृतक व्यवसायी के बच्चे बैंगलोर और अन्य क्षेत्रों से लौट रहे हैं। इस बार होली पर्व से पूर्व बच्चों के सिर से पिता की छत ढह गई। नरेश के इस तरह अलविदा कहने से हर कोई स्तब्ध है। ग़मज़दा व्यापारियों ने शोक में अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। पोस्टमार्टम होने जा रहा है।प्रोपेर्टी के इस गंदे खेल में एक घर का चराग बुझ गया। लोग बाग का कहना है कि जीवन मे जो प्राप्त है, वही पर्याप्त है के फ़लसफ़े के साथ जीवन बिताना चाहिए। जिला मुख्यालय के चौक में भूमाफियाओं का अंडरवर्ल्ड होने की बात सामने आई है।

# एलाक्षी निर्देशक समेत दो के खिलाफ धनउगाही का केस

## ईसीसीई एजुकेटर भर्ती के लिए वसूली करने का मुकदमा

अवधनामा संवाददाता

**शिक्षा विभाग में एजुकेटर के पद के आवेदकों से वसूले लाखों**

शिक्षा विभाग में एजुकेटर पद पर पैसा वसूली कर भर्ती कराए जाने वाले मामले का मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने भंडाफोड़ किया है। सफाई कर्मी की आड़ में मुन्ना भाई बने विजयपाल के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है। बेसिक शिक्षा विभाग के डीसी इमरान के प्रार्थना पत्र पर अभियोग पंजीकृत हुआ है। शासन द्वारा नगर के गोलाघाट की ईलाक्षी कंपनी को भर्ती के लिए अधिकृत किया गया था। मुन्ना भाई विजयपाल के फोन की जांच में दर्जनों अभ्यर्थियों से सेटिंग गेटिंग करने की पुष्टि हुई है। सीडीओ की सक्रियता के बाद में बेसिक शिक्षा महकमा हरकत में आया। कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए 160 पद पर एजुकेटर भर्ती होने थे। नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह ने मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।

**सुल्तानपुर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने बड़ा कदम उठाया है। बेसिक शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा के डीसी इमरान के नाम पर ईसीसीई एजुकेटर भर्ती के लिए 80 हजार रुपए की वसूली करने के मामले में सीडीओ के आदेश पर समग्र शिक्षा के डीसी ने एलाक्षी निर्देशक प्राइवेट लिमिटेड पवन सिंह और विजय पाल सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में कोतवाली नगर में केस दर्ज कराया है। सीडीओ के कड़े रुख से भ्रष्टाचारियों में खलबली मची हुई है।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर में दी गई तहरीर में इमरान अहमद पुत्र शमशाद अहमद निवासी ग्राम वजूपुर सुलतानपुर जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी / समग्र शिक्षा कार्यालय सुलतानपुर ने कहा कि - 16 फरवरी 2025 को जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी को दूरभाष के माध्यम से किसी अनजान व्यक्ति ने अवगत कराया की उससे ईसीसीई ऐजुकेटर भर्ती के लिये 40,000 रूपये की माँग की गयी है। जिसके उपरान्त पुनः उस नम्बर 9125116807 पर कल किया गया तो शिकायतकर्ता का फोन लगातार बन्द बता रहा है। तीन मार्च को विकास भवन सुलतानपुर के विजय पाल सिंह पता लोहरामऊ सुलतानपुर के द्वारा किसी व्यक्ति से ईसीसीई ऐजुकेटर भर्ती के लिये 80,000 रूपये माँग रहे थे। जिसकी शिकायत जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी से की गई। विजय पाल सिंह से पूछ-ताछ एवं मोबाइल की जाँच करने के बाद पता चला की विजय सिंह एवं पवन सिंह निर्देशक एलाक्षी एजुकेशन प्राईवेट लिमिटड गोलाघाट सुलतानपुर के द्वारा फोन पर वार्तालाप हुई। जिसमें इमरान के नाम का जिकर पाया। ईसीसीई ऐजुकेटर भर्ती के लिये मेरे द्वारा किसी भी व्यक्ति से कोई पैसा नहीं माँगा गया है। विजय पाल सिंह एवं पवन सिंह के मेरी छवी को धूमिल कर रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने बताया कि एलाक्षी प्राइवेट लिमिटेड के निर्देशक पवन सिंह निवासी गोलाघाट कोतवाली नगर और विजय पाल सिंह निवासी लोहरामऊ, कोतवाली देहात के खिलाफ बीएनएस की धारा 319,316 और 308के तहत कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज हुआ है।

# श्री राम कथा में मिलता है पावन चरित्र का वर्णन : रवि मोहन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा आयोजित श्री राम कथा के चतुर्थ दिवस पर अयोध्या धाम से पधारे पूज्य कथा व्यास रवि मोहन दास जी महराज ने भगवान राम की सुंदर बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि प्रभु श्री राम की बाल लीलाएं बहुत ही कलाओं से पूर्ण हैं।

बारेहि ते निज हित पति जानी!
लछिमन राम चरन रति मानी!!

भरत सत्रुहन दूनउ भाई! प्रभु सेवक
जसि प्रीति बड़ाई!!

कथा ब्यास ने वर्णन किया है बचपन से ही लक्ष्मण जी की राम जी के चरणों में प्रीति थी और भरत और शत्रुघ्न दोनों भाइयों में स्वामी और सेवक की जिस प्रीति की प्रशंसा है, वैसी प्रीति हो गई । वैसे तो चारों ही पुत्र शील, रूप और गुण के धाम हैं लेकिन सुख के समुद्र श्री रामचन्द्रजी सबसे अधिक हैं। माँ कभी गोदी में लेकर भगवान को प्यार करती है। कभी सुंदर पालने में लिटाकर प्यारे ललना कहकर दुलार करती है। जो भगवान सर्वव्यापक, निरंजन (मायारहित) निर्गुण, विनोदरहित और अजन्मे ब्रह्म हैं, वो आज प्रेम और भक्ति के वश कौसल्याजी की गोद में खेल रहे हैं। भगवान के कान और गाल बहुत ही सुंदर हैं । ठोड़ी बहुत ही सुंदर है। दो-दो सुंदर दूँतुलियाँ हैं, लाल-लाल होठ हैं। नासिका और तिलक के सौंदर्य का तो वर्णन ही कौन कर सकता है। जन्म से ही भगवान के बाल चिकने और घुँघराले हैं, जिनको माता ने बहुत प्रकार से बनाकर सँवार दिया है।

# रासेयो के शिविर समूचे व्यक्तित्व को बदलने का सुअवसर : कैलाश निरंजन

अवधनामा संवाददाता




**ललितपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना नेहरू महाविद्यालय की पांचों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, नेमवि प्रबंधक प्रदीप चौबे, प्रबंध समिति उपाध्यक्ष विलास पटैरिया, प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया। इस दौरान रासेयो के छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमारे छात्र-छात्राओं के लिए अपने समूचे व्यक्तित्व को बदलने एवं बाहरी परिवेश से जुडने एवं वहां की समस्याओं को जानने एवं सुनने का सुअवसर है। हमें सात दिवसीय शिविरों में जो हमारे लक्ष्य हैं चाहे स्वच्छता, स्वास्थ्य, कुरीतियों के प्रति शंखनाद, व्यसन जो भी मुद्दे हों उन सभी के निजात के लिए हमें एक स्वस्थ संदेश देना है जिससे हमारे समाज के नागरिक एक स्वस्थ्य वातावरण महसूस कर सकें। विशिष्ट अतिथि नेमवि प्रबंधक प्रदीप चौबे ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य त्याग, सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति बनकर सभी छात्र-छात्राओं को अपने समाज और देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का सिद्धांत वाक्य मुझको नहीं तुमको है ये सिद्धांत वाक्य तुम्हें एवं हम सभी को संदेश देता है कि तुम्हारा सारा जीवन निजी हित व स्वार्थों में तत्पर न रहकर दूसरों के कल्याण और सेवा में समर्पित होना चाहिए। आज समाज में जो ज्वलंत मुद्दे हैं उनके निराकरण के लिए छात्र-छात्राओं को आमजन से विमर्श करके समाधान का रास्ता खोजना है। विशिष्ट अतिथि प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष विलास पटैरिया ने कहा कि कक्षा, मंच और मैदान के अलावा तुम्हारे जीवन में एक लक्ष्य देश व समाज की सेवा करना भी है। इन शिविरों का आयोजन तुम्हारे जीवन को एक नई दिशा देने का सुनहरा मौका है। प्राचार्य प्रोफे. ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से प्रेरित है। ये संस्कृति केवल अपनों के लिए नहीं बल्कि समूचे विश्व की धरा पर रहने वाले सभी प्राणियों के हितों और उनकी समृद्धि के बारे में चिन्तन करती है। इसी भावना को लेकर समूचे भारत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाकर छात्र-छात्राओं को इस दिशा में बढने के लिए प्रोत्साहित किया है। विद्यार्थी शिविरों के माध्यम से अपने रचनात्मक कौशल का परिचय देकर समाज को समस्याओं से निजात दिलाकर एवं स्वयं में बदलाव कर एक आदर्श नागरिक की दिशा में अग्रसर होना है। इस अवसर पर छात्रा वैष्णवी, राधा, मेघना मालवीय, नैनसी पाटकर, वर्षा राजा ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम डा.सुधाकर उपाध्याय, कार्यक्रम अधिकारी इकाई द्वितीय डा.वर्षा साहू, कार्यक्रम अधिकारी इकाई तृतीय जितेन्द्र कुमार, कार्यक्रम अधिकारी इकाई चतुर्थ डा.राजीव निरंजन, कार्यक्रम अधिकारी इकाई पंचम अनीता सहित डा.बलराम द्विवेदी, डा.सुभाष जैन, फहीम बख्श, कमलेश प्रजापति, अनिल कुमार, रामसेवक आदि उपस्थित रहे। संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय ने किया एवं रासेयो कोऑर्डिनेटर डा.ओ.पी. चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## सदन में बुंदेलखंड की लो वोल्टेज समस्या का मुद्दा गूंजा



**महोबा।** बजट सत्र के अंतिम दिन विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने नियम 115 के अर्तगत चित्रकूट धाम मंडल बांदा के जिला महोबा, हमीरपुर, बांदा और चित्रकूट में किसानों की लो बेल्टेज की समस्या का मुद्दा उठाया। साथ ही बताया कि ला बोल्टेज के चलते टयूबवेल न चल पाने के कारण किसानों को सिंचाई की समस्या से जूझना पड़ रहा है। एमएलसी ने सदन का ध्यान आकृष्ट कराया कि लो बोल्टेज की समस्या का निराकरण किया जाए, जिससे किसानों को अपनी फसल की सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली आपूर्ति मिल सके। सभापति मानवेंद्र सिंह ने सरकार को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। विधान परिषद सदस्य ने सदन का ध्यान आकृष्ट करते हुए चरखारी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणित, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, विषय से एमएससी की कक्षाएं चलाई जाने के लिए एंव छात्र छात्राओं के लिए विद्यालय परिसर में एक आडिटोरियम की मांग की गई। सभापति ने इसके लिए सरकार को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

# ललितपुर सेवा ग्रुप ने घण्टाघर पर सभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** नगर की प्रसिद्ध स्वयंसेवी संस्था ललितपुर सेवा ग्रुप द्वारा नगर के मध्य स्थित घंटाघर स्थल पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में मृतक महिला को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिनकी दुखद मृत्यु मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के अभाव और डॉक्टरों की लापरवाही के कारण हो गई थी। सभा में उपस्थित लोगों ने मृतक महिला के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और न्याय की मांग की। लोगों ने आरोप लगाया कि अगर अस्पताल में सही इलाज और डॉक्टरों की तत्परता होती तो प्रसूता की जान बचाई जा सकती थी। ललितपुर सेवा ग्रुप ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। समारोह में कई समाजसेवियों और स्थानीय नागरिकों ने अपनी बात रखी और इस घटना को अस्पतालों में सुधार की आवश्यकता के रूप में देखा। उपस्थित लोगों ने न्याय के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया और इस मुद्दे को हर स्तर पर उठाने का निर्णय लिया। ललितपुर सेवा ग्रुप ने इस श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से ना सिर्फ प्रसूता के परिवार के साथ अपनी एकजुटता जताई, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की आवश्यकता को भी उजागर किया। वी-5 जिलाध्यक्ष विजय डयोढिया ने कहा की हम परिवार के साथ है और उसे न्याय दिलाएंगे। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल लोधी एड. ने कहा कि मेडिकल कॉलेज मे फैले भ्रष्टाचार को दूर करना होगा, जिससे आम आदमी अपना इलाज करा सके। ललितपुर सेवा ग्रुप के अध्यक्ष अंकुर जैन सानू बाबा ने कहा की की प्रसूता की मौत की मजिस्ट्रियल जांच कराई जाए जिससे कि सच सामने आए। मेडिकल कॉलेज में अवस्थाएं बहुत पहले से फैली हुई है। अगर उन्हें समय रहते ठीक किया गया होता तो आज मालती सोनी जिन्दा होती। इसके अलावा, अनूप ताम्रकार, अजय साईकिल, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा, मज्जू सोनी, प्रीतम विश्वकर्मा, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आचार्य जी, अजय प्रताप सिंह तोमर, सत्येंद्र विश्वकर्मा, पवन विश्वकर्मा, मनीष झा, संतोष सोनी, जगदीश झा, विकास सोनी, रज्जन लाल झा, गौरव विश्वकर्मा, विकास झा, अजय, कृष्णकांत सोनी, कमल विश्वकर्मा, रमेश झा, संतोष सोनी, डा.दीपक पस्तोर, अजय सोनी, अनुज सोनी, अनूप राठौर, प्रेम गुप्ता, हरीबाबू शर्मा, रोहित मिश्रा, अंकित मोनू, विजय पाल सिंह, अभिषेक सक्सेना, दिग्विजय सिंह, संजय कुर्मी, रामकुमार कुशवाहा, संदीप यादव, अभिषेक सोनी, भरत पटेल, लखन पटेल, वासु जैन, मनोज वैद्य, शिवम अग्निहोत्री, रोहित मिश्रा, आशीष दुबे, चंद्रदीप यादव, योगेश पटैरिया, अमित लिटोरिया के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# माहे रमजान में सुबह विद्युत कटौती न किये जानें की मांग की



- जेई ने रोजेदारों को समस्या के निस्तारण का दिलाया भरोसा

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रमजान के पवित्र महीने के दौरान रोजा रखने वाले नागरिकों ने सुबह चार बजे से छह बजे तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग को लेकर स्थानीय अवर अभियंता विकास कुमार को ज्ञापन सौंपा गया है। बताया कि बिजली की आपूर्ति में कमी के कारण रोजेदारों को खासा कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को स्थानीय विद्युत उपकेन्द्र में प्रसपा नेता मुनीर कुरैशी की अगुवाई में रोजेदारों ने अवर अभियंता विकास कुमार को ज्ञापन सौंपने के उपरान्त बताया कि जब वे सुबह का भोजन (सहरी) करते हैं और फज्र की नमाज पढ़ते हैं। तब बिजली का जाना उनके लिए समस्या उत्पन्न करता है। जिससे उनकी रोजाना की दिनचर्या पर असर पड़ता है। रोजेदारों ने अवर अभियंता से मांग की कि इस अवधि में विद्युत आपूर्ति को सुनिश्चित किया जाए और अनियमित आपूर्ति की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए। जिसपर अवर अभियंता ने इस समस्या को प्राथमिकता से देखने का आश्वासन देते हुये कहा कि विभाग इस समय विशेष ध्यान रखेगा और प्रयास करेगा कि रमजान के दौरान रोजेदारों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस दौरान राशिद उर्फ मुन्ना, फैजान कुरैशी, फारूख हिप्पी, सलामन वारसी, दिलशाद, लालमियां, मालिक चन्द्र शाक्य, सुरेश चन्द्र, जीशान कुरैशी, कियामुददीन, कयूम, असफाक आदि मौजूद रहे।

# दिवंगत पत्रकार राकेश शुक्ला के परिजनों को दो मुआवजा

- बुंदेलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजि. ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** बुंदेलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजि. ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक पत्र जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल को सौंपा, जिसमें हाल ही में दिवंगत मान्यता प्राप्त पत्रकार राकेश शुक्ला के परिजनों को आर्थिक मदद की माँग की गयी है। पत्र में बताया गया है कि असमय दिवंगत शासन से मान्यता प्राप्त पत्रकार राकेश शुक्ला का हृदय गति रुक जाने से 24 फरवरी 2025 को आकस्मिक निधन हो गया है। वे 55 वर्ष के थे। वे चरित्रवान और ईमानदार स्वच्छ छवि के सकारात्मक पत्रकार थे। उनका तीन दशक से अधिक समय का कार्यकाल पत्रकारिता की निष्पक्ष छवि को समर्पित रहा है। वे पत्रकार के अलावा भी एक अच्छे और संवेदनशील सामाजिक व्यक्ति थे। सर्व समाज में उनकी अच्छी साख रही है। उनके निधन से ललितपुर जिले में और पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है। वे अपने पीछे पत्नी और एक अध्ययनरत पुत्र व पुत्री छोड़ गये हैं। ऐसे में अनायास उनके चले जाने से उनके परिवार की आर्थिक व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गयी हैं। पत्र में बताया गया है कि कोरोना काल के दौरान भाजपा शासन द्वारा दिवंगत मान्यता प्राप्त पत्रकार परिवारों को 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद की गयी है। ऐसे में प्रदेश शासन से माँग की गयी है कि हाल ही में दिवंगत हुये मान्यता प्राप्त पत्रकार राकेश शुक्ला के परिवार की आर्थिक मदद के लिये सहानुभूति पूर्वक कम से कम 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कर उनके शोकाकुल परिवार को सम्बल प्रदान किया जाये। जिलाधिकारी और जिला सूचना अधिकारी ने इस पत्र को संस्तुति सहित शासन तक भिजवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान क्लब के संरक्षक गण पत्रकार रवीन्द्र दिवाकर, जाकिर राज चौहान, राजाराम यादव, फहीम बख्श, मीडिया प्रभारी शमीम खान, विधि सलाहकार मोहम्मद आसिफ, जोवद किरमानी, उपाध्यक्ष सजल दिवाकर, हसीब खां वकील, शिशुपाल अहिरवार, आमिर खान, महेन्द्र यादव, पवन प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## 1.22 लाख साइबर ठगों ने लकड़ी व्यापारी से ठगे

**महोबा।** एक ट्रक लकड़ी देने के नाम पर महोबा के साइबर ठगों ने जनपद बुलंदशहर निवासी लकड़ी व्यापारी विजय शर्मा से 1.22 लाख की रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित व्यापारी ने एसपी कार्यालय महोबा में शिकायती पत्र देकर धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। लकड़ी व्यापारी विजय शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 28 नवंबर को खरेला क्षेत्र के निवासी सोनू ने जलाऊ लकड़ी बेचने का प्रस्ताव दिया था। विजय शर्मा ने व्हाट्सएप पर लकड़ी देखकर सौदा तय कर लिया और सोनू की मांग पर 1.12 लाख रुपये फोन पे से भेज दिए इसके बाद ट्रक चालाक ने 10 हजार रुपये ट्रक का एंडवांस भाड़ा भी फोन पे पर डलवा लिया। कई दिन तक लकड़ी का ट्रक न आने पर विजय शर्मा ने फोन किया तो फोन बंद कर लिया, और कोई बात नही की। जिससे लकड़ी कारोबारी परेशान हो गया। कई बार विजय के फोन करने पर लकड़ी विक्रेता सोनू यादव ने जीएसटी बिल और मंडी समिति के गेट पास भेज दिए जो सभी खरेला महोबा के बने हुए थे। विजय ने आरोप लगाया कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उनके साथ धोकाधड़ी की गई। पुलिस अधीक्षक ने शिकायती पत्र लेकर घटना की जांच शुरू करा दी है। अब पीड़ित अपने 1.22 लाख रुपये पाने के लिए पुलिस के चक्कर काट रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## सेरा जिम ने वार्षिक उत्सव धूम धाम से मनाया



**उन्नाव।** उन्नाव आवास विकास कालोनी के अन्तर्गत सेरा जिम की कार्यशाला संचालित है। जिसमें नागरिको को स्वास्थ्य लाभ हेतु जिम कराया जाता है। बताते चले कि आवास विकास कालोनी मे 3 वर्ष पूर्व सेरा जिम संस्था संचालित हुई थी जिसके 3 वर्ष पूर्ण होने पर सेरा जिम के प्रबन्धक एवं मैनेजर एवं कार्यकर्ताओ द्वारा वृहद रूप से वार्षिक अधिवेशन मनाया गया जिसमें मुख्य रूप से प्रबन्धक दीपक प्रताप सिंह, मैनेजर प्रवीन शर्मा, एवं कार्यकर्ता मुस्कान, सोनी, रश्मि, शान्ति, सानिया, आदि लोग उपस्थित रहे। मैनेजर प्रवीन शर्मा ने बताया कि 3 वर्ष में कई हजार लोग इस संस्था से स्वस्थ्य होकर जा चुके है। वही संस्था पर उपस्थित नागरिको ने भूरि भूरि रूप से प्रशंसा की।

## थाना सौरिख पुलिस ने वारंटी को पकडा

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्ग दर्शन में, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकारनाथ शर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा उपनिरीक्षक राजकुमार गौतम, हेड कांस्टेवल अरविन्द कुमार, कांस्टेवल अविनाश के साथ न्यायालय से जारी एनबीडब्ल्यू विद्युत अधिनियम से संबंधित अभियुक्त इन्द्रेश पुत्र रघुवीर सिंह निवासी उद्दैतपुर थाना सौरिख को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया।

## युवती को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़ित पिता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 03 मार्च की सुबह 09 बजे उसकी 22 वर्षीय पुत्री को पड़ोसी थाना तिर्वा के ग्राम लोहमढ़ निवासी अमित पुत्र मनोज कहीं बहला फुसलाकर भगा ले गया है। उसकी पुत्री को भगवानें में ऐलिस पुत्र मनोज ने पूरा सहयोग किया है। बताया कि उसकी पुत्री अपने साथ दो लाख साठ हजार रुपए की नगदी व जेवरात ले गई है। पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## छापेमारी कर चोरी के दो वांछितों को पकडा



**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्ग दर्शन में, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकारनाथ शर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा थाना सौरिख के नेतृत्व में छापेमारी कर चोरी के दो वांछितों को पकडकर विधिक कार्यवाही की है। बुधवार को थाना सौरिख प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा नें उपनिरीक्षक चन्द्रभान सिंह, कांस्टेवल मनोज कुमार, विशाल मिश्रा, देवीशरण के साथ शांति व्यवस्था में गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना सौरिख पर पंजीकृत चोरी के मुकदमें से संबंधित दो अभियुक्तों को हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपियों ने अपने नाम सुरेश पुत्र रूपलाल बाथम व नरेन्द्र पुत्र रूपलाल बाथम निवासीगण ग्राम बौझा थाना सौरिख के पास से समर सेबिल, केविल व रस्सी बरामद की हिरासत में लिया गया। जबकि एक अन्य वांछित विशाल पुत्र कैलाश चन्द निवासी निजामपुर बोझा चौकी खडिनी पुलिस के हत्थे नही चढ सका। थाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया।

## डीएम एसपी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**संभल।** जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता मे क्लेक्ट्रेटे सभागार में आगमामी त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई बैठक में आगमी त्यौहारो रमज़ान होली को सौहार्द पूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक मनाये जाने किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने के सम्बन्ध में बताया गया बैठक मे किसी भी नई परंपरा के नहीं डाले जाने और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने के सम्बन्ध में बताया गया बैठक मे जिलाधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र पेंसिया पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार मुख्य विकास अधिकारी अपर जिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## अमन कमेटी की बैठक संपन्न हुई

**संभल।** नखासा एकता पुलिस चौकी मे अमन कमेटी की बैठक मे शहर कोतवाला अनुज कुमार तोमर ने लोगों से आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाये जाने की अपील की है माहे रमज़ान का महीना में होली का पर्व दस मार्च को रंग एकादशी का जुलूस निकाला जायेगा सभी लोग मिलजुलकर त्योहारो को मनाये इस दौरान मस्जिद के इमाम सहित हिन्दू मुसलमान मौजूद रहे।

## विशाल भव्य शोभायात्रा पर नागरिकों ने की पुष्पवर्षा

**कन्नौज।** नगर के सिद्धपीठ नगर कोटि पीतांबरा प्रांगण मे श्रद्धालुओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण विधि द्वारा भगवान परशुराम व राधा बल्लभ सरकार की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा नगर में प्रतिमाओं की विशाल भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकडों महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया।बुधवार को नगर के सिद्धपीठ नगर कोटि पीतांबरा प्रांगण मे भगवान परशुराम व राधा बल्लभ सरकार की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व महास्नान व भव्य शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ मंत्री असीम अरूण, आलोक दीक्षित उर्फ कन्हैया, डा. शरद द्विवेदी, व्यापारी नेता अनिल गुप्ता शामिल हुये। भव्य शोभायात्रा के दौरान नगर के विभिन्न देवालयों व मंदिरों में देवदर्शन किया। इस दौरान नगर में जगह जगह श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।

# बाल विवाह को खत्म करने के लिए नरोत्तम सराय के लोगों ने शपथ ली

अवधनामा संवाददाता

- मित्सुबिशी पावर कम्पनी ने विद्यालय में सुरक्षा कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद परियोजना में निर्माण कार्य कर रही कम्पनी मित्सुबिशी पावर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बुधवार को आदर्श रिहंद शिक्षा निकेतन एकेडमी व कंपोजिट विद्यालय बीजपुर के प्रांगण में 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों को दैनिक जीवन मे सुरक्षा के महत्व को बताते हुए जागरूक किया गया तथा मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय के बच्चों को पुरस्कार वितरण भी किया गया। मित्सुबिशी पॉवर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की रिहंद इकाई द्वारा सुरक्षा और स्वास्थ्य विकसित भारत के लिए अति आवश्यक की थीम पर मनाये जा रहे 54 वें राष्ट्रीय सुरक्षा सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत विद्यालय में सुरक्षा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ताड़कनाथ दुबे ने मुख्य अतिथि राहुल गुप्ता साइट मैनेजर मित्सुबिशी रिहंद को पुष्पगुच्छ भेंटकर व बैज अलंकरण कर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित गोपीनाथ रेड्डी कोर्डिनेशन प्रमुख अजय सिंह राजपूत मैकेनिकल प्रमुख विमल अवस्थी सिविल प्रमख सेंथिल कुमार इलेक्ट्रिकल प्रमुख नीरज पांडेय सेफ्टी लीड अजित कुमार मानव संसाधन को विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पुष्पगुच्छ देकर बैज अलंकृत कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया तथा विद्यालय की छात्राओं ने गणेश वंदना व सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर राहुल गुप्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए दैनिक जीवन में सुरक्षा के महत्व को समझाया। उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, कार्यस्थल सुरक्षा आदि के बारे में बच्चों को बताया। इस दौरान श्री गुप्ता ने बच्चों के मनोबल को बढ़ाने व शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को कम्पनी द्वारा पुरस्कार दिए जाने की भी घोषणा की। विशिष्ट अतिथि नीरज पांडेय व गोपीनाथ रेड्डी ने भी बच्चों को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया। इस दौरान कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया तथा विद्यालय के सभी बच्चों को स्नैक व पेन भी वितरित किया गया। कार्यक्रम को आयोजित करने में मित्सुबिसी पॉवर के वाले बच्चों को कम्पनी द्वारा पुरस्कार दिए जाने की भी घोषणा की। विशिष्ट अतिथि नीरज पांडेय व गोपीनाथ रेड्डी ने भी बच्चों को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया। इस दौरान कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया तथा विद्यालय के सभी बच्चों को स्नैक व पेन भी वितरित किया गया।

कार्यक्रम को आयोजित करने में मित्सुबिसी पॉवर के जयप्रकाश गुप्ता व कुबेर कम्पनी के धनंजय कुमार सिंह ने अपनी पूरी सुरक्षा टीम मेंबर के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संदीप राय ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक/शिक्षिकायें तथा बच्चे मौजूद रहे।

# जिले में चलाया जा रहा मुख्यमंत्री युवा उद्यामी विकास योजना जागरुकता अभियान

- रोजगार के लिए युवाओं कों पांच लाख का ब्याज मुक्त मिलेगा लोन

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक पहल है जो युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करती है। इस योजना के तहत युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण मिलता है। योजना का लाभ उठाने के लिए युवाओं को ऑनलाइन आवेदन करना होगा और कुछ दस्तावेज जमा करने होंगे। इस योजना के अंतर्गत सभी कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है एवं इस योजना का लाभ ले सकते है।

उक्त उदगार जिला प्रबंधक सीएससी अनिल कुमार ने व्यक्त किए। उन्होने कहा कि इस योजना को गांव में ब्लॉक स्तर पर पहुंचाने के लिए ब्लॉक स्तर पर कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से एक जारूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे सभी पात्र प्रतिभागी योजना के अंतर्गत भाग ले रहे है और कार्यक्रम के तहत रजिस्ट्रेशन करा रहे है।

उन्होने कहा कि सबसे पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा। पंजीयन न कराने वालों को इस योजना का लाभ नही मिलेगा, सरकार बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने के लिए बिना ब्याज के लोन दे रही है। इस कार्यक्रम में डालचंद कुशवाहा, सहित तमाम युवा उपस्थित रहे।

# स्पीड रडार गन से जांची गई वाहनों की रफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** जिले में बढती सड़क दुर्घनाओं को रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर रास्तों में वाहनों की स्पीड कम करने के उद्देश्य से जनपद में यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातयात पुलिस टीम द्वारा दुर्घटना बाहुल स्पॉट को चिन्हित कर सड़क पर स्पीड रडार गन लगाकर वाहनों की गति को मापा गया है, साथ ही ओवर स्पीड में फर्राटा भर रहे वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार ई.चालान की कार्रवाई की गयी।

यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया गया स्पीड रडार गन के माध्यम से 10 वाहनों का ई.चालान किया गया है। इस दौरान वाहन चालकों को निर्धारित स्पीड में ही वाहन चलाने की चेतावनी दी गयी है। निर्धारित स्पीड से अधिक स्पीड बढ़ाकर वाहन चलाने पर स्पीड रडार गन के रडार में वाहन आ जाएगा। इसके बाद हाईस्पीड वाहन चलाने वालों पर जुर्माना भी लगेगा। बढ़ते हादसों को लेकर स्पीड भी एक कारण माना जा रहा है। हाईस्पीड के कारण प्रतिदिन सड़क हादसे हो रहे हैं। स्पीड से वाहन न चले और सड़क हादसों में कमी लाई जा सके इस गरज से वाहनों की स्पीड चेक करके उनके ई-चालान किए जा रहे है। सड़क हादसों को कम करने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वह सभी अपने.अपने थानाक्षेत्रों में सजग होकर वाहन चेकिंग अभियान चलाये और यातायात नियमों के प्रति वाहन चालकों को जागरुक कर सचेत करें।

### भारत आईसीसी के सीमित ओवरों के टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा सेमीफाइनल जीतने वाली टीम

**दुबई।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। जीत के लिए मिले 265 रन के लक्ष्य का टीम इंडिया ने 00 गेंद रहते छह विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में मिली हार का भी बदला ले लिया। टीम इंडिया की जीत में विराट कोहली ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 84 रन की पारी खेली। इस जीत के साथ टीम इंडिया आईसीसी के सीमित ओवरों के टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा सेमीफाइनल जीतने वाली टीम बन गई है। इस मामले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ दिया। भारत ने अब तक आईसीसी के सीमित ओवरों के टूर्नामेंट 19 सेमीफाइनल मुकाबले खेले हैं और उसमें से 12 मैच जीतने में कामयाब रही है। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में पांच सेमीफाइनल, वनडे विश्व कप में चार सेमीफाइनल और टी20 विश्व कप में तीन सेमीफाइनल मैच जीते हैं।

## भारत के दिग्गज टीटी खिलाड़ी शरत कमल ने किया संन्यास का एलान, बताया कब खेलेंगे आखिरी मैच

**नई दिल्ली।** भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने संन्यास का एलान कर दिया है। उन्होंने बुधवार को घोषणा



की कि चेन्नई में इस महीने के आखिर में डब्ल्यूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट पेशेवर खिलाड़ी के रूप में उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। विश्व टेबल टेनिस टूर्नामेंट 25 से 30 मार्च तक खेला जाएगा।

42 वर्ष के शरत कमल ने कहा, मैंने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट चेन्नई में खेला था और आखिरी भी चेन्नई में ही खेलूंगा। यह पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा। पिछले साल पेरिस में पांचवां और आखिरी ओलंपिक खेलने वाले इस दिग्गज ने कहा, मैंने राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों में पदक जीते हैं। ओलंपिक पदक मैं नहीं जीत सका। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि मैं आने वाली युवा प्रतिभाओं के जरिये अपना सपना पूरा कर सकूंगा।

शरत कमल ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में टेबल टेनिस के पुरुष एकल में 16 साल बाद स्वर्ण जीता था। इससे पहले उन्होंने 2006 में पुरुष एकल में स्वर्ण जीता था। शरत का यह राष्ट्रमंडल खेलों में कुल सातवां स्वर्ण पदक रहा था। बर्मिंघम में तीन स्वर्ण के अलावा शरत ने 2006 में पुरुष एकल और पुरुष टीम इवेंट में स्वर्ण, 2010 में पुरुष युगल में स्वर्ण और 2018 में पुरुष टीम इवेंट में स्वर्ण जीता था। इसके अलावा वह 2010 में दो कांस्य, 2014 और 2018 में एक-एक रजत और 2022 में एक रजत जीत चुके हैं। शरत ने राष्ट्रमंडल खेलों में कुल 13 पदक जीते हैं।

शरत राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के सबसे सफल एथलीट्स के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। उनसे ज्यादा सिर्फ जसपाल राणा शूटिंग और समरेश जंग( शूटिंग ने पदक जीते हैं। जसपाल के नाम राष्ट्रमंडल खेलों में 15 पदक 9 स्वर्ण और समरेश के नाम 14 पदक 7 स्वर्ण हैं।

## पीटी उषा ने तदर्थ समिति नियुक्त करने का बचाव किया, बोलीं- बीएफआई जिम्मेदारी पूरी करने में विफल रहा

**नई दिल्ली।** उषा का यह बयान आईओए के उपाध्यक्ष गगन नारंग के 28 फरवरी के पत्र के जवाब में आया है। पूर्व ओलंपिक कांस्य

**जवाब**

**उषा का यह बयान आईओए के उपाध्यक्ष गगन नारंग के 28 फरवरी के पत्र के जवाब में आया है।**

विजेता निशानेबाज ने उन पर मनमाने आदेश जारी करने और खिलाड़ियों के कल्याण को कम करने का आरोप लगाया था।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की प्रमुख पीटी उषा ने मुक्केबाजी के लिए तदर्थ समिति नियुक्त करने के फैसला का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) पिछले एक साल में अपनी मौलिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में विफल रहा है और व्यवस्था को बहाल करने तथा उचित प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए उनका यह



कदम जरूरी था।

उषा का यह बयान आईओए के उपाध्यक्ष गगन नारंग के 28 फरवरी के पत्र के जवाब में आया है। पूर्व ओलंपिक कांस्य विजेता निशानेबाज ने उन पर मनमाने आदेश जारी करने और खिलाड़ियों के कल्याण को कम करने का आरोप लगाया था। नारंग आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्य भी हैं। आईओए के आदेश पर दिल्ली उच्च न्यायालय के स्थगन के बावजूद उषा अपनी रुख पर का दृढ़ता से कायम है। बीएफआई द्वारा दायर याचिका पर अदालत ने आईओए से जवाब मांगते हुए नोटिस जारी किया है।

**उषा ने नारंग को भेजा जवाब**

उषा ने नारंग को भेजे जवाब में कहा, नारंग आपके इस दावे में कोई सच्चाई नहीं है कि इस निर्णय या मेरी ओर से किसी कथित मनमानी कार्रवाई के कारण खिलाड़ियों को नुकसान हो रहा है। तदर्थ समिति नियुक्त करने का निर्णय मनमाना नहीं था, बल्कि व्यवस्था बहाल करने, उचित प्रशासन सुनिश्चित करने और खिलाड़ियों के विकास को प्राथमिकता देने के लिए एक आवश्यक कदम था। दुर्भाग्यपूर्ण वास्तविकता यह है कि बीएफआई पिछले वर्ष राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने सहित अपनी मूलभूत जिम्मेदारियों को पूरा करने में विफल रहा है।

उन्होंने कहा, एशियाई खेल (2026) नजदीक आ रहे हैं, ऐसे में नई प्रतिभाओं की पहचान करने, होनहार मुक्केबाजों का चयन करने और भारत की पदक संभावनाओं को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण या अभ्यास कार्यक्रमों को लागू करने के लिए बहुत कम या कोई प्रयास नहीं किया गया है।

## मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में बदायूं के मनोज यादव ने दिखाया दम, दिल्ली में जीता पदक



**बदायूं।** बदायूं के रहने वाले मनोज यादव मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में करीब चार वर्ष से प्रतिभाग कर रहे हैं। दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में ओडिशा के फाइटर को हराकर पदक जीता।

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ वर्ल्ड रेसलिंग फेडरेशन की तरह खेले जाने वाले खेल एमएमए मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में बरेली के मनोज यादव ने दिल्ली में पदक जीता है। नए तरह के इस खेल के वह यहां पर एकमात्र खिलाड़ी हैं। दिल्ली में 25 से 28 फरवरी तक हुई एमएमए प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए ओडिशा के राजेश पुजारी को हराकर पदक जीता है।

अधिकतर विदेशों में खेले जाने वाले एमएमए में मुक्केबाजी, कुश्ती, जूडो, कराटे और बॉक्सिंग की तकनीक का प्रयोग होता है। इसमें खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंद्वी को मात देकर जीतता है। इसकी प्रतियोगिता बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ मैट्रिक्स फाइट नाइट (एमएफएन) के नाम से महाराष्ट्र में करवाते हैं। इस खेल में खिलाड़ी अक्सर चोटिल हो जाते हैं। इसलिए कम खिलाड़ी ही इसमें हाथ आजमाते हैं।

बदायूं के रहने वाले मनोज यादव इस खेल में करीब चार वर्ष से प्रतिभाग कर रहे हैं। वह वर्तमान में सुरेश शर्मा नगर में रहते हैं। मनोज ने बताया कि वह एथलेटिक्स के खिलाड़ी थे लेकिन कोरोना काल में खेलकूद बंद होने से परेशान हुए।

## भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली।** एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ द्वारा

**मेजबानी**

**भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी 29 से 31 मार्च तक यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में करेगा**

समर्थित यह कार्यक्रम योगासन को ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में खाका तैयार करने में मदद करेगा।

भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी 29 से 31 मार्च तक यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में करेगा जिसमें कुल 16 देश भाग लेंगे। खेल मंत्रालय और योगासन भारत के सहयोग से आयोजित की जा रही इस चैंपियनशिप का उद्देश्य योगासन की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुए




अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रदर्शन करना है।

एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ द्वारा समर्थित यह कार्यक्रम योगासन को ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में खाका तैयार करने में मदद करेगा। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, योग की जन्मभूमि भारत को दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त है। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है। यह हमारे प्राचीन ज्ञान का उत्सव है जो आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में विकसित हो रहा है।

उन्होंने कहा, हम योगासन को वैश्विक खेल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह चैंपियनशिप उस लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। हम इस आयोजन के माध्यम से योगासन की उपयोगिता खेल के संदर्भ में समझ सकेंगे। योगासन में शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से जीवन को बदलने की शक्ति भी है।

एशियाई योगासन के अध्यक्ष संजय मालपानी ने चैंपियनशिप के प्रभाव पर जोर देते हुए कहा, योगासन चैंपियनशिप योगासन को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल के रूप में स्थापित करने के हमारे मिशन में एक निर्णायक क्षण है। हम इसमें आधुनिक एथलेटिक उत्कृष्टता के साथ परंपरा के मिश्रण को देख रहे हैं।

विश्व योगासन के महासचिव जयदीप आर्य ने कहा, इस चैंपियनशिप में पूरे एशिया के असाधारण खिलाड़ी एक मंच पर आयेंगे, जो इस प्राचीन अभ्यास की ताकत, लचीलापन और अनुशासन का प्रदर्शन करेंगे। योगासन भारत के अध्यक्ष उदित शेठ ने कहा कि भारत इस प्राचीन खेल के भविष्य को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ को फीफा से मिली बड़ी राहत, वैश्विक संस्था ने पीएफएफ पर लगा प्रतिबंध हटाया



**लाहौर।** फीफा ने पीएफएफ पर पांच फरवरी को प्रतिबंध लगाया था क्योंकि कांग्रेस सदस्य संविधान में जरूरी बदलाव नहीं कर सके थे। पीएफएफ कांग्रेस के सदस्यों ने गुरुवार को जरूरी संशोधनों को लागू करने के लिए सहमति जताई। पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (पीएफएफ) को फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा से बड़ी राहत मिली है। फीफा ने पीएफएफ पर लगाया गया प्रतिबंध हटा लिया है क्योंकि पाकिस्तान ने खेल के सुचारू संचालन के लिए अपने संविधान में जरूरी बदलाव कर लिए हैं। फीफा ने पीएफएफ पर पांच फरवरी को प्रतिबंध लगाया था क्योंकि कांग्रेस सदस्य संविधान में जरूरी बदलाव नहीं कर सके थे। पीएफएफ कांग्रेस के सदस्यों ने गुरुवार को जरूरी संशोधनों को लागू करने के लिए सहमति जताई। पीएफएफ के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि फीफा ने उन्हें रविवार को बताया कि प्रतिबंध हटा लिया गया है।

जून 2019 से पाकिस्तान फुटबॉल का संचालन फीफा द्वारा नियुक्त समिति कर रही है जिसे विरोधी गुटों के बीच मतभेदों का समाधान करने और चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई है। पिछले पांच साल में समिति के नेतृत्व में कई बदलावों के बावजूद पाकिस्तान फुटबॉल के मूल मसले जस के तस हैं। प्रतिबंध हटने के बाद अब पाकिस्तान 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालिफायर में भाग ले सकेगा जिसमें टीम को ग्रुप ई के पहले मैच में 25 मार्च को सीरिया से खेलना है।

### इस तारीख को री-रिलीज होगी अक्षय-कटरीना की नमस्ते लंदन

हर्षवर्धन राणे और मावरा हुसैन की फिल्म सनम तेरी कसम पिछले महीने री-रिलीज हुई है। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा रिस्पांस मिला है। री-रिलीज के बाद फिल्म ने 33 करोड़ रुपये की कमाई की है। इस फिल्म की जबरदस्त कमाई को देखते हुए कई दूसरे फिल्म मेकर्स भी पुरानी फिल्में री-रिलीज कर रहे हैं। इस कड़ी में अक्षय कुमार की फिल्म नमस्ते लंदन का नाम जुड़ चुका है।

अक्षय कुमार और कटरीना कैफ की फिल्म नमस्ते लंदन री-रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म होली के दिन रिलीज होने वाली है। अक्षय ने इसके बारे में एक्स पर जानकारी दी है। अक्षय कुमार ने एक्स पर लिखा है होली पर 14 मार्च को नमस्ते लंदन री-रिलीज होने वाली है। इसके जादू को फिर से जीने के लिए तैयार हो जाइए।

## 'बेवजह परिवारवाद के शिकार हुए अभिषेक बच्चन' नेपोटिज्म पर पहली बार बिग बी ने तोड़ी चुप्पी

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने पहले बार नेपोटिज्म को लेकर चुप्पी तोड़ी है और उन्होंने भी यह माना है कि



उनके बेटे अभिषेक बच्चन इस टैग का शिकार हुए हैं।

बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन अपने बेटे अभिषेक बच्चन की तारीफ करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। बिग बी अक्सर ही अभिषेक के काम और उनकी एक्टिंग स्किल की तारीफ करते रहते हैं। सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाले बिग बी ने अब सोशल साइट एक्स पर एक यूजर की पोस्ट पर कमेंट किया और अभिषेक को नेपोटिज्म को लेकर फैली नकारात्मकता का शिकार बताया है।

दरअसल, एक्स पर एक पोस्ट में एक यूजर ने लिखा, अभिषेक बच्चन बेवजह परिवारवाद की नकारात्मकता का शिकार हुए हैं, जबकि उनके करियर में अच्छी फिल्मों की संख्या काफी ज्यादा है। इसी पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बिग बी ने लिखा, मुझे भी ऐसा ही लगता है और सिर्फ इसलिए नहीं, क्योंकि मैं उनका पिता हूं। एक और पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए महानायक ने अभिषेक बच्चन की आने वाली फिल्म 'बी हैप्पी' में उनके काम की तारीफ की है। बिग बी ने लिखा, अभिषेक आप कमाल हैं। आप हर फिल्म के किरदार के साथ जिस तरह से तालमेल बिठाते हैं और किरदार में बदलाव लाते हैं, वो शानदार है।

इससे पहले अमिताभ ने अभिषेक की फिल्म आई वांट टू टॉक में भी उनके काम की तारीफ की थी। उस दौरान बिग बी ने फिल्म को लेकर एक नोट में लिखा था, कुछ फिल्में आपका मनोरंजन करती हैं, कुछ फिल्में आपको उससे जुड़ने के लिए आमंत्रित करती हैं, आई वांट टू टॉक बस यही करती है। अभिषेक, आप अभिषेक नहीं हैं, आप फिल्म के अर्जुन सेन हैं। लोग जो कुछ भी कह रहे हैं, वो कहने दो।

## नील नितिन मुकेश को नहीं मिल रहा काम

बॉलीवुड अभिनेता नील नितिन मुकेश जिन्होंने न्यूयॉर्क, जॉनी गद्दार, 7 खून माफ और प्रेम रतन धन पयो जैसी फिल्मों में काम किया है, उन्हें इन दिनों काम नहीं मिल रहा है। नील नितिन मुकेश ने हिंदी रश के साथ बातचीत में कहा है कि उन्हें अभी भी काम नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया है कि वह काम पाने के क्या करते हैं।

**इस तरह काम ढूढते हैं नील**

नील नितिन मुकेश ने बताया है कि कैसे हर अभिनेता इंडस्ट्री में अच्छा काम पाने की कोशिश कर रहा है। वह हर फिल्म के बाद काम ढूंढना शुरू कर देते हैं। मैं काम के लिए लोगों को मैसेज करता हूं। वो फौरन रिप्लाई करते हैं और कहते हैं कि हम आपको ध्यान में रखेंगे और जैसे ही कुछ आता है बताएंगे। ये मेरा काम है कि मैं उनको याद दिलाउं कि मैं हूं।

नील नितिन मुकेश ने कहा कि जब मैंने डेब्यू किया था तब शायद कुछ ही नए लोगों को लांच किया जाता था। लेकिन अब हर दूसरे हफ्ते नए लोगों को लॉंच किया जा रहा है। इसका नतीजा चे हुआ है कि आप एक विकल्प की तरह रह गए हैं।

**मशहूर होने के बावजूद जारी है संघर्ष**

नील नितिन मुकेश ने अपने करियर के बारे में कहा कि मैंने अपने करियर में 30 से ज्यादा फिल्में की हैं। देश के सबसे अच्छे निर्देशकों के साथ काम किया है। लेकिन हमारा संघर्ष खत्म नहीं हुआ है। यह कारोबार है। आपको दिखना होता है, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। मुझे लगता है कि मेरी त्वचा का रंग आज बनाई जा रही फिल्मों से नहीं मिलता। शायद निर्देशकों को लगता है कि मैं गांव वाली फिल्मों के रोल में फिट नहीं बैठता क्योंकि लोग कहते हैं कि मेरा स्किन टोन हॉलीवुड जैसा है।

**नील नितिन मुकेश का काम**

नील नितिन मुकेश हाल ही में हिसाब बराबर फिल्म में नजर आए थे। फिल्म में आर माधवन लीड रोल में थे। इसमें कीर्ती कुल्हाड़ी, रश्मी देसाई और फैसल राशिद भी थे। यह फिल्म एक टिकट चेकर पर आधारित है।



## आरसी 16 के लिए शिवा राजकुमार का लुक टेस्ट पूरा, इस दिन से राम चरण की फिल्म की शूटिंग करेंगे अभिनेता

**नई दिल्ली।** साउथ अभिनेता शिवा राजकुमार अगली बार राम चरण की फिल्म आरसी 16 में नजर आएंगे। अब उन्होंने फिल्म के लिए अपना लुक टेस्ट पूरा कर लिया है।

गेम चेंजर के बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप होने के बाद राम चरण ने अपनी अगली फिल्म पर ध्यान केंद्रित कर लिया है। वह बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित अपनी अगली फिल्म के निर्माण में जुटे हुए हैं। फिल्म की शूटिंग तेजी से चल रही है। समय-समय पर फिल्म से जुड़ी नई जानकारियां भी सामने आ रही हैं। वहीं, अब फिल्म में एक और कलाकार के शामिल होने की खबरें सामने आई हैं।

**अभिनेता का लुक टेस्ट पूरा**

टीम ने हाल ही में साउथ शिवा राजकुमार के लिए लुक टेस्ट पूरा किया है, जो जल्द ही शूटिंग में शामिल होने के लिए तैयार हैं। इस अवसर को खास बनाने के लिए निर्माताओं ने एक विशेष बिहाइंड-



द-सीन वीडियो जारी किया, जिसमें प्रशंसकों को उनके ट्रांसफॉर्मेशन की एक झलक दिखाई गई। अपने शानदार स्क्रीन प्रेजेंस के साथ शिवा राजकुमार से फिल्म में एक अहम मोड़ जोड़ने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे राम चरण के साथ उनका पहला सहयोग और भी रोमांचक हो जाएगा।

**इस दिन तक शूटिंग करेंगे शिवा राजकुमार**

इससे पहले अपनी आगामी फिल्मों के बारे में अपडेट साझा करते हुए शिवा राजकुमार ने आरसी 16 में अपने किरदार के बारे में भी जानकारी साझा की थी। उन्होंने कहा था कि मैं राम चरण की फिल्म आरसी 16 में एक स्पेशल परफॉर्मेंस कर रहा हूं। मैं 3 मार्च से अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू करूंगा। मैं 5 मार्च को हैदराबाद में राम चरण की आरसी 16 की टीम में शामिल हो जाऊंगा और 8 मार्च तक शूटिंग करूंगा।

**जान्हवी के साथ राम चरण की पहली फिल्म**

निर्माता जल्द ही फिल्म के शीर्षक से भी पर्दा उठाने की योजना बना रहे हैं। फिलहाल इस फिल्म का अस्थाई नाम आरसी 16 रखा गया है और कहा जा रहा है कि यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा है, जिसमें क्रिकेट मुख्य विषय होगा। हाल ही में क्रिकेट से जुड़े कुछ मुख्य दृश्यों की शूटिंग एक विशेष रूप से बनाए गए स्टेडियम सेट में की गई।

इस फिल्म में राम चरण बिल्कुल नए लुक में नजर आएंगे, जिसका संगीत एआर रहमान ने दिया है। इस फिल्म में जान्हवी कपूर को मुख्य भूमिका में लिया गया है, जो राम चरण के साथ उनकी पहली फिल्म है। इस फिल्म का निर्माण पुष्पा के बैनर मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा किया जा रहा है।

## यूजर ने जावेद पर लगाया रोहित शर्मा को मोटा कहकर बदनाम करने का आरोप, भड़के गीतकार, सुनाई खरी-खोटी

**मुंबई।** दिग्गज गीतकार और बॉलीवुड पटकथा लेखक जावेद अख्तर ने मंगलवार, 4 मार्च को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया की शानदार जीत के बाद क्रिकेटर विराट कोहली को बधाई दी। हालांकि, विराट कोहली की प्रशंसा करने के बाद उन्होंने एक बार फिर सोशल मीडिया यूजर पर निशाना साधा।

दरअसल, दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई संदेश मिल रहे हैं। जावेद अख्तर उन कई बॉलीवुड हस्तियों में शामिल थे, जिन्होंने ऐतिहासिक जीत की सराहना की। बुधवार को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर अख्तर ने लिखा, %एक बार फिर विराट ने साबित कर दिया है कि वह आज के भारतीय क्रिकेट की इमारत का सबसे मजबूत स्तंभ है। सलाम।% हालांकि, उन्होंने किसी अन्य क्रिकेटर का नाम नहीं लिया।

**यूजर पर भड़के जावेद**

उनके पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते



हुए एक यूजर ने लिखा, अगर विराट सबसे मजबूत स्तंभ हैं तो रोहित शर्मा कौन हैं? सबसे भारी स्तंभ? भारतीय कप्तान को मोटा कहने के लिए जावेद साहब आपको शर्म आनी चाहिए।% जावेद अख्तर ट्रोल्स और झूठ को अनदेखा करने के मूड में नहीं थे। यूजर द्वारा पोस्ट शेयर करने के कुछ ही मिनटों बाद गीतकार ने जवाब दिया, चुप हो जाओ कॉकरोच। मैं रोहित शर्मा और टेस्ट इतिहास के सभी महान भारतीय क्रिकेटरों का बहुत सम्मान करता हूं। तुम किस तरह के नीच और दयनीय आदमी हो कि तुम दावा कर रहे हो कि मैंने कभी रोहित जैसे महान खिलाड़ी की गरिमा के खिलाफ एक शब्द भी कहा है। कभी सोचो तुम इतने घटिया और गंदे आदमी क्यों हो।

यह मामला कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद की विवादित टिप्पणी और रोहित शर्मा को मोटा कहने पर बड़े पैमाने पर हुए विवाद के बाद आया है।इस बीच एक अन्य यूजर ने जावेद अख्तर से पूछा, क्या आप फिर से अपना राष्ट्रवाद साबित करने के लिए तैयार हैं? इस पर उन्होंने जवाब दिया, मैं एक क्रिकेट प्रेमी हूं और आप जैसे बौने मुझे अपनी खुशी दिखाने से नहीं रोक सकते जब मेरी टीम जीतती है या हमारा कोई खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करता है। जहां तक राष्ट्रवाद का सवाल है तो मैं आप जैसे लोगों के सामने इसे क्यों साबित करूंगा, क्योंकि आपका और आपकी पिछली पीढ़ियों का इससे कोई लेना-देना नहीं है... आप तो इस शब्द का मतलब भी नहीं समझते।

### घर पर बेहोश मिलीं गायिका कल्पना राघवेंद्र, दरवाजा तोड़कर निकाला गया बाहर

**मुंबई।** तेलुगु की बेहतरीन गायक कल्पना राघवेंद्र तेलंगाना के रंगारेड्डी में अपने घर पर बेहोशी की हालत में पड़ी मिलीं। 44 साल की गायिका को आनन फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत अभी स्थिर है और उनका इलाज चल रहा है। अफसरों के मुताबिक पुलिस स्टेशन को अपार्टमेंट कमेटी की तरफ से शाम 5 बजे एक कॉल आया। जब वह कल्पना के घर पर आए तो उनके घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। किचन की खिड़की से देखने पर पता चला कि गायिका अपने बेड पर बेहोश पड़ी हैं।

पुलिस और चिकित्सा कर्मियों ने एम्बुलेंस के जरिए कल्पना को होलिस्टिक अस्पताल में भर्ती कराया। शाम 6 बजे के करीब उनके पति भी अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों के मुताबिक गायिका की हालत अभी ठीक है।

# वायुसेना से 444 एकड़ वन भूमि वापस लेगी कर्नाटक सरकार

# वन मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**आदेश**

**कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खंद्रे ने बुधवार को अधिकारियों को भारतीय वायुसेना से अपनी 444.12 एकड़ वन भूमि वापस लेने की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।**



**बंगलूरू ।** साल 2017 में कर्नाटक सरकार ने वायुसेना की दी जमीन में से 452 एकड़ जमीन की मंजूरी रद्द कर दी थी और इस भूमि को वन भूमि के रूप में अधिसूचित कर दिया गया था।

कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खंद्रे ने बुधवार को अधिकारियों को भारतीय वायुसेना से अपनी 444.12 एकड़ वन भूमि वापस लेने की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है। वन मंत्री ने निर्देश दिया कि वे नियमों के अनुसार बंगलूरू के पीन्या बागान और जराकाबांदे आरक्षित वन क्षेत्र में भारतीय वायुसेना के पास मौजूद 444.12 एकड़ वन भूमि वापस लें। उन्होंने बताया कि साल 1987 में वायुसेना को 570 एकड़ जमीन आवंटित की थी।

**साल 2017 में कर्नाटक सरकार ने रद्द की मंजूरी**

साल 2017 में कर्नाटक सरकार ने वायुसेना की दी जमीन में से 452 एकड़ जमीन की मंजूरी रद्द कर दी थी और इस भूमि को वन भूमि के रूप में अधिसूचित कर दिया गया था। मंत्री ईश्वर खंद्रे ने आरोप लगाया कि वायुसेना ने वन मंजूरी के बिना ही 1 मार्च को अवैध रूप से निर्माण कार्य शुरू कर दिया था।

सरकारी आदेश के मुताबिक साल 2017 में वायुसेना की दी जमीन की दाखिल खारिज पूरी हो गई है और अब यह जमीन दस्तावेजों में आधिकारिक तौर पर आरक्षित वन के रूप में पंजीकृत है।

इस संबंध में कर्नाटक सरकार ने रक्षा मंत्रालय को भी पत्र लिखा है और वन विभाग की भूमि को खाली करने की मांग की है। मंत्री ईश्वर खंद्रे ने बताया कि वायुसेना को पूरी जानकारी होने के बावजूद वायुसेना ने नियमों के विपरीत अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया। फिलहाल 444 एकड़ जमीन पर वायुसेना ने शूटिंग रेंज स्थापित की हुई है और 15 एकड़ भूमि को ट्रेनिंग उद्देश्य से इस्तेमाल किया जा रहा है।

## 1995 के धोखाधड़ी के मामले में महाराष्ट्र के मंत्री माणिकराव कोकाटे को राहत

**मुंबई।** नासिक की अदालत ने 1995 के धोखाधड़ी के एक मामले में महाराष्ट्र के मंत्री माणिकराव कोकाटे की दोषसिद्धि पर रोक लगाई। मजिस्ट्रेट अदालत ने 20 फरवरी को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकंपा) नेता और उनके भाई सुनील कोकाटे को दोषी ठहराया था।

कोर्ट से सरकारी कोटे के तहत फ्लैट पाने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा करने से संबंधित मामले में उन्हें दो साल की सजा सुनाई गई थी। बाद में भाइयों ने जिला न्यायाधीश 1 और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (नासिक) एन वी जीवने के समक्ष मजिस्ट्रेट के आदेश पर रोक लगाने की मांग वाली एक अपील दायर की। सत्र अदालत ने बुधवार को उनकी अपील स्वीकार कर ली।

मजिस्ट्रेट अदालत ने पिछले महीने माणिकराव कोकाटे और उनके भाई को दोषी ठहराया था, जबकि इसी मामले में दो अन्य आरोपियों को बरी कर दिया था। यह मामला 1995 में पूर्व मंत्री टीएस दिघोले की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

# पंजाब सरकार ने नहीं लागू की 1996 की पेंशन योजना, सुप्रीम कोर्ट का मुख्य सचिव को अवमानना नोटिस

**हल्के में न लिया जाए**

**जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस एन. कोटिस्वर सिंह की बेंच ने कहा कि कोर्ट को हल्के में न लिया जाए।**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पंजाब के मुख्य सचिव को अवमानना नोटिस जारी किया। यह नोटिस उन्हें राज्य की तीन दशक पुरानी पेंशन योजना को लागू न करने को लेकर भेजा गया। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस एन. कोटिस्वर सिंह की बेंच ने कहा कि कोर्ट को हल्के में न लिया जाए। बेंच ने मुख्य सचिव से पूछा कि उनके खिलाफ अवमानना की प्रक्रिया क्यों शुरू न की जाए।

बेंच ने कहा, हाईकोर्ट को बार-बार आश्वासन दिए जाने के बावजूद राज्य सरकार ने आदेश का अनुपालन नहीं किया है। इसलिए, हम बंजाब के मुख्य सचिव के.पी. सिन्हा को कारण बताओ नोटिस जारी करते हैं और उन्हें यह बताने के लिए कहते हैं कि उनके खिलाफ अवमानना अधिनियम 1971 (दीवानी और आपराधिक दोनों) के तहत कार्रवाई क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए।

बेंच ने आगे कहा कि अगर अधिकारी को लगता है कि किसी अन्य अधिकारी की गलती है, तो वह अदालत में कार्रवाई शुरू करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के नाम या अन्य विवरण देने के लिए एक हलफनामा दाखिल करने के लिए स्वतंत्र है। इस मामले पर 24 मार्च को दोबारा सुनवाई होगी।

बेंच ने पंजाब के सार्वजनिक निर्देश (कॉलेज) निदेशक के कार्यालय के उप निदेशक को भी नोटिस जारी किया और उनसे जवाब मांगा कि गलत हलफनामा दाखिल करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए। सुनवाई के दौरान पंजाब के वकील गुरमिंदर सिंह ने बेंच को अगली तारीख पर योजना के क्रियान्वयन पर कुछ सकारात्मक जानकारी लेकर लौटने का आश्वासन दिया। कोर्ट अवमानना की कार्रवाई की चेतावनी देते हुए मुख्य सचिव से स्पष्ट शब्दों में जवाब देने को कहा कि क्या राज्य इस योजना के तहत लाभ देने की इच्छुक है।

# फोन पर सर न कहने पर पुलिस अधिकारी ने धमकाया



**यवतमाल।** महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के अरनी कस्बे में कूरियर फर्म के एक कर्मचारी ने एक पुलिस अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाया है। उसका कहना है कि पार्सल की डिलीवरी के सिलसिले में किए गए फोन कॉल पर उसे सर न कहने पर पुलिस अधिकारी ने उसे धमकाया। कथित बातचीत का एक ऑडियो क्लिप और पुलिसकर्मी की ओर से पीड़ित की कूरियर फर्म के कार्यालय में जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में पुलिस अधिकारी उसे धमकाता हुआ दिखाई दे रहा है। पीड़ित धीरज गेदाम ने बताया कि यह घटना 23 फरवरी को हुई थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी तक इस संबंध में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए गेदाम ने कहा कि वह एक स्थानीय कूरियर फर्म के लिए काम करते हैं और ग्राहकों को पार्सल डिलीवर करते हैं। उन्होंने बताया कि पार्सल डिलीवर करने से पहले हम ग्राहक के नाम की पुष्टि करते हैं।

इसलिए मैंने पार्सल पर लिखे नाम का मिलान करने के लिए इस ग्राहक को बुलाया था। हालांकि, उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया और मुझे और साथ ही कार्यालय के कर्मचारियों को धमकाया। उनकी बातचीत के ऑडियो क्लिप में पुलिसकर्मी ने गेदाम को सर कहकर संबोधित न करने के लिए धमकाया। बाद में पुलिसकर्मी संबंधित कूरियर कार्यकारी के कार्यालय में गया और उसे फिर से धमकाया। सूत्रों के मुताबिक, संबंधित पुलिस अधिकारी अरनी पुलिस स्टेशन में तैनात है।

# जून में इंटरनेट की दुनिया में आएगा ये बदलाव, सरकार ने की पूरी तैयारी

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण सैटेलाइट कम्युनिकेशन के प्राइसिंग और उपयोग पर सिफारिशों के एक सेट को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। इसे पिछले दो वर्षों से तैयार किया जा रहा है। आने वाले दिनों में देश में इंटरनेट सर्विस को लेकर अहम बदलाव देखने को मिल सकता है। इससे यूसर्ज का सर्विस का अंदाजा और अनुभव दोनों बदल जाएगा। दरअसल, केंद्र सरकार देश में जल्द ही सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस का शुरू करने जा रही है। सरकार इस वर्ष जून में इस सेवा की शुरुआत कर सकती है। दूरसंचार नियामक इस सर्विस के लिए बेस तैयार करने में जुटा है, जो गांवों से लेकर समुद्र तक इंटरनेट पहुंचाने में सक्षम है।

सूत्रों का कहना है कि भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण सैटेलाइट कम्युनिकेशन के प्राइसिंग और उपयोग पर सिफारिशों के एक सेट को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। इसे पिछले दो वर्षों से तैयार किया जा रहा है। जैसे ही इसकी रूपरेखा तैयार हो जाएगी। इसके बाद इसका स्पेक्ट्रम एलोकेट किया जाएगा। इसमें रिलायंस जियो इन्फोकॉम, भारती एयरटेल और स्टारलिंक द्वारा सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस की तैयारी कर रहे हैं।




सूत्रों का कहना है कि ट्राई जल्द ही सैटेलाइट कम्युनिकेशन सर्विस के लिए रेगुलेटरी ढांचा पेश करने वाली है। इस ढांचे में स्पेक्ट्रम आवंटन, मूल्य निर्धारण और रेवेन्यू पार्टनरशि मॉडल जैसी महत्वपूर्ण बातें शामिल होंगी। दरअसल, ट्राई यह सुनिश्चित करना चाहती है कि ये नियम तेजी से दूरसंचार विभाग द्वारा मंजूर किए जाएं, ताकि इस पर कोई विवाद न हो। ट्राई मार्च तक अपनी सिफारिशें सौंप सकती है। एक शॉर्ट कंसल्टेशन पीरियड के बाद इन्हें डिजिटल कम्युनिकेशन कमिशन द्वारा बिना ज्यादा बदलाव के लागू किया जाएगा। इसके बाद स्पेक्ट्रम नीलामी प्रक्रिया शुरू होगी, जिसमें 2-3 महीने लग सकते हैं। जून तक सैटेलाइट इंटरनेट ऑपरेटर व्यावसायिक रूप से सेवाएं शुरू कर सकते हैं और राजस्व उत्पन्न करने लगेंगे।

**ऐसे काम करता है सैटेलाइट इंटरनेट**

सैटेलाइट इंटरनेट एक वायरलेस (बिना तार की) इंटरनेट की एक सर्विस है। ब्रॉडबैंड की तुलना में यह सर्विस बहुत आगे है। खास बात है कि यह उन इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी देता है जहां केबल या मोबाइल टावर की सुविधा नहीं होती। सैटेलाइट इंटरनेट में स्पेस में मौजूद सैटेलाइट्स का इस्तेमाल किया जाता है। सैटेलाइट इंटरनेट में सैटेलाइट्स का उपयोग किया जाता है, जो धरती पर मौजूद रिसीवर से जुड़ते हैं। यह रिसीवर मोबाइल फोन या लैपटॉप जैसे उपकरणों को इंटरनेट डेटा ट्रांसफर कर सकते हैं।

भारत सरकार ने 2020 से 2022 के बीच स्पेस सेक्टर को उदार बनाया, जिससे सैटेलाइट स्पेक्ट्रम और इंफ्रास्ट्रक्चर तक निजी कंपनियों की पहुंच संभव हो सकी। सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू होने से ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंच सकेगा। यह खासतौर पर उन इलाकों के लिए फायदेमंद होगा, जहां फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क स्थापित करना कठिन है।

## पाकिस्तान की जेल में बंद हैं गुजरात के 144 मछुआरे

न्यूज डेस्क, अमर उजाला, गांधीनगर पाकिस्तान की जेल में बंद मछुआरों को लेकर गुजरात सरकार ने विधानसभा में बड़ी जानकारी दी। सरकार ने कहा कि गुजरात के 144 मछुआरे पाकिस्तान की जेल में बंद हैं। इसमें से 22 को बीते दो साल में पकड़ा गया है। कांग्रेस के विधायक दल के नेता अमित चावड़ा द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में राज्य के मत्स्य पालन मंत्री राघवजी पटेल ने विधानसभा में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुल 144 मछुआरों में से 22 को बीते दो साल में पाकिस्तान ने पकड़ा है। इसमें 2023 में नौ और 2023 में 13 मछुआरे पकड़े गए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने पिछले दो साल में 432 भारतीय मछुआरों को रिहा भी किया है। जनवरी 2025 तक 144 मछुआरे पाकिस्तान कर हिरासत में हैं। कांग्रेस विधायक शैलेश परमार के सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि दिसंबर 2024 तक भारत की 1173 मछली पकड़ने वाली नावें पाकिस्तान के कब्जे में हैं। पिछले दो साल में एक भी नाव वापस नहीं लौटाई गई है। मंत्री पटेल ने कहा कि राज्य सरकार मछुआरों की रिहाई को लेकर पिछले दो साल से लगातार गृह मंत्रालय को उनकी राष्ट्रीयता से जुड़े दस्तावेज मुहैया करा रही है। पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी लगातार गुजरात के मछुआरों को हिरासत में लेती है। साथ ही मछुआरों पर अरब सागर की अंतरराष्ट्रीय समुद्र सीमा रेखा पार करके पाकिस्तान के जलक्षेत्र में प्रवेश करने का आरोप लगाती है। दक्षिण में श्रीलंका भी भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करता रहा है। पिछले महीने श्रीलंकाई अधिकारियों ने द्वीप राष्ट्र के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया था। श्रीलंका नौसेना ने इस साल अब तक 131 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने वाली 18 नौकाओं को जब्त किया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को केंद्र से इस मुद्दे का स्थायी समाधान खोजने के लिए तत्काल संयुक्त कार्य समूह गठित करने का आग्रह किया।

## अमेरिकी संसद में संबोधन के दौरान ट्रंप ने क्यों की पाकिस्तान तारीफ?

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र में संबोधन के दौरान पाकिस्तान का धन्यवाद जताया। ट्रंप ने कहा कि



2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी के दौरान बम विस्फोट के लिए जिम्मेदार आतंकी की गिरफ्तारी में पाकिस्तान ने अमेरिका की मदद की। इसके अलावा उन्होंने अमेरिकी सेना की वापसी को लेकर पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर हमला बोला।

संयुक्त सत्र में संबोधन के दौरान ट्रंप ने कहा कि अमेरिका एक बार फिर से कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवादी ताकतों के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। बाइडन प्रशासन के तहत अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी विनाशकारी और अक्षम थी। यह अमेरिकी इतिहास का सबसे शर्मनाक क्षण था। साढ़े तीन साल पहले आईएसआईएस के आतंकियों ने अफगानिस्तान से सेना की वापसी के दौरान बम विस्फोट करके 13 अमेरिकी सेवा सदस्यों और कई लोगों को मार डाला था।

ट्रंप ने कहा कि मुझे खुशी है कि हमने उस विस्फोट के जिम्मेदार शीर्ष आतंकी को अभी-अभी पकड़ा है। वह अमेरिकी न्याय का सामना करने के लिए यहां पर आ रहा है। मैं इस आतंकी को पकड़ने में मदद करने के लिए पाकिस्तान सरकार को धन्यवाद देता हूं। यह उन 13 परिवारों के लिए बेहद महत्वपूर्ण दिन है, जिन्होंने हमले में अपनों को खो दिया था। वह वास्तव में बेहद भयानक दिन था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका वाणिज्यिक, सैन्य और अमेरिकी शिपिंग उद्योग को दोबारा जीवित करेगा। इससे हम अपने रक्षा औद्योगिक आधार को बढ़ावा देंगे। हम व्हाइट हाउस में जहाज निर्माण का नया कार्यालय बनाएंगे। इस उद्योग को अमेरिका में लाने के लिए हम विशेष प्रोत्साहन देंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, हमें पिछले प्रशासन से एक आर्थिक तबाही और मुद्रास्फीति का बुरा सपना विरासत में मिला है। उनकी नीतियों ने ऊर्जा की कीमतों को बढ़ा दिया। लाखों अमेरिकी लोगों की पहुंच से जीवन की आवश्यकताएं दूर कर दिया। हमने 48 वर्षों में सबसे खराब मुद्रास्फीति का सामना किया। किराने का सामान महंगा किया। बाइडन ने अंडों की कीमतें बेकाबू होने दीं।

## पोप फ्रांसिस की सेहत में हुआ सुधार

**वेटिकन।** न्यूमोनिया की समस्या से जूझ रहे पोप फ्रांसिस की हालत में थोड़ा सुधार हुआ है। पोप फ्रांसिस के ताजा स्वास्थ्य अपडेट में बताया गया है कि बीती रात वह अच्छे से सोए और बुधवार को भी उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। हालांकि अब भी उन्हें वेंटिलेशन पर रखा गया है। वेटिकन ने बताया है कि पोप फ्रांसिस की हालत स्थिर है, लेकिन अभी भी खतरा टला नहीं है।

88 वर्षीय पोप फ्रांसिस फेफड़ों की समस्या से जूझ रहे हैं। युवावस्था में ही उनके एक फेफड़े में समस्या हो गई थी, जिसके चलते उनकी हालत अब और गंभीर है। पोप फ्रांसिस को बाहर से ऑक्सीजन दी जा रही है। पोप को 14 फरवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पोप फ्रांसिस बायलेटरल निमोनिया से पीड़ित हैं। इस संक्रमण में फेफड़ों के अंदर मौजूद एयर सैक्स में सूजन पैदा हो जाती है।

# तुम युद्ध चाहते हो तो तुम्हें युद्ध मिलेगा

## अमेरिका के भारी टैरिफ लगाने के एलान पर चीन की धमकी

**बीजिंग।** चीन के अमेरिका स्थित दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा है कि अगर अमेरिका युद्ध ही चाहता है, फिर चाहे वो टैरिफ युद्ध हो या फिर व्यापार युद्ध या किसी भी तरह का युद्ध तो हम तैयार हैं और अंत तक इस लड़ाई को लड़ेंगे।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा है कि जो देश अमेरिका पर जितना टैरिफ लगाएगा, उसके बदले में अमेरिका भी 2 अप्रैल से उस देश पर उतना ही टैरिफ लगाएगा। ट्रंप के इस एलान ने कई देशों की चिंता बढ़ा दी है। चीन जो पहले ही ट्रंप के टैरिफ से जूझ रहा है, उसने अमेरिका को धमकी दे डाली है। चीन के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा है कि %अगर अमेरिका युद्ध ही चाहता है, फिर चाहे वो टैरिफ युद्ध हो या फिर व्यापार युद्ध या किसी भी तरह का



युद्ध तो हम तैयार हैं और अंत तक इस लड़ाई को लड़ेंगे।

**चीन के विदेश मंत्रालय ने अमेरिका को दी चुनौती**

चीन के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में अमेरिका को चेतावनी देते हुए लिखा कि फेंटानिल का फिल्मी मुद्दा बनाकर अमेरिका चीन से आने वाले सामान पर टैरिफ बढ़ा रहा है। ऐसे में अपने हितों को सुरक्षित रखना हमारा अधिकार है। अमेरिका के फेंटानिल संकट के लिए न अमेरिका और न ही कोई और जिम्मेदार है। इसके बावजूद मानवता और अमेरिका के प्रति समर्थन जताते हुए हमने इसके खिलाफ कड़े कदम उठाए। इसके बावजूद हमारी कोशिशों को मानने के बजाय अमेरिका, हम पर ही आरोप लगा रहा है और चीन को ही टैरिफ बढ़ाने के नाम पर ब्लैकमेल कर रहा है। वे हम पर उनकी मदद के लिए दबाव बना रहे हैं। इस तरह से अमेरिका की परेशानी हल नहीं होगी और इससे हमारे द्विपक्षीय संबंध और सहयोग भी कमजोर होगा।

चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि धमकी देकर हमें डराया नहीं जा सकता। दबाव या धमकी, चीन से डील करने का सही तरीका नहीं है। जो भी चीन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है, वह गलतफहमी में है और गलत व्यक्ति से पंगा ले रहा है। अगर अमेरिका सच में फेंटानिल समस्या से निपटना चाहता है तो सही तरीका ये है कि चीन से बात करे और एक दूसरे को पूरा सम्मान दें। अगर अमेरिका युद्ध चाहता है, फिर चाहे वो टैरिफ युद्ध हो या व्यापार युद्ध या कोई भी युद्ध तो हम तैयार हैं और अंत तक लड़ेंगे।

## संयुक्त सत्र में ट्रंप ने पढ़ा जेलेंस्की का पत्र, कहा- वह युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत को तैयार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार (भारतीय समयानुसार) को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इस दौरान ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से व्हाइट हाउस में हुई तकरार को लेकर बात की। ट्रंप ने कहा कि मुझे जेलेंस्की का एक पत्र मिला है। पत्र में जेलेंस्की ने रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत की इच्छा जताई है। ट्रंप ने कहा कि हमारे प्रशासन को इस बात के भी मजबूत संकेत मिले हैं कि रूस शांति के लिए तैयार है। संबोधन के दौरान जेलेंस्की का पत्र पढ़ते हुए ट्रंप ने कहा कि स्थायी शांति लाने के लिए यूक्रेन जल्द से जल्द बातचीत की मेज पर आने के लिए तैयार है। यूक्रेन के लोगों से ज्यादा कोई भी शांति नहीं चाहता है। जेलेंस्की ने सुरक्षा गारंटी के बदले खनिजों पर समझौते पर हस्ताक्षर करने पर सहमति जताई थी।

# काबुल एयरपोर्ट रोड पर नजर रख रहा था आतंकी शरीफुल्ला, अफगानिस्तान बम धमाके में एफबीआई का बड़ा खुलासा

**न्यूयॉर्क।** अगस्त 2021 में काबुल एयरपोर्ट के पास हुए बम धमाके के मामले में अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने बड़ा खुलासा किया है। आईएसएसआई के आतंकी मोहम्मद शरीफुल्ला ने एफबीआई को बताया कि धमाके से पहले वह काबुल एयरपोर्ट के पास रोड पर नजर रख रहा था। साथ ही उसने मॉस्को में एक हमले सहित कई घातक हमले समेत आतंकी संगठन की ओर से गतिविधियां संचालित की थीं।

आईएसआईएस के सदस्य शरीफुल्ला पर दो मार्च को वर्जीनिया में दर्ज एक शिकायत में एक विदेशी आतंकी संगठन को सामग्री सहायता प्रदान करने और साजिश रचने के चलते हत्या करने का आरोप लगाया गया है। शरीफुल्ला को अफगानिस्तान बम विस्फोट में उसकी भूमिका के लिए अमेरिका प्रत्यर्पित किया जा रहा है।

शरीफुल्ला से दो मार्च को एफबीआई एजेंटों ने पूछताछ की थी। अब उसे पहले वर्जीनिया के



पूर्वी जिले में हिरासत में लाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शरीफुल्ला ने एफबीआई एजेंटों को बताया कि उसे 2016 या उसके आसपास आईएसआईएस में भर्ती किया गया था और तब से वह आतंकी समूह का सदस्य है। उसने कई घातक हमलों के लिए संगठन की गतिविधियों का समर्थन और संचालन करना स्वीकार किया था।

शिकायत में 26 अगस्त 2021 को हामिद करजई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए एबी गेट हमले का विवरण दिया गया है। एबी गेट हमले के लिए मुख्य प्रवेश नियंत्रण बिंदु था। 26 अगस्त को अफगानिस्तान से निकासी प्रक्रिया के लिए हजारों नागरिक एबी गेट पर या उसके आसपास थे। एबी गेट पर एक अकेले हमलावर अब्दुल रहमान अल-लोगारी नामक आईएसआईएस सदस्य ने हमला किया था।

शरीफुल्ला ने एफबीआई को बताया कि वह 2019 से अफगानिस्तान की जेल में था। काबुल एयरपोर्ट पर हमले से कुछ सप्ताह पहले भी वह जेल से बाहर आया था। इसके बाद आईएसआईएस के एक सदस्य ने हमले में सहयोग करने के लिए उससे संपर्क किया। आईएसआईएस ने उसे एक बाइक, एक सेल फोन और एक सिम कार्ड के लिए पैसे दिए। साथ ही उसे हमले के दौरान बात करने के लिए एक विशेष सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक खाता खोलने के लिए कहा गया। इसके बाद शरीफुल्ला को एक हमलवार के लिए एयरपोर्ट के पास मार्ग की तलाश करने का काम सौंपा गया था। शरीफुल्ला ने एक मार्ग पर निगरानी की। उसने यहां पुलिस, अमेरिकी और तालिबान चौकियों की जांच की।

अदालत में दाखिल दस्तावेजों के मुताबिक शरीफुल्ला ने अन्य आईएसआईएस सदस्यों को बताया कि रास्ता साफ है और उसे नहीं लगता कि उस रास्ते से आगे बढ़ने पर हमलावर का पता लगाया जाएगा।

# राष्ट्रपति ट्रंप ने 13 साल के बच्चे को बनाया सीक्रेट सर्विस एजेंट, इसकी वजह भावुक करने वाली

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी में सत्ता संभालने के बाद पहली बार अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकार के दूसरे कार्यकाल में अब तक किए गए कामों का जिक्र किया। ट्रंप ने अपने संबोधन के दौरान एक 13 साल के बच्चे डीजे डेनियल को सीक्रेट सर्विस एजेंट नियुक्त करने का भी एलान किया। जिस वक्त ट्रंप ने यह एलान किया, उस वक्त गैलरी में डीजे भी अपने परिजनों के साथ मौजूद रहा। डीजे के लिए पूरे सदन ने खड़े होकर तालियां बजाईं। दरअसल डीजे डेनियल कैंसर से पीड़ित है और उसका सपना था कि वह पुलिस अधिकारी बने। बच्चे की हालत को देखते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने उसे सीक्रेट सर्विस एजेंट नियुक्त करने का फैसला किया।

राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि डीजे डेनियल साल 2018 से एक दुर्लभ कैंसर से ग्रस्त है और डॉक्टर्स ने बताया था कि डीजे के पास सिर्फ पांच महीने का ही वक्त है, लेकिन तमाम मुश्किलों के बावजूद डीजे लड़ा और आज छह साल बीत गए



हैं। उसने कभी भी अपने पुलिस अधिकारी बनने के सपने को नहीं छोड़ा। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि आज की रात हम डीजे को उसकी जिंदगी का सबसे बड़ा सम्मान देंगे। मैं हमारे सीक्रेट सर्विस निदेशक सीन कुरन से कहता हूं कि वे आधिकारिक तौर पर तुम्हें अमेरिकी सीक्रेट सर्विस का एजेंट नियुक्त करें। ट्रंप के इस एलान के बाद पूरा सदन भावुक हो गया और दोनों पार्टियों के सांसदों ने खड़े होकर डीजे और उसके पिता के सम्मान में तालियां बजाईं। इस दौरान सांसदों ने डीजे..डीजे के नारे भी लगाए। इसके बाद सीन कुरन ने डीजे को सीक्रेट सर्विस एजेंट का आधिकारिक बैज सौंपा। इससे खुश डीजे ने कुरन को गले लगा लिया।

ट्रंप ने अपने संबोधन के दौरान एलान किया कि 2 अप्रैल को पारस्परिक टैरिफ लागू होंगे। जो भी देश हम पर टैरिफ लगाते हैं, हम उन पर टैरिफ लगाएंगे। यदि वे हमें अपने बाजार से बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक टैरिफ लगाते हैं, तो हम भी उन्हें अपने बाजार से बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक अवरोध लगाएंगे।

# खेलों से युवाओं को मिल रहे नए अवसर: अजय

**खेल महाकुंभ में स्कूली बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन, विजेताओं को मिला सम्मान**



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (खेतासराय)** शाहगंज ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन बड़ऊर खेल मैदान में हुआ। इस प्रतियोगिता में परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने बेहतरीन खेल प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह, खंड विकास अधिकारी पियूष त्रिपाठी और खंड शिक्षा अधिकारी बसंत कुमार शुक्ल उपस्थित रहे। उन्होंने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।मुख्य अतिथि अजय सिंह ने कहा, ÷आज खेलों के माध्यम से युवाओं को नए अवसर मिल रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकारें प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मंच दे रही हैं, जिससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे युवा कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।÷ उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन अवसर मिलता है।

खंड विकास अधिकारी पियूष त्रिपाठी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, ÷खेलते रहिए, खिलते रहिए। खेलों से युवाओं की रचनात्मक शक्ति को प्रोत्साहन मिलता है, जिससे आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में वे महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।÷खंड शिक्षा अधिकारी बसंत कुमार शुक्ल ने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ÷खेल-कूद बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होते हैं। सरकार खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को उचित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।÷

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकास वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि बड़ऊर प्रधान अमर कुमार बिंद ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सैयद मोहम्मद मुस्तफा और रत्नेश सिंह ने किया।इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक संघ संयोजक अभिषेक सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद कुमार शुक्ला, एआरपी संघ प्रदेश मंत्री प्रशांत मिश्रा, नोडल अशोक कुमार मौर्य, वीरेंद्र कुमार, ओम प्रकाश वर्मा, पंकज सिंह, मनबहाल, शांति भूषण, रूपेश सिंह, मनोज यादव, शैलेंद्र सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका अरूणेश यादव ने निभाई, जबकि निर्णायक मंडल में शैलेंद्र सिंह, सुभाषचंद्र तिवारी, वीरेंद्र यादव, शिव प्रकाश प्रजापति, सुरेश मौर्य, राजेश निषाद और राम चंद्र बिंद शामिल रहे।

## पीस कमेटी की मीटिंग संपन्न



**आजमगढ़।** बरदह थाना क्षेत्र अंतर्गत मुक्तिपुर बाजार में त्योहारों को देखते हुए थाना अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में इस कमेटी की मीटिंग बुलाई गई जिसमें कहा गया कि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे एवं कोई अशांत फैलाने के लिए प्रयास करें तो तत्काल थाना प्रभारी से संपर्क करें इस समय रमजान का महीना चल रहा है जिसमें सभी लोग भाई चार बनाकर चले और होली का त्यौहार आने वाला है शुक्रवार को होली पड़ रही है जिसमें समय अंतर देकर रोजे की नमाज को पढ़ा जाए। जिससे आपसी भाईचारा बना रहे हैं एवं शांति कायम रहे इस कमेटी की मीटिंग में सभी हिंदू एवं मुस्लिम मौजूद रहे राजीव कुमार सिंह थाना अध्यक्ष अपने दल बल के साथ मीटिंग लिये।

# रक्तदाता हमारे समाज और मानवता के अनमोल सेवक हैं : डॉ. सुषमा

**पूर्व विधायक के जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर, 105 यूनिट ब्लड एकत्रित**



**जौनपुर (मछलीशहर)।** श्री राम मेमोरियल ब्लड बैंक हॉस्पिटल में पूर्व विधायक डॉ सुषमा पटेल के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने अपना जन्मदिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेते हुए सेवा पखवाड़ा के रूम में मनाया। शिविर में 105 लोगों ने रक्तदान किया। और अस्पताल में भर्ती मरीज को फल वितरित किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ पूर्व विधायक डॉ सुषमा पटेल, रणजीत सिंह पटेल व एमडी डॉ अशोक पटेल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। डॉ विधायक सुषमा पटेल ने रक्तदान करने के दौरान कहा कि रक्तदाता हमारे समाज और मानवता के अनमोल सेवक हैं। रक्तदान से बड़ा इस दुनिया में कोई दान नहीं है। रक्तदान ही महादान है। पूर्व पीसीएस अधिकारी रणजीत सिंह पटेल, एमडी डॉ अशोक पटेल व मेहींलाल गौतम व आयोजक वीरेंद्र बिन्द ने हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करने की अपील की। रक्तदान शिविर में वीरेंद्र बिन्द, राजमणि पटेल, रणजीत सिंह, विक्की गुप्ता, शुभम यादव, गोलु दुबे व सुनील बिंद सहित 105 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के पूर्व में पूर्व विधायक डॉ सुषमा पटेल का लोगों ने स्मृति चिन्ह व बुके देकर उन्हें जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शेष नारायण पटेल, अमरेंद्र प्रधान, रमाकांत मौर्य, बृजेश सिंह पिंटू, सुनील बिंद, प्रभाकर तिवारी, शैलेश वर्मा, राजू यादव, विपिन गुप्ता, राजेश पटेल, विक्की गुप्ता, डॉ शिवनाथ मौर्य, वेंकटेश प्रधान, छोटेलाल, लालचंद व आदर्श आदि लोग मौजूद रहे।

## सिविल डिफेंस के कैडेटों ने मेला क्षेत्र में जारी स्वच्छता अभियान में किया योगदान



**महाकुम्भ मेला क्षेत्र में चल रहा है 15 दिनों का विशेष स्वच्छता अभियान**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में संगम तट पर 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आस्था के महापर्व महाकुम्भ का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 27 फरवरी को महाकुम्भ के समापन की घोषणा के अवसर पर मेला क्षेत्र में 15 दिनों विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसी दिशा क्रम में संगम तट पर चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान में मंगलवार को सिविल डिफेंस के वालेंटियर के तौर पर भाग लिया। आने वाले दिनों में अन्य सामाजिक संस्थाएं भी महाकुम्भ के स्वच्छता अभियान में सहयोग देंगी।

**चलाया स्वच्छता अभियान-** आस्था के महापर्व महाकुम्भ के समापन के बाद भी प्रयागराज में श्रद्धालुओं के आने का क्रम निरंतर जारी है। पवित्र संगम में स्नान के लिए संगम तट को साफ और स्वच्छ बनाए रखने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान मेले की विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राना के निर्देशन में चल रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को सिविल डिफेंस के वॉलिंटियर्स ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया। मेला क्षेत्र के सेक्टर 06 में चल रहे स्वच्छता कार्यक्रम में अपना योगदान दिया। आने वाले दिनों में भी सिविल डिफेंस के वॉलिंटियर्स इस अभियान से जुड़े रहेंगे। मेला प्रशासन द्वारा सिविल डिफेंस को स्वच्छता अभियान से जुड़ने पर आभार व्यक्त किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में अन्य सामाजिक संस्थाएं भी इस अभियान में सहयोग करेंगी।

# डीएम ने ऋण जमा अनुपात के कम होने पर काफी चिंता व्यक्त की

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में एमएसएमई आउटरीच कैंप का आयोजन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना और उन्हें बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ना है। कैंप का शुभारंभ जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र एवं मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम एवं यूनियन बैंक के केंद्रीय कार्यालय से आए हुए यूनियन बैंक के महाप्रबंधक मनोज कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिलाधिकारी ने जनपद में ऋण जमा अनुपात के कम होने पर काफी चिंता व्यक्त की और यूनियन बैंक के सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि सीएम युवा ऋण योजना की सफलता पर बल देते हुए इसे आसानी से जन जन तक पहुंचाने का कार्य करने हेतु शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया।



महाप्रबंधक के द्वारा बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि बैंक द्वारा एमएसएमई सेक्टर को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न ऋण योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता दी जा रही है। कार्यक्रम क्षेत्र प्रमुख शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि यूनियन बैंक एमएसएमई ग्राहकों को सुगम और तत्काल ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान कुल 250 से ज्यादा लाभार्थियों को कुल 51 करोड़ 52 लाख रुपये के ऋण अनुमोदन पत्र वितरित किए गए। इससे छोटे और मध्यम स्तर के उद्यमियों को अपने व्यवसाय को विस्तार देने में सहायता मिलेगी। इस कैंप में जिले के विभिन्न उद्योगपतियों, व्यापारियों और बैंक अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में लाभार्थियों ने बैंक अधिकारियों का धन्यवाद किया और इस प्रकार के आयोजनों की सराहना की। एलडीएम शंकर चंद्र सामंत ने आये हुए अतिथियों के प्रति अभार जताया। इस कैंप में जौनपुर क्षेत्र के उप क्षेत्र प्रमुख सुबोध कुमार एवं अजय कुमार सहित सभी शाखा प्रमुख भी उपस्थित थे।

## चैयरमेन ने छात्रों को बांटे टैबलेट

**जौनपुर।** स्थानीय रामपुर वाल्थर डिग्री कालेज मे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त टैबलेट समारोह के मुख्य अतिथि रामपुर चेयरमैन विनोद कुमार जायसवाल ने सभी छात्राओं को प्रदत्त टैबलेट वितरित किए और उन्होंने सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों का परीक्षा है।आप लोग पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पढ़े जिससे कि अपना प्रदेश आगे बढ़े जो यह टैबलेट दिया जा रहा है।इससे पढ़ाई और अच्छे से करिए जिससे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यह जो योजना चलाई जा रही है पुरी तरह से सफल होजाए जिससे आप लोग पढ़ लिख कर आगे बढ़े चेयरमैन विनोद कुमार जायसवाल ने वाल्थर डिग्री कॉलेज के प्रबंधक शिवसागर तिवारी का आभार व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अपने कॉलेज के बच्चों के लिए पूरी तरह से तत्पर रहते हैं। तो बहुत ही सराहनीय कार्य है कार्यक्रम में उपस्थित रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष नाजा दुबे पूर्व मंडल अध्यक्ष शरद अध्यक्ष दीनानाथ तिवारी, शिव शंकर गुप्ता, आनंद जायसवाल, अमीत चौरसिया शिक्षक सहित समस्त स्टाप उपस्थित रहे।

# आईजीएल ने शहर मे खोद डाली नई नवेली सड़कें

**गैस पाईप लाइन डालने के नाम पर शहर वासियों को मिली अव्यवस्थाओं की सौगात**

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** शहर में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड कंपनी द्वारा गैस पाइपलाइन डालने का काम 10 महीने से किया जा रहा है जिससे लोगों वह सरकार को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, तीन माह हो चुके हैं अभी तक इन्होंने गड्ढे नहीं पूरे नही भरे हैं, साथ साथ ही नये गढ्ढे खोदने का काम भी करते जा रहे है परंतु पुराने खोदी गयी सडके नही भरी जा रही है।

यही हाल आवास विकास कालोनी, सिविल लाइन, के साथ साथ बाईपास इंद्रानगर सहित आधा दर्जन मोहल्लों का है, और अगर आम आदमी शिकायत करता है तो इनके आवास विकास ए ब्लाक स्थित आफिस मे कोई सुनने वाला भी नही है।सहायक अभियंता राकेश कुमार (पीडब्ल्यूडी)ने बताया कि, 7 करोड़ की लागत से जेल रोड में ग्रीन गैस द्वारा नई बनी रोड को काट दी गई है बड़े बड़े गड्ढे हो गए मौके पर पहुंच कर मैंने देखा सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे कर दिए गए जिसकी लिखित शिकायत कार्यवाही की जाएगी अपने उच्च अधिकारियों सहित कमिश्नर और डीएम साहब को भी अवगत कराया जाएगा,संबंधित फर्म के खिलाफ एफआईआर की जाएगी जो हमारा नुकसान हुआ है खुले हुए एरिया की नपाई कर पेनल्टी लगाई जाएगी रिकवरी कर कंपनी और ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर करेंगे।

# जनपद न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**अवधनामा संवाददाता**



**बांदा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी दिनांक 08 मार्च, 2025 दिन शनिवार को प्रातः 10.00 बजे से आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आज दिनांक 05 मार्च, 2025 को प्रातः 10:15 बजे दीवानी न्यायालय परिसर-बांदा से माननीय डा0 बब्बू सारंग, जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर नगर भ्रमण हेतु रवाना किया गया।

प्रचार वाहन भ्रमण का उद्देश्य जनपद व तहसील स्तर पर आगामी दिनांक 08.03.2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजन /वादकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ दिलाया जाना हैं। इस अवसर पर माननीय डा0 बब्बू सारंग, जिला जज महोदय के साथ कमलेश दुबे अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत-बांदा, चन्द्रपाल द्वितीय, प्रथम अपर जिला जज बांदा, डा0 विकास श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश (एससी. एसटी.) बांदा, निरन्जन कुमार, अपर जिला जज (डीएए0) / नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत बांदा, छोटेलाल यादव, अपर जिला जज (ई.सी. एक्ट) बांदा, गुणेन्द्र प्रकाश, अपर जिला जज (पंचम) बांदा, हेमन्त कुमार अपर जिला जज (पॉक्सो) बांदा, पल्लवी प्रकाश, अपर जिला जज (त्वरित पथ) बांदा, हेमन्त कुमार अपर जिला जज (पॉक्सो) बांदा, श्रीपाल सिंह अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण-बांदा, भगवानदास गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बांदा, गरिमा सिंह, सिविल जज (सी0डि0)-बांदा, सुचेता चौरसिया, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (रेल्वे) बांदा, सुश्री वरुणा बशिष्ठ, सिविल जज (सी0डि0/ त्वरित) बांदा, ब्रम्हदत्त सिंह-सदस्य स्थायी लोक अदालत बांदा रवि शंकर, जिला अग्रणी प्रबन्धक बांदा, सी0ओ0 सदर बांदा, कविता अग्रहरि-वरि0लि0, राशिद अहमद-डी.ई.ओ. व नासिर अहमद के साथ पराविधिक स्वयं सेवक सुमन शुक्ला, राहुल सिंह सुरिन्की अहिरवार, अशोक त्रिपाठी, देवेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहें।

## व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 05.03.2025 को थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि देवेन्द उर्फ कल्लू ने दिनांक 16.01.2025 को बिलगांव के रहने वाले ज्ञानेन्द्र सिंह पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया था जिससे ज्ञानेन्द्र गम्भीर रुप से घायल हो गए थे। इस संबंध में घायल के पुत्र द्वारा थाना बिसंडा पर दी गई तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। आज दिनांक 05.03.2025 को अभियुक्त को ग्राम कोनी मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा बरामद किया गया है।

# मेगा एमएसएमई आउटरीच कैम्प का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय, आजमगढ़ द्वारा होटल गोल्डन फॉर्च्यून में मेगा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, यूनियन बैंक के कार्यपालक निदेशक रामसुब्रमणियन एस, कॉरपोरेट सीजीएम श्री कबीर भट्टाचार्य, अंचल प्रमुख, वाराणसी धीरेंद्र जैन, क्षेत्र प्रमुख, आजमगढ़ मनीष कुमार एवं आजमगढ़ क्षेत्र के सभी शाखाओं के शाखा प्रमुख एवं कई ग्राहक बंधु उपस्थित थे। अंचल प्रमुख वाराणसी धीरेंद्र जैन ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। इस दौरान 198 खातों के साथ लगभग 50 करोड़ की सैद्धान्तिक ऋण स्वीकृति दी गयी। जिलाधिकारी ने सभा को संबोधित करते हुए यूनियन बैंक के प्रयासों की सराहना की और उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की अपेक्षाओं से सभी को अवगत कराया। उन्होने कहा कि ऋष्ण वितरण में लगातार हमारा जनपद आगे बढ़ रहा है और आगे भी बढ़ता रहेगा। कार्यपालक निदेशक ने अपने संबोधन में ग्राहक सेवा, अनुशासन और अखंडता पर बल देते हुए आशा व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी, यूनियन बैंक के महानिदेशक कार्यपालक, कॉरपोरेट सीजीएम, अंचल प्रमुख, वाराणसी, क्षेत्र प्रमुख, आजमगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थी रंजना देवी, मनीष कुमार सिंह, दानिश अली ओस्मानी, आंचल यादव, ज्योति पाठक, प्रतिमा सिंह को प्रतिकात्मक रूप से रू0 5-5 लाख का ऋण स्वीकृत पत्र वितरित किया गया। इसके साथ ही रिवाकेंको फार्मा प्रा0लि0 को 9.5 करोड़, दीक्षित इण्टरप्राइसेस को 09 करोड़, टीसू इलेक्ट्रानिक्स को 02 करोड़ आदि को प्रतिकात्मक रूप से ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किया गया।यूनियन बैंक द्वारा कस्टमर के सक्सेस स्टोरी पर बनायी गयी वीडियो क्लिप का प्रदर्शन एलईडी के माध्यम से किया गया। इसके साथ ही यूनियन बैंक से ऋष्ण प्राप्त कर उसका अपने व्यापारध्उद्योग में उपयोग कर लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों द्वारा अपनी-अपनी सक्सेस स्टोरी भी साझा की गयी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक सावन सौरभ ने किया और क्षेत्र प्रमुख आजमगढ़ मनीष कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समाप्त हुई। इस अवसर पर एलडीएम, उपायुक्त उद्योग श्री एसएस रावत सहित यूनियन बैंक के समस्त ब्रांचों के बैंक मैनेजर एवं लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं FARAH ZEBA पत्नी SYED SAIF ABBAS NAQVI सर्व साधारण को सूचित करती हूँ कि मेरा नाम पहले FARHA ZEBA था जो अब बदल कर मेरा नाम FARAH ZEBA कर लिया है अब मुझे इसी नाम FARAH ZEBA से जाना एवं पहचाना जाये।
FARAH ZEBA W/O SYED SAIF ABBAS NAQVI
निवासिनी 253 / 11 नादान महल रोड राजेंद्र नगर लखनऊ

**सूचना**

मैं SYED SAIF ABBAS NAQVI सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि मेरा नाम SYED SAID ABBAS NAQVI ना लिख कर SYED SAIF ABBAS NAQVI लिखा जाए जो कि सही है।
SYED SAIF ABBAS नक़्वी
निवासी 253 /11 नादान महल रोड राजेंद्र नगर लखनऊ

# खुसरोबाग में अमरूद की प्रजातियां के मातृ पौधे बढ़ाए

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र खुसरोबाग प्रयागराज में बुधवार को डॉ वी बी द्विवेदी, निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण उ0 प्र0 लखनऊ द्वारा भ्रमण किया गया। केंद्र में आयोजित कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम के माली प्रतिभागियों से वार्ता करते हुए खुसरोबाग की पौधशाला का भी भ्रमण किया गया भ्रमण के समय पौधशाला में तैयार हो रहे अमरूद की विभिन्न प्रजातियों की पौधों में सुधार किए जाने के निर्देश दिए गए साथ ही मुख्य उद्यान विशेषज्ञ डॉ. कृष्ण मोहन चौधरी द्वारा खुसरोबाग को महाकुंभ अंतर्गत होल्डिंग एरिया बनाए जाने के कारण उद्यान में हुई क्षति से अवगत कराया गया जिस पर निदेशक डॉ वी बी द्विवेदी द्वारा कहा गया कि उद्यान में हुई क्षति के सुधार के लिए विभाग के द्वारा जो भी सहयोग है वह किया जाएगा। मानसून सत्र में मातृ पौधों का रोपण कराया जाए तथा मातृ पौधों के गुणवत्ता में सुधार के लिए खाद उर्वरकों का नियमित अंतराल पर प्रयोग किया जाए। अमरूद की अनेकों प्रजातियों का संकलन कर केंद्र की उपयोगिता निरंतर बनाए रखने के लिए सार्थक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। भ्रमण कार्यक्रम में मुख्य उद्यान विशेषज्ञ डॉ कृष्ण मोहन चौधरी के अलावा केंद्र में कार्यरत संदीप कुमार सिंह, मनीष कुमार यादव, अमित सिंह एवं विवेक श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# प्राधिकरण के कार्यों का मण्डलायुक्त ने किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा महाकुंभ 2025 तथा अन्य परियोजनाओं के अंतर्गत कराए गए विभिन्न कार्यों तथा अवैध निर्माण को रोकने हेतु चलाए जा रहे अभियान सम्बंधित कार्यों की अद्यतन स्थिति को देखने हेतु मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने संबंधित अधिकारियों के साथ आज कई कार्यों का निरीक्षण किया।

सर्वप्रथम बड़ा भगाड़ा आई ई आर टी पार्किंग के पास हुई अवैध प्लाटिंग का निरीक्षण करते हुए उस भूमि के मालिकाना हक की जानकारी ली। तत्पश्चात् दारागंज स्थित गंगाजी घाट रोड (दशाश्वमेध घाट के समीप) अवैध रूप से निर्माणाधीन एक मंजिल भवन को भी देखा एवं दोनों प्रकरणों संबंधित पत्रावली, भूमि की वास्तविक स्थिति की जानकारी तथा नजरी-नक्शा सहित पैमाइश रिपोर्ट सायं तक उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश तहसीलदार सदर/ सचिव, विकास प्राधिकरण को दिए

इसी क्रम में महाकुंभ 2025 संबंधित कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। शास्त्री ब्रिज के बायें साईड लगवाये गये वर्टिकल गार्डेन की अद्यतन स्थिति देखने पर पाया गया की अधिकांश पौधे सूख चुके हैं और काफी गमले गायब हैं। वार्टिकल गार्डन में लगा पानी का पाइप भी ठीक प्रकार से काम नही कर रहा था। उन्होंने अलोपीबाग फ्लाई ओवर के नीचे किये गये ग्रीन बेल्ट डेवलपमेंट को भी देखा। ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में नियमित रूप से देख-रेख न होने और समय से पानी न देने के कारण पौधे सूख रहे थे।

सीमेट्री रोड पर बनाये गये डिवाइडर पर ग्रीनरी हेतु पौधे लगाये जाने थे परंतु वह नहीं लगाये गए थे। डिवाइडर में कई स्थानों पर मिट्टी की जगह कंक्रीट भरा हुआ था। इसी क्रम में सीएमपी डिग्री कॉलेज के समीप बने डिवाइडर को देखा गया। वहां पर भी काफी गंदगी थी तथा अपेक्षित पौधे नहीं रोपे गए थे। सीएमपी डिग्री कॉलेज के सामने खुले नाले पर काफी गन्दगी पाई गई। सभी स्थानों पर समुचित साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए पौधों को रोकने तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा कार्यों में लापरवाही बरतने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।




**प्रयागराज विकास प्राधिकरण में सभागार में बैठक**

निरीक्षण के क्रम में मंडलायुक्त ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण सभागार में उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, अमित पाल शर्मा तथा अन्य सभी अधिकारियों की उपस्थिति में उक्त अवैध प्लाटिंग/ निर्माण कि पत्रावलियों की जांच की तथा संबंधित अधिकारियों से पूछ-ताछ की।

उन्होंने अवैध प्लाटिंग/ निर्माण के विकास प्राधिकरण के एरिया सूपरवाइजर के विरुद्ध इन्क्वायरी बैठा कर निलंबन की कार्रवाई करने तथा सीमेट्री रोड पर बनाए गए वर्टिकल गार्डन संबंधित कार्यों में लापरवाही बरतने पर संबंधित एई एवं जेई के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण को दिए।

# हरि अनंत हरि कथा अनंता

**पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने ब्यास पीठ का किया पूजन**



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जहानागंज ईश्वर को सीमाओं में नहीं बाँधा जा सकता है क्योंकि वह अत्यंत व्यापक है कहा गया है कि हरि अनंत हरि कथा अनंता कहहि सुनहि बहु विधि सब संता अर्थात ईश्वर का इतना व्यापक रूप है कि उसे जो जिस रूप में चाहता है वह उसे उसी रूप में प्राप्त होता है उक्त बातें अयोध्या से पधारे मानस वक्ता श्री अशोकानंद जी महाराज ने मंगलवार को रात्रि बेला श्री शोभनाथ धर्मशाला में आयोजित श्री शत चंडी महायज्ञ में श्रद्धालुओं के बीच प्रवचन के दौरान कही उन्होंने कहा कि जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत देखी तिन तैसी ईश्वर एक अलौकिक प्रकाश का स्वरूप है और उसी प्रकाश से नश्वर प्राणी का जीवन प्रकाशित होता है लेकिन खाली हाथ पैदा होने वाला इंसान मोह माया और लिप्सा में उलझ कर इस ईश्वर को ही भूल जाता है जिसकी अनुकंपा से उसके जीवन का एक-एक क्षण व्यतीत होता है श्री महाराज ने कहा कि भक्त अपने जीवन का जो समय कथा पंडाल, सत्संग या भगवान के पूजन अर्चन में व्यतीत करता है वही उसके जीवन का सार्थक क्षण होता है अन्यथा अपने पराए के अज्ञानता में उलझा व्यक्ति अपना समूचा जीवन झूठी सोहरत में ही बर्बाद कर देता है गुरादरी मठ के महंत श्री धुरंधर दास जी महाराज ने हनुमान और भरत का भगवान श्री राम के प्रति भक्ति एवं समर्पण का दृष्टांत सुना कर सबको भाव् विभोर कर दिया कथा के आरंभ में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य देवेंद्र सिंह ने व्यास पीठ का पूजन करते हुए कथावाचक अशोकानंद महाराज को माला एवं अंगवस्त्रम् भेट कर सम्मानित किया। इसके गुड्डू सिंह बोहना,रविंद्र राय ,विजय कुमार सिंह भक्कू, सत्यदेव वर्मा, बालचंद चौरसिया, सनी गुप्ता अभय जायसवाल दिनेश जायसवाल,प्रवीण वर्मा सहित अन्य लोगों ने भी महाराज जी का माल्यार्पण किया।

# निफ्टी में 10 दिन से जारी गिरावट पर विराम, 23300 के पार सूचकांक, सेंसेक्स 740 अंक चढ़ा

**मुंबई।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 740.30 (1.01%) अंकों की बढ़त के साथ 73,730.23 पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी में बीते 10 दिनों से जारी गिरावट बुधवार को थम गई और 50 शेयरों का यह सूचकांक 254.65 (1.15%) अंक उछलकर 22,337.30 के स्तर पर बंद हुआ।



घरेलू शेयर बाजार में लंबे समय बाद बुधवार को खरीदारी दिखी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 740.30 अंक यानी 1.01 प्रतिशत की छलांग के साथ 73,730.23 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 943.87 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 254.65 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,337.30 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ, निफ्टी में 10 कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा। कारोबार के दौरान यह 312.25 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, आईटीसी, नेस्ले इंडिया, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, एशियन पेंट्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक और जोमैटो के शेयरों में गिरावट रही।

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''वैश्विक बाजारों में मजबूत संकेतों के साथ घरेलू सूचकांकों में तेजी आई। इसका कारण यह संकेत है कि वैश्विक व्यापार तनाव के बीच डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन कुछ शुल्क दरों को वापस ले सकता है। इससे धारणा मजबूत हुई।''

तापसे ने कहा कि इसके अलावा, फरवरी पीएमआई सूचकांक में वृद्धि जैसे स्थानीय कारकों ने भी बाजारों धारणा को मजबूती दी। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग में सुधार के कारण फरवरी में भारत के सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेज वृद्धि देखी गई। इसके चलते उत्पादन में तेजी से विस्तार हुआ और रोजगार में पर्याप्त वृद्धि हुई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई व्यापार गतिविधि सूचकांक जनवरी के 26 महीने के निचले स्तर 56.5 से बढ़कर फरवरी में 59.0 हो गया। यह तेज विस्तार को दर्शाता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से अधिक अंक से विस्तार का संकेत मिलता है, जबकि 50 से नीचे का अंक गिरावट को दर्शाता है।

एचएसबीसी में मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, ''भारत का सेवा कारोबार गतिविधि सूचकांक फरवरी, 2025 में बढ़कर 59.0 हो गया, जो जनवरी के 26 महीने के निचले स्तर 56.5 से काफी ऊपर है। नए निर्यात कारोबार सूचकांक के अनुसार छह महीनों में सबसे तेज गति से बढ़ी वैश्विक मांग ने भारत के सेवा क्षेत्र के लिए उत्पादन वृद्धि को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाई है।''

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख था। वॉल स्ट्रीट मंगलवार को नुकसान में रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.49 प्रतिशत घटकर 70.69 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,405.82 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# गार्नियर ब्लैक नेचुरल्स ने एमएस धोनी और साक्षी सिंह धोनी के साथ मिलकर बनाया ट्रस्ट का नया प्रतीक

**नई दिल्ली।** ग्रीन ब्यूटी के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर और हेयर कलर में इंडिया-फर्स्ट इनोवेशन करने वाली कंपनी, गार्नियर ब्लैक नेचुरल्स, ने भारतीय क्रिकेट के आइडल महेंद्र सिंह धोनी और उनकी पत्नी साक्षी सिंह धोनी के साथ अपने सहयोग की घोषणा की है। यह कैम्पेन भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांड गार्नियर के साथ हेयर कलर्स में विश्वास स्थापित करने में नई राह खोलेगा। जिस तरह धोनी ने अपने प्रशंसकों का दिल जीता है, फिर बात उनके अडिग नेतृत्व की हो, बेबाक बातचीत की हो या हमेशा बदलते लुक की। प्रशंसकों को पूरा भरोसा है कि धोनी हर समय सही निर्णय लेते हैं। इसी तरह गार्नियर ब्लैक नेचुरल्स भी एक दशक से अधिक समय से लाखों भारतीयों के जीवन को प्रभावित कर रहा है और उनके प्राकृतिक दिखने वाले हेयर कलर का राज बन चुका है। यह कैम्पेन भारत के दो सबसे भरोसेमंद ब्रांड - धोनी और गार्नियर ब्लैक नेचुरल्स - को एक साथ लाकर ट्रस्ट का नया बैज तैयार करने का प्रतीक है।




गार्नियर के जनरल मैनेजर अजय सिम्हा ने कहा गार्नियर ब्लैक नेचुरल्स भारत का सबसे भरोसेमंद हेयर कलर ब्रांड है। पिछले कुछ सालों में हम प्रभावी और प्राकृतिक दिखने वाले बालों के लिए भरोसेमंद रहस्य बन गए हैं। इस अविश्वसनीय भागीदारी के लिए हम एमएस धोनी और साक्षी सिंह धोनी के साथ मिलकर काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हम इस पॉवर कपल से बेहतर रणनीतिक जोड़ी की उम्मीद नहीं कर सकते थे, जो मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह भरोसे का एक मानक हैं। उनकी आकर्षक और अनूठी केमिस्ट्री के साथ, वास्तव में इससे बेहतर कोई विकल्प नहीं है। इस कैम्पेन के माध्यम से, हम उपभोक्ताओं के लिए हमारे ब्रांड से जुड़ने और धोनी और साक्षी के साथ-साथ गार्नियर के भरोसे और प्रामाणिकता को अपनाने के नए तरीके बना रहे हैं!

महेंद्र सिंह धोनी ने कहा गार्नियर कई साल से हेयर कलर के लिए एक भरोसेमंद ब्रांड रहा है। साक्षी और मैं गार्नियर ब्लैक नेचुरल्स का चेहरा बनकर उत्साहित हैं और सभी के साथ प्राकृतिक दिखने वाले हेयर कलर के अपने राज को साझा करके खुश हैं। यह कैम्पेन हमें लंबे समय के बाद एक साथ स्क्रीन पर आने का मौका देता है।

# एचपीसीएल और टाटा मोटर्स ने कमर्शियल गाड़ियों की परफॉर्मेंस बढ़ाने के लिए जेन्युन डीईएफ लॉन्च किया



**मुंबई।** महारत्न तेल कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और भारत की बड़ी कमर्शियल गाड़ियों की निर्माता टाटा मोटर्स ने मिलकर को-ब्रांडेड जेन्युन डीजल एग्जॉस्ट फ्लूड (डीईएफ) लॉन्च किया है। यह खास फ्लूड डीजल गाड़ियों के कार्बन उत्सर्जन को कम करने, परफॉर्मेंस बेहतर बनाने और इंजन की एफिशिएंसी बढ़ाने में मदद करेगा। बीआईएस से मान्यता प्राप्त फैक्ट्रियों में तैयार यह हाई-क्वालिटी डीईएफ इंडस्ट्री के उच्च मानकों का पालन करता है। इसे एचपीसीएल के 23,000 पेट्रोल पंपों के जरिए पूरे देश में उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि ग्राहकों को आसानी से और बिना किसी परेशानी के यह प्रॉडक्ट मिल सके। डीईएफ बीएस-6 मानकों वाली डीजल गाड़ियों के लिए एक जरूरी लिक्विड है। यह गाड़ियों से निकलने वाले हानिकारक नाइट्रोजन ऑक्साइड को सुरक्षित नाइट्रोजन और पानी में बदलकर प्रदूषण कम करने में मदद करता है।

टाटा मोटर्स के ग्राहक इस को-ब्रांडेड जेन्युन डीईएफ का इस्तेमाल करके अपनी गाड़ी की परफॉर्मेंस को बेहतर बना सकते हैं। इससे न सिर्फ गाड़ी पर्यावरण के अनुकूल बनती है, बल्कि यह भारतीय मानक ब्यूरो के प्रदूषण नियंत्रण नियमों पर भी पूरी तरह खरी उतरती है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के मार्केटिंग डायरेक्टर श्री अमित गर्ग ने लॉन्च पर कहा एचपीसीएल में हम मोबिलिटी सेक्टर में नवाचार एवं स्थायित्व को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। को-ब्रांडेड डीजल एग्जॉस्ट फ्लूड (डीईएफ) के लिए टाटा मोटर्स के साथ हमारी साझेदारी वायु प्रदूषण कम करने और स्वच्छ परिवहन के साधन प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमारा लक्ष्य एचपीसीएल के 23 हजार से ज्यादा पेट्रोल पंपों के विस्तृत नेटवर्क और टाटा मोटर्स की तकनीकी विशेषज्ञता का लाभ उठाकर उपभोक्ताओं को बेहतर, सुलभ और पर्यावरण के अनुकूल समाधान प्रदान करना है ताकि हम एक हरे-भरे भविष्य में योगदान दे सकें।''

इस अवसर पर टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री गिरीश वाघ ने कहा, ÷एचपीसीएल के साथ यह साझेदारी कमर्शियल गाड़ियों की इंडस्ट्री के लिए नए और पर्यावरण के अनुकूल समाधान देने की हमारी प्रतिबद्धता की दिशा में अगला कदम है। हमारे को-ब्रांडेड जेन्युन डीजल एक्जॉस्ट फ्लूड को लॉन्च कर यह सुनिश्चित किया गया है कि टाटा मोटर्स के उपभोक्ताओं को देश के अलग-अलग हिस्सों में यह प्रॉडक्ट आसानी से मिल जाए।

## वॉल्वो कार इंडिया ने नई एक्ससी90 को लॉन्च किया



**लखनऊ।** वॉल्वो कार इंडिया ने आज लग्जरी एसयूवीएस के लिए एक नई मिसाल कायम करने वाली अपनी एक्ससी90 को लॉन्च किया। अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और शानदार डिजाइन एलिमेंट्स वाली नई एक्ससी90 की कीमत 1,02,89,900 रुपये (एक्स-शोरूम) है, जो कई अवॉर्ड जीतने वाली और सबसे ज़्यादा बिकने वाली फ्लैगशिप एसयूवी को और भी बेहतर बना देते हैं। नई दिल्ली में स्थित स्वीडन के दूतावास में लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किया गया था, और इस अवसर पर महामहिम जॉन थेस्लेफ़ तथा वॉल्वो कार इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री ज्योति मल्होत्रा ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।इस मौके पर वॉल्वो कार इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, ज्योति मल्होत्रा ने कहा, इस आईकॉनिक एसयूवी ने लंबे समय से हमारी कामयाबी में अहम भूमिका निभाई है और हमें नई एक्ससी90 को भारतीय बाजार में पेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

उन्होंने आगे कहा, यह स्वीडिश लक्जरी और डिजाइन के लिहाज से सबसे उम्दा एसयूवी है, जो वॉल्वो ब्रांड की पहचान, यानी इनोवेशन और सुरक्षा को बड़े सहज तरीके से एकजुट करती है। यह वाहन बहुत अधिक आरामदेह, ज्यादा जगह वाला, बहु-उपयोगी और बेहद कुशल है। इसके बाहरी डिजाइन में नयापन है, जो आज के जमाने के अनुरूप है और सड़क पर इसकी मौजूदगी को बेहद प्रभावशाली बना देता है।

## उपकार समृद्धि धन 2.0 के तहत उच्च स्तरीय चर्चाओं की मेजबानी करेगा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) समृद्धि धन 2.0 पहल के तहत डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) स्केल-अप प्लान 2025 पर एक उच्च स्तरीय चर्चा की मेजबानी करने जा रहा है। यह कार्यक्रम गुरुवार, 6 मार्च, 2025 को यूपीसीएआर कार्यालय सभागार, राजकीय उद्यान, आलमबाग, लखनऊ में होगा, जिसमें विश्व बैंक, शिक्षाविदों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयू), कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके), किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), निजी उद्योग और संबंधित संस्थानों के प्रतिनिधियों सहित प्रमुख हितधारक एक साथ आएंगे। सहयोगात्मक प्रयासों के महत्व पर जोर देते हुए, यूपीसीएआर के महानिदेशक, डॉ. संजय सिंह ने कहा, यूपीसीएआर उत्तर प्रदेश में टिकाऊ और जलवायु-लचीली कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) तकनीक कुशल जल प्रबंधन, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और कृषि उत्पादकता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नीतिगत समर्थन, क्षमता निर्माण और तकनीकी नवाचारों के माध्यम से इस पहल को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए सरकारी एजेंसियों, अनुसंधान संस्थानों और निजी भागीदारों को शामिल करते हुए एक एकीकृत दृष्टिकोण आवश्यक है। हम क्षेत्र में टिकाऊ चावल की खेती के भविष्य को आकार देने में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए नीति निर्माताओं और उद्योग प्रतिनिधियों सहित सभी हितधारकों को आमंत्रित करते हैं। आयोजन के प्राथमिक उद्देश्यों में खरीफ 2024 डीएसआर कार्यान्वयन से सफलताओं और सबक की समीक्षा करना, आगामी सीज़न में डीएसआर को बढ़ाने के लिए रणनीतिक हस्तक्षेप पर चर्चा करना और एसएयू, केवीके, विस्तार नेटवर्क और निजी भागीदारों की भूमिकाओं को संरेखित करना शामिल है।

## अकासा एयर के लाजवाब फेस्टिव मेन्यू के संग खुले आकाश में रंगों का उत्सव मनाएं

**नई दिल्ली।** अकासा एयर की ऑनबोर्ड मील सर्विस यानी कैफे अकासा ने होली स्पेशल मील का तीसरा एडिशन लॉन्च किया है जिसे होली को और भी शानदार बनाने और आसमान में रंगों के त्योहार का जश्न मनाने के लिए विशेष रुप से तैयार किया गया है। भोजन में स्वादिष्ट दही भल्ला चाट, हरी मटर घुघरा, रबड़ी के साथ मालपुआ, और मनभावन पेय पदार्थ शामिल किए गए हैं जो पारंपरिक स्वाद और उत्सव के आनंद को एक साथ लाकर होली के त्योवहार को और भी यादगार बनाते हैं। यह लजीज भोजन मार्च 2025 तक अकासा के पूरे एयर नेटवर्क पर उपलब्ध होगा और इसे अकासा एयर की वेबसाइट या मोबाइल ऐप पर आसानी से पहले बुक किया जा सकता है।

होली के रंगो से सरोबार उत्साह को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया यह खास भोजन त्यौहार के आनंद, जोश और एकजुटता को दर्शाता है। पारंपरिक व्यंजनों को समकालीन इन-फ़्लाइट डाइनिंग अनुभव के साथ मिलाने के पीछे अकासा एयर का मकसद अपने यात्रियों के जीवन में कुछ यादगार पलों को लाना है क्यों कि इसमें वे अपनी हवाई यात्रा के दौरान ही होली का आनंद ले सकते हैं अकासा एयर ने अपनी यात्रा अगस्त 2022 में शुरु की थी और तभी से इसका प्रयास खास तौर से तैयार किए गए भोजन के विकल्पत उपलब्धत कराने का रहा है जो विभिन्न उत्सकवों से जुड़ी क्षेत्रीय विशेषताओं को दर्शाते हैं। मकर संक्रांति से लेकर वैलेंटाइन डे, होली, ईद, मदर्स डे, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, मानसून सीजन, नवरोज़, ओणम, गणेश चतुर्थी, दशहरा, दिवाली और क्रिसमस तक, कैफ़े अकासा उत्सव के हर अवसर पर अपने भोजन से उड़ान के अनुभव को बढ़ाता रहता है। एयरलाइन अपने नियमित मेन्यू में उन यात्रियों के लिए केक का प्री-सिलेक्शन भी प्रदान करती है जो अपने प्रियजनों का जन्मदिन आसमान में मनाना चाहते हैं।

## नथिंग फ़ोन (3ए) और फ़ोन (3ए) प्रो भारत में लॉन्च किए गए



**लखनऊ।** नथिंग ने आज फ़ोन (3ए) सीरीज़ पेश की, जो एडवांस्ड फ़ीचर्स के साथ अपने मिड-रेंज लाइनअप को और बेहतर बनाती है। बहु-चर्चित फ़ोन (2ए) पर आधारित, इसमें है ऑप्टिकल ज़ूम के साथ एक एडवांस्ड ट्रिपल-कैमरा सिस्टम, एक दमदार Snapdragon® प्रोसेसर, एक उज्ज्वल, ज़्यादा रिस्पॉन्सिव डिस्प्ले और Essential Space जैसे Nothing OS नवाचार ये सब दो खास बेहतर डिज़ाइनों में आ रहे हैं। फ़ोन (3a) और फ़ोन (3a) प्रो दोनों में ही ज़्यादा सोफ़ेस्टिकेटेड लुक और फ़ील है, जिसमें अपग्रेडेड ग्लास बैक पैनल, इनटर्नल संरचना में बढ़ी हुई समरूपता और फ़िनिश में परिष्कृत विजुअल डिटेल्स और तत्व शामिल हैं। इसके अलावा, फ़ोन (3a) सीरीज़ ने अपनी टिकाऊपन को भी IP64 रेटिंग में अपग्रेड किया है।

**कैमरा**

जब कैमरे की बात आती है, तो Nothing ने फ़ोन (3a) सीरीज़ में अब तक का सबसे एडवांस्ड कैमरा सिस्टम पेश किया है। फ़ोन (3a) में पहली बार ऑप्टिकल ज़ूम के साथ एक अपग्रेडेड 50MP मेन सेंसर और एक Son4 अल्ट्रा-वाइड सेंसर की सुविधा होगी। फ़ोन (3a) के टेलीफ़ोटो कैमरे में 50 मिमी समतुल्य फोकल लेन्थ पर विस्तृत शॉट्स के लिए तेज़ f/2.0 अपर्चर के साथ एक दमदार 50MP सेंसर है। 2× ऑप्टिकल रीच एक बेहतरीन ज़ूम के लिए आधार तैयार करती है, जबकि हाई रिज़ॉल्यूशन 4× तक लॉसलेस इन-सेंसर ज़ूम को सक्षम बनाता है।

## चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ एक ही दिन में शीर्ष 10 वैश्विक उद्योग दिग्गजों के साथ सहयोग करने वाली बनी पहली भारतीय यूनिवर्सिटी

**लखनऊ।** उद्योग-संरेखित भविष्य की शिक्षा को बढ़ावा देकर उद्योग-अकादमिक अंतर को दूर करने के उद्देश्य से, एआई-संवर्धित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ ने कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, प्रबंधन और वाणिज्य, कंप्यूटर अनुप्रयोगों के क्षेत्र में अगली पीढ़ी के उद्योग सहयोगी कार्यक्रमों की पेशकश करने के लिए एक ऐतिहासिक एमओयू (समझौता ज्ञापन) हस्ताक्षर समारोह में शीर्ष 10 वैश्विक और भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) के साथ सहयोग किया है। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ ने गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम, एसएएस, रैबिट एआई, क्विक हील, केपीएमजी, पीडब्ल्यूसी, एनएसई और ग्रांट थॉर्नटन सहित उद्योग जगत की दिग्गज कंपनियों के साथ इन समझौता ज्ञापनों पर इन अग्रणी फर्मों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए, ताकि इंजीनियरिंग (बीटेक), बिजनेस एंड कॉमर्स (बीबीए/एमबीए) और कंप्यूटर एप्लीकेशन



(बीसीए/एमसीए) सहित 3 शैक्षणिक धाराओं में 15 उद्योग सहयोगी कार्यक्रम (8 यूजी और 7 पीजी) प्रदान किए जा सकें।

इसके साथ ही चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ भारत की पहली यूनिवर्सिटी बन गई है, जिसने यूपी में एक ही दिन में 10 वैश्विक उद्योग दिग्गजों के साथ सहयोग किया है, ताकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग, फिनटेक और साइबर सिक्योरिटी के भविष्य और उभरते क्षेत्रों में उद्योग सहयोगी कार्यक्रम पेश किए जा सकें। इसके अलावा, इनमें से अधिकांश कार्यक्रम इन वैश्विक और भारतीय उद्योग दिग्गजों के सहयोग से पहली बार यूपी में पेश किए जाएंगे।

इन सहयोगी कार्यक्रमों के तहत उद्योग विशेषज्ञ पाठ्यक्रम विकसित करेंगे, नौकरी की नियुक्ति सुनिश्चित करेंगे, सहयोगी शोध परियोजनाएं (उद्योग द्वारा प्रायोजित उच्च-स्तरीय आरएंडडी प्रयोगशालाओं और उत्कृष्टता केंद्रों में) संचालित करेंगे, इंटर्नशिप, कार्यशालाएं, प्रमाणन, लाइव उद्योग परियोजनाएं (अत्याधुनिक तकनीक और भविष्य के उपकरणों का उपयोग करके व्यावहारिक प्रशिक्षण), अतिथि व्याख्यान, मूल्य-केंद्रित शिक्षा सुनिश्चित करेंगे, प्रतियोगिताएं और मेंटरशिप कार्यक्रम आयोजित करेंगे, जिसका उद्देश्य ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और छात्रों के बीच उद्यमशीलता की मानसिकता को बढ़ावा देना और अगली पीढ़ी की तकनीक और व्यवसाय के नेताओं का निर्माण करना है। छात्रों को उद्योग की वास्तविक समस्याओं को हल करने के लिए सहयोगी कार्यक्रमों पर काम करने का अवसर मिलेगा।

# आशीर्वाद और यूपी वॉरियर्स ने लखनऊ में 'चार कदम आगे क्रिकेट कैंप' के ग्रैंड फिनाले का उत्सव मनाया



**लखनऊ।** आईटीसी आशीर्वाद ने यूपी वॉरियर्स के सहयोग से लखनऊ में 'चार कदम आगे क्रिकेट कैंप' का सफलतापूर्वक आयोजन किया। उत्तर प्रदेश के 11 जिलों में आयोजित इस कार्यक्रम का समापन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली युवा महिला क्रिकेटरों के नाम की घोषणा के साथ हुआ। ये चयनित लड़कियां अब यूपी वॉरियर्स की सीनियर खिलाड़ियों के साथ विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। पिछले एक महीने में, आशीर्वाद और यूपी वॉरियर्स की टीम ने 10 से 16 वर्ष आयु की युवा महिला क्रिकेटरों को पेशेवर कोचिंग दी। इस पहल ने न केवल युवा लड़कियों के भितर छिपी क्रिकेट प्रतिभा को निखारा, बल्कि खेल के प्रति दिलचस्पी रखने वाली लड़कियों में आत्मविश्वास भी पैदा किया। यह अनूठी पहल महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास के प्रति आशीर्वाद की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। लखनऊ में आयोजित ग्रैंड फिनाले समारोह में, 11 जिलों लखनऊ, कानपुर, आगरा, वाराणसी, नोएडा, मेरठ, बरेली, फिरोजाबाद, गोरखपुर, झांसी और सहारनपुर में से दो-दो सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन में आईटीसी आशीर्वाद और यूपीडब्ल्यू के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। साथ ही, इस कार्यक्रम में यूपी वॉरियर्स की प्रमुख खिलाड़ी अलाना किंग, राजेश्वरी गायकवाड़ और आरुषि गोयल की उपस्थिति रही। 22 विजेताओं में नोएडा से आरना गोस्वामी और निमिषा दीक्षित, आगरा से विनीता बघेल और वैष्णवी पाल, मेरठ से रिया भाटी और किंजल चौधरी, कानपुर से काव्या भंडोह और इसरा हक, सहारनपुर से शगुन राणा और जफीरा अंसारी, लखनऊ से अजरा खातून और अन्वेषा यादव, वाराणसी से प्रिया यादव और सोनी यादव, झांसी से दीक्षा यादव और आराध्या सिंह, बरेली से कुब्बा अजीज और मानवी वर्मा, फिरोजाबाद से गुड्डुन सिंह और अनन्या और गोरखपुर से संजना अंबेडकर और सुरभि भट्ट का समावेश है।

## श्रमिक कल्याण प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार एवं इंडस एक्शन के मध्य साझेदारी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार (त्तश्क्क) ने राज्य भर के निर्माण और असंगठित क्षेत्र के करोड़ों श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा लाभों की पहुंच सुधारने के लिए इंडस एक्शन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। तीन साल की यह साझेदारी डिजिटल शासन और बेहतर सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस साझेदारी के तहत, इंडस एक्शन उत्तर प्रदेश सरकार को राज्य की श्रमिक कल्याण प्रणाली को आधुनिक बनाने में मदद करेगा, जिसमें उन्नत डिजिटल समाधानों और सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं को लागू किया जाएगा। यह पहल मुख्य रूप से भवन और अन्य निर्माण श्रमिक बोर्ड और असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा बोर्ड द्वारा प्रदान किए जाने वाले लाभों पर ध्यान केंद्रित करेगी। श्रम और रोजगार मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि, यह परिवर्तनकारी पहल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के डिजिटल इंडिया दृष्टिकोण के अनुरूप है और यह सुनिश्चित करेगी कि तकनीकी उन्नयनों का उपयोग हमारे श्रमिक भाइयों और बहनों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को अधिक सुलभ बनाने के लिए किया जाए, जिससे उनके परिवारों को एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा नेटवर्क मिल पाए। माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के सक्षम नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश में श्रमिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के सुगम और कुशल वितरण का एक आदर्श राज्य बनेगा।

# सेंसोडाइन सेंसोडाइन ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड? बनाकर वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे 2025 कैंपेन की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** सेंसोडाइन, जो हेलियोन पहले ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर का एक जानामाना ओरल केयर ब्रांड है, उसने 24 घंटे में सबसे ज्यादा ऑनलाइन डेंटल स्क्रीनिंग टेस्ट पूरे कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। महाकुंभ 2025 में आयोजित इस पहल में लगभग 27,000 से ज्यादा लोगों ने डेंटल चेकअप कराया। यह भारत में ओरल केयर के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक बहुत बड़ी कामयाब कोशिश रही। इस पहल में अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए सेंसोडाइन ने अपने नए 20 रूपये के छोटे टूथपेस्ट पैक बाँटे, जो सेंसिटिविटी से सुरक्षा अब कम दाम में उपलब्ध कराएगा। यह रिकॉर्ड सेंसोडाइन, के वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे कैंपेन की शुरुआत भी करता है, जिसका लक्ष्य लोगों को बेहतर ओरल हेल्थ की ओर कदम बढ़ाने के लिए जागरूक करना है। सेंसोडाइन, पिछले 10 सालों से भी ज्यादा समय से लोगों को दांतों की सेंसिटिविटी पहचानने और सही समय पर उसके लिए कदम लेने के लिए जागरूक कर रहा है। इस दौरान, ब्रांड ने पूरे भारत में चिल टेस्ट÷ किए हैं, जिससे लाखों लोगों को उनकी समस्या को समझ कर उसके लिए कदम लेने और फिर से अपने पसंदीदा खाने का लुत्फ़ उठाने में मदद मिली है। यह पहल लोगों की जीवन की खुशहाली लौटने की दिशा में एक बड़ा कदम है। किशले सेठ, कैटेगरी लीड, ओरल हेल्थ, हेलियोन इंडिया सबकॉन्टिनेंट ने बताया कि, सेंसोडाइ, में हमारा लक्ष्य लोगों को उनकी ओरल हेल्थ की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। महाकुंभ 2025 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाना सिर्फ आंकड़ों की बात नहीं है, बल्कि यह हजारों लोगों तक पहुंचने, जागरूकता बढ़ाने और हर दिन बेहतर ओरल हेल्थ को प्रोत्साहित करने की हमारी कोशिशों का हिस्सा है। हम इस पहल को आगे बढ़ा रहे हैं और वर्ल्ड ओरल हेल्थ मंथ के दौरान ओरल हेल्थ की शिक्षा को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही, फ्री डिजिटल डेंटल चेक-अप की सुविधा भी दे रहे हैं। ओरल केयर की शिक्षा, जागरूकता और सही इलाज सभी के लिए सुलभ करने की इन लगातार कोशिशों के जरिए सेंसोडाइन, भारत में ओरल हेल्थ को बेहतर बनाने में लगा है। डॉ. अशोक ढोबले, ऑनरेबल सेक्रेटरी जनरल हेड, इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने कहा कि, ÷हम भारत में ओरल हेल्थ जागरूकता बढ़ाने की इस पहल में सेंसोडाइन, के साथ साझेदारी करके गर्व महसूस कर रहे हैं। इंडियन डेंटल एसोसिएशन हमेशा से ही बचाव वाली दंत चिकित्सा को बढ़ावा देने में आगे रहा है, और यह पहल शिक्षा और पहुंच की ताकत को दिखाने का एक अच्छा उदाहरण है। यह कोशिश न केवल लोगों को बेहतर ओरल हेल्थ की ओर पहला कदम उठाने के लिए प्रेरित करती है, बल्कि समय पर पहचान कर उसके लिए कदम लेने की अहमियत को भी उजागर करता है।

# त्यौहार में अराजकता फैलाने वालों को बक्शा नहीं जायेगा: थानाध्यक्ष

## सौहर्द और भाईचारे के साथ मिलजुलकर त्यौहार मानने का लोगों से की गई अपील



बैठक को संबोधित करते थानाध्यक्ष धनवीर सिंह



पीस कमेटी में उपस्थित क्षेत्र के संभ्रांत लोग

अवधनामा संवाददाता

**मथौली चौकी पर पीस कमेटी की बैठक संपन्न**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** रमजान व होली त्यौहार के मद्देनजर पुलिस चौकी मथौली पर थानाध्यक्ष कप्तानगंज धनवीर सिंह की अध्यक्षता में बुधवार शाम चार बजे पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक, जनप्रतिनिधियों व हिन्दूक्कमुस्लिम समुदाय के लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष धनवीर सिंह ने कहा कि त्यौहार भाईचारे का प्रतीक है, इसे सादगी और सौहार्द के साथ मिलजुलकर मनाएं। लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा त्यौहार में खलल डालने का प्रयास किया जाता है। इन लोगों से निपटने के लिए पुलिस हर तरह से तैयार है। शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों को किसी भी दशा में बक्शा नहीं जायेगा। ऐसे लोगों को प्रशासन चिन्हित कर कार्रवाई करेगी। बैठक में उन्होंने खासकर युवाओं से अपील किया कि सोशल मीडिया से बचे, ऐसा कुछ भी पोस्ट न करें जिससे किसी को आहत हो। अगर किसी ने भड़काऊ पोस्ट किया तो उसके खिलाफ मुकदमा लिखकर जेल भी भेजा जाएगा। होलिका दहन के दिन पुलिस अपने अपने क्षेत्र में तैनात रहकर शांति पूर्ण माहौल में संपन्न कराएगी। बैठक को चेयरमैन नवरंग सिंह, परवेज आलम आदि ने भी संबोधित कर किया। अंत में थानाध्यक्ष ने सभी से शांति पूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की अपील किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अदालत प्रसाद, टेम्पु जायसवाल, चौकी इंचार्ज अरविंद राय, एसआई बिक्रम अजीत राय, एसआई शैलेश यादव, दिनेश राव, बृजेश यादव, हेमंत सिंह, बृजेश उपाध्याय, विनय कुमार, बलराम, मानवेंद्र सिंह, मुन्ना अंसारी, दीवान हेमंत शुक्ला, अंजनी कुमार, अजय यादव, अनिल चौरसिया, राजकुमार सिंह, प्रिंस मद्धेशिया, रविंद्र सैनी, अख्तर हुसैन, रितेश यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मिशन -2027 की तैयारी संगठन को रिव्यू करेगी बसपा

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** मिशन-2027 की तैयारी के प्रथम चरण में बहुजन समाज पार्टी ने पार्टी संगठन की सभी स्तर की कमेटियों को पुनर्गठित करने का फैसला किया है। 15 मार्च को बसपा के संस्थापक मान्यवर कांशीराम साहब की जयंती मनाई जाएगी। जिला वार बैठकें 8 और9 मार्च को लगाई गई हैं। बुधवार को अयोध्या मंडल की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल, पूर्व सांसद और मंडल प्रभारी घनश्याम चंद खरवार, मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल और महेंद्र प्रताप आनंद ने जिले वार कैडर कैंप और संगठन के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमेटियों के पुनर्गठन के काम को आगे बढ़ाने के लिए 8 मार्च और 9 मार्च को जिलास्तरीय कार्यकर्ता बैठक करने का निर्णय लिया गया है। अमेठी जिले की बैठक आठ मार्च को कान्हा मैरिज लान में 11 बजे से बुलाई गई है। बैठक में सभी नये और पुराने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बुलाया गया है। बैठक में जिला प्रभारी जिया लाल त्यागी, सर्वेंद्र अम्बेडकर, गया शंकर कश्यप, छोटे लाल मौर्य, नन्हे सिंह चौहान, अरविंद गौतम, दयाराम राजभर, सुनील सावंत, कृष्ण कुमार पासी, सुरेश गौतम, दिलीप कुमार, के के रावत,राम अभिलाष बौद्ध , विजय गौतम आदि मौजूद रहे।

### बसपा सुप्रीमो ने रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोआर्डिनेटर नियुक्त किया

**अमेठी।** बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद कुमार ने पार्टी मूवमेंट के हित में एक ही पद पर काम करने की इच्छा व्यक्त की है। उनकी इच्छा का स्वागत करते हुए बसपा सुप्रीमो ने आनंद कुमार की जगह सहारनपुर निवासी रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोआर्डिनेटर नियुक्त किया है। राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बसपा की मुखिया के ताजा फैसले की जानकारी दी है। बसपा सुप्रीमो ने कहा है कि काफी लम्बे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनन्द कुमार, जिन्हें अभी हाल ही में नेशनल कोआर्डिनेटर भी बनाया गया था। उन्होंने पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनज़र एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत है। ऐसे में आनन्द कुमार पहले की ही तरह बीएसपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए सीधे मेरे दिशा-निर्देशन में पूर्ववत अपनी ज़िम्मेदारियों को निभाते रहेंगे।

# छापेमारी में चार कुंतल लहन नष्ट, 20 लीटर कच्ची के साथ एक गिरफ्तार

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 11 सुभाष चंद्र बोस नगर में बुधवार की भोर में पुलिस ने छापेमारी कर चार कुंतल लहन नष्ट कर 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि होली त्यौहार के मद्देनजर अवैध शराब की निष्कर्षण/बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली वार्ड नंबर 11 सुभाष चंद्र बोस नगर में मुखबिर के सूचना पर चौकी इंचार्ज मथौली अरविंद राय, एसआई शैलेष यादव, एसआई प्रमोद कुमार, दीवान हेमंत शुक्ला, हे.का. अंजनी कुमार व सिपाही अजय यादव की टीम मौके पर पहुंचकर छापेमारी कर रंजीत साहनी पुत्र गोवर्धन साहनी उम्र (40) वर्ष के घर से अवैध कच्ची शराब बनाने वाले उपकरण के साथ 4 कुंतल लहन नष्ट कर दिया। इसके अलावा 20 लीटर अवैध कच्ची शराब जो पालीथीन के पाउच में पैकिंग किया गया था जिसे बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष धनवीर सिंह ने बताया कि अवैध कच्ची शराब की सूचना मिली थी, जिसे पालीथीन के पाउच में पैक कर होली त्यौहार पर बेचने को तैयार कर रहा था। पुलिस मौके से पहुंचकर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

# कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में आयोजित की गई विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी/भादर।** कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में बुधवार को विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभिभावकों को वार्षिक परीक्षा कार्यक्रम,कम्पोजिट ग्रांट की धनराशि के उपभोग, निपुण भारत मिशन और स्कूल चलो अभियान के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में अभिभावकों को बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने और गृहकार्य देखने की जिम्मेदारी दी गई।

ग्राम प्रधान इन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि परिषदीय विद्यालय अब संसाधनों के मामले में किसी भी मंहगे प्राइवेट स्कूल से कमजोर नहीं है।जो सुविधाएं परिषदीय विद्यालयों में है वे कहीं अन्यत्र नहीं इसलिए अभिभावक अपनी सोच बदलें और बच्चों को स्कूल भेजने के लिए उसी तरह सारी तैयारी करें जिस तरह से नर्सरी और प्राइवेट स्कूलों में भेजते हैं। इं प्र अ संजीव कुमार ने स्कूल में निशुल्क पाठ्य-पुस्तक, निशुल्क ड्रेस, लाइब्रेरी, एल बी डी लैब, गुणवत्ता मध्यान्ह भोजन आदि के बारे में जानकारी दी और कहा कि जो अभिभावक थोड़ा सा भी अपने बच्चों पर ध्यान दें रहे हैं, उनके बच्चे निपुण हो गये हैं। पर्यावरण शिक्षा के लिए इको क्लब और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए मीना मंच के क्रियाकलापों के बारे में जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता एस एम सी अध्यक्ष रीता मौर्य ने की। अवनीश वर्मा, विजय प्रताप यादव, संध्या गुप्ता, लालती देवी, शिवकरन गुप्ता, कौशलेंद्र सिंह, कलावती, रिपु मौर्य, सीता देवी, किरन, बलवीर, सुनीता, धनपती, अखिलेश कुमार, शबीना बानो आदि मौजूद रहे।

# बदहाल एएनएम सेंटर जिम्मेदार बने बेपरवाह



देवगांव का बदहाल एएनएम सेंटर

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के ग्राम देवगांव स्थित मातृ शिशु कल्याण केंद्र (एएनएम सेंटर) रखरखाव के अभाव में बदहाल होकर खंडहर में तब्दील हो गया है लेकिन जिम्मेदार इस पर ध्यान नहीं दे रहे है। बता दें कि क्षेत्र के अमवा टोला, मल्ल टोला, तिवारी टोला, कुशवाहा टोला, देवगांव, सेखुई समेत अन्य टोलों के शिशुओं तथा गर्भवती महिलाओ के उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेबुआ नौरंगिया, पडरौना जाना या रामकोला जाना पड़ता है।

इस संबन्ध में लोगों का कहना है कि शिकायत के बाद भी विभाग के अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। वही गांव के अरविंद राजभर, नन्दलाल, सुमंत, खुबलाल, जावेद, किशुन राजू आदि का कहना है कि वर्ष 1995 में एएनएम सेंटर का निर्माण हुआ। लगभग दो दशक तक यहां प्रसाद व टीकाकरण की सुविधा मिली 2015 में चहारदीवारी गिरा उसके बाद अब भवन गिरने के कगार पर है। भवन की बदहाली को देखते हुए यहां एएनएम नही रहती है जबकि ललीता, मीरा, रूबी, बिगनी, किरन आशा, प्रभावती, अनीता, रंभा आदि ने बताया कि अगर रात में किसी महिला को प्रसव पीड़ा होती तो परिजनो को बड़ी परेशानी झेलनी पड़ती है। अगर भवन की मरम्मत हो जाती तो यहां तैनात एएनएम राधिका रात्रि में विश्राम करती स्थानीय लोगों को सुविधा हो जाती। अब पंचायत भवन मे टीकाकरण करती हैं। इस संबन्ध में ग्राम प्रधान संदीप कुशवाहा ने बताया कि सीएमओ से कई बार लिखित तथा मौखिक कह चूका हूं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रहीं हैं। सीएचसी प्रभारी डॉ रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि देवगांव एएनएम सेंटर बदहाली की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई है।

# न्याय चला निर्धन के द्वार लोक अदालत सुलह समझौते का सशक्त माध्यम: सिंह




अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वाधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर दीवानी न्यायालय परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश ने कहा कि यह प्रचार वाहन लोक अदालत की सफलता में कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत सुलह समझौते का सशक्त माध्यम है जिसके लिए आमजनमानस अपने सुलहनीय वादों कों निस्तारित करावें।

वही छोटे फौजदारी मामलों में अपने जुर्म स्वीकार करके अपना वाद समाप्त करा सकते है। न्याय चला निर्धन के द्वार के उद्देश्य को अपनाकर प्रचार वाहन के द्वारा गरीबों को सुलभ व सस्ता न्याय दिलाने व विधिक जानकारी के साथ-साथ राष्ट्रीय लोक अदालत मे निस्तारित होने वाले वादों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त न्यायिक अधिकारी व सम्बन्धित विभाग से एक साथ आगे आने का आह्वान किया। सचिव ने कहा कि प्रचार वाहन के द्वारा आम जनमानस को अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत कर उसे निस्तारित करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में धारा 138 एन0आई एक्ट, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत, जल एवं सर्विस से संबंधित मामलें, राजस्व एवं सिविल वाद एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया जाना हैं। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती छाया नैन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री ओमवीर सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश /नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत श्री संजय कुमार सिंह , एवं समस्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिविल जज (सी0डी0) श्री विवेक कुमार, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री सुंदरपाल, अन्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लीगल डिफेन्स कांउसिल, बैंक कर्मी तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सरकार साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे



**डीह, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सरकार साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे रही है। जनपद की सभी ग्राम पंचायत में सफाई कर्मियों की तैनाती की गई है लेकिन तैनात किए गए अधिकतर सफाई कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन सही तरीके से नहीं करते हैं। इसकी वजह से गलियों में गंदगी व नालियां बजबजाती रही हैं। इसका जीता–जागता उदाहरण स्थानी ब्लॉक स्थिति डीह ग्राम सभा है। गांव की साफ सफाई के लिए लाखों रुपए प्रतिमाह सफाई कर्मियों को वेतन के रूप में दिए जाते हैं लेकिन सफाई कर्मचारियों की मनमानी से गांव की गंदगी नहीं हट रही है। डीह ग्रामसभा के किसी भी मोहल्ले में कोई सफाई कर्मी सफाई करते नहीं देखे जाते है। नालियों में गंदा पानी जमा हो रहा है। गंदगी की वजह से खतरनाक बीमारियां व मच्छरों के फैलने का खतरा बना रहता है। सरकार ने एक-एक ग्राम पंचायत में कई सफाई कर्मी कर्मचारियों की नियुक्ति की है लेकिन ब्लॉक प्रशासन की सुस्ती के चलते सफाई कर्मचारियों के हौसले बुलंद है। इसके कारण क्षेत्र की जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# सांसद ने किया देवरिया बेलडाण मार्ग का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** सदर सांसद शशांक मणि ने काफी समय से लंबित पड़े बहुप्रतीक्षित देवरिया बेलडाण मार्ग का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले 3 मार्च को लखनऊ में विभाग के प्रमुख सचिव अखंड प्रताप से मिलकर इस मार्ग को अतिशीघ्र पूरा करने के लिए कहा था जिसके तुरंत बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार से बात कर निर्माण प्रक्रिया को चालू करने का निर्देश दिया और ये भी कहा कि हर हफ्ते मुझे कार्य की प्रगति का रिपोर्ट भी दें। उन्होंने कहा कि आज हमलोगों ने निर्माण प्रक्रिया की तेजी को जानने के लिए इस सड़क का निरीक्षण किया है और मुझे विश्वास है कि कुछ ही दिनों में यह सड़क बनकर तैयार हो जाएगी जिससे आम जनता को काफी राहत मिलेगी। इस दौरान भाजपा नेता दिवाकर मिश्रा, ब्लाक प्रमुख पिंटू जायसवाल, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, मंडल अध्यक्ष रमेश वर्मा, अरविंद चौहान, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजन सोनकर, रामदास मिश्रा, पी आर ओ प्रिंस चतुर्वेदी, धीरज सिंह, केशव शर्मा सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# बीडीओ ने विकास कार्यों की परखी जमीनी हकीकत

**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के उद्देश्य से खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों की तहकीकात की वहीं इस दौरान उन्होंने पशु चिकित्सा डॉ उमेश चंद्र के साथ गौशाला भी पहुंची जहां गौ वंशों के रख रखाव की व्यवस्था परखी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस दौरान उनके साथ एपीओ मनरेगा राजीव त्यागी भी मौजूद रहे। बुधवार को बीडीओ ने ब्लॉक क्षेत्र के गांव क्षेत्र मऊ स्थित गौशाला पहुंची जहां उन्होंने ग्राम प्रधान व कर्मचारियों से गौ वंशों के रख रखाव के बारे में जानकारी लेते हुए चारा भूसा के स्टाक को देखा और कहा कि गौ वंशों के रख रखाव में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए इसके बाद बीडीओ ने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण की जांच की वा हकीकत परखीं और हर हाल में 25 मार्च तक काम पूरा करने के निर्देश दिए इसके बाद प्राथमिक विद्यालय मऊ व जियापुर शिवगढ़ जाकर बच्चों से कुशल क्षेम जाना अनेक प्रकार की जानकारियां ली विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता वा मिडे मील की जानकारी ली।

# कुशीनगर में सड़क हादसा : चार लोगों की दर्दनाक मौत, मची चीख पुकार



मृतक युवकों की फाइल फोटो



जिला अस्पताल में परिजनों की जुटी भीड़

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले में अलग अलग मार्ग दुर्घटनाओं में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

कसया थाना क्षेत्र के मठिया माधोपुर निवासी शिवकुमार सिंह बाइक से रिश्तेदारी में जा रहे थे कि वे पडरौना शहर के अंबे चौक से जंगल चौरिया गांव जाने वाले मार्ग के मोड पर इनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी। जिससे वह घटनास्थल पर लहुलुहान होकर गिर गया। यहां अगल-बगल से दुकानदारों और ग्रामीणों के मदद से इन्हें जिला अस्पताल भिजवाया गया जहां चिकित्सकों ने शिव कुमार सिंह को चिकित्सा उपचार के बाद मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अगले दिन देर शाम पोस्टमार्टम के बाद मृतक के परिजनों ने मृतक शिव कुमार सिंह के शव को अंतिम संस्कार कर दिया है। दूसरी घटना कोतवाली पडरौना थाना क्षेत्र के सुखपुरा गांव के मुख्य पश्चिमी बड़ी गंडक नहर के पास से होकर गुजरी झरई नदी के किनारे से होकर जाने वाली खिरकिया बाजार की तरफ हाईवे सड़क मार्ग पर देर शाम को सुखपुरा गांव के ही बंगाली पट्टी टोला निवासी नित्यानंद पुत्र गोपाल शर्मा अपने बाइक लेकर घर से सिधुआ बाजार मे गेहूं पिसवाने गए हुए थे। नित्यानंद देर शाम को सिधवा बाजार से अपने घर को आ रहे थे कि सुखपुरा मुख्य पश्चिमी बडी गंडक नहर के पास से होकर खिरकिया बाजार की तरफ जाने वाली झरई नदी से अभी हाल ही में बनी हाईवे सड़क से होकर अपने खेत से चारा लाने के लिए जा रहे थे कि इसी बीच किसी अज्ञात ठोकर ने भी उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी इस दौरान नृत्यानंद शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी थी,सुचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिए थे,अगले दिन शव का पोस्टमार्टम होने के बाद मृतक के परिजनों ने मृतक नृत्यानंद का भी अंतिम संस्कार कर दिया है। बाइक सवार दोनों लोगों की मौत के बाद मृतक के परिजनों में चीख चीत्कार मच गई थी। इतना ही नही पोस्टमार्टम हाउस से लेकर इनके घरों के महिलाएं पुरुष बच्चे रो-रो कर अपनी बुरी हाल बना ली थी। तीसरी घटना सेवरही थाना क्षेत्र के बभनौली कोठी गन्ना फार्म के पिछे तमकुही मार्ग पर मंगलवार देर रात को अज्ञात वाहन से ठोकर लगने पर एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई थी। मृत्यु की सुचना बुधवार को शौच क्रिया के लिए निकले लोगों ने डायल 112 पर फोन कर बताया जिसकी सुचना पाकर पीआरवी सहित सेवरही पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले जांच पड़ताल में जुट गई। जानकारी के अनुसार शव की शिनाख्त कराने के लिए सेवरही पुलिस ने काफी प्रयास कर पता लगाया कि मृतक व्यक्ति नाम उमेश पुत्र सुदामा उम्र करीब 28 वर्ष निवासी बरवा राजापाकड़ टोला जमुआन थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर का रहने वाला है। जिसकी जानकारी परिजनों को मिली तो परिजनों में चीख पुकार मच गई। इस संबंध में थाना अध्यक्ष सेवरही धीरेन्द्र कुमार राय ने बताया कि मृतक व्यक्ति की पहचान हो गई है पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है विधिक कार्यवाही की जा रही है। चौथी घटना हाटा कोतवाली क्षेत्र के हाटा देवरिया मार्ग पर रईसमिल के पास पैदल घर जा रहे हैं पटनी निवासी मनीष गौड़ उम्र 28 वर्ष पुत्र राम दुलारे की मंगलवार देर रात अज्ञात वाहन के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा पहुंचाया जहां डॉक्टर ने युवक को मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज विधिक कार्रवाई में जुट गई।

### ब्लैक स्पॉट बना होता तो बच गई होती नित्यानंद की जान

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** कोतवाली पडरौना थाना क्षेत्र के सुखपुरा गांव के बंगाली पट्टी निवासी नृत्यानंद शर्मा की जान बच गई होती? अगर यातायात और परिवहन विभाग के तरफ से हादसे वाले सड़क मार्ग के बीच ब्लैक स्पॉट बनवा दिया होता तो यह घटना नहीं घटी होती? इतना ही नहीं विभाग ने अपनी लापरवाही इस तरह यहां बरती है कि न तो इस सड़क मार्ग पर कोई डिवाइडर है और न ही कहीं ब्रेकर बनवाया गया है? इसके अलावा पुलिस विभाग के तरफ से भी इतने संवेदनशील क्षेत्र होने के बावजूद भी इस सड़क पर एक भी जगह सीसी कैमरे तक नहीं लगे है। मृतक नृत्यानंद शर्मा के अंतिम संस्कार में जुटे लोगों की ओर से बस एक ही दर्द बयां कर रही थी, मृतक नृत्यानंद बहुत ही मिलनसार और सीधा-साधा युवक था और अपने मां-बाप का एकलौता पुत्र होने के नाते उसके घर के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों में भी काफी मिलनसार भी था। इतना ही नहीं वैवाहिक जीवन होने के बाद नित्यानंद की पत्नी से उसके दो बेटे और एक बेटी भी है। अपने परिवार के खातिर जीतोड़ मेहनत करने वाले नित्यानंद शर्मा उम्र 35 मंगलवार को देर शाम अपने घर से बाइक से सिधवा बाजार गेहूं पिसवाने के लिए आया हुआ था।

# प्रेमी संग मिलकर पत्नी ने कराई थी पति की हत्या, चार गिरफ्तार

## छह माह पूर्व हुई हत्या का पुलिस ने किया खुलासा



पुलिस गिरफ्त में अभियुक्त

अवधनामा ब्यूरो

**कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के सखवनिया गांव का मामला**

**कुशीनगर।** छह माह पूर्व कुबेरस्थान थाना के सखवनिया गांव निवासी शिवम प्रताप सिंह की हुई हत्या का पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया। शिवम की हत्या उसकी पत्नी अपने प्रेमी संघ मिलकर इस लिए करा दी थी वह शराब का आदि था और जायदाद बेचने लगा। इस हत्याकांड में शामिल उसकी पत्नी समेत चार लोग गिरफ्तार किए गए है। घटना का खुलासा करते हुए कुबेर स्थान थानाध्यक्ष ने बताया कि बीते 19 सितंबर 2024 को मृतक के मां किस्मती देवी ने तहरीर देकर अपने बेटे शिवम प्रताप सिंह पुत्र स्व सतीश सिंह की हत्या कर शव को गायब कर दिया गया है। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर हत्याकांड का खुलासा करने में जुट गई थी। इस हत्याकांड में शामिल नूर आलम पुत्र अनवर अली, नसीम आलम पुत्र नूर आलम, शाह आलम पुत्र अनवर अली निवासीगण बसहिया बनबीरपुर कोतवाली पडरौना व सीमा सिंह पुत्री सुभाष सिंह निवासी बड़गांव थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उनके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल पुराना बेल्ट, 04 मोबाइल हैंडसेट, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं मृतक की मोटरसाइकिल बरामदगी की गई। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि अभियुक्ता सीमा सिंह की शादी शिवम प्रताप सिंह पुत्र स्व. सतीश सिंह निवासी ग्राम सखवनिया थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर के साथ वर्ष 2019 में हुई थी। शिवम प्रताप सिंह की पत्नी अभियुक्ता सीमा सिंह का अवैध संबंध विगत कई वर्षों से प्रकाश में आए अभियुक्त नूर आलम से था। मृतक शिवम प्रताप सिंह शराब के नशे का आदी था। सीमा वर्ष 2022 में शिवम व उसके परिवार के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का दर्ज कराई एवं पडरौना में किराए का कमरा लेकर रहने लगी। मृतक शिवम अपनी कीमती जायदाद को बेचने लगा था। सीमा अपने मृतक पति शिवम को पसन्द नहीं करती थी लेकिन उसे जायदाद का लालच था, सीमा दिनांक 03 जून 2024 को अपने पति शिवम को रात में करीब 11 बजे बेलवनिया (बड़गांव) नहर पर मिलने के लिए बुलाकर पूर्व की योजना एवं षड़यन्त्र के तहत अपने प्रेमी नूर आलम व उसके दोस्त नसीम के साथ हत्या करके उसके शव एवं मोटरसाइकिल को नूर आलम के भाई शाहे आलम के साथ बोलेरो से ले जाकर जंगल सिसवा रेगुलेटर के पूरब नहर में डाल दिया था।

# भव्य आयोजन की भव्य तैयारी अपने अंतिम चरणों में

■ आकार लेने लगा महोत्सव स्थल लोगो में हर्ष

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद की सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पौराणिक विरासत, लोक-कला व संस्कृति को सजोने एवं आम जनमानस से साक्षात्कार के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 08 से 10 मार्च तक गेंद घर मेदान में आयोजित होने वाले बहराइच महोत्सव हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए महोत्सव में आने वाले कलाकारों से संबद्ध किए गए अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेहमान कलाकारों एवं कवियों इत्यादि से निरन्तर समन्वय बनाये रखें तथा उनकी यात्रा, ठहरने एवं खान-पान इत्यादि की व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाय।कूपन विजेताओं को लकी ड्रा के माध्यम से बंटने वाले पुरस्कारों पर चर्चा के दौरान डीएम ने पुरस्कारों हेतु कमेटी का गठन करते हुए निर्देश दिया कि बेस्ट क्वालिटी प्रोडक्ट ही क्रय किया जाय। बैठक के दौरान डीएम ने परिसर में स्टालों/दुकानों के आवंटन, मा. जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों को निमंत्रण पत्र का इत्यादि कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बहराइच महोत्सव के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर के साथ गेंद घर मैदान पहुंचकर मंच, विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी हेतु लगाये जाने वाले स्टालों, मुख्य पण्डाल, यातायात व्यवस्था इत्यादि का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्य मंच पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के प्रसारण के लिए सम्पूर्ण परिसर में आधा दर्जन बड़ी स्क्रीन लगवायी जाय ताकि सभी लोग आसानी से कार्यक्रमों का आनन्द ले सकें। चेयरमैन प्रतिनिधि श्री टेकड़ीवाल ने आश्वस्त किया कि साफ-सफाई, चूनाकारी, पेयजल के माकूल बन्दोबस्त किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि 08 से 10 मार्च तक आयोजित होने वाले बहराइच महोत्सव का 08 मार्च को अपरान्ह 04:00 बजे शुभारम्भ होगा। तत्पश्चात अपरान्ह 05:00 बजे से शिव तांडव, गोल्डन गर्ल्स द्वारा हनुमान चालीसा, सांय 06:00 बजे से गोल्डन गर्ल्स द्वारा शक्ति डांस, सांय 06:30 बजे से मसाने की होली तथा सांय 07:30 बजे से तृप्ति शाक्या द्वारा भजन की प्रस्तुति की जायेगी। 09 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से सम्बन्धित नाट्य प्रस्तुति, मध्यान्ह 12.00 बजे से विभिन्न विभागों के माध्यम से चयनित जिले के प्रतिभाशाली व्यक्तियों द्वारा कला का प्रदर्शन किया जायेगा। अपरान्ह 03.00 बजे से सांस्कृतिक परिधान शो, अपरान्ह 04:00 बजे से पं. प्रेम प्रकाश दुबे द्वारा सांस्कृतिक संध्या, अपरान्ह 05:00 बजे से गीतांजलि शर्मा एवं पार्टी द्वारा बृज की होली, सांय 06:00 बजे से निज़ामी ब्रदर्स द्वारा कव्वाली, सांय 07:00 बजे से कुलदीप चौहान व अभिषेक राजपूत के नेतृत्व में इंडियन आइडल बैण्ड की प्रस्तुति तथा रात्रि 08:00 बजे आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन में देश के नामचीन कवियों हरि ओम पवार, नीलोत्पल मृणाल, शरीफ भारती, कुशल कौशलेन्द्र, मनजीत सिंह, मुमताज नसीम व पद्मिनी शर्मा इत्यादि द्वारा काव्य रचनाओं का पाठ किया जायेगा। महोत्सव के अन्तिम दिन 10 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे विहान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा योगा नृत्य शैली/सांस्कृतिक कार्यक्रम, मध्यान्ह 12:00 बजे से बेसिक शिक्षा एवं प्रोबेशन विभाग के तत्वावधान में नाट्य प्रस्तुति, अपरान्ह 02:00 बजे से जनपद के मा. प्रभारी मंत्री द्वारा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। अपरान्ह 02:30 बजे से दिव्यांगजनों द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति, अपरान्ह 02:45 बजे से मा. प्रभारी मंत्री का उद्बोधन होगा। अपरान्ह 03:00 बजे से शिवम के नेतृत्व में सूफी बैण्ड की प्रस्तुति, अपरान्ह 04:00 बजे से अलंकार म्यूजिकल ग्रुप, जयपुर द्वारा राजस्थानी कालबेलिया डांस प्रस्तुत, अपरान्ह 05:00 बजे से रेणुका पवार द्वारा हरियाणवी गायन, सांय 07:00 बजे से ममता शर्मा द्वारा बॉलीवुड नाईट की प्रस्तुति के पश्चात आतिशबाज़ी के बीच बहराइच महोत्सव का रंगारंग समापन होगा।

## रामसिंह कालेज में एनएसएस छात्र-छात्राओं ने किए रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत

**टूंडला।** राम सिंह महाविद्यालय नगला सिकन्दर एटा रोड टूंडला में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में सप्तम दिवस पर स्वयं सेवक-सेविकाओं ने साफ-सफाई कर आकर्षक रंगोली बनाई। इस दौरान समापन कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधक डॉ. डीपी सिंह द्वारा सरस्वती पूजा करके किया। तथा छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुभाष चन्द्र द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. डीबी सिंह का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्य गीत, देशभक्ति गीत, नृत्यों ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। छात्र अभिषेक द्वारा अनुभव साझा किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. बीपी ने छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# नकद भुगतान पर जोर दे रहे प्राईवेट हॉस्पीटल

अवधनामा संवाददाता

■ आयुष्मान भारत के सपने को दिखा रहे ठेंगा

**फिरोजाबाद।** आमजन के लिए सरकार द्वारा चलायी गयी आयुष्मान भारत की योजना पर प्राईवेट हॉस्पीटलों की मनमानी भारी पड़ रही है। एक तरफ आमजन आयुष्मान कार्ड बनवाकर भविष्य में अचानक होने वाली स्वास्थ्य सम्बन्धी बीमारियों के इलाज में आने वाले मंहगे बिल की चिन्ता से मुक्त होकर बैठे हैं लेकिन जब आयुष्मान कार्ड धारक को आयुष्मान की असल जरूरत पड़ती है तब वह स्वयं को ठगा सा महसूस करता है। प्राईवेट हॉस्पीटलों की मनमानी के चलते आयुष्मान कार्ड मात्र एक कागज के टुकड़े के समान हो जाता है। अथवा मरीज के तीमारदारों को इलाज के बिल का भुगतान करने के लिए अपने सगे सम्बन्धियों के आगे हाथ फैलाने को मजबूर होना पड़ता है। इस दौरान पीड़ित अक्सर कहते हुए दिखायी पड़ता है अगर पहले से मालूम होता कि यह कार्ड किसी काम का नही तो कुछ पैसा इलाज के लिए बचाकर तो रख लेते। आपको बता दें कि आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड धारक को 5 लाख रूपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी है लेकिन जब आमजन अचानक हुयी बीमारी का इलाज कराने के लिए प्राईवेट हॉस्पीटलों का रूख करता है तब प्राईवेट हॉस्पीटलों के कर्मियों द्वारा मरीज के तीमारदारों से एक कागज पर हस्ताक्षर करा लिए जाते हैं। जिसमें पूर्व से ही यह लिखा होता है कि आयुष्मान कार्ड नहीं है। जबकि पीड़ित मरीज पर आयुष्मान कार्ड होता है लेकिन हॉस्पीटलों के कर्मी नकद भुगतान के बाद ही इलाज प्रारम्भ करते हैं। जब किसी मरीज़ के तीमारदार द्वारा हॉस्पीटल के बिल का भुगतान आयुष्मान कार्ड से करने के लिए कहा जाता है तब हॉस्पीटलों के कर्मियों द्वारा मरीज़ का इलाज न करते हुए उसे अन्य हॉस्पीटल में ले जाने के लिए मजबूर कर दिया जाता है। अपने मरीज की बिगड़ती हालत को देख तीमारदारों को मजबूरन नकद भुगतान करना पड़ता है। प्राईवेट हॉस्पीटलों की इस मनमानी के चलते ना सिर्फ सरकार की इस योजना को जमकर पलीता लग रहा है बल्कि गंभीर मरीज की जान दांव पर लग रही है। जिसमें सबसे अधिक दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों की जान इस मनमानी के आगे खतरे में पड़ी हुयी है। इसी प्रकार का एक मामला बीते दिनों नगर के प्राईवेट ट्रामा सेण्टर में देखने को मिला जहां अपनी माता का इलाज कराने आए एक पुत्र द्वारा नाम न छापने की शर्त पर बताया गया कि उसकी माता को दिमाग सम्बन्धित अचानक हुयी बीमारी के इलाज के लिए वह ट्रामा सेण्टर लेकर आया था। जहां उनके इलाज से पूर्व ही मुझसे एक कागज पर हस्ताक्षर करा लिए गए हैं।

## धार्मिक त्यौहारों पर शान्ति की अपील

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया, जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी धर्म गुरुओं एवं विभिन्न समुदाय के लोगों से अपील की, की आगामी होली एवं रमजान के पवित्र त्यौहार के दौरान सभी धर्म के लोग शांति एवं सौहार्द वातावरण में मनाए, इस बैठक में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई जिलाधिकारी ने कहा कि कोई ऐसा कार्य न करें, जिसमें प्रशासन को सख्ती दिखानी पड़े। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि त्योहारों को मनाने में किसी प्रकार की नई परंपरा को शुरू करने की अनुमति नहीं होगी।

## सैनिकों ने मनाया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस



**फिरोजाबाद।** सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, फिरोजाबाद द्वारा कार्यालय स्टाफ के साथ जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, फिरोजाबाद में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। इस दौरान कैप्टन (आई.एन.) आशीष कुमार मित्तल (अ.प्रा.), जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, फिरोजाबाद द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के सम्बन्ध में प्रकाश डलते हुये अवगत कराया कि इस दिन को मनाने का मकसद जीवन के सभी पहलुओं में व्यक्तिगत और सार्वजनिक कल्याण को प्राथमिकता देना है। वर्ष 2024 में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम थी, ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व तथा वर्ष 2025 में मनाये जाने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम है, 'सुरक्षा और कल्याण विकसित भारत के लिये अहम' यह दिन राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। साथ ही उक्त अवसर पर सडक सुरक्षा, कार्यसंस्थान सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं पर्यावरण सुरक्षा के सम्बन्ध में भी प्रकाश डाला गया। उक्त कार्यक्रम में कैप्टन आशीष कुमार मित्तल (अ.प्रा.), जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, फिरोजाबाद एवं कार्यालय कर्मचारी राघवेन्द्र, राम कुमार सिंह यादव, मु. लुकमान, कु. सपना, पूर्व सैनिक, वीर नारी एवं पूर्व सैनिक आश्रित आदि उपस्थित रहे।

# अहिरौरा में बनेगा सामुदायिक भवन शादी घर, निर्माण की मिली स्वीकृति

■ मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजना अंतर्गत होगा निर्माण

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में परियोजना स्वीकृति संबंधित बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजना अंतर्गत विकासखंड चित्तौरा, ग्राम पंचायत अहिरौरा में प्रस्तावित सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए भवन निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी मोनिका रानी के मार्गदर्शन में जनपद में सभी विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं पर तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में बनाये जा रहे सामुदायिक भवन निर्माण में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजना अंतर्गत प्राप्त प्रोत्साहन धनराशि रू. 21 लाख 81 हज़ार 86 तथा मनरेगा की आंशिक धनराशि रू. 03 लाख 09 हज़ार 996 कुल धनराशि रू. 24 लाख 91 हज़ार 82 की लागत से सामुदायिक भवन (शादी घर) का निर्माण किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, डीडीओ राज कुमार, डीपीआरओ बृजेश कुमार सिंह बीडीओ विनोद यादव प्रधान अहिरौरा डॉ. श्याम कुमार चौधरी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।


# कार्यालय : कलेक्टर, लखनऊ

पत्रांकः 1140/अ.जि.अ.(भू.अ.)न.म.पा.-1, लखनऊ दिनांक : 03 मार्च 2025

**: सामाजिक समाघात आकंलन करने हेतु आवेदन :**

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग, लखनऊ द्वारा संचालित कुकरैल नाइट सफारी हेतु तहसील बक्शी का तालाब जनपद लखनऊ की निम्नवत् भूमि का अर्जन किया जाना प्रस्तावित है :-

| क्रमांक | जनपद का नाम | तहसील | ग्राम | प्रस्तावित भूमि (हे0 में0) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लखनऊ | बक्शी का तालाब | रसूलपुर सादात | 3.5860 |

उक्त भूमि के अर्जन से पूर्व 'भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013'' एवं भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार (उत्तर प्रदेश) नियमावली 2016'' के अनुसार सामाजिक समाघात आकलन (Social Impact Assessment) करने हेतु प्रतिष्ठित केन्द्रीय/राज्य सरकार/अर्द्ध सरकारी/अन्य संस्थान/गैरसरकारी संस्थान/विश्वविद्यालयों आदि से, उक्त परियोजना हेतु प्रस्तावित भूमि के सम्बन्ध में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता के अधिकार के प्रावधानों के अनुसार अध्ययन करने के लिये तकनीकी एवं वित्तीय आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है।

1- पात्रताः-

अ- सामाजिक समाघात आकलन (Social Impact Assessment) करने हेतु प्रतिष्ठित केन्द्रीय/राज्य सरकार/अर्द्ध सरकारी संस्थान/विश्वविद्यालयों द्वारा आवेदन किया जा सकता है।

ब- इच्छुक गैर सरकारी संस्थान प्रश्नगत अधिनियम में कम्पनी/सोसायटी के रूप में पंजीकृत हो अथवा कम से कम पिछले पांच वर्ष पूर्व से किसी अन्य सुसंगत अधिनियम में पंजीकृत हों।

स- संस्थान के पास पर्याप्त मानव संसाधन जिसमें योग्य स्तर के प्रबंधन के लिये उपयुक्त व्यक्ति, जो शीर्ष और मध्यम स्तर के प्रबंधन स्तर पर कुशल कार्य कर रहे हों।

द- संस्थान के पास पेशेवर प्रबंधन, अर्थशास्त्री, समाज शास्त्री/मानव वैज्ञानिक आदि होने चाहिए, जिसका विवरण आवेदन पत्र के साथ देना अनिवार्य होगा।

य- पूर्व में जिन्होने सामाजिक समाघात अध्ययन किया हो, ऐसे संस्थान को वरीयता दी जायेगी।

2- आवेदन का प्रारूपः- संस्थान द्वारा किये गये आवेदन में संस्थान की संरचना का विवरण शामिल होना चाहिए। संस्थान सामाजिक प्रभाव अध्ययन/मूल्यांकन करने के लिये जिम्मेदार होगा। आवेदन के साथ सामाजिक प्रभाव अध्ययन या इसी तरह के जुडे पूर्व में किये गये अध्ययनों का विवरण दिया जाय जिसमें परियोजना के सम्बन्ध में अध्ययन किये जाने सम्बन्धी समय और स्वरूप का विवरण विस्तार से हो।

3- पात्रता का चयनः- प्राप्त कुल आवेदनों का मूल्यांकन संस्थान द्वारा दिये गये विवरण के आधार पर किया जायेगा। इस कार्य हेतु उपलब्ध स्टाफ कार्यरत विशेषज्ञों तथा प्रस्तावित कार्यक्षेत्र अथवा अन्य प्रकार की परियोजनाओं हेतु किये गये पूर्व अध्ययन को शामिल किया जायेगा। अतः संस्थान द्वारा इसका विवंरण अवश्य अंकित किया जाय।

4- संस्थान के चयन को निरस्त के लिये किसी भी कारण का बताया जाना अनिवार्य नहीं होगा।

5- इच्छुक संस्थानों के आवेदन पूर्ण विवरण के साथ कार्यालय में अथवा पंजीकृत डाक से दिनांक 20-03-2025 सायं 3.00 बजे तक निम्न पते पर स्वीकार किये जायेंगे।
''कार्यालय जिलाधिकारी लखनऊ/अपर जिलाधिकारी (भू0अ0),
नगर महापालिका-प्रथम,
6, जगदीश चन्द्र बोस मार्ग, लालबाग, लखनऊ।

6- आवेदक द्वारा तकनीकी मूल्यांकन किया जायेगा। वित्तीय मूल्यांकन हेतु सामाजिक समाघात (Social Impact Assessment) अध्ययन किये जाने के लिए संस्थान द्वारा लिये जाने वाले शुल्क का विवरण (कर सहित) अलग सीलबन्द लिफाफे में दिया जाना होगा। इसके अभाव में आवेदन पर विचार नही किया जायेगा।

**नोटः** प्रस्तावित भूमि का पूर्ण विवरण यथा खसरा/क्षेत्रफल/प्रभावित व्यक्ति/मानचित्र आदि अपर जिलाधिकारी (भू0अ0), नगर महापालिका-प्रथम, 6, जगदीश चन्द्र बोस मार्ग, लालबाग, लखनऊ के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

**कलेक्टर,**
**लखनऊ।**
**(भूमि अर्जन प्रयोजनार्थ)**

UPID-230550 Dated-03-03-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध



# कार्यालय - अधिशासी अभियन्ता
## (जोन-6) जलकल विभाग, नगर निगम लखनऊ

पत्रांक : 789/ई0ई0 (एच0क्यू0)2024-25 दिनांक : 05.03.2025

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 12/03/2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता जोन-6 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदायें दिनांक 12/03/2025 को अधिशासी अभियन्ता जोन-6 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 12/03/2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय मे खोली जायेंगी।

1. Complete repairing of roof of execution engineer office of Zoon-6, धरोहर धनराशि 8,500.00 एवं निविदा मूल्य रू0 500.00

**अधिशासी अभियन्ता (जोन-6)**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**


## रामसिंह कालेज में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला सात मार्च को

**टूंडला।** रामसिंह महाविद्यालय नगला सिकंदर एटा रोड टूंडला में सात मार्च को एक दिवसीय निःशुल्क वृहद् रोजगार मेले का आयोजन होगा। इच्छुक छात्र छात्राएं आवेदन करें। जिला सेवायोजन कार्यालय फिरोजाबाद के तत्वावधान में 7 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे से राम सिंह महाविद्यालय, नगला सिकन्दर, एटा रोड़ टूंडला फिरोजाबाद में एक दिवसीय निःशुल्क वृहद् रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल तवरहंतेंदहंउ.नच.हवअ.पद पर बेरोजगार अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इस मेले में देश-प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों के नियोजकों द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर चयन प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी। चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर योजना का लाभ उठायें। मेले में साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को पंजीयन कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र व फोटो/आईडी व रिज्यूम साथ लाना आवश्यक होगा।


# कार्यालयः नगर निगम अयोध्या।

पत्रांक : 1228/न0नि0अयो0/निविदा/2024 दिनांक - 04.11.2025

**अति अल्पकालीन सामान्य निविदा सूचना**

शासन द्वारा संचालित अति विशिष्ठ महत्वपूर्ण परियोजना स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण-2024/2025 एवं गार्वेज फ्री सिटी, ओ0डी0एफ0, सफाई मित्र सुरक्षा चैलेन्ज के अन्तर्गत विभिन्न कार्यो एवं शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत किए गये शासनादेश के क्रम में कार्यक्रम कराये जाने हेतु एवं विशेष महत्वपूर्ण पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम अयोध्या द्वारा स्थानीय अवस्थापना निधि/नगर निगम निधि/स्वच्छ भारत मिशन के आई0ई0सी0 मद के अन्तर्गत नगर निगम अयोध्या सीमान्तर्गत अयोध्या धाम में वित्तीय वर्ष-2024-25 में विभिन्न कार्य कराये जाने हेतु दरे प्राप्त किए जाने हेतु फर्मो से निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म विक्रय दिनांक-11.11.2024 को प्रातः 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे के मध्य किया जा सकता है। सीलबंद निविदायें दिनांक-11.11.2024 को ही दोपहर 01:00 बजे से अपरान्ह 02:00 के मध्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय कक्ष में निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। तत्पश्चात् निविदा बाक्स निविदादाताओं की उपस्थिति में उसी दिन सांय 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाता को जमानत धनराशि के रूप में क्रमशः...............का एफ0डी0आर0/एन0एस0सी जो नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या के नाम बंधक होगी, संलग्न करना अनिवार्य होगा। संक्षिप्त विवरण व शर्ते निम्नवत् हैः-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | यूनिट दर (प्रति वर्ग फुट जी.एस.टी. रहित) | जमानत धनराशि | निविदा फार्म का मूल्य | GST | GST सहित निविदा फार्म का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वॉल पेंटिंग का कार्य | ₹ 40 Sq.ft. | ₹ 70,000.00 | ₹ 700.00 | ₹ 126.00 | ₹ 826.00 |
| 2 | वॉल पेंटिंग का कार्य (इसके अन्तर्गत दीवार पर आवश्यकतानुसार पुट्टी कराते हुए | ₹ 50 Sq.ft. | | | | |
| 3 | वॉल पेंटिंग का कार्य (इसके अन्तर्गत दीवार पर आवश्यकतानुसार पुट्टी कराते हुए थ्री कोट पेंटिंग कराते हुए उसपर लिखाई करना तथा चित्रकारी कराना) | ₹ 60 Sq.ft. | | | | |
| 4 | टी-शर्ट | ₹ 300 प्रति यूनिट | | | | |
| 5 | टोपी | ₹ 100 प्रति यूनिट | | | | |
| 6 | ग्लब्स | ₹ 20 प्रति यूनिट | | | | |
| 7 | मास्क | ₹ 10 प्रति यूनिट | | | | |

नियम व शर्ते :-

1. निविदा दाता की फर्म को वाणिज्य कर विभाग (जी0एस0टी0) में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा।
2. उक्त प्रकाशित निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताए निरस्त कराने का सम्पूर्ण अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, अयोध्या में निहित होगा।
3. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
4. किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्यवाही अयोध्या जनपद नगर निगम के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत की जायेगी।
5. निविदा फर्म का मूल्य जी0एस0टी0 सहित नकद जमा करने के पश्चात् निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकेगा।
6. निविदादाता द्वारा समय एवं गुणवत्ता के अनुरूप कार्य नहीं किया जाता है, तो फर्म की सम्पूर्ण जमानत धनराशि नगर निगम अयोध्या के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी।
7. न्यूनतम निविदा दाता से निर्धारित स्टॉम पेपर पर निर्धारित अवधि में अनुबंध कराना अनिवार्य होगा।

**अपर नगर आयुक्त,**
**नगर निगम, अयोध्या।**


# आमजन की रक्षा एवं सुरक्षा पुलिस की सबसे बड़ी परीक्षाः अमित



■ सकुशल सम्पन्न हो त्योहार,पुलिस लाइन में हुआ दंगा नियंत्रण अभ्यास

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में आज आने वाले होली ईद रमजान आदि त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने के साथ साथ जिले की कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अमित पाठक की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक रामनयन की मौजूदगी में रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउंड में दंगा नियंत्रण अभ्यास एवं बलवा ड्रिल के पूर्वाभ्यास का आयोजन किया गया।

इस दौरान पुलिस बल द्वारा दंगा नियंत्रण उपकरणों जैसे एंटी-राइट गन टियर गैस गन रबर बुलेट गन हैंड ग्रेनेड मिर्ची बम वाटर कैनन और लाठी चार्ज आदि के संचालन का पूर्वाभ्यास कराया गया। इस दौरान डीआईजी द्वारा सभी पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया कि त्योहारों के चलते सतर्कता एवं जनता के प्रति संयम और संवेदनशीलता बनाए रखें व भीड़ नियंत्रण उपद्रव की स्थिति में त्वरित कार्रवाई के साथ संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी एवं अवांछनीय तत्वों की पहचान संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।बलवा ड्रिल के अंतर्गत भीड़ को तितर-बितर करने आपातकालीन स्थितियों में बल प्रयोग के उचित तरीके एवं साक्ष्य संकलन हेतु फॉरेंसिक टीम की भूमिका आदि का भी पूर्वाभ्यास किया गया साथ ही संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से निगरानी आदि पुलिस कार्यवाही को भी ड्रिल के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।डीआईजी द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी स्थिति पर जाने से पहले अपनी सुरक्षा में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों की भी पूरी जांच करने के बाद घटना स्थल पर जाकर अपना पूरा योगदान दे न कि आधी अधूरी तैयारी से जाकर खुद को जोखिम में डालने से बचाएं दंगा नियंत्रण अभ्यास एवं बलवा ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा के पश्चात पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण किया गया इस दौरान आरटीसी बैरक तथा विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी द्वारा कार्यों व गुणवत्ता की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा व ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर क्षेत्राधिकारी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।



अवधनामा



# आने वाले त्योहारों को लेकर सेन्ट्रल पीस कमेटी की बैठक संपन्न

## त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाय किसी तरह का हुड़दंग न किया जाये : एसपी

**होली में कोई नई परंपरागत न डाली जाए : जिलाधिकारी**

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** होलिका दहन , रंगोत्सव/ होलिकोत्सव ,रमजान के अंतिम शुक्रवार एवं ईद उल फितर के दृष्टिगत सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में होली का त्यौहार परंपरागत ढंग से भाईचारे व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए। इसमें कोई नई परंपरा ना डाली जाए। पूर्व के वर्षों में जिन स्थानों पर होलिका दहन हुआ है उन्हीं स्थलों पर होलिका दहन किया जाएं। होलिका दहन स्थल के आसपास ज्वलनशील पदार्थ तथा विद्युत के तार न हो । कहा कि त्यौहार के समय सोशल मीडिया पर कोई भी भड़काऊ पोस्ट / अफवाह न डालें न ही शेयर करें , अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी । त्यौहार के मौके पर हर छोटी से छोटी घटना या किसी भी प्रकार के झगड़ा या ऐसे किसी तरह की संभावना के संबंध में तत्काल सूचना दी जाए । यदि किसी क्षेत्र में अवैध / कच्ची शराब की बिक्री की जा रही है तो उसकी सूचना तत्काल दी जाए , अवैध शराब पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि होली के त्यौहार में विद्युत ,पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। विद्युत कटौती न हो। होली के त्यौहार में सभी सीएचसी पीएचसी व जिला अस्पताल अनिवार्य रूप से खुले रहेंगे सीएमओ द्वारा अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थों पर छापेमारी जारी रखी जाए , खाद्य पदार्थों के साथ , रंग और अबीर गुलाल की भी सैंपलिंग की जाए। उन्होंने कहा कि होलिका दहन स्थल के पास कोई किसी भी प्रकार का अतिक्रमण ना रहे यह सुनिश्चित कराया जाए । कहा कि अन्ना पशुओं को पशु आश्रय स्थल में संरक्षित कराया जाय। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर अफवाह न फैलाने की अपील की तथा कहा कि किसी भी प्रकार की सूचना से जिला प्रशासन को सूचित किया जाए, अफवाह फैलाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने कहा कि त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाय। किसी तरह का हुड़दंग न किया जाय।लोग होली के दौरान हेलमेट पहनकर ही बाइक पर बाहर निकलें।कहा कि त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस की गश्ती बढ़ाई जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर,अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी, समस्त थाना प्रभारी , जिला स्तरीय पीस कमेटी के अन्य सदस्य तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## अलग अलग घटनाओं में एक महिला सहित दो गंभीर

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में एक महिला सहित दो गंभीर दोनों को गंभीर अवस्था में परिजनों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

मुटनी गांव निवासी साजिया बानो 30 वर्ष पत्नी शकील अहमद गृह कलह के चलते घर में रखा सल्फास खा लिया विवाहिता की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन फानन मे कस्बे की सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया दूसरी घटना रतिराम 36 वर्ष पुत्र सीताराम सायर गांव निवासी मंगलवार की देर रात सड़क दुर्घटना में घायल हो गया लहूलुहान हालत में कस्बे की सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ हालत में सुधार न होने पर प्राथमिक उपचार के चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# सुरक्षा मानकों का अनुपालन करके ही हम जीरो हार्म के लक्ष्य को पा सकेंगे: आरपी सिंह

**रेनुसागर में राष्ट्रीय सुरक्षा माह की भव्य शुरुआत**

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/अनपरा।** हिण्डालको, रेनूसागर पावर डिवीजन में 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा माह की भव्य शुरुआत कारखाना परिसर स्थित सुरक्षा लॉन में हुई। समारोह के मुख्य अतिथि रेनूसागर पावर डिवीजन के यूनिट हेड आर पी सिंह ने फीता काट कर उदघाटन किया। तत्पचात भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुरक्षा ध्वज फहराकर सभी को सुरक्षा की शपथ दिलाई।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये हिण्डालको समूह के प्रबन्ध निर्देशक का सुरक्षा संदेश प्रसारित किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने सुरक्षा जागरुकता माह के आयोजन को सम्बोधित करते हुए उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संविदाकर्मियों को 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारा प्रबन्धन सुरक्षा के प्रति दृढ़ संकल्पित है, शून्य दुर्घटना से एक कदम आगे जीरो हार्म हमारा लक्ष्य होना चाहिए।जब हम अपने आप को सुरक्षित रखेंगे तभी हम सब भी सुरक्षित रहेंगे।उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों का अनुपालन करके ही हम जीरो हार्म के लक्ष्य को पा सकेंगे।संस्थान का मुख्य उद्देश्य है कि उच्च गुणवत्ता, सुरक्षा, स्वस्थ्य वातावरण के उन्नयन के प्रति कार्य करना है। मुख्य अतिथि ने कहा कि कोई भी कर्मी असुरक्षित तरीके से कार्य कर रहा हो तो हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम उसे समझायें कि वह सुरक्षित तरीके से कार्य करे। इसके पूर्व मंच का संचालन कर रहे सुरक्षा विभाग के प्रभारी अरविंद सिंह ने उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा माह में होने वाले कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम समापन के पूर्व जागरुकता हेतु सुरक्षा रथ को मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य रुप से हिण्डालको रेनुसागर के वरिष्ठ अधिकारी मनीष जैन,जगदीश पात्रा, विभु पात्रा, नवींद्र पाठक, समीर आनंद, संदीप यावले,आशुतोष सिंह, मृदुल भारद्वाज, कर्नल जयदीप मिश्रा, ललित खुराना,सुधाकर अन्नामलाई, निखिल जैन,अनिल शर्मा एवं राशीद शेख, अभिनीत सिंह,शैलेश श्रीवास्तव सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष के अलावा मान्यताप्राप्त श्रमिक संगठनो के पदाधिकारी सहित तमाम श्रमिक गण मौजूद रहे।

## 8 मार्च को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर की सचिव गीताजलि गर्ग द्वारा बताया गया कि दिनांक 08 मार्च 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। साथ ही सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर द्वारा लोगों से अपील की गयी है कि वह राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद पुलिस चालानी वाद, लघु आपराधिक वाद, अन्तिम रिपोर्ट, 138 एन.आई.एक्ट, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, वैवाहिक वाद, भरण-पोषण वाद, श्रम वाद, विक्रय कर एवं आयकर सम्बन्धी वाद, सिविल वाद किरायेदारी से सम्बन्धित वाद, बैंक वसूली सम्बन्धी वाद, उत्तराधिकारी वाद, विद्युत अधिनियम वाद, आर.टी.ओ. चालानी वाद, नगर पालिका से सम्बन्धित वाद, बांटमाप संबंधी वाद, रेलवे से सम्बन्धी वाद, वन विभाग से सम्बन्धित वाद, नहर विभाग से संबधित वाद, सेवा एवं पेंशन सम्बन्धी मामले प्राकृतिक आपदा एवं क्षतिपूर्ति संबंधी मामले, मनोरंजन विभाग संबंधी मामले आगामी लोक अदालत में निस्तारित कराये जा सकतें है। उन्होंने वादकारियों का आवाहन किया है कि वह लोक अदालत में बढ़ चढ़ कर भाग ले व इस अवसर का लाभ उठाते हुये लोक अदालत को सफल बनायें।

**खेलकूद एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन पी0एम0श्री कम्पोजिट विद्यालय धर्मपुरा आयोजित**

# सूखी रोटी खायेगें बच्चों को खूब पढ़ायेंगे: डॉ. हरीशंकर

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** पी.एम. श्री कम्पोजिट विद्यालय-धर्मपुरा, वि.ख.महेवा जनपद के इं.प्र.अ.एवं जिलाध्यक्ष अशोक राजपूत , उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने बताया कि विद्यालय में दो दिवसीय खेलकूद एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम दिवस खेलकूद के तहत बच्चों की शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं प्रतिभा हेतु विभिन्न दौड़े 50 मी., 100मी., 200मी., 400मी. एवं बैडमिन्टन, कबड्डी, खो-खो, वालीवॉल, लोंगजम्प तथा हाई जम्प आदि का आयोजन किया गया तथा द्वितीय दिवस पर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि के रूप में महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा सम्मानित प्रमुख समाज सेवी डॉ. हरीशंकर पटेल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अपना दल एस अति विशिष्ट अतिथि इंजी.राजेश वर्मा, सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियन्ता, जलशक्ति विभाग, उ.प्र. एवं विशिष्ट अतिथि श्री रामकृष्ण दुबे , ए.आर.पी.-महेवा रहे, जिसमें सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती पूजन के बाद बच्चों द्वारा सरस्वती बन्दना, स्वागत गीत के साथ शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मीना कार्यक्रम, वालसंसद के छात्र-छात्राओं अनेकों प्रस्तुतियां दी, विभिन्न कक्षाओं में सर्वाधिक उपस्थिति तथा परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन वाले प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं तथा वर्तमान सत्र में खेलकूद में जनपद, मंडलीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन वाले खिलाड़ी एवं विज्ञान प्रदर्शिनी तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं/ कार्यक्रमों में प्रतिभागी एवं विजयी छात्रों को सभी अतिथियों द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर एवं मैडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को यादगार बनाने रखने हेतु सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं बच्चों ने विद्यालय द्वारा तैयार सेल्फी पॉइन्ट में फोटोसूट भी करवाये तथा सभी रसोइया को भी सम्मानित किये गया।



**प्र0अ0, अशोक राजपूत एवं समस्त स्टॉफ द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान**

अंगवस्त्र , पुष्पमालाओं, बुके एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि-डॉ0 हरीशंकर पटेल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अपना दल(एस) ने कहा कि राष्ट्र का बेहतर भविष्य नन्हें नन्हें बच्चों एवं नई पीढ़ी पर निर्भर होता है अतन्सरकार एवं परिवार की मंशा के अनुरूप बेहतर शिक्षा प्राप्त करें, शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वही दहाडेगा उपस्थित अभिभावको से अनुरोध करते हुए कहां कि सूखी रोटी खाये बच्चों को खूब पढ़ाये। विशिष्ट अतिथि इंजी0राजेश वर्मा सेवानिवृत अधिशाषी अभियन्ता (जल शक्ति) लखनऊ ने बच्चों को उज्ञवल भविष्य का आर्शीवाद दिया साथ ही विद्यालय स्टॉफ की प्रशंसा की तथा अपना हर सम्भव सहयोग देते रहने का आश्वासन दिया। विशेष अतिथि श्री रामकृष्ण दुबे ने कहा कि ग्राम पंचा0एवं विद्यालय प्रबन्ध समिति का सहयोग, अभिभावकों की अपने छात्रों हेतु जागरूकता शिक्षाहित में बेहद जरूरी है, बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। उन्हें सरकार निःशुल्क अनेकों सुविधायें प्रदान कर रही है, उन्होंने बच्चों को आशीष एवं की प्रशंसा की । अन्त में प्र0अ0, अशोक राजपूत ने सभी अतिथियों सहित ग्राम प्रधान/वी.डी.सी. सदस्य/ एसएमसी सदस्यों/ अभिभावकों एवं समस्त स्टॉफ एवं बच्चों का आभार व्यक्त किया। इसअवसर पर अशोक राजपूत, अनिल तिवारी, प्रतीक अग्रवाल, प्रमोद राजपूत, संजीव राजपूत, अजय प्रकाश सिंह, चक्रपान, चित्रा कुमारी, अमिता देवी, सुषमा देवी, मंजू राजपूत आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही, हल्की हवा में गिरा नगरपालिका का पोल

**मौदहा हमीरपुर।** बुधवार की दोपहर चली हल्की हवा के साथ ही नगरपालिका द्वारा लगाया गया बिजली का खम्भा सड़क पर जा रही कार के ऊपर गिर गया जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ तो वहीं किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। जबकि नगरपालिका द्वारा कराए जाने वाले घटिया निर्माण और अपनों को काम दिए जाने की पोल जरूर खुल गई। जबकि इस मामले में की गंभीरता को देखते हुए अधिशासी अधिकारी सहित बिजली विभाग के जेई और एसडीओ ने फोन स्विच ऑफ कर लिए। बुधवार की सुबह से चल रही हल्की हवाओं के कारण कस्बे के बांदा बस स्टैंड में मस्जिद के पास लगा नगरपालिका द्वारा लगाया गया बिजली का खम्भा अचानक सड़क पर अपनी गाड़ी से जा रहे बीजेपी नेता की गाड़ी में गिर गया जिससे गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना से किसी तरह की क़ोई जनहानि नहीं हुई। जबकि बीच सड़क पर गाड़ी में बिजली का खम्भा गिरने से कुछ समय के लिए यातायात व्यवस्था जरूर बाधित हुई। हालांकि खम्भा गिरने की खबर के बाद बिजली विभाग के एसडीओ और जेई और नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी के फोन स्विच ऑफ हो गए।

# एसएमजीआई के छात्रों ने किया हर्बल पार्क का भ्रमण



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सर मदनलाल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में अध्ययनरत् डी फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने महेवा ब्लॉक स्थित वृंदा हर्बल पार्क बहेढ़ा (महेवा) का भ्रमण किया जहाँ पर उन्होंने विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्हें नजदीक से देखा। संस्था के निदेशक डा.उमा शंकर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गत् वर्षो की तरह ही इस वर्ष भी संस्थान के छात्रों को औषधीय पौधों की पहचान और उनके उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से इस विशेष हर्बल पार्क का भ्रमण कराया गया है। इस भ्रमण से छात्र-छात्राओं को औषधीय पौधों के पारम्परिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के बीच के सम्बंध को समझने में मदद मिलेगी इसके साथ ही छात्रों को पर्यावरण संसाधनों के महत्व एवं जैव विविधता संरक्षण के बारे में भी समझाया गया। हर्बल पार्क में छात्र छात्राओं ने भ्रमण के दौरान विभिन्न प्रकार के पौधे जैसे इन्सुलिन, शतावारी, अश्वगंधा, एलोवेरा, गिलोय, सर्पगंधा, चिरायता, अडूषा, मुलैठी, क्रैनाइन, काला आम, ड्रेगन फरूट इत्यादि का छात्रों ने देखा और उनके औषधीय महत्व को भी समझा।

संस्था के चेयरमैन डा.विवेक यादव ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही कहा कि एसएमजीआई हमेशा से ही छात्र छात्राओं की संपूर्ण शिक्षा और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है मुझे उम्मीद है कि यह विशेष शैक्षिक भ्रमण संस्थान के छात्र छात्राओं में नवाचार और शोध की भावना भी बढ़ावा अवश्य देगा। शैक्षिक भ्रमण के दौरान संस्था की अस्सिटेन्ट प्रोफेसर श्वेता सिंह एवं प्रवक्ता सुबोध बाबू ने छात्र-छात्राओं का कुशल मार्गदर्शन किया। उन्होंने संस्थान के डायरेक्टर एवं समस्त स्टाफ को भी बधाई दी।

# हिण्डाल्को में सुरक्षा सप्ताह के दौरान सुरक्षा पहेली प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को में दिनांक 4 मार्च से मनाये जा रहे सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत दूसरे दिन बुधवार दिनांक 5 मार्च को सेफ्टी क्वीज (सुरक्षा पहेली) प्रतियोगिता का आयोजन संविदाकार कर्मचारी तथा हिण्डाल्को कर्मचारी के लिए ट्रेनिंग सेंटर में किया गया। फाइनल के लिए 4 टीमों को चयनित किया गया। इस प्रतियोगिता का संचालन आर0एस0 तिवारी ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक रिडक्सन प्लान्ट के कामता प्रसाद गुप्ता थे। संविदाकार सेफ्टी क्वीज (सुरक्षा पहेली) प्रतियोगिता में रिडक्सन प्लान्ट की टीम के संविदा श्रमिक शिवराज सिंह (मेसर्स अनिता स्क्रैप), प्रभात मोहन (मेसर्स भुल्लन), सुनिल कुमार शाह (मेसर्स अनिता स्क्रैप) ने प्रथम स्थान, फैब्रिकेशन प्लान्ट की टीम के अनिर्बन (मेसर्स एलिना), विकास कुमार (मेसर्स अवतार पेपर), रवि कुमार (मेसर्स एलिना) ने द्वितीय स्थान तथा अल्युमिना प्लान्ट की टीम के अश्विनी गुप्ता (मेसर्स जनरल कन्स्ट्रक्सन), शिव नारायन पाल (मेसर्स जायसवाल ब्रदर्स), सुनिल गोस्वामी (मेसर्स वीनस) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिण्डाल्को कर्मचारी सेफ्टी क्वीज (सुरक्षा पहेली) प्रतियोगिता में अल्युमिना प्लान्ट की टीम के राहुल शर्मा, विशाल सिंह व आदित्य शर्मा ने प्रथम स्थान, फैब्रिकेशन प्लान्ट की टीम के कुन्दन, धर्मेन्द्र निसाद व सुधीर कुमार ने द्वितीय स्थान तथा यूटिलिटीज़ एण्ड ब्वायलर की टीम के खुशबुद्दीन अंसारी, आर0के0 यादव एवं प्रमोद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कर्मचारियों के लिए सुरक्षा कविता प्रतियोगिता का आयोजन ट्रेनिंग सेंटर में किया गया। जिसमें चार टीमों के आठ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी स्वरचित कविताओं को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के निर्णायक महाप्रबंधक जनसंपर्क यशवंत कुमार, लीगल हेड विवेक कुमार व एचआर विभाग के एस0के0 ब्रह्ममचारी ने अल्युमिना प्लांट के ओ0पी0 चौबे को प्रथम, ब्वायलर के ए0के0 चावरिया को द्वितीय व यूटिलिटीज़ के सुरेश खरवार को तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया। प्रतियोगिता का संचालन सुशील पाण्डेय ने किया।

# एनटीपीसी सिंगरौली के कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत हुए राजीव अकोटकर

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/शक्तिनगर।** राजीव अकोटकर ने एनटीपीसी में अपनी करियर यात्रा की शुरुआत सन् 1989 में में की। शुरुआत में एक प्रशिक्षु के रूप में काम करते हुए उन्होंने खुद को एक सक्षम और योग्य इंजीनियर के रूप में साबित किया। राजीव अकोटकर ने एनटीपीसी विंध्याचल में 1990 से लेकर सितंबर 2010 तक ऑपरेशन विभाग में एवं अक्टूबर 2010 से अगस्त 2018 तक एनटीपीसी विंध्याचल में अपर महाप्रबंधक के पद पर ऐश हैंडलिंग विभाग में सेवाएं दी। तदुपरांत अगस्त 2018 को उन्हें एनटीपीसी नबीनगर में फ्यूल मैनेजमेंट पीजीसीएल में स्थानांतरित किया गया, जहां उन्होंने 2021 तक अपनी सेवाएं दीं। फिर अक्टूबर 2021 को वे एनटीपीसी सोलापुर में ऑपरेशन और मेंटेनेंस विभाग में कार्य करने के लिए नियुक्त हुए, जहां उन्होंने फरवरी 2023 तक कार्य किया। सोलापुर से स्थानांतरण के पश्चात, अकोटकर एनटीपीसी के मातृ संयंत्र सिंगरौली सुपर थर्मल पावर स्टेशन में परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला इस दौरान, अकोटकर ने हमेशा अपने कार्य के प्रति जिम्मेदारी और समर्पण को प्राथमिकता दी। उनकी कार्यशैली और तकनीकी जानकारी ने उन्हें संगठन में एक विश्वसनीय और सम्माननीय पद तक पहुंचाया। अपने विशेष कार्य क्षमताओं एवं कुशल नेतृत्व कला की वजह से एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा श्री राजीव अकोटकर को एनटीपीसी के कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत किया गया है। इस सम्मानजनक अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक, यूनियन एवं एशोसिएशन और कर्मचारियों द्वारा राजीव अकोटकर का अभिनंदन किया गया। अकोटकर ने इस अवसर पर सभी उपस्थित अधिकारी जनों को संबोधित करते हुए कहा, ÷यह सफलता सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि उन सभी का प्रयास है जिन्होंने मुझे मार्गदर्शन दिया और मेरे साथ काम किया। मैं हमेशा एनटीपीसी के विकास के लिए काम करता रहूंगा और यह पद मेरे लिए और मेरे टीम के लिए नई जिम्मेदारी लेकर आया है।

## राष्ट्रीय राज मार्ग में फिर हुआ भीण हादसा



**भरुआ सुमेरपुर।** सुमेरपुर थाना क्षेत्र के नरायनपुर ग्राम के पास नेशनल हाइवे 34 मे कानपुर की तरफ से और कबरई की तरफ से तेज रफ्तार मे आ रहे डम्फरो ने आटो को बचाने के चक्कर मे आमने समाने जोर दार भिंडत हो गयी है टक्कर इतनी जोर दार थी कि एक डम्फर मे आज लगा गयी उस डम्फर चालक की मौके पर ही मौत हो गयी है और आटो मे सवार चार लोग गम्भीर हालत मे है जिसमे एक महिला शामिल है सभी घायलो को गम्भीर रूप से जिला चिकित्स ला भेजा गया है

## होली के पहले सक्रिय हुआ खाद्य सुरक्षा विभाग



**सुमेरपुर हमीरपुर।** होली पर्व के मद्देनजर जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक खाद्य आयुक्त की टीम ने कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में छापा मारकर दूध, मावा, सरसों तेल आदि के नमूने भरे हैं। साथ ही पंधरी गांव में 20 किलो दूषित बर्फी नष्ट कराई है। सहायक खाद्य आयुक्त की इस कार्यवाही से मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया है। जिलाधिकारी घनश्याम मीना के निर्देश पर सहायक खाद आयुक्त गौरीशंकर की टीम ने कस्बे में छापा मारकर नेहा चौराहा के नेहा स्वीट से मावा का नमूना लिया। इसी तरह पशु बाजार के समीप संचालित नवीन डेयरी से दूध के सैंपल लिए है। एक फेरी दूधिया को रोक कर मिलावट की आशंका पर दूध का नमूना लिया गया। इसी तरह कस्बे की एक तेल मिल से सरसों के तेल का नमूना लिया गया है। पंधरी के जनता स्वीट्स में छापा मारकर पनीर एवं मावा का सैंपल लेते हुये 20 किलो दूषित बर्फी भी नष्ट कराई गई है। सहायक खाद्य आयुक्त की इस कार्यवाही से मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया है। कार्यवाही की भनक लगते ही तमाम प्रतिष्ठानों में ताले लटक गए और टीम के वापस लौटने की भनक लगने के बाद ही खुले। टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह, रामसूरत यादव आदि शामिल रहे।

## प्रधान और सचिव बनी शशक्त पंचायत नेत्री अभियान का हिस्सा

**सुमेरपुर हमीरपुर।** केंद्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत पंचायती राज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला प्रतिनिधियों को अपने कार्यों को और बेहतर तरीके से करने के लिए कार्यशाला का आयोजन करके प्रशिक्षित किया। पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार ने दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व कार्यशाला का आयोजन कराया। देश की चुनिंदा 1200 महिला जनप्रतिनिधियों को सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत कार्यों को बेहतर तरीके से करने का प्रशिक्षण देकर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। 4 से 5 मार्च तक आयोजित इस कार्यशाला में ब्लॉक की ग्राम पंचायत पौथिया की प्रधान वंदना सचान एवं पंचायत सचिव सोनाली सचान का चयन किया गया था। दोनों महिलाओं ने इस कार्यशाला में प्रतिभाग करके कार्यों को बेहतर तरीके से करने का अनुभव प्राप्त किया। इस कार्यशाला को केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, रक्षा निखिल खडसे, एमपी सिंह बघेल, अन्नपूर्णा देवी के अलावा पंचायती राज मंत्रालय के निदेशक विपुल भारद्वाज, अपर सचिव सुशील कुमार लोहानी, पंचायती राज सचिव विवेक भारद्वाज आदि ने संबोधित करते हुए महिला जनप्रतिनिधियों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## संविदाकर्मियों हेतु लगाया टीबी स्क्रीनिंग कैंप



**सोनभद्र/सिंगरौली।** बुधवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने टीबी मुक्त भारत अभियान एवं 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान के तहत संविदाकर्मियों हेतु टीबी स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया। एनसीएल की झिंगुरदा परियोजना में आयोजित इस कैंप का मुख्य उद्देश्य आस-पास के क्षेत्र में क्षय रोग (टीबी) जागरूकता फैलाना एवं टीबी संबंधी प्रारम्भिक जांच करना रहा। इस कैंप के दौरान 100 संविदाकर्मियों ने टीबी संबंधित लक्षणों के आधार पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवायी। इसके अतिरिक्त टीबी स्क्रीनिंग कैंप में चिकित्सकों की टीम द्वारा उपस्थित सभी को क्षय रोग से संबंधित संकेतों, लक्षणों और आवश्यक सावधानियों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा देशभर में टी. बी. मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में टी. बी. संबंधी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, जांच शिविर एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# पेयजल आपूर्ति न कर पाने वाली सरकार दिखावे के लिए बांट रही गंगाजल: रामप्रकाश प्रजापति

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिले में टैंकरों द्वारा गंगाजल वितरण को लेकर सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति ने सरकार को जमकर घेरा है।इस दौरान उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार की नीतियां दिखावे और धार्मिक भावनाओं के शोषण के अलावा और कुछ नहीं हैं। ये सरकार प्रयागराज से 25 हजार लीटर गंगाजल हमीरपुर के उन लोगों को बाँट रही है जो महाकुंभ में नहीं पहुच सके ताकि लोगों की धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ किया जा सके। लेकिन यह दिखावे की राजनीति उन ग्रामीणों की असली तकलीफों को छुपा नहीं सकती, जो अपने ही घरों में पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। सरकार 100-100 लीटर गंगाजल हर इलाके में टैंकरों से पहुंचा रही है, मगर वही सरकार हमीरपुर के लोगों को पीने का साफ पानी देने में नाकाम है। यहां के कई गांवों और वार्डों में पानी की भीषण किल्लत है। घटिया पाइपलाइन और लीक होती जल आपूर्ति व्यवस्था के कारण लोगों को मजबूरन प्रदर्शन करना पड़ रहा है। अब जरा सोचिये जब सरकार के पास टैंकरों में गंगाजल भरकर बांटने की व्यवस्था है, तो फिर पीने का पानी क्यों नहीं पहुंचा पा रही? क्या यह जनता की मूलभूत जरूरत नहीं है? क्या बिना पानी के लोग जिन्दा रह सकते हैं? मैं यहाँ एक बात साफ कर देता हूँ कि यह पूरा घटनाक्रम भाजपा की ÷धार्मिक भावनाओं की राजनीति÷ का सबसे सटीक उदाहरण है। गंगाजल बांटने से कोई इंकार नहीं कर रहा, लेकिन सवाल तो ये भी उठता है कि जब लोग पीने के पानी के लिए भटक रहे हैं? तब उनकी प्यास बुझाने की जगह, उनतक साफ पानी पहुचने की जगह आप ढोंग करने में लगे हुए हैं? ये जान लीजिये कि भाजपा का असली मकसद जनता की बुनियादी जरूरतें पूरी करना नहीं, बल्कि लोगों को असल मुद्दों से भटकाना है। हमीरपुर में पानी की समस्या से परेशान दर्जनों ग्रामीणों ने कल दिनांक 04 मार्च को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। जिसमें मँझूपुर, गौरादेवी, ब्रह्मा का डेरा और वार्ड नंबर 19 के निवासियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि साल 2020-21 में जल निगम द्वारा निर्मित टंकी और पाइपलाइन की घटिया गुणवत्ता के कारण जगह-जगह लीकेज हो रहा है जिस वजह से उनके घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इनका गंगाजल बाँटना कोई आस्था नहीं है केवल और केवल राजनैतिक नौटंकी के अलावा और कुछ नहीं, क्योंकि अगर सरकार को सच में जनता की परवाह होती, तो सबसे पहले यह सुनिश्चित किया जाता कि हर घर में पीने का साफ पानी उपलब्ध हो।

# आवंटित बजट का एक भी पैसा लैप्स नहीं होना चाहिए: जयवीर

- लोक कलाकारों को वाद्ययंत्रों के वितरण के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जाए



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि चालू वित्तीय वर्ष के समाप्ति से पूर्व सभी मदों में आवंटित धनराशि का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में बजट का सरेन्डर न किया जाए। इसके साथ ही निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करें। कार्य समाप्ति हो जाने के बाद संबंधित योजना का उपयोगिता प्रमाण पत्र यथाशीघ्र प्रस्तुत करें।

संस्कृति मंत्री आज पर्यटन भवन में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की वित्तीय प्रगति तथा विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने रिक्त पदों के सापेक्ष अधियाचन भेजने की कार्यवाही तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये, इसके साथ ही पदोन्नति के मामलों में किसी स्तर पर विलम्ब न किये जाने की हिदायत भी दी। उन्होंने कहा कि पदरिक्त होने से विभागीय योजनायें प्रभावित होती हैं। इसके अलावा उन्होंने राज्य ललित कला अकादमी द्वारा मूर्ति निर्माण का कार्य भी समय से पूरा करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त स्थापित मूर्तियों का भूतत्व खनिकर्म से धातु के मिश्रण की जांच की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिये। जयवीर सिंह ने तीर्थ विकास परिषदों के अंतर्गत अनुमोदित कार्ययोजना के सापेक्ष प्राप्त आगणनों एवं स्वीकृति की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 की मुख्य कार्ययोजना में स्वीकृति प्रस्तावों की कार्यवाही संस्थावार की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पर्यटन नीति-2022 के तहत आवंटित एवं अवशेष धनराशि के बारे में समीक्षा की। इसके अलावा लोकार्पण तथा शिलान्यास के लिए तैयार योजनाओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिये।

पर्यटन मंत्री ने संस्कृति विभाग की आय-व्यय की समीक्षा के दौरान लोक कलाकार वाद्ययंत्र योजना के अंतर्गत प्रदेश की ग्राम पंचायतों में वितरित किए जाने वाले वाद्य यंत्रों की जानकारी ली और 31 मार्च, 2025 तक इनके वितरण के निर्देश दिया। बैठक में तय किया गया कि लोक कल्याण वाद्ययंत्र योजना के तहत मुख्य समारोह लखनऊ में आयोजित किया जाए, इसके साथ ही सभी मंडलों में कार्यक्रम आयोजित कर कलाकारों को वाद्य यंत्र वितरित किए जाए। मंत्री ने निर्देश दिया कि मंडल स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से वाद्ययंत्रों का वितरण कराया जाए।

उल्लेखनीय है कि लोक कलाकार वाद्ययंत्र योजना के तहत प्रदेश की ग्राम पंचायतों को संस्कृति विभाग द्वारा लोक कलाकारों के हितार्थ एवं ग्राम पंचायतों में सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए वाद्य यंत्रों का एक-एक सेट वितरित किया जा रहा है। मण्डलीय जनपदों से 10-10 चयनित ग्राम पंचायतों और शेष समस्त जनपदों से 5-5 ग्राम पंचायतों का चयन जिलाधिकारी के माध्यम से किया जा रहा है। योजना के तहत प्रदान किए जाने वाले वाद्य यंत्रों में हारमोनियम, ढोलक, मंजीरा और घुंघरू आदि शामिल हैं।

बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम, विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया, निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्र, पर्यटन सलाहकार जे0पी0 सिंह, वित्त अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# ब्रिटेन की रॉयल ड्रेस से लेकर आम आदमी तक के परिधानों में चिकनकारी: डॉ. अनामिका

- राज्य संग्रहालय में 'चिकनकारी' पर नौ दिवसीय कार्यशाला का दूसरा दिन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राज्य संग्रहालय, लखनऊ में चिकनकारी पर चल रही 9 दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन भी युवा प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कपड़े पर टेपची, पेंचनी, कील, फंदा, घास पत्ती की कढ़ाई सीखी। राज्य संग्रहालय (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) खादी ग्रामोद्योग बोर्ड एवं अवध चिकनकारी प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से कार्यशाला 12 मार्च तक चलेगी। कार्यशाला में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली की पूर्व क्यूरेटर डॉ. अनामिका पाठक ने अपने व्याख्यान में चिकनकारी के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस कला के प्राचीन साक्ष्यों, औपनिवेशिक काल में चिकनकारी की इंग्लैण्ड में लगी प्रदर्शनी और प्राचीन साक्ष्यों को लिपिबद्ध करना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही ब्रिटेन की रॉयल ड्रेस से आम आदमी तक के परिधानों में चिकनकारी का प्रयोग हो रहा है।कार्यशाला में कोलकाता से आए विशाल साहा ने बताया कि ऐसी कार्यशालाएं अपनी प्रतिभा को निखारने का सुनहरा अवसर तो प्रदान करती ही हैं, इसके साथ नए हुनर को भी सीखने का मौका देती हैं। जामदानी कला पर शोध कर रहे विशाल ने बताया कि लखनऊ संग्रहालय में आकर पुस्तकीय ज्ञान को सीखने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास निश्चित तौर पर संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह जी की दूरगामी सोच को प्रदर्शित करते हैं।

जयवीर सिंह का मानना है कि चिकनकारी लखनऊ के तहजीब का हिस्सा है। कला के साथ ही रोजगार सृजन का एक जरिया है। राज्य सरकार चिकनकारी को लोकप्रिय बनाने तथा इस कला को जीवित रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इसके लिए समय-समय पर कार्यशाला जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। उन्होंने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए इससे जुड़े सभी लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## पराग का खोया 8 मार्च से बाजार में बिक्री हेतु उपलब्ध

**लखनऊ।** होली के त्यौहार को लेकर पराग प्रबंधन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है और अपना लोकप्रिय उत्पाद पराग शुद्ध खोया बाजार में 8 मार्च से बिक्री करने का निर्णय लिया है। दुग्ध संघ लखनऊ के महाप्रबंधक विकास बालियान ने यह जानकारी दी की पराग खोया शनिवार से पराग के अधिकृत बूथों पर बिक्री हेतु उपलब्ध रहेगा विगत वर्षों की तरह इस बार भी आम जनता को होली पर स्टीम पद्धति से तैयार किए गए खोया को तैयार कराया जाएगा। जिसकी दरें विगत वर्ष की ही भांति रहेगी। 01 किग्रा0 पैकिंग की कीमत रू0 415 तथा आधा किलो पैकिंग की कीमत रू0 210 की दरों से बिक्री किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि पराग ने विगत वर्ष में 10 टन की बिक्री की थी इस बार 11 टन बिक्री का लक्ष्य रखा गया है। महाप्रबंधक ने बताया त्योहार को देखते हुए शुद्ध घी देसी घी से निर्मित मिठाइयां रसगुल्ला गुलाब जामुन मिल्क केक, कलाकंद आदि की भी विस्तृत रेंज प्रमुखों बूथों पर आमजन हेतु उपलब्ध रहेगी।

# मंत्री राकेश सचान ने होली पर्व पर 5 दिवसीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

- खादी व ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत : मंत्री राकेश सचान
- प्रदेश के 18 मंडलों में खादी प्रदर्शनियों का सफल आयोजन
- खादी को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए रोजगार के नए अवसर
- प्रदर्शनी 9 मार्च 2025 तक खादी भवन परिसर में चलेगी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में खादी और ग्रामोद्योग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खादी तथा ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने बुधवार को खादी भवन, डालीबाग, लखनऊ में 'होली के शुभ अवसर पर 5 दिवसीय लघु खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी' का उद्घाटन किया। उन्होंने मुख्य द्वार पर फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग के उत्पादों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने और उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 18 मंडलों में खादी एवं ग्रामोद्योगी प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया है, जिसमें 2372 स्टाल लगे और 4423.67 लाख रुपये की बिक्री हुई। प्रयागराज महाकुंभ में आयोजित खादी स्टालों पर 13.84 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की गई। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ में पहली बार बोर्ड परिसर में यह प्रदर्शनी आयोजित की गई है। मंत्री ने कहा कि खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो स्वदेशी, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खादी को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जा रहा है, जिससे युवाओं में इसकी लोकप्रियता बढ़ी है। उन्होंने यह भी बताया कि खादी उत्पादों का निर्माण अब फिट जैसी वैश्विक संस्थाओं के सहयोग से किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि खादी और ग्रामोद्योग विभाग स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित 'खादी महोत्सव-2025' में 133 इकाइयों ने भाग लिया और 2.54 लाख रुपये की बिक्री दर्ज की।

## माध्यमिक शिक्षा विभाग में पारदर्शिता व जवाबदेही के लिए नागरिक घोषणा-पत्र जारी

# अवकाश, पेंशन, प्रोन्नति सहित सभी सेवाएं ऑनलाइन होंगी

- राजकीय व अशासकीय शिक्षकों के सेवा प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण होगा
- माध्यमिक शिक्षा परिषद व संस्कृत शिक्षा परिषद के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने बुधवार को माध्यमिक शिक्षा विभाग के नागरिक घोषणा-पत्र का विमोचन उ0प्र0 सचिवालय स्थित तिलक हाल में किया। इस घोषणा-पत्र के तहत शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और विद्यार्थियों को दी जाने वाली सेवाओं के निस्तारण की समय सीमा तय की गई है, जिससे विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि यह नागरिक घोषणा-पत्र माध्यमिक शिक्षा में अनुशासित कार्य-संस्कृति विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से जनहित से जुड़ी आवश्यक सेवाओं को चिह्नित कर उनकी समयबद्ध स्वीकृति सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा, राजकीय और अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों के सेवा-सम्बंधी मामलों जैसे अवकाश, पेंशन, प्रोन्नति, वेतनमान, जीपीएफ और मृतक आश्रित नियुक्तियों के निस्तारण के लिए भी स्पष्ट समय-सीमा तय की गई है।मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप इस घोषणा-पत्र से त्वरित, पारदर्शी, सुगम, जवाबदेही और जन-हितैषी व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। इससे विभागीय कार्यों में न केवल गति आएगी, बल्कि शिक्षकों और विद्यार्थियों को भी समय पर सेवाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घोषणा-पत्र का पालन सख्ती से किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। घोषणा-पत्र के तहत यदि किसी प्रकरण का निर्धारित समय-सीमा में निस्तारण नहीं किया जाता है, तो अपीलीय अधिकारी संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा कर सकते हैं। इसके अलावा, प्रत्येक कार्यालय के प्रवेश द्वार पर प्रथम व द्वितीय अपीलीय अधिकारियों के नाम और संपर्क विवरण मोटे अक्षरों में लिखवाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि आवेदकों को किसी भी समस्या का समाधान तुरंत मिल सके।

# इंडिया गठबंधन के दलों को संघी मानसिकता वाले नेताओं को निकालना चाहिए: शहनवाज़



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से भारतीय जनता पार्टी के एजेण्डे पर खेलने वाले साम्प्रदायिक मानसिकता वाले प्रवक्ताओं पर लगाने का सुझाव दिया है। श्री आलम ने कहा कि आरएसएस के नेता कई बार कह चुके हैं कि उनके लोग सभी पार्टियों में हैं, इसलिए इंडिया गठबंधन की दलों को अपने बीच से संघी मानसिकता वाले नेताओं को चिन्हित कर निकालने की प्रक्रिया शुरू करना चाहिए। श्री आलम ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तो कई मौकों पर अपनी पार्टी के भीतर से संघियों को निकालने की बात कह चुके हैं और इस पर अमल भी हो रहा है। अखिलेश यादव को भी राहुल गांधी का अनुसरण करते हुए सपा के अंदर छिपे फ्रिंज एलीमेण्ट्स और प्रवक्ताओं को पार्टी से निकाल देना चाहिए। ऐसा नहीं करने से सेकुलरन वोटरों में सपा की छवि खराब हो रही है, जिससे पूरे इंडिया गठबंधन के खिलाफ गलत संदेश जा रहा है। श्री आलम ने कहा कि अखिलेश यादव को यह नहीं भूलना चाहिए कि किसी दौर में अमर सिंह भी कांग्रेस पर बहुत बड़बोले बयान दिया करते थे, लेकिन आखिर में पता चला कि वह संघ के लिए काम करते थे और मरने से पहले अपनी पूरी सम्पत्ति आरएसएस को दान कर दिये थे।

## अबू आसिम से अपने बयान के लिए माफी मांगें: अली ज़ैदी



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र के विधायक अबू आसिम आजमी के औरंगजेब पर दिये बयान को लेकर उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अबू आसिम से अपने बयान के लिए माफी मांगने की मांग की है। अली जैदी ने कहा कि सपा नेता अबू आसिम आजमी को अपने बाप को कैद कर सिंहासन पर बैठने वाले क्रूर औरंगजेब से इतना प्यार है यह जान कर कोई आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि दोनों की मानसिकता एक है और वह है कट्टरपंथ। अली जैदी ने कहा कि मसलकी भेदभाव के आधार पर हम अपने मजहब मुसलमानों को प्रताड़ित करना और उन्हें लूट कर बर्बाद करना ही औरंगजेब का काला इतिहास है। जिस औरंगजेब ने अल्पसंख्यक शिया मुसलमानों को हिन्दुस्तान में चैन से जीने नहीं दिया वह इनका आदर्श है। बहुसंख्यक कट्टरपंथी मुसलमान आज भी इनसे प्रेरणा लेकर हमारी मस्जिद, इमामबाड़ों और कब्रिस्तानों पर कब्जा कर हमारे लोगों को वहां से पलयान को मजबूर करते हैं। श्री जैदी ने कहा कि अबू आसिम आजमी को अपने शर्मनाक बयान के लिए देश से माफी मांगना चाहिए।

# महाकुंभ मेला 2025 के सफल आयोजन के लिए पर्यटनकर्मी सम्मानित

- महाकुंभ 2025 ने आस्था से अर्थव्यवस्था तक को किया मजबूत, दिखी सनातन की शक्ति : जयवीर सिंह




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के सफल आयोजन में उत्कृष्ट योगदान के लिए पर्यटन विभाग, यूपीएसटीडीसी (पर्यटन निगम) और पर्यटन पुलिस बल के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईजीपी) में आयोजित आज विशेष कार्यक्रम में माननीय मंत्री जयवीर सिंह ने उत्कृष्ट योगदान के लिए कनिष्ठ से वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य को सम्मानित किया।उप्र. के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अपने संबोधन में प्रयागराज महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन के लिए प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम को विशेष आभार व्यक्त किया। विशेष सचिव ईशा प्रिया और निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा और पर्यटन निदेशालय के सभी कर्मचारियों की उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा की। उन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) और पर्यटन पुलिस बल की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

मंत्री जयवीर सिंह ने प्रशस्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा, दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सनातन पर्व महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन में सभी का योगदान रहा है। भारत और चीन की आबादी के बाद महाकुंभ में जिस तरह 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का प्रयागराज में आना हुआ, वह स्वयं में अकल्पनीय है। महाकुंभ ऐसा आयोजन था जिसने भारत को सनातन संस्कृति की अखंड धारा से जोड़े रखा। आधुनिक तकनीक के साथ एकता के सन्देश ने महान आध्यात्मिक आयोजन को सफल बनाने में महती भूमिका निभाई।

## मजलिसे तरहीम आज

**लखनऊ।** स्वर्गीय अहमद नकवी के ईसाले सवाब के लिए गुरुवार को मजलिसे तरहीम आयोजित होगी। ठाकुरगंज के मुसाहबगंज कुमेदान की बगिया स्थित इमामबाड़ा बहिश्ते जहरा में शाम 4 बजे तिलावते कलामे पाक से मजलिस का आगाज होगा। मजलिस को मौलाना अहमद अली खिताब करेंगे।

## जनहित में मार्च के अंतिम रविवार को भी खुले रहेंगे निबंधन कार्यालय : रवींद्र

**लखनऊ।** प्रदेश के स्टाम्प, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल द्वारा आम जनमानस को विलेख पंजीकरण का अधिकाधिक अवसर व सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु यह निर्देश दिया गया है कि प्रदेश के समस्त उप-निबन्धक कार्यालय माह मार्च 2025 के अंतिम रविवार को सामान्य कार्य दिवस की भांति खुले रहेंगे तथा विलेख पंजीकरण का कार्य सुचारु रूप से सम्पादित किया जायेगा, ताकि उक्त अवकाश के दिन भी आम जनमानस के द्वारा विलेखों का अधिक संख्या में पंजीकरण कराया जा सके और विभाग को निर्धारित राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के वित्तीय समापन एवं माह मार्च में होली व नवरात्रि के त्योहार के कारण इस माह में आम जनमानस द्वारा अधिक संख्या में अचल सम्पत्तियों का पंजीकरण कराया जाना सम्भावित है। माह मार्च में होली आदि त्योहारों के सार्वजनिक अवकाश के कारण माह में उपलब्ध कार्य दिवस अपर्याप्त होने के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है।

# रमज़ान: सवालों के जवाब



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में रोजा, नमाज, जकात, हज आदि से संबंधित सवालों के जवाब देने के लिए इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में हेल्पलाहन शुरू हो गयी है। हेल्पलाइन पर इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली के नेतृत्व में उलमा का पैनल सवालों के जवाब देता है। हेल्पलाइन पर दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677, वेबसाइट www.farangimahal.in तथा ई-मेल ramzanhelplinewz@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** किसी ने अमानत के तौर पर कुछ रकम रखी इस पर जकात कौन अदा करेगा रखने वाला या जिसकी रकम है वह?

**जवाब:** जिसने अमानत के तौर पर रकम दी है जकात उसके जिम्मे है, अगर उसने अख्तियार दिया है तो आप भी अदा कर सकते हैं।

**सवाल:** नमाज में गैर नमाजी का लुक्मा ले लिया तो शरअन क्या हुक्म है?

**जवाब:** ऐसी सूरत में नमाज (फासिद) टूट हो जाएगी।

**सवाल:** क्या रोजे की हालत में बार-बार हिचकी आने से रोजा खराब हो जाता है?

**जवाब:** नहीं इससे रोजे पर कोई असर नहीं होगा।

**सवाल:** क्या पूरे महीने के रोजों का फिदया एक साथ दिया जा सकता है?

**जवाब:** जी हां, अदा किया जा सकता है।

**सवाल:** क्या पेशाब के दौरान खून निकलने से रोजा टूट जाएगा?

## शिया हज़रात के सवालों के जवाब

माहे मुबारक रमजान में शिया समुदाय के रोजा, नमाज, हज, खुम्स, जकात आदि से संबंधित सवालों के जवाब के लिए कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन संचालित की जा रही है। हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा का पैनल देता है। हेल्पलाइन पर सवाल सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर और महिलाओं के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा ई-मेल masael@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** ऑनलाइन काम करते वक्त अचानक अश्लील तस्वीर या विज्ञापन आने से क्या रोजा टूट जाएगा?

**जवाब:** जो पहली नजर अचानक पड़ती है तो उसमें गुनाह नहीं है, लेकिन जानबूझ कर दूसरी नजर डालने पर इंसान गुनहगार होगा रोजा नहीं टूटेगा।

**सवाल:** इंसान सोते वक्त नापाक हो जाए मगर लापरवाही से नमाज और रोजा करता रहे कुछ दिनों बाद याद आए तो क्या कर्तव्य है?

**जवाब:** रोजे सही हैं लेकिन नमाजों की कजा करेगा।

**सवाल:** कोई जेहनी बीमार रमजान की 15 तारीख को सही हो जाए तो उसकी बीमारी के दिनों के रोजों के लिए क्या हुक्म है?

**जवाब:** जिन दिनों वह जेहनी बीमार था उन दिनों के रोजों की कजा अनिवार्य नहीं है।

**सवाल:** अगर कोई घर में बकरे या भेड़ पाले तो कितनी जकात अदा की जाएगी?

**जवाब:** अगर 40 की गिनती पूरे साल रहेगी तो जकात अनिवार्य होगी।

**सवाल:** कोई अनजाने में रोजा रख कर सफर करे तो क्या हुक्म है?

**जवाब:** कोई नियम नहीं जानता और सफर में रोजा रख ले और सफर के दौरान रोजे का नियम जाने तो रोजा टूट जाएगा लेकिन सूरज डूबने तक नहीं जान पाए तो उसका रोजा सही होगा।

# रमजान मुसलमानों के लिए एक बाबरकत महीना है : मौलाना अफ्फान

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इदाराए शरैया फिरंगी महल के महासचिव मौलाना अफ्फान अतीक फिरंगी महली ने माहे मुबारक रमजान की फजीलत बयान करते हुए कहा कि रमजान मुसलमानों के लिए एक बाबरकत महीना है। इस महीने में मुसलमान रोजा रखते हैं और अल्लाह की इबादत कर उसकी खुशनूदी हासिल करने की कोशिश करते हैं। मौलाना ने कहा कि रमजान की पहली रात को जन्नत के दरवाजे खोल दिये जाते हैं और शैतान को जंजीरों से जकड़ दिया जाता है। रमजान के पहले दस दिनों की दुआ बहुत कबूलियत वाली होती है। रमजान को तीन अशरों दस दिनों में बांटा गया है, जिसमें पहला अशरा रहमत का, दूसरा मगफिरत का और तीसरा अशरा निजात का कहा जाता है। रमजान का हर लम्हा रहमत भरा होता है। रमजान में हर नेकी का सवाब 70 गुना या उससे भी ज्यादा मिलता है। मौलाना अफ्फान अतीक ने कहा कि माहे रमजान में खूब इबादत करें और दुआ करें तथा दुआओं की बरकत से परेशानियों से निजात पाएं। अपने गुनाहों से तौबा करें, अल्लाह आपकी सारी परेशानियों को दूर करेगा और आप खुशहाली की तरफ बढ़ेंगे। रमजान की दुआओं में अपने मुल्क और मिल्लत की खुशहाली और तरक्की के लिए भी दुआएं करें।

## माहे मुबारक रमजान रोजा, नमाज, कुरान और इबादतों की बहार का मौसम




**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान रोजा, नमाज, कुरान और इबादतों की बहार का मौसम है। इस महीने में जगह-जगह दीनी क्लासेज का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कुरान, हदीस और शरीयत के बारे में उलमा व जाकिर खिताब कर रहे हैं। क्लासेज में बड़ी संख्या में युवा शामिल हो रहे हैं, जिसमें बुर्कापोश युवतियों की संख्या कहीं अधिक है। विभिन्न संस्थाओं की ओर से शार्ट टर्म क्लासेज का आयोजन किया जा रहा है। दीन और हम विषयक क्लासेज का आयोजन शहर के 6 स्थानों पर किया जा रहा है। नैपियर रोड स्थित अलमास हॉल में लेवल-1 की क्लास में मौलाना मूसी रजा यूसुफी ने छात्रों को एकेश्वरवाद पर सम्बोधित किया। मौलाना ने ईश्वर के अस्तित्व और तौहीद के बारे में विस्तार से बताया। मौलाना ने अपने सम्बोधन के बाद छात्रों के सवालों के जवाब भी दिये। क्लास के दौरान मौलाना ने रमजान के मुबारक महीने में बच्चों को धार्मिक जानकारी से भी अवगत कराया। शुजा अली ने बताया कि दीन और हम उनवान से अकबरी गेट स्थित गोल्डेन पैलेस, सआदतगंज के दरगाह रोड स्थित मिलन हॉल, मेहताब बाग में बारगाहे सकीना में 2-2 कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। शुजा अली ने कहा कि जो लोग क्लास में शामिल होना चाहते हैं वे छात्र या अतिथि के रूप में कक्षाओं में शामिल हो सकते हैं।